RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 3
लखनऊ, मंगलवार, 19 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





मैं मौलिक आवाजें सुनकर उत्साहित हो जाता हूं
विविध-12



www.dailypioneer.com


# भाजपा समर्थित नितिन अग्रवाल बने विस उपाध्यक्ष

- नितिन को 304 और सपा प्रत्याशी नरेंद्र वर्मा को मिले मात्र 60 वोट
- कांग्रेस और बसपा ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



विधानसभा उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद नितिन अग्रवाल को बधाई देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**डिप्टी** स्पीकर पद के लिए विधान सभा के विशेष सत्र में हुए चुनाव में बीजेपी समर्थित प्रत्याशी नितिन अग्रवाल चुनाव जीत गए। नितिन अग्रवाल को 304 वोट मिले जबकि सपा प्रत्याशी नरेंद्र वर्मा को 60 वोट मिले। कुल 368 वोट पड़े जिसमें से चार मत अवैध घोषित कर दिए गए। कांग्रेस और बसपा ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया जबकि बसपा और कांग्रेस के बागी विधायकों ने मतदान में हिस्सा लिया। नितिन अग्रवाल ने सदन में बीजेपी के संख्या बल का पूरा लाभ लेते हुए सबसे अधिक वोटों से जीत दर्ज कराई। सदन के कई सदस्य जिनमें सपा के शिवपाल सिंह यादव, बीजेपी के राजेश अग्रवाल और जेल में निरुद्ध विजय मिश्रा तथा मुख्तार अंसारी वोट डालने नहीं आ सके। कुल 27 सदस्य मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। निर्वाचित होने के बाद नितिन अग्रवाल को नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने उपाध्यक्ष के आसन पर बैठाया, नितिन ने भी मुख्यमंत्री व सुरेश खन्ना के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। विधान सभा अध्यक्ष ने भी अपने आसन पर नितिन को बैठाया और सदन को अनिश्चिकाल के लिए स्थागित करने की घोषणा भी उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने की। सदन में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह समेत दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि बीजेपी का सबका साथ सबका विकास का नारा खोखला है और भाजपा दलितों और पिछड़ों की विरोधी है। वहीं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सपा और बसपा ने 2007 से लेकर 2017 तक संसदीय परंपराओं को तोड़ने का काम किया जबकि बीजेपी सरकार इस परांपरा को निभा रही है। निर्वाचित नितिन अग्रवाल ने कहा कि यह संवैधानिक पद है इसे जातीय राजनीति से न जोड़कर अब राष्ट्रवाद की बात की जानी चाहिए। इससे पहले विधान सभा के विशेष सत्र की कार्यवाही जैसे ही 11 बजे शुरू हुई तो नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि संसदीय इतिहास में आज का दिन काले अध्याय के रूप में लिखा जाएगा। इस चुनाव को टाला जाना चाहिए और सत्ता और विपक्ष के सदस्यों की बैठक बुलाकर सर्व सम्मति से जो नाम तय हो उसे ही निर्वाचित माना जाए। अन्यथा आज की कार्यवाही को संसदीय परंपरा और परिपाटी का हनन माना जाएगा। वहीं विधान सभा अध्यक्ष ने निधन की सूचनाएं ली और पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, अनिल कुमार, रजनीकांत और कमलेश कुमार सिंह को सदन के सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। उसके बाद सदन में निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हुई और 11.55 पर मतदान शुरू हुआ जोकि तीन बजे तक चला, उसके बाद मतगणना शुरू हुई। मतगणना के परिणामों की घोषणा स्पीकर ने करते हुए नितिन अग्रवाल को विजयी घोषित किया।

## सपा के लिए परिवार ही पार्टी, भाजपा के लिए प्रदेश ही परिवार : योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी नितिन अग्रवाल की जीत पर बधाई देते हुए इसे 2022 के विधानसभा चुनाव परिणाम की तस्वीर कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि समाजवादी पार्टी सहित पूरा विपक्ष अंतर्विरोधों से ग्रस्त है। उपाध्यक्ष के चुनाव तक में सपा विपक्ष को एकजुट न कर सकी। इन्हें विस उपाध्यक्ष परिणाम का भी पता था और 2022 के चुनाव परिणाम की जानकारी भी है। जो रिजल्ट आज आया है यही एक बार फिर 2022 में भी आएगा। उन्होंने कहा कि सपा के लिए परिवार ही पार्टी है जबकि बीजेपी के लिए प्रदेश ही परिवार है। सपा के परिवारवाद के ही कारण विधान सभा उपाध्यक्ष पद के चुनाव में इतना विलंब हुआ।

विधान सभा में नितिन अग्रवाल के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद सीएम ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि सपा ने रिजल्ट जानते हुए भी उपाध्यक्ष चुनाव के लिए नरेंद्र वर्मा को प्रत्याशी बनाकर उनके साथ धोखा किया है। सबसे बड़े विपक्षी दल के रूप में सपा की अकर्मण्यता पर तंज कसते हुए सीएम ने कहा कि भाजपा ने पूरे साढ़े चार साल तक इंतज़ार किया लेकिन सपा ने उपाध्यक्ष पद के लिए कोई नाम आगे नहीं किया। इन्हें अपने सदस्यों तक की पहचान नहीं है। अंततः सदन के अंतिम छह माह शेष रहते देख भाजपा ने इस परंपरा को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया। नितिन अग्रवाल के रूप में सदन को एक युवा, ऊर्जावान और अनुभवी उपाध्यक्ष मिलने पर खुशी जताते हुए सीएम योगी ने कहा कि तकनीकी रूप से नितिन भी सपा के ही सदस्य हैं और इस तरह भाजपा ने सदन की परंपरा का ही निर्वाह किया है। 2022 विधानसभा चुनाव में सपा की हार तय होने की बात करते हुए मुख्यमंत्री ने सपा को परिवारवाद की सोच से ऊपर उठकर व्यापक हित में सोचने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि सपा के लिए परिवार ही प्रदेश है जबकि भाजपा के लिए पूरा प्रदेश एक परिवार है। ( शेष पेज 9 )

# मैनेजर की हत्या में गुरमीत रामरहीम को उम्रकैद

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



गुरमीत राम रहीम का फाइल फोटो

- सीबीआई की एक विशेष अदालत ने चार अन्य को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**सीबीआई** की एक विशेष अदालत ने डेरा के पूर्व प्रबंधक रंजीत सिंह की 2002 में हत्या के मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह और चार अन्य को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। गुरमीत राम रहीम 2017 में दो अनुयायियों के साथ दुष्कर्म के जुर्म में दोषसिद्धि के बाद से रोहतक की सुनरिया जेल में बंद है। राम रहीम सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुआ जबकि चार अन्य हरियाणा के पंचकूला की अदालत में मौजूद थे। सीबीआई के विशेष अभियोजक एचपीएस वर्मा ने कहा कि राम रहीम सिंह की उम्रकैद की सजा, पत्रकार राम चंदर छत्रपति हत्याकांड में 2019 में उसे दी गई आजीवन कारावास की सजा के साथ-साथ चलेगी। विशेष सीबीआई न्यायाधीश सुशील कुमार गर्ग ने हत्या के मामले में राम रहीम और चार अन्य- कृष्णलाल, जसबीर सिंह, अवतार सिंह और सबदिल- को आठ अक्टूबर को दोषी ठहराया था। सीबीआई के विशेष अभियोजक एच पी एस वर्मा ने कहा, अदालत ने पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सीबीआई ने उनके लिए मौत की सजा की मांग की थी। अदालत ने उन्हें आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 120 बी (आपराधिक साजिश) और 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा) के तहत दोषी ठहराया था। उन्हें आईपीसी की धारा 506 के तहत तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई गई। वर्मा ने कहा कि डेरा प्रमुख पर 31 लाख रुपए, अवतार सिंह पर 75,000 हजार रुपए, सबदिल पर 1.50 लाख रुपए और जसबीर और कृष्णलाल पर 1.25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई के विशेष अभियोजक ने कहा कि जुर्माने की आधी राशि पीड़ित परिवार को मुआवजे के रूप में जाएगी। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए रंजीत सिंह के बेटे जगसीर सिंह ने कहा कि यह परिवार के लिए एक बड़ा दिन है, ( शेष पेज 9 )

## सीबीएसई ने 10वीं, 12वीं टर्म-1 परीक्षा की डेटशीट घोषित की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को घोषणा की कि कक्षा 10वीं के लिए पहले टर्म की बोर्ड परीक्षा 30 नवंबर से शुरू होगी, जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षा एक दिसंबर से शुरू होगी। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के अनुसार घोषित तिथि मुख्य विषयों के लिए है जबकि लघु (माइनर) विषयों का कार्यक्रम अलग से स्कूलों को भेजा जाएगा। कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए लघु विषयों की परीक्षा क्रमशः 17 नवंबर और 16 नवंबर से शुरू होगी। शैक्षणिक सत्र को विभाजित करना, दो टर्म वाली परीक्षा आयोजित करना और पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाना 2021-22 के लिए दसवीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशेष मूल्यांकन योजना का हिस्सा था, जिसे जुलाई में कोविड-19 महामारी के मद्देनजर घोषित किया गया था। सीबीएसई कक्षा 12वीं में 114 और कक्षा 10वीं में 75 विषयों की पेशकश कर रहा है। ( शेष पेज 9 )

# बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा जारी

- 66 घर क्षतिग्रस्त, 20 जलाए गए

**भाषा।** ढाका

**दुर्गापूजा** त्योहार के दौरान पिछले सप्ताह मंदिर में तोड़फोड़ के विरोध में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रदर्शन के बीच बांग्लादेश में हमलावरों के एक समूह ने हिंदुओं के 66 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और करीब 20 घरों में आग लगा दी। यह जानकारी सोमवार को अधिकारियों ने दी।

बीडीन्यूज24 डॉट कॉम ने खबर दी कि सौ से अधिक लोगों की भीड़ ने रविवार की रात को रंगपुर जिले के पीरगंज के एक गांव में आगजनी की, जो यहां से करीब 255 किलोमीटर दूर है। खबर में जिले के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कमरूजम्मां के हवाले से बताया गया कि एक फेसबुक पोस्ट से अफवाह फैली कि गांव के एक युवा हिंदू व्यक्ति ने धर्म का अपमान किया है, जिसके बाद वहां पुलिस रवाना हुई। उन्होंने कहा, घटना कल रात दस बजे के बाद हुई लेकिन अग्निशमन दल ने कम समय के अंदर ही आग पर काबू पा लिया ओर अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। अधिकारी ने बताया कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन हमले में 66 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया और 20 घरों को जला दिया गया। उन्होंने कहा कि करीब 52 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर और अधिक संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। खबर में बताया गया कि पुलिस व्यक्ति के घर के बाहर तैनात रही वहीं हमलावरों ने दूसरे घरों में आग लगा दी। अग्निशमन नियंत्रण कक्ष ने बताया कि पीरोगंज माझीपारा इलाके में 29 घरों, दो रसोईघरों, दो खलिहानों और सूखी घास के 20 ढेर में आग लगाई गई थी। खबर में बताया गया कि आग लगने के कारणों की पहचान अनियंत्रित भीड़ के रूप में हुई है। ( शेष पेज 9 )

## कुशीनगर हवाईअड्डे के उद्घाटन पर बुद्ध प्रसाद से होगा मेहमानों का स्वागत

**गोरखपुर ( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगामी 20 अक्टूबर को कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति समेत तमाम मेहमानों का स्वागत पूर्वांचल के मशहूर काला नमक चावल से बने बुद्ध प्रसाद से किया जाएगा। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि कुशीनगर हवाई अड्डे के उद्घाटन कार्यक्रम में 25 प्रतिनिधियों तथा 100 बौद्ध भिक्षुओं समेत तमाम विशिष्ट अतिथियों को पार्टिसिपेटरी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन (पीडीआरएफ) की तरफ से काला नमक चावल से बना बुद्ध प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुशीनगर हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद सांस्कृतिक संबंधों को नई उड़ान मिलेगी और पर्यटन क्षेत्र में नया उछाल आएगा। प्रधानमंत्री इस मौके पर एक राजकीय मेडिकल कॉलेज की आधारशिला भी रखेंगे। पीडीआरएफ के अध्यक्ष राम चेत चौधरी ने कहा सिद्धार्थनगर जिला भगवान बुद्ध की जन्मस्थली से जुड़ा है और इस जिले का काला नमक चावल अपने जायके, खुशबू और पोषक तत्वों के लिए दुनिया भर में मशहूर है।

# प्रदेश में किसानों के रेल रोको प्रदर्शन का खास असर नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखीमपुर** खीरी में हुई हिंसा के मामले में केन्द्रीय मंत्री को पद से हटाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के सोमवार को रेल रोको प्रदर्शन का प्रदेश में कोई खास असर नहीं हुआ और इक्का दुक्का घटनाओं को छोड़कर लगभग शांति ही रही। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में कुछ जगह पांच से दस मिनट तक किसानों ने प्रदर्शन किया और ट्रेन रोकने का प्रयास किया लेकिन रेलवे पुलिस की गश्त के कारण वह सफल नहीं हुए। राजधानी लखनऊके दो रेलवे स्टेशनों पर जा रहे किसानों को पुलिस ने बाहर ही रोक लिया, कानपुर में पूरी तरह शांति रही,वहीं किसानों के साथ हुई हिंसा के स्थल लखीमपुर में भी पूरी तरह शांति रही, क्योंकि वहां किसानों ने यह आंदोलन वापस ले लिया था। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवम शर्मा ने बताया कि खुर्जा रेलवे स्टेशन पर किसानों ने गोमती एक्सप्रेस को दो से तीन मिनट तक रोका लेकिन पुलिस के समझाने के बाद किसान वहां से चले गए। ( शेष पेज 9 )



गाजियाबाद में रेल रोकने का प्रयास करते किसान संगठनों के कुछ लोग

## लखीमपुर खीरी मामले में चार और गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के तिकोनिया क्षेत्र में पिछले तीन अक्टूबर को हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत के मामले में सोमवार को चार और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पुलिस ने तिकोनिया कांड मामले में सुमित जायसवाल, शिशुपाल, सत्य प्रकाश त्रिपाठी और नंदन सिंह बिष्ट को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। ( शेष पेज 9 )

## फर्जी मार्कशीट के 28 साल पुराने मामले में विधायक को पांच साल की जेल

**अयोध्या ( भाषा )।** अयोध्या के गोसाईगंज से भारतीय जनता पार्टी के विधायक इंद्र प्रताप तिवारी को सोमवार को एक विशेष अदालत ने कॉलेज में दाखिला के लिए फर्जी अंकपत्र के इस्तेमाल संबंधी 28 साल पुराने मामले में पांच साल जेल की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पूजा सिंह ने फैसला सुनाया और अदालत में मौजूद तिवारी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। अदालत ने तिवारी पर आठ हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी निर्वाचित हुए हैं। तिवारी के खिलाफ 1992 में अयोध्या के साकेत डिग्री कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य यदुवंश राम त्रिपाठी ने राम जन्मभूमि थाना में मामला दर्ज कराया था। प्राथमिकी के अनुसार स्नातक के दूसरे वर्ष में अनुत्तीर्ण हुए तिवारी ने 1990 में फर्जी मार्कशीट जमा कर अगली कक्षा में प्रवेश लिया था। इस मामले में 13 साल बाद आरोपपत्र दाखिल किया गया था। कई मूल दस्तावेज रिकॉर्ड से गायब हो गए और सुनवाई के दौरान वादी त्रिपाठी की भी मौत हो गई।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,765 | ↑ 460 | |
| निफ्टी | 18,477 | ↑ 138 | |
| सोना | 46,306 | ↑ 37 | /10g |
| चांदी | 62,328 | ↑ 323 | /kg |

### क्विक न्यूज

**विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव राजभर का निधन**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव राजभर का सोमवार को निधन हो गया। वह वर्तमान में बीएसपी के टिकट पर आजमगढ़ की दीदारगंज सीट से विधायक थे। राजभर पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे और लखनऊ के चंदन अस्पताल में भर्ती थे, जहां पर इलाज चल रहा था। बता दें कि जुलाई माह के दौरान बेटे कमलाकांत राजभर के समाजवादी पार्टी में जाने के बाद दीदारगंज विधानसभा सीट से बसपा विधायक सुखदेव राजभर ने बसपा छोड़ने के साथ ही सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित राजनीतिक जगत के अनेक नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# बाढ़ के बीच बर्तन में बैठ शादी करने पहुंचे दूल्हा-दुल्हन

**भाषा।** अलप्पुझा (केरल)

**प्रेम** सरहदों की बेड़ियां तो नहीं ही मानता है, वह प्रकृति के क्रोध के सामने भी खड़ा रहता है। कुछ ऐसा ही केरल में देखा गया जब पेशे से स्वास्थ्यकर्मी एक जोड़ा सोमवार को जलमग्न सड़कों से जूझते हुए एल्युमीनियम के एक बड़े बर्तन में बैठ शादीघर तक पहुंचने और शादी के बंधन में बंधने में सफल रहे। केरल में भारी बारिश के बाद बाढ़ और भूस्खलन से हुई मौतों की दुखद घटनाओं के बीच एक अच्छी खबर आई है। थलावडी में एक मंदिर के निकट जलमग्न शादीघर में दोनों की शादी हुई। शादी में बेहद गिनती के रिश्तेदार आए थे। टीवी चैनलों पर इस जोड़े - आकाश और ऐश्वर्या - के खाना पकाने के बड़े बर्तन में बैठकर शादी के लिए जाने का दृश्य छाया रहा। आकाश ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनका संबंध अंतरजातीय था और ऐश्वर्या के एक रिश्तेदार ने इसका विरोध किया था, जिसके बाद उन्होंने पांच अक्टूबर को शादी पंजीकृत करा ली। इसके बाद दोनों ने बिना विलंब के हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने का निर्णय लिया लेकिन थकाझी में उनके घर के निकट के मंदिर शादी से 15 दिन पहले की बुकिंग ही ले रहे थे।

इसके बाद उन्हें थलावडी में एक मंदिर का पता चला, जो सोमवार को समारोह करने को तैयार हो गया। उन्होंने कहा कि यहां एक छोटा सा समारोह ही होना था जिसमें करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य आमंत्रित थे। लेकिन खाना पकाने वाले बर्तन में बैठकर शादी के लिए जाने की वजह से अब उनकी यह शादी खबरों में आ गई। उन्होंने कहा कि रविवार को मंदिर से उन्हें फोन कर सूचित किया गया था कि वह शादी रद्द करने पर विचार करें क्योंकि परिसर में पानी भर गया है। लेकिन पेशे से स्वास्थ्यकर्मी जोड़ा कोविड-19 ड्यूटी कर रहे थे और ऐसे में अब उन्हें कब छुट्टी मिल पाती यह तय नहीं था। सोमवार को जब यह जोड़ा थलावडी पहुंचा तो मंदिर के बर्तन के साथ उन्हें लाने के लिए लोग तैयार थे। उन्होंने कहा कि कम समय में यही एक विकल्प मौजूद था।



अलप्पुझा में जलमग्न सड़कों के बीच वर्तन में बैठकर शादी को पहुंचे आकाश और ऐश्वर्या

## पश्चिमी उप्र में भारी बारिश

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में भारी बारिश के कारण सोमवार को जनजीवन प्रभावित हुआ तथा कई इलाकों में जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई, जिसके चलते समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को बुढाना में अपनी एक रैली रद्द करनी पड़ी। मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत और मेरठ जैसे जिलों में रविवार की सुबह से ही भारी बारिश हो रही है। इसके कारण जिलों के कई हिस्सों में पानी भर गया है और बिजली आपूर्ति भी बाधित है।

## चारधाम यात्रा ठप उत्तराखंड में बारिश से पांच की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में सोमवार को भूस्खलन में पांच व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि भारी बारिश और बर्फवारी लगातार दूसरे दिन भी जारी रही जिससे नदी नाले उफान पर आ गए और चारधाम यात्रा ठप्प पड़ गई। पौड़ी जिले में भारी बारिश के चलते भूस्खलन का मलबा एक होटल के निर्माण में लगे मजदूरों के तंबू पर आ गिरा जिसमें तीन मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। वहीं चंपावत जिले के सेलखोला में एक मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया जिससे उसमें रहने वाले दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। ( शेष पेज 9 )

# शाहजहांपुर कचहरी में वकील ने वकील की गोली मारकर हत्या की

**भाषा।** शाहजहांपुर

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**प्रदेश** के शाहजहांपुर जिला कचहरी परिसर में एक अधिवक्ता ने सरेआम एक अन्य वकील की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बताया कि आज अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम) के न्यायालय की तीसरी मंजिल पर स्थित कार्यालय में अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह एक क्लर्क के पास खड़े होकर उसे अपने मुकदमे के संबंध में बात कर रहे थे और इसी दौरान गोली लगने से वह गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद बार एसोसिएशन ने हत्या के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मृतक अधिवक्ता के भाई योगेंद्र प्रताप की तहरीर पर अधिवक्ता सुरेश कुमार गुप्ता, गौरव गुप्ता एवं अंकित गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सुरेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भूपेंद्र सिंह ने आरोपी अधिवक्ता सुरेश गुप्ता पर दो दर्जन मुकदमे दायर कर रखे थे जिसको लेकर वह परेशान थे और इसी के चलते उसने इस अपराध को अंजाम दिया है। कुमार ने बताया कि न्यायालय परिसर में हत्या जैसे अपराध होना गंभीर लापरवाही है और इसी के चलते एक दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टरों का एक पैनल भी बना दिया गया है।

# आरोप-प्रत्यारोप लोकतंत्र की शोभा, संवाद न हो बाधितः योगी





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** उपाध्यक्ष चुनाव के चलते गरम हो रहे सदन के माहौल में सीएम योगी ने हास्य-विनोद की फुहार भी छोड़ी। मतदान से पहले नेता विपक्ष राम गोविंद चौधरी और संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के बीच हुई तीखी नोक-झोंक पर सीएम ने कहा कि सुबह नेता विपक्ष बड़ी तैश में बातें कर रहे थे लेकिन संसदीय कार्यमंत्री ने भी शाहजहांपुर का आटा खाया है और उसी ताकत से नेता विपक्ष को जवाब भी दिया। अब नेता विपक्ष को बलिया के काले गाजर का हलवा खाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष रामगोविंद संवाद में यकीन रखने वाले एक सज्जन व्यक्ति हैं लेकिन दलीय अंतर्विरोधों को झेलने की ताकत नहीं रखते इसीलिए सदन में अनावश्यक झगड़ पड़ते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर सदन में सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल पर हुई 36 घंटे की विशेष चर्चा का भी उल्लेख किया और कहा कि जब गरीबी, अशिक्षा, महिला उत्थान, युवा कल्याण जैसे विषयों पर विमर्श होता है तो सपा कभी प्रतिभाग नहीं करती। सीएम ने बीते साढ़े चार वर्षों में विधानमंडल में जनमहत्व के अनेक विषयों पर हुई चर्चा में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का आभार भी जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में परंपरा का पालन हम सबके लिए अपेक्षितहै। आरोप-प्रत्यारोप लोकतंत्र की शोभा है लेकिन संवाद बाधित नहीं होना चाहिए। विपक्ष के दलीय नेता अंतर विरोधों को झेलने के लिए ताकत नहीं बटोर पाते हैं। सदन की परंपरा और मर्यादा का पालन सबके लिए आवश्यक है लेकिन सपा को इससे कोई लेना-देना नहीं है। संवाद की परंपरा को बाधित करने का काम हमेशा सपा ने किया है लेकिन हम संवाद की इस परांपरा को हमेशा बचाए रखने का काम करेंगे।

## सपा हमेशा से सदन की कार्यवाही में बाधा डालती रही हैः सुरेश खन्ना

**लखनऊ।** संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि कार्य मंत्रणा की बैठक में जो तय हुआ था उसके अनुसार की सदन की कार्यवाही शुरू की गई है लेकिन सपा हमेशा से सदन की कार्यवाही में बाधा डालती रही है और वह काम आज भी सपा कर रही है। उन्होंने कहा कि सदन की परपंरा और संसदीय मर्यादा को हमने ठेस नहीं पहुंचाई यह काम तो 2007 से लेकर 2017 तक बसपा और सपा ने किया है। इतने सालों तक विपक्ष ने विधान सभा उपाध्यक्ष के पद को लेकर एक नाम सर्व सम्मति ने तय कर नहीं दिया। विपक्ष में सिर फुटव्वल की वजह से आज तक कोई नाम ही नहीं तय हो पाया।

## सपा विधायकों ने गुब्बारे उड़ाकर जताया विरोध



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के विधायकों ने सोमवार को विधानसभा विशेष सत्र से पहले विधान भवन के सामने महंगाई के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विरोध कर रहे समाजवादी पार्टी के विधायकों ने काले रंग के गुब्बारे उड़ा कर अपना रोष प्रकट किया। हाथ में गैस सिलेंडर का पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर रहे सपा विधायकों के द्वारा लगातार सरकार विरोधी नारे लगाए जा रहे जा रहे थे। इसके साथ ही प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ ट्वीट करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला। प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई के खिलाफट्वीट करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि हज़ार का सिलेंडर आज जनता को महँगा पड़ रहा है। बाइस के चुनाव में भाजपा को महँगा पड़ेगा।

## भाजपा का दिखा पिछड़ी जाति विरोधी चेहराः राम गोविन्द चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नेता** प्रतिपक्ष राम गोविन्द चौधरी ने भाजपा को पिछड़ी जाति विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सदन के बाहर पिछड़ा और दलित प्रेम दिखाने का नाटक करती है और कार्य इनके विरोध में करती है । इस पार्टी का पिछड़ों और दलितों से कोई नाता नहीं है। आज सदन में भाजपा ने संविधान, नियम, संसदीय परम्पराओं को ताख पर रखकर समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह वर्मा को उपाध्यक्ष बनने नहीं दिया, क्योंकि वह कुर्मी जाति के पिछड़ी जाति के प्रत्याशी थे। अब तक यह संसदीय परम्परा रही है कि सबसे बड़े विपक्षी दल द्वारा जिसका नाम तय किया जाता था, उसे सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष नियुक्त किया जाता रहा है , इसी तरह सत्ता पक्ष जो नाम तय करता था, उसे सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर आसीन किया जाता रहा है। इस परम्परा का निर्वहन समाजवादी पार्टी सदैव करती आ रही है। समाजवादी पार्टी इस गरिमामयी संसदीय पद पर पिछड़ी जाति के सदस्य को आसीन करना चाहती थी इसीलिए नरेन्द्र सिंह वर्मा का नामांकन सर्वप्रथम कराया था और संसदीय परम्परा अनुसार इन्हें उपाध्यक्ष बनाये जाने का सदन में अनुरोध भी किया परन्तु भाजपा ने नितिन अग्रवाल का नामांकन कराकर संख्या बल के आधार पर उपाध्यक्ष घोषित कर दिया है। यह पूर्णतः अनैतिक है। भाजपा सरकार जब से आयी है तब से संविधान, नियम कानून, संसदीय परम्पराओं का कोई मूल्य नहीं रह गया है। भाजपा जनता द्वारा प्रबल समर्थन का दुरूपयोग कर रही है और संख्या बल के घमंड में मनमाना रवैया अपना रही है।

## देश को परिवारवाद नहीं राष्ट्रवाद की जरूरतःनितिन

**लखनऊ।** विधान सभा में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद सदन में सभी को धन्यवाद देते हुए नितिन अग्रवाल ने कहा कि इस समय देश को परिवारवाद की नहीं बल्कि राष्ट्रवाद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ बातें इस सदन में कही गई हैं जिस पर मुझे स्पष्ट करना जरूरी लग रहा है क्योंकि अब वह बातें कार्यवाही का हिस्सा बन गई है। यह पद संवैधानिक पद है जो किसी जाति या मजहब को इंगित नहीं करता है। मेरे कई साथी मेरा साथ देना चाहते थे लेकिन पार्टी के दबाव में आकर वह मेरा समर्थन नहीं कर पाए लेकिन फिर भी मैं उनको धन्यवाद देता हूं मगर लेकिन अब देश में जातिवाद की नहीं बल्कि राष्ट्रवाद की बात होनी चाहिए। प्रदेश की जनता ने जातिवाद की राजनीति करने वालों को सत्ता से बेदखल कर दिया हैं। उन्होंने कहा कि प्रभू श्रीराम से मैं यही कामना करता हूं कि विधान सभा में जितने लोग यहां बैठे हैं सभी दोबारा चुनकर आएं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी।

## कांग्रेस ने किया विधानसभा उपाध्यक्ष चुनाव का बहिष्कार

● उपाध्यक्ष का चुनाव कराना प्रदेश के गौरवमयी इतिहास और संविधान की मूल भावना के खिलाफः मोना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की गौरवशाली परम्परा रही है कि उपाध्यक्ष का चुनाव विपक्ष की सलाह से होता रहा है किन्तु सत्तारूढ़ दल की तरफ से न तो कोई चर्चा ही इस संदर्भ में विपक्ष के साथ की गयी और न ही कोई सलाह ही ली गयी है। मात्र अपने राजनैतिक लाभ के लिए सत्ता पक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव करा रहा है। यह सरकार की असंवैधानिक कुटिलता और असंवेदनशील मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में उप्र विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव कराना या उसमें शामिल होना उत्तर प्रदेश के गौरवमयी इतिहास और संविधान की मूल भावना के खिलाफ होगा। अतः कांग्रेस पार्टी इसका बहिष्कार करती है। मोना सोमवार की सुबह प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश की यह 17वीं विधान सभा हैए जिसके साढ़े चार साल का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और 5 माह से कम की अवधि शेष रह गयी हैए ऐसी परिस्थिति में वह कौन से अपरिहार्य कारण है जिसकी वजह से उपाध्यक्ष का चुनाव कराना अल्प समय के लिए आवश्यक हो गया है। कांग्रेस पार्टी सहित संपूर्ण विपक्ष लगातार उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली. 1958 के तहत उपाध्यक्ष के चुनाव की मांग करता रहा हैकिन्तु सरकार द्वारा अभी तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि चूंकि विधान सभा के आम चुनाव का समय निकट है और शीघ्र ही चुनाव की अधिसूचना भी जारी होने की संभावना है। अतः ऐसी परिस्थिति में उपाध्यक्ष का चुनाव कराना पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और अलोकतांत्रिक है। वर्ष 2007 में उप्र विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव अंतिम बार हुआ था तब से चाहे जिस भी पार्टी की सरकार रही हो विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ।

## नितिन का ओहदा बढ़ाकर वैश्य व व्यापारी समाज में पकड़ मजबूत करने की कोशिश

**बीजेपी का मिशन 2022**

अभिषेक रंजन। लखनऊ

**विधान** सभा में उपाध्यक्ष पद पर नितिन अग्रवाल को समर्थन देकर चुनाव जीताना बीजेपी का मिशन 2022 की रणनीति का हिस्सा है। बीजेपी ने एक तरफ वैश्य व व्यापारी समाज में संदेश देने की कोशिश है कि उनकी बिरादरी के नितिन को उपाध्यक्ष बनाने के लिए सरकार ने एक दिन का विशेष सत्र बुलाया तो वहीं समाज में अपनी पकड़ को और मजबूत करने की भी कोशिश की है। सपा भले ही भाजपा पर यह आरोप लगाती रहे कि बीजेपी दलित व पिछड़ों की विरोधी है लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा को ही दलित विरोधी साबित कर दिया। सीएम ने सदन में स्पष्ट किया सपा पिछड़ों का विरोध करती है तभी चुनाव परिणाम जानते हुए भी उसने नरेंद्र वर्मा को प्रत्याशी बनाकर उनके साथ धोखा किया है।

इसके साथ ही कांग्रेस और बसपा ने चुनाव प्रक्रिया का बहिष्कार करके मूक समर्थन बीजेपी का किया है। अगर दोनों दल मतदान में हिस्सा लेते तो यह साफ हो जाता कि कांग्रेस और बसपा ने किसे वोट किया है। तकनीकी रूप से नितिन सपा के ही सदस्य हैं और सपा ने नरेंद्र वर्मा को चुनाव लड़ाया और देखा जाए तो सदन में सपा को सपा से ही जूझना पड़ा और पराजय का सामना करना पड़ा है। प्रदेश के वैश्य समुदाय को लुभाने के लिए भाजपा की इस रणनीति से हरदोई व उसके आस-पास के जिलों की राजनीति में भी खासा फायदा हो सकता है। बीजेपी का यह दांव हरदोई की दोनों लोकसभा क्षेत्रों के अलावा आठों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को लाभ पहुंचा सकता है। यह सही है कि जब से नरेश अग्रवाल ने बीजेपी का दामन थामा तो यह माना जा रहा था कि देर सवेर नितिन को बीजेपी कहीं न कही समायोजित करेगी। 2017 में सपा के टिकट पर नितिन ने चुनाव जीता लेकिन पिता के बीजेपी में आने के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि संगठन उन्हें मंत्रिमंडल विस्तार में जगह देगी लेकिन बीते दिनो जब योगी सरकार का दूसरा मंत्रि मंडल विस्तार हुआ तो उसमें नितिन को जगह नहीं मिल पाई। इधर 17 वीं विधान सभा का कार्यकाल भी समाप्ति की ओर है। चुनाव में जाने से पहले बीजेपी का यह कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण दिख रहा है। गोरखपुर में हुए मनीष गुप्ता हत्याकांड के बाद से वैश्य और व्यापारी समाज की नाराजगी को भी काफी हद तक दूर करने में संभवतः भाजपा का यह निर्णय लाभप्रद होगा। नितिन को उपाध्यक्ष बनाकर बीजेपी ने विपक्ष को भी सबक दिया कि बीते 2007 से लेकर 2017 तक विपक्ष एकजुट होकर किसी एक नाम पर सहमति नहीं बना पाया और फिर भाजपा ने ही विपक्ष के ही सदस्य के रूप में नितिन को उपाध्यक्ष के पद पर आसीन किया। राज्यसभा चुनाव और कैबिनेट विस्तार में जगह न मिलने से नरेश समर्थक अपने को हाशिए पर महसूस कर रहे थे। हालांकि ठीक चुनाव से पहले नितिन को उपाध्यक्ष पद का चुनाव जितवा कर बीजेपी ने हरदोई व आस-पास की दो दर्जन से ज्यादा विधान सभा सीटों की राजनीति का रुख तय कर दिया है।

**मोहिनी बी. मनवाणी गर्ल्स डिग्री कालेज**
(अल्पसंख्यक संस्थान) सम्बद्ध - सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर
आवास विकास नं.-3, पनकी कल्याणपुर रोड, कल्याणपुर, कानपुर - 208017

**सूचना** अल्पसंख्यक संस्थान में अल्पसंख्यक प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत एम0एड0 सत्र 2021-23 में प्रवेश हेतु आवेदन तिथि विस्तृत की जा रही है। नवीन ऑन-लाइन एवं ऑफ-लाइन आवेदन करने एवं प्रवेश-परीक्षा की संशोधित समय सारिणी महाविद्यालय की वेबसाइट www.mbmgdc.in पर उपलब्ध है। प्रवेश परीक्षा कालेज परिसर में होगी, अर्हता, नियम, शर्तें व मेरिट् वरीयता पूर्ववत् ही लागू होंगी। नोट-दिनांक 19.10.2021 की प्रवेश-परीक्षा स्थगित है।
**प्रबंधक**

## शाहजहांपुर घटना ने खोली सरकारी दावों की पोलः मायावती

**लखनऊ।** शाहजहांपुर जनपद कचहरी परिसर में वकील की दिन दहाड़े हुई हत्या पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि घटना ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की लचर हालत की पोल खोल दी है। शाहजहांपुर की घटना पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि यूपी के जिला शाहजहाँपुर के कोर्ट परिसर में वकील की आज दिन दहाड़े हुई हत्या अति दुखद व शर्मनाक जो यहाँ की भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था की स्थिति व इस सम्बंध में सरकारी दावों की पोल खोलती है।

## गृह राज्य मंत्री की बर्खास्तगी की मांग को लेकर कांग्रेस विधायकों ने दिया धरना




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** का एक दिवसीय विशेष सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को कांग्रेस के विधायकों ने विधान भवन में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थल पर विरोध स्वरूप धरना दिया। कांग्रेस विधायकों ने लखीमपुर की घटना पर सदन में चर्चा कराने और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को तत्काल बर्खास्त किए जाने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता दीपक सिंह व अन्य कांग्रेस विधायक हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि भाजपा सरकार मंहगाई को नहीं मानती। इस मामले पर सरकार चर्चा नहीं कर रही है। किसान परेशान हैं, आम आदमी परेशान है लेकिन सरकार का इस ओर ध्यान नहीं है। लखीमपुर खीरी मामले पर सरकार चर्चा नहीं कर रही है। कांग्रेस पार्टी किसानों और लखीमपुर खीरी मामले पर चर्चा चाहती है लेकिन सरकार खामोश है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से कुछ ही महीने पहले उपाध्यक्ष के पद का चुनाव केवल लोगों को गुमराह करने और लखीमपुर खीरी की घटना से ध्यान हटाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब तक लखीमपुर हिंसा के मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त नहीं किया जाता, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## अतिवृष्टि पीड़ितों को मदद उपलब्ध कराएंः सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक करके आज प्रदेश में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने राहत कार्य पूरी सक्रियता से संचालित करने तथा प्रभावितों को मदद एवं राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि और खराब मौसम के चलते जनहानिए पशुहानि के साथ.साथ क्षतिग्रस्त मकानों का आकलन करते हुए पीड़ितों को अनुमन्य राहत राशि शीघ्र उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने अतिवृष्टि से प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों को फसलों की हानि का आकलन करते हुए इसकी रिपोर्ट शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों को शीघ्र राहत पहुंचायी जा सके।

मुख्यमंत्री ने धान क्रय केन्द्रों को खुले रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों से धान की खरीद की जाए। इस कार्य में उन्हें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि धान क्रय में नमी की समस्या आए तो धान को सुखाने की व्यवस्था केन्द्र पर ही की जाए। केन्द्र पर पंखे इत्यादि की व्यवस्था कर धान को सुखाया जाए।

## यूपी को सस्ती बिजली मिलने का रास्ता साफ

● नियामक आयोग की पहल से मिली बड़ी राहत

**लखनऊ।** उप विद्युत नियामक आयोग ने पावर कारपोरेशन को रोजाना 15 से 20 रुपये प्रति यूनिट तक महंगी दर से बिजली खरीदने से राहत देने का काम किया है। आयोग ने हाइड्रो पावर की दो कंपनियां तीस्ता और स्टेटक्रास्ट से 340 मेगावाट बिजली लेने में बाधा बनी एस्क्रो एकाउंट अनुबंधित खाता खोले बगैर ही लेन-देन की अनुमति दे दी है। पावर कारपोरेशन को अब पीक आवर में दोनों कंपनियां 340 मेगावाट बिजली देंगी। नियामक आयोग ने इन दोनों कंपनियों को पावर कारपोरेशन को बिजली की सप्लाई देने का आदेश दे दिया है। इस आदेश के साथ ही पावर कारपोरेशन यह बिजली नियमित रूप से पाने के लिए लेटर आफइंडेंट जारी करने में जुट गया है। उम्मीद की जा रही है कि मंगलवार से यह बिजली प्रदेश को मिलने लगेगी। हाइड्रो पावर की कंपनियां तीस्ता स्टेटक्रास्ट और जीएमआर से बीडिंग के द्वारा पावर कारपोरेशन ने 400 मेगावाट बिजली का करार किया है। बिजली की सप्लाई के बाद पावर कारपोरेशन और कंपनियों के बीच पैसे की लेन देन के लिए एस्क्रो एकाउंट खोलने का प्राविधान है। एस्क्रो एकाउंट खोलने में दिक्कतें थी। जिसकी वजह से आयोग से इस करार को स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी। कोयले से उत्पन्न बिजली संकट के इस दौर में नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह ने यह सुझाव दिया था कि दोनों पक्ष आपसी सहमति पत्र दे दें तो एस्क्रो एकाउंट की बाध्यता से आयोग राहत दे सकता है।

**लखनऊ नगर निगम**
टी.एन. मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेल nnlko@up.nic.in,फोन फैक्स : 0522-2622440

संख्या : 113/मु.अ./21-22 दिनांक : 18.10.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण की सीमान्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 01.11.2021 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 30.10.2021 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिक्ति, मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट upgov.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 01.11.2021 को अपरान्ह 3:00 बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष मे रखे निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को 01.11.2021 को अपरान्ह 4 बजे मुख्य अभियन्ता के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादांता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 12% GST | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर में म.सं.-ए-1357/2, म.सं.-ए-1353/10, 22/382, 22/413 एवं समोद्दीपुर गाँव में परमेश्वर लाल कनौजिया के भवन के पास समरसेबिल पम्प मय टंकी सहित लगाने का कार्य। | 618355.00 | 61836.00 | 1 माह | 618.00 | 74.00 | 692.00 |
| 2 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर में म.सं.-ए-1429/7 के सामने स्थित पार्क की मरम्मत एवं पाथवे इत्यादि का सुधार कार्य। | 810804.00 | 81080.00 | 1 माह | 811.00 | 97.00 | 908.00 |
| 3 | लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत शक्ति नगर में खुशी राम के घर के पास मानस विहार में एवं लिबर्टी पार्क में समरसेबुल मय टंकी सहित लगाने का कार्य। | 368134.00 | 36813.00 | 1 माह | 368.00 | 44.00 | 412.00 |
| 4 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड अन्तर्गत कुर्माचल नगर में म.सं.-628क/बी-75 से म.सं. बी-72 होते हुए म.सं. -628/20/1 के पास तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का सुधार कार्य। | 450350.00 | 45035.00 | 1 माह | 450.00 | 54.00 | 504.00 |
| 5 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड अन्तर्गत मानस बिहार में दीवान सिंह के घर के सामने एक नग समरसेबिल पम्प लगाने का कार्य । | 112962.00 | 11296.00 | 1 माह | 113.00 | 14.00 | 127.00 |
| 6 | लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत कुर्माचल नगर में म.सं.-बी-27 से म.सं.-सी-25 के पास तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य। | 500726.00 | 50073.00 | 1 माह | 501.00 | 60.00 | 561.00 |
| 7 | लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत कुर्माचल नगर में म.सं.-628क/ई-137 से म.सं.-ई-135 के सामने तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य। | 452056.00 | 45206.00 | 1 माह | 452.00 | 54.00 | 506.00 |
| 8 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड अन्तर्गत कुर्माचल नगर में म.सं.-सी-26 से म.सं.-डी-281 के पास तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का सुधार कार्य। | 512332.00 | 51233.00 | 1 माह | 512.00 | 61.00 | 573.00 |
| 9 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 7 नग समरसेबिल पम्प का सुधार कार्य। | 135344.00 | 13534.00 | 1 माह | 135.00 | 16.00 | 151.00 |
| 10 | शहीद भगत सिंह वार्ड के अन्तर्गत कान्तीपुरम कालोनी में गोयल जी के मकान से रीना सिंह के मकान होते हुए अरूण तिवारी के मकान के पास तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य । | 877402.00 | 87740.00 | 1 माह | 877.00 | 105.00 | 982.00 |
| 11 | शहीद भगत सिंह वार्ड के अन्तर्गत कान्तीपुरम कालोनी में म.सं.-633/3 के सामने महेन्द्र पाल सिंह के मकान होते हुए लाला जी के मकान के पास तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य । | 665820.00 | 66582.00 | 1 माह | 666.00 | 80.00 | 746.00 |
| 12 | इस्माइलगंज प्रथम वार्ड के अन्तर्गत पानी गांव में सलमान मार्केट फारूक के घर के सामने भ.सं. 10/424, भ.सं. 92 लोहिया विहार तथा भ.सं.-9/632 इन्दिरा नगर में समरसेबिल मरम्मत तथा पानी गांव में पप्पू तथा फाकीर सिद्दीकी के सामने समरसेबिल पम्प लगाने का कार्य। | 330636.00 | 33064.00 | 1 माह | 331.00 | 40.00 | 371.00 |
| 13 | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत म.सं.-17/75 के सामने समरसेबिल पम्प एवं ज्ञान दुबे के घर के सामने सी.सी. मरम्मत का कार्य। | 165870.00 | 16587.00 | 1 माह | 166.00 | 20.00 | 186.00 |

**शर्ते 1.** 15 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदाओं को स्वतः निरस्त माना जायेगा। **2.** 15 प्रतिशत कम की निविदा हेतु अतिरिक्त जमानत धनराशि (Extra Performance Guarantee) जमा करनी होगी। **3.** 10 प्रतिशत निम्न निविदा डाले जाने पर 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत की दर से तथा 10 प्रतिशत से निम्न निविदा डाले जाने पर 1.00 प्रतिशत की दर से सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी। **4.** शासनादेश सं0 962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी.एस.टी. का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। **5.** शासनादेश सं0-715/नौ-5-18-120 बजट/2013, नगर विकास अनुभाग-5 दिनांक 17.03.2018 के द्वारा लिया गया निर्णय की 'नगरीय सड़क सुधार योजनार्गत सीमेन्ट कंकरीट (सी.सी.) की सड़क पर 05 वर्षों तक रख-रखाव किये जाने की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदारों की होगी। बिटुमिन रोड के 05 वर्षों तक के रख-रखाव हेतु आगणन मे अतिरिक्त धनराशि सम्मिलित की जायें। परियोजना लागत की 05 प्रतिशत धनराशि परफार्मेस गारन्टी के रूप मे 05 वर्ष रोकने के उपरान्त सड़कों के समुचित रखरखाव होने की दशा मे भुगतान सम्बन्धित ठेकेदार को किया जायें' के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित कराना होगा। **6.** आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019, दिनांक-20.09.19 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

**मुख्य अभियन्ता**

**पायनियर वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हाई स्कूल अनुक्रमांक 5037391 वर्ष 2019 का अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। नितेश गिरि पुत्र नरेन्द्र गिरि ग्राम व पो0 बिन्द मठिया ब्यास गिरि, थाना- मुबारकपुर जनपद - आजमगढ़ (उ0प्र0)

**सूचना**

मेरे भवन 52 एच.आई.जी ब्लाक सी यो0सं 02 सुजातगंज कानपुर का मूल आवंटन पत्र सं0 2152/डी/भू दि. 8.5.92 मेरे घर व माल रोड कानपुर के बीच में दि. 16.10.2021 को गिर गये हैं अशिविनी कुमार पुत्र पी.बी.लाल सक्सेना नि0 451, मीरपुर कैंट कानपुर

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पति बृजेश कुमार माथुर के सेवा (एनटीपीसी) अभिलेखों में मेरा नाम इन्दु और जन्मतिथि 18 जनवरी 1967 है। जो त्रुटिपूर्ण और गलत है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम इन्दु माथुर और मेरी जन्मतिथि 18 जनवरी 1966 है, जो पूर्ण और सही है। अतः मुझे इन्दु माथुर और मेरी जन्मतिथि 18 जनवरी 1966 से जाना व समझा जाए। इन्दु माथुर पत्नी बृजेश कुमार माथुर निवासी - टाईप 3 = 190 एनटीपीसी कालोनी ऊंचाहार - रायबरेली

## थानों में लावारिस पड़े वाहनों की एमएसटीसी के माध्यम से होगी ई-नीलामी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के थानों को साफ सुथरा बनाये रखने के उद्देश्य से थानों में पड़े लावारिस वाहनों की शीघ्र नीलामी की जायेगी। इसी के साथ ही पुलिस विभाग में निष्प्रयोज्य घोषित हो चुके वाहनो की भी शीघ्र नीलामी होगी। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में आज लोकभवन स्थित कमाण्ड सेंटर में इस सम्बन्ध में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपरोक्त कार्यो को शीघ्र एवं समयबद्ध रूप से निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये है। शासन द्वारा पुलिस विभाग के वाहनों के वर्तमान में प्रचलित नीलामी की व्यवस्था को समाप्त कर उसके स्थान पर परिवहन विभाग की भांति एमएसटीसी से किये गये अनुबन्ध के आधार पर नीलामी (ई-आक्शन) कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## भाजपा शासन काल में अब तक 470 साइबर अपराधियों की हुई गिरफ्तारी

● 6.24 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि की गई बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किये गये हैं जिसके सार्थक नतीजे सामने आये हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सभी परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम पुलिस थानों पर 660 अभियोग पंजीकृत कर 470 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है। उक्त अभियोगों में 2.2 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि साइबर अपराधियों से बरामद की गयी तथा 5 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि बैंक खातों में होल्ड करायी गयी है। साथ ही प्रदेश के अन्य सभी थानों में उक्त अवधि में साइबर अपराधों के संबंध में 10290 अभियोग अब तक पंजीकृत किये गये तथा 2600 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी कर 6.24 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि साइबर अपराधियों से बरामद की गयी है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुई उपलब्धियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी 16 परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर साइबर थानों की स्थापना कर इन सभी को क्रियाशील किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 16 परिक्षेत्रीय थानों हेतु शासन द्वारा 256 पदों का सृजन किया गया है। अवस्थी ने बताया कि परिक्षेत्रीय साइबर थानों पर महिला साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है, जो इन अपराधों से पीड़ित महिलाओं के लिए हर सम्भव मदद प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि साइबर बुलिंग की शिकार महिलाओं की मदद के लिए वूमेन पॉवर लाइन 1090 के अन्तर्गत अपराधी की पहचान एवं अवैध कंटेन्ट हटाने के लिए अत्याधुनिक साइबर फॉरेंसिक टूल्स का प्रयोग किया जा रहा है।

अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राम कुमार ने बताया है कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए साइबर सेफपोर्टल का संचालन किया जा रहा हैए जिसपर जालसाजों के मोबाइल नम्बरए बैंक खाता संख्या एवं वेबसाइट आदि को अपलोड किया जाता है। प्रदेश में अब तक साइबर सेफपोर्टल के माध्यम से 26 हजार से अधिक मोबाइल नम्बरों को ब्लाक कराया जा चुका है, जो साइबर अपराधों में अंकुश लगाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# मुठभेड़ में पचास हजार का इनामी डकैत ढेर

**● डकैती सहित आठ से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज थे, 2017 में जा चुका था जेल**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमतीनगर** में विपुल खंड सहारा स्टेट के पास पुलिस मुठभेड़ में ढेर हुआ 50 हजार का इनामी डकैत हमजा बांग्लादेशी डकैतों के गिरोह का सरगना था। उसके खिलाफ डकैती सहित आठ से अधिक संगीन मुकदमें दर्ज थे। जिसे रविवार को देर रात पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन के मुताबिक हमजा खूंखार अपराधी था। उसने मध्यप्रदेश के कटनी जिले में वर्ष 2019 में एक घर में धावा बोलकर डकैती डाली थी। इसके अलावा उसने वाराणसी में एक परिवार को बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया था। यही नहीं राजधानी लखनऊ में 23 दिसंबर 2020 में मां बेटी को गन प्वाइंट पर लेकर डकैती डाली थी। इसके अलावा 6 सितंबर 2020 चिनहट के कठौता झील के पास एक मकान में धावा बोलकर डकैती डाली थी। साथ ही वह वर्ष 2017 में जेल भी जा चुका था।

डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन के मुताबिक सर्विलांस सेल और गोमतीनगर पुलिस को रविवार की देर रात सूचना मिली कि चिनहट में हुई मुठभेड़ के दौरान फरार चल रहा इनामी हमजा दयाल चौराहे के पास अपने कुछ साथियों के साथ मौजूद है और वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर सर्विलांस सेल के प्रभारी उपनिरीक्षक रजनीश वर्मा, मुख्य आरक्षी नरेंद्र बहादुर सिंह, आरक्षी बृजेश बहादुर सिंह, आरक्षी आनन्द मणि सिंह, आरक्षी रामनिवास शुक्ला, आरक्षी विशाल शुक्ला व इंस्पेक्टर



गोमतीनगर केशव कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह, आरक्षी वैभव प्रकाश नैन व आरक्षी मुकेश चौधरी मौके पर पहुंचे। पुलिस के टार्च की रोशनी पड़ते ही गैंग के लीडर हमजा और उसके साथियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में इनामी हमजा ढेर हो गया, जबकि उसके अन्य साथी मौके से भाग निकले। इस कारवाई में तीन पुलिसकर्मी भी बदमाशों की गोली से घायल हो गए। पुलिस को मौके से एक पिस्टल, एक तमंचा, एक पिठू बैग, एक मोबाइल, दो सिम, एक प्लेटफार्म टिकट व एक हजार बांग्लादेशी रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक बांग्लादेशी निवासी हमजा एक ख़तरनाक अपराधी था। वह आठ दस लोगों की टोली बनाकर राजधानी लखनऊ सहित यूपी के अलग-अलग जिलों तथा अन्य राज्यों में बड़ी घटनाओं को अंजाम देता था। 11 अक्टूबर 2021 की रात चिनहट में मुठभेड़ के दौरान तीन बांग्लादेशी डकैतों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था जबकि सरगना हमजा अपने सात साथियों के साथ मौके से भाग निकला था। पुलिस के मुताबिक हमजा के मोबाइल फोन की डिटेल खंगाली जा रही है और फरार डकैतों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## इंदिरानगर और टुड़ियागंज सीएचसी में बढ़ेंगे 50-50 बेड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश के** रक्षामंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह द्वारा गोद ली गई इंदिरानगर और टुड़ियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सेवाओं का विस्तार होगा। बेड के साथ जांच व अन्य कई नई सेवायें शुरू होंगी। दोनों सीएचसी पर 50-50 बेड पर मरीजों को इलाज मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल के मुताबिक दोनों सीएचसी में बेडों की संख्या को बढ़ाकर 50-50 किया जायेगा। बेडों की क्षमता बढ़ने के साथ यहां पर दांत के मरीजों के उपचार के साथ एक्स.रे सुविधाए खून से जुड़ी जांच की सुविधा होगी। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही बेड के विस्तार का काम शुरू करने के साथ डॉक्टर व जरूरी स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती की जाएगी।

# शाहजहांपुर में वकील की हत्या के विरोध में कल न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे वकील

**● उप्र बार काउंसिंल ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की**

**● वकील के परिवार को 50 लाख की आर्थिक मदद व एक सदस्य को नौकरी देने की भी मांग**

विधि सवांददाता। लखनऊ

**शाहजहांपुर** कचहरी में वकील भूपेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में सूबे के समस्त वकील 20 अक्टूबर को न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे। उप्र बार काउंसिल ने इस घटना पर गहरा दु:ख जताते हुए उस रोज प्रदेश की सभी बार एसोसिएशन से विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। इधरए लखनऊ बार एसोसिएशन ने इस घटना के विरोध में उस रोज मुख्यमंत्री का पूतला फूंकने का एलान किया है। सोमवार को उप्र बार काउंसिंल की ओर से यह भी निर्णय लिया गया कि मृत वकील के परिवार को तत्काल 50 लाख की आर्थिक मदद व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग राज्य सरकार से की जाए। साथ ही वकीलों की सुरक्षा के मद्देनजर प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट भी लागू करने की मांग की जाए। उप्र बार काउंसिल ने इसके साथ ही कचहरी परिसर में असलहा लेकर जाने पर सख्ती से रोक लगाने की मांग भी की है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो और वकील भयमुक्त वातावरण में न्यायिक कार्य कर सकें।

## जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** विशेष जज लोकेश वरुण ने एटीएम वैन से पांच लाख की रकम चुराने के एक आपराधिक मामले में निरुद्ध मुल्जिम जोखू यादव की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। 20 सितंबर 2021 को इस मामले की एफआईआर सिक्योर वैल्यू इंडिया लिमिटेड के ब्रांच मैनेजर आकाश शर्मा ने थाना विभुतिखंड में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक मुल्जिम इस कम्पनी में गनमैन के पद पर तैनात था। यह कम्पनी बैंक के एटीएम मशीन में रकम जमा करने का काम करती है। विवेचना के दौरान उसके घर से तीन लाख 38 हजार की रकम बरामद हुई थी।

## क्विक न्यूज

### कोरोना टीकाकरण बारह करोड़ के आंकड़े के करीब

**लखनऊ।** यूपी में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर अब करीब.करीब नियंत्रण में है। तेजी से टीकाकरण और टेस्टिंग का नतीजा है कि प्रदेश के 42 जिलों में आज एक भी एक्टिव केस दर्ज नहीं किया गया वहीं 17 जिलों में एक.एक एक्टिव केस ही शेष है। एक्टिव कोविड केस की संख्या यूपी में 123 रह गई है। एक लाख 39 हजार 654 सैम्पल की टेस्टिंग में 5 जिलों में कुल 09 नए संक्रमित मरीज मिले। इस बीच 04 लोगों को डिस्चार्ज किया गया। अब तक 16 लाख 87 हजार 15 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण को मात दे चुके हैं। दूसरे प्रदेशों के मुकाबले यूपी में अब तक सबसे ज्यादा टेस्ट और टीकाकरण किया जा चुका है। प्रदेश में अब तक 8 करोड़ 15 लाख से अधिक टेस्ट और 11 करोड़ 96 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। जिसमें 9 करोड़ 30 लाख को पहली डोज और 2 करोड़ 66 लाख को दूसरी डोज दी जा चुकी है। यूपी जल्द ही 12 करोड़ टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल कर सर्वाधिक टीकाकरण करने वाला पहला राज्य बन एक बार फिर से दूसरे प्रदेशों के समक्ष नजीर पेश करने को तैयार है। बता दें कि कोविड टीकाकरण के लिए पात्र 17.53 फीसदी से अधिक लोग पूरी तरह कोविड टीकाकवर प्राप्त कर चुके हैं, वहीं 62.67 फीसदी से लोगों ने कम से कम एक डोज लगवा ली है। ट्रिपल टी, वैक्सिनेशन, कोरोना कर्फ्यू समेत दूसरे निर्णयों के कारण आज यूपी के हालात दूसरे प्रदेशों से बेहतर है। जिसका परिणाम है कि पॉजिटिविटी रेट 0.01 फीसद से नया है। प्रदेश का रिकवरी रेट 98.7 प्रतिशत दर्ज किया गया है। कम होते संक्रमण के बावजूद यूपी लगातार तेजी से टेस्टिंग कर रहा है। राज्य प्रभावी प्रोटोकॉल के साथ कोरोना की चेन तोड़ने में सफलता हासिल कर रहा है। यूपी में 548 ऑक्सीजन प्लांट में से 501 ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं।

### बाराबंकी में एक करोड़ की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को फूलपुर चौराहा, सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला बाराबंकी से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 1.050 किग्रा स्मैक बरामद हुई है। एसटीएफके मुताबिक बरामद स्मार्ट की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ रुपए है। एसटीएफ की लखनऊ यूनिट को सूचना मिली कि बड़े स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 2 सदस्य मणिपुर राज्य के इम्फाल से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर बरेली जाने वाले है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम बाराबंकी रवाना की गई। फूलपुर चौराहा, सूरतगंज थाना मोहम्मदपुर खाला बाराबंकी से दो तस्करों मोहम्मद नाजीम पुत्र अब्दुल राशीद निवासी काला खेड़ा थाना नवाबसा, जनपद सम्भल और सुनील कुमार पुत्र प्रेम कुमार निवासी इमादुल मुल्क थाना नखासा जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक ट्रक व उसमें छुपाकर रखी गई 1.050 किग्रा स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों ने ने पूछताछ पर बताया कि इम्फाल से मुझे नामक तस्कर उत्तर प्रदेश में स्मैक की सप्लाई करता है। जो तस्करी करने के तरीके में जल्दी जल्दी परिवर्तन करता रहता है। उसके द्वारा अतिगोपनीय तरीके से मुझसे सम्पर्क कर बिना अपने बारे में ज्यादा कुछ बताये मुझे यह स्मैक दिया। जिसे मैंने अपने ट्रक के धुरे में छिपा लिया। उसने मुझे बरेली पहुंचकर अपने मोबाइल नम्बर पर काल करने के लिए बताया था। इसके बाद उसने कहा था कि एक व्यक्ति तुमसे मिलेगा जो तुमको स्मैक पहुंचाने की एवज में एक लाख रुपये देगा और तुमसे स्मैक ले लेगा।

### इंजीनियरिंग, फार्मेसी समेत अन्य कोर्सों में काउंसिलिंग शुरू

**लखनऊ।** प्रदेश में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग फार्मेसी समेत अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया सोमवार से दोबारा शुरू कर दी गई है। पहले मेरिट लिस्ट में गड़बड़ी के चलते यह काउंसलिंग बीच में ही रोक दी गई थी। स्थगित काउन्सलिंग को पुनः प्रारम्भ करने का निर्णय लेने के साथ ही प्रथम चरण के संशोधित सीट आवंटन के नतीजे भी जारी कर दिए गए हैं।

### लारी में अब कम समय में मरीजों को उपलब्ध होगी जांच रिपोर्ट

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के लारी कार्डियोलॉजी विभाग में सोमवार को सेंटर कार्डियो लैब का शुभारम्भ कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी ने किया। लैब के प्रारम्भ होने से भर्ती होने वाले मरीजों को कम समय में जांचे रिपोर्ट प्राप्त हो सकेंगी। जिससे मरीज की जांच के लिए भाग दौड़ बचती है एवं समय रहते मरीज का आवश्यक इलाज किया जा सकेगा। यह सेंटर कार्डियो लैब 24 घंटे कार्य करेगी। लैब में ऐथेरोजी सम्बंधित जांचे बायोकेमेस्ट्री एवेथेरोलोजीव कायाल मेकर्स एवं अति.आवश्यक कार्डियक मेकर्स की जांच की जाएगी। ये सभी जाँचे उपचार शुरू करने के साथ साथ उपचार के प्रभाव जानने के लिए आवश्यक होती है।

### पुलिस स्मृति दिवस 21 को, शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस स्मृति दिवस 2021 के अवसर पर 21 अक्टूबर को रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। कर्तव्यपालन के दौरान संवेदनशीलता, समर्पण और त्याग का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत करने वाले शहीद पुलिस कार्मिकों की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उन वीर शहीद पुलिसजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है जिन्होंने राष्ट्र व समाज की रक्षा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शहीद पुलिसजनों के परिजनों को इस मौके पर सम्मानित भी किया जाएगा।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**मोहनलालगंज।** सिसेण्डी इलाके में सोमवार की शाम पिकअप लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। ड्राइवर को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज के सिसेण्डी निवासी अंसार अली सोमवार की शाम बाइक से घर लौट रहा था। तभी धनुवासांड के निकट पिकप लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जख्मी अंसार को मोहनलालगंज सीएचसी में डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया पिकअप लोडर के ड्राइवर को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

### छात्रों से विलंब शुल्क वसूलने पर हाईकोर्ट सख्त

**लखनऊ।** छात्रों से विलंब शुल्क वसूलने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कड़ा रवैया अपनाया है। पीठ ने महाविद्यालयों द्वारा की जा रही इस धोखाधड़ी को रोकने के लिए राज्य सरकार व विश्वविद्यालयों को भी कदम उठाने का आदेश दिया है। जस्टिस विवेक चैधरी की एकल पीठ ने यह आदेश राम अवतार कल्याणी देवी कन्य महाविद्यालयए माधुरी सिंह महाविद्यालय व श्री जगदेव सिंह महाविद्यालयकी ओर से दाखिल अलग अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। यह तीनो महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। लविवि ने परीक्षा शुल्क देर से जमा करने पर इन महाविद्यालयों को प्रति छात्र पांच सौ रुपए का विलंब शुल्क जमा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद महाविद्यालयों की ओर से यह याचिकाएं दाखिल की गईं। पीठ ने याचिकाओं पर अंतरिम राहत देते हुए प्रति छात्र ढ़ाई सौ रुपए विलंब शुल्क जमा करने का आदेश दिया।

## आईआईएम पढ़ायेगा बिजनेस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** प्रबन्ध संस्थान लखनऊ अब बिजनेस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पढ़ायेगा। संस्थान की तरफ से ऑनलाइन एक्जिक्यूटिव प्रोग्राम विले एनएक्सटी के साथ पार्टनरशिप में शुरू होगा। छह माह के इस कोर्स का उद्देश्य उन लोगों को प्रशिक्षण देना है जो कम्पनियों के लिए डाटा विश्लेषण व तकनीक से जुड़े अन्य काम करते हैं। आईआईएम लखनऊ के इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड सिस्टम के असिस्टेंट प्रोफेसर वीएस प्रकाश अत्तिली के मुताबिक आने वाला समय पूरी तरह से तकनीक पर आधारित होने जा रहा है। इसलिए कारपोरेट क्षेत्र में काम करने वालों को भी इससे जुड़ी हर बारीकी को समझना होगा। इसीलिए हम यहां ऐसे प्रोफेशनल मैनेजर तैयार करेंगे जिन्हें तकनीक और डिजिटल दुनिया की हर वह जानकारी हो जिसकी जरूरत उन्हें काम के दौरान पड़ सकती है।

# गृहकर की 37 लाख की बकाएदारी पर बीएसएनएल का खाता सील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बड़े** बकायादारों पर नगर निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की गयी। नगर आयुक्त के आदेश पर बीएसएनएल के दो भवनों पर 37 लाख की बकाएदारी पर खाता सीज कर दिया गया। दोनों के खाते आईसीआईसीआई बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के खाते से बीएसएनएल को लेन देन नहीं कर सकेगा। वहीं, ऐशबाग के 4 प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्रवाई के दौरान 2,74,000 वसूल किए गए। सोमवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के आदेश पर सरकारी कार्यालयों सहित निजी भवनों पर गृहकर की बकाएदारी पर कार्रवाई की गयी। हजरतगंज में जोनल अधिकारी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बीएसएनएल के भवन संख्या 532(29/जी.बी.) राणा प्रताप मार्ग पर कार्रवाई की। कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक, भारत संचार निगम लि. पर बकाया गृहकर रु. 12,36,919 हैं, जिसका भुगतान न करने की स्थिति में आईसीआईसीआई बैंक, शालीमार टॉवर स्थित बैंक खाता सीज कर दिया गया। बीएसएनएल के दूसरे भवन संख्या जी.बी. 201/001/ए रानी लक्ष्मी बाई मार्ग के कार्यालय प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार, बीएसएनएल पर बकाया गृहकर रु. 24,74,068 भुगतान न करने पर पंजाब नेशनल बैंक विधानसभा मार्ग के खाते को सीज कर दिया गया। ऐशबाग के जोनल अधिकारी के तहत वार्ड मोतीलाल चंद्रभानु गुप्त नगर वार्ड में जोनल अधिकारी अरुण कुमार चौधरी और कर अधीक्षक चंद्रशेखर यादव ने डीएवी भवन संख्या 278 के पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया। भवन सं. 278 शॉप नं. 1, 2 शॉप नंबर 8 26, शॉप नंबर 32, शॉप नंबर 38, 39 और शॉप नंबर 43 व 44 के भुगतान न होने पर सीज कर दिए गए।

## निष्क्रांत सम्पति मामले में मुख्तार के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**लखनऊ( विसं )।** सीजेएम रवि कुमार गुप्ता ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए एक निष्क्रांत जमीन पर मकान का अवैध निर्माण कराने के आपराधिक मामले में निरुद्ध मुल्जिम मुख्तार अंसारी के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए मामले की अगली सुनवाई दो नवंबर को तय की है। सोमवार को इस मामले में मुख्तार अंसारी को बांदा जेल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया था। इस मामले में मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी व उमर अंसारी भी मुल्जिम है। इनके खिलाफ पहले ही आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। मुल्जिमों के खिलाफआईपीसी की धारा 120बी, 420, 467, 468 व 471 के साथ ही सार्वजनिक सम्पति निवारण नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। 27 अगस्त 2020 को इस मामले की एफआइआर प्रभारी लेखपाल सुरजन लाल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।

# राजधानी में डेंगू के 27 नए मरीज मिले

**● मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर 20 घरों को दी गयी नोटिस**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डेंगू प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान चला रहा है। सोमवार को डेंगू के 27 नए मरीज सामने आए हैं। यह मरीज आज जनपद के ऐशबाग, माल, आलमबाग, रेडक्रास, अलीगंज, गोसाईगंज, इन्दिरानगर, एनके रोड, सरोजनीनगर आदि क्षेत्र में पाये गये हैं। डेंगू-मलेरिया पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने आज कुल 2135 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 20 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। इन घरों में कूलर, खाली बर्तन, गमले आदि में डेंगू मच्छर के लार्वा मिले हैं। इन्हें नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। वही मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर आज नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा फैजुल्लागंज, अलीगंज, रफी अहमद किदवई, इन्दिरानगर, बालागंज, राजाजीपुरम, बाबू कुंज बिहारी, इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस पास पानी जमा न होने देने, पानी से भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखने, कुछ समय अन्तराल पर कूलर को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सुखाने एवं साफ करने के बाद ही पुन: प्रयोग में लाने, पूरी बाह के कपडे पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने एवं मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगो से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें सम्बन्धी स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की।

# स्कूलों में बच्चों के लिए ई-पाठशाला बनी वरदान

**लखनऊ।** कोरोनाकाल के दौरान प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में शुरू की गई ई.पाठशाला बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। क्लास रूम के साथ प्राइमरी स्कूल के छात्र यूट्यूब, वाट्सअप, दूरदर्शन पर दिखाए जा रहे शैक्षिक कार्यक्रमों के जरिए सीख रहे हैं। मिशन प्रेरणा के ई-पाठशाला के जरिए विभाग की ओर से बनाए गए यू ट्यूब चैनल पर शिक्षकों व बच्चों के लिए 6.15 लाख कंटेंट अपलोड किए जा चुके हैं। कोरोनाकाल के दौरान मिशन प्रेरणा के तहत बेसिक शिक्षा विभाग ने ई पाठशाला को शुरू किया था। जिसका दायरा अब बढ़ चुका है। इसमें मिशन प्रेरणा यू-ट्यूब चैनल शिक्षकों व बच्चों के लिए गाइड का काम कर रहा है। इसमें विशेषज्ञों के तैयार किए गए उच्च गुणवत्ता के कंटेंट अपलोड किए जाते हैं। इससे शिक्षकों को भी बच्चों को पढ़ाने के लिए काफी कंटेंट व पढ़ाने के नए तरीके मिल जाते हैं। विभाग की ओर से कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए अब 6 लाख से अधिक कंटेंट अपलोड किया जा चुका है। इसके अलावा दीक्षा पोर्टल के माध्यम से 4 हजार से अधिक विडियोज व विजुअल शिक्षण सामग्री शिक्षकों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। शिक्षण सामग्री के जरिए शिक्षक बच्चों को रूचिकर एवं प्रभावी तरीके से पढ़ा रहे हैं। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों को सीखाने के लिए विभाग ने यूनिसेफ के सहयोग से एक्टिविटी बेस्ड पुस्तिका पहल को विकसित किया है। इसके जरिए छोटे बच्चों को आसानी से अक्षर ज्ञान आदि सिखाया जा सकता है। विभाग की ओर प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर इस पुस्तक को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ 1.63 लाख आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। हाल ही में सरकार ने आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री प्राइमरी स्कूल के रूप में डेवलप करने की बात कही थी।

# आशा कार्यकत्रियों ने ओपीडी में जड़ा ताला, इलाज के लिए भटकते रहे मरीज

**● पुलिस के हस्तक्षेप पर ढाई घण्टे बाद शुरू हो सकी ओपीडी**

संवाददाता। मोहनलालगंज

**आशा** कार्यकत्रियों को उचित मानदेय और आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को आशा कार्यकत्रियों ने मोहनलालगंज सीएचसी में ताला डालकर ओपीडी ठप करा दी। लिहाजा इलाज कराने आए सैकड़ों मरीज ढ़ाई घण्टे तक भटकते रहे। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ओपीडी का संचालन शुरु हो सका। हालांकि मुख्य द्वार पर आशा बहुओं का धरना प्रदर्शन दोपहर बाद तक चलता रहा। अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सोमवार को मोहनलालगंज सीएचसी पर जमा हुई दर्जनों आशा बहुओं ने नारेबाजी करते हुए सुबह 10 बजे ही



सीएचसी के मुख्य द्वार और ओपीडी के चैनल में ताला लगा दिया। आशा कार्यकत्रियों व संगिनी के नियमितिकरण और बीमा सुरक्षा कवर दिए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर आक्रोशित आशा बहुएं व संगिनी सीएचसी के मुख्य द्वार को जाम कर धरने पर बैठ गईं। प्रदर्शन कर रही आशा कार्यकत्रियों ने आरोप लगाया कि सीएचसी प्रशासन और एसडीएम को मांगपत्र सौंपे जाने के बाद भी उनकी मांगें नहीं पूरी की जा रही हैं। लिहाजा उन्हें अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। सीएचसी अधीक्षिका डॉ ज्योति कामले ने बताया आशा कार्यकत्रियों के धरना प्रदर्शन से ओपीडी बाधित हुई । लेकिन स्टाफ को बंधक नहीं बनाया गया। दोपहर 2.30 के बाद आशा कार्यकत्रियों का धरना समाप्त हो गया। उनका मांगपत्र सीएमओ को भेज दिया गया है। वहीं सीएचसी का मुख्य द्वार और ओपीडी का चैनल बन्द किए जाने को लेकर सोमवार को मोहनलालगंज सीएचसी पर आशा कार्यकत्रियों की इलाज कराने आए मरीजों और उनके तीमारदारों से नोंक झोंक भी हुई। ओपीडी में तालाबन्दी किए जाने से कोरोना के रामबाबू और कल्ली पश्चिम की स्वाती डाक्टर को दिखाकर बुखार की दवा लेने के लिए ढ़ाई घण्टे तक भटकते रहे। हुलासखेड़ा की खुशबू व गौरा के दयाशंकर डाक्टर को दिखाने और बुजुर्ग विद्यावती टीबी के इलाज के लिए सीएचसी की चौखट पर इंतजार करते रहे। जबकि काफी तादात में मरीज इलाज नहीं मिल पाने से मायूस होकर वापस लौट गए। आशा कार्यकत्रियों की तालाबन्दी से सीएचसी की ओपीडी में मौजूद डाक्टर और कर्मचारी सुबह 10 बजे से बंधक बने रहे। दोपहर 12.40 बजे पहुंची पुलिस टीम ने आशा कार्यकत्रियों को समझाबुझाकर ताला खुलवाया तब जाकर ओपीडी में मरीजों का इलाज शुरु हो सका।

# मेयर कराएंगी उद्यमियों की समस्याओं का समाधान, बनेंगी रोड, लगेंगी लाइटें

**● अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया के उद्यमियों से महापौर ने किया संवाद**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर** द्वारा अमौसी इंडस्ट्रियल , सरोजनी नगर इंडस्ट्रीयल एरिया और स्कूटर एंसीलरी के विभिन्न उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बातचीत की गयी। बैठक में अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के साथ क्षेत्रीय अधिकारी भी मौजूद रहे। महापौर ने जल्द प्रक्रिया पूर्ण कर नगर निगम को हस्तांतरित करने के लिए निर्देशित किया। औद्योगिक क्षेत्र में होने वाली नाली, सीवर, हाउस टैक्स जैसी समस्याओं को लेकर औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने समस्यों को महापौर के समक्ष रखा और ज्ञापन सौंपा। महापौर ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। सोमवार




को महापौर संयुक्ता भाटिया ने अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया के सिपेट इंस्टिट्यूट में अमौसी इंडस्ट्रीयल एरिया, सरोजनी नगर इंडस्ट्रीयल एरिया और स्कूटर एंसीलरी के उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उद्यमियों से बातचीत किया। अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष शिव शंकर अवस्थी ने बताया कि 10 वर्षों से भी अधिक समय से उनकी समस्या का कोई समाधान नही हो पाया है। पूर्व की सरकारों ने भी इस क्षेत्र के लिए कई घोषणा की लेकिन धरातल पे कोई काम नहीं दिखा। अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया का नगर निगम में अबतक ट्रांसफर नही हो पाया है जिस कारण यहां मूलभूत सुविधाओं की भी कमी है। अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया भारत का एकमात्र इंडस्ट्रियल एरिया है जो एयरपोर्ट से मात्र दो मिनट की दूरी पर है। पैदल भी एयरपोर्ट से व्यक्ति मात्र 5 मिनट में इस औद्योगिक क्षेत्र में पहुंच जाएगा। एयरपोर्ट से यह औद्योगिक क्षेत्र इतना निकट स्थित है। यदि इस क्षेत्र की समुचित कार्ययोजना बने तो यह एक मॉडल इंडस्ट्रियल एरिया हो सकता है। इस पर अपर नगर आयुक्त अभय पांडेय ने बताया कि परसों 20 अक्टूबर को मंडलायुक्त जी के समक्ष बैठक है जिसमें नगर निगम में कार्यों का बटवारा किया जाएगा। इसके हैंड ओवर की प्रक्रिया संभव हो सकेगी। महापौर ने जल्द प्रक्रिया पूर्ण कर नगर निगम को हस्तांतरित करने के लिए निर्देशित किया। वही उपाध्यक्ष एवं पूर्व में पार्षद रहे राधे लाल ने बताया कि 1987 में ही यह क्षेत्र नगर निगम की सीमा में आ गया था। लेकिन तब से लेकर अबतक समस्याएं लगातार बनी हुई है। यहाँ की सबसे बड़ी समस्या जलनिकासी की है। जलनिकासी ना होने के कारण यहाँ सड़के भी खराब हो जाती है। बैठक में मौजूद अधिशाषी अभियंता पी.के श्रीवास्तव ने बताया कि नाला निर्माण के लिए हमने अमृत योजना के तहत लाने का प्रस्ताव शासन को दिया है, जलनिगम के साथ हमारा पत्राचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि अमृत योजना के अंतर्गत एसटीपी सहित जल निकासी हेतु सई नदी तक सीवरेज लाइन डालने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जल्द ही इसका समाधान हो जाएगा। महापौर ने नगर अभियंता पी के श्रीवास्तव को तब तक तात्कालिक व्यवस्था के लिए अमौसी इंडस्ट्रीयल एरिया में पीछे बनी नहर में एसटीपी बना कर जल निकासी की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही महापौर ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि अमृत योजनाओं का पैसा जल्द से जल्द लाने का प्रयास करेंगी। लघु उद्योग भारती के गौरी शंकर पांडेय ने बताया कि सड़कों के दोनों तरफ फुटपाथ बना हुआ है जिसका कोई औचित्य नही है। फुटपाथ के कारण ही सड़कों का पानी नालों में नहीं जा पाता।

## 97 उद्यमियों ने दिया हाउस टैक्स देने का आश्वासन

**महामंत्री** रजत मेहरा ने ओटीएस स्कीम फिर लाने की बात कही। महापौर ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह को गृह कर जमा करने के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए। उद्यमियों से बकाया कर जमा करने की अपील की, जिसपर समस्त उद्यमी प्रतिनिधियों ने 194 में बचे हुए 97 उद्यमियों द्वारा गृहकर जमा करने का आश्वासन महापौर को दिया।

## बीएड :पहले चरण में 131841 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित

**लखनऊ।** प्रदेश भर के बीएड कालेजों में दाखिले को लेकर कराई जा रही बीएड 2021.23 की ऑनलाइन काउंसलिंग का पहला चरण सोमवार को पूरा हो गया।इस चरण में कुल 251125 सीटों के सापेक्ष कुल 164188 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग में पंजीकरण कराया और कुल 131841 अभ्यर्थियों को उनके द्वारा लॉक बीएड महाविद्यालयों में सीट आवंटित हुई। बीएड प्रवेश समन्वयक प्रो अमिता बाजपेयी के मुताबिक 22 अक्टूबर से पूल काउंसलिंग हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया आरम्भ होकर 25 अक्टूबर तक चलेगी। इस पूल काउंसलिंग में पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थी 22 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया कर सकते हैं। पूल काउंसलिंग के आवंटन का परिणाम 27 अक्टूबर को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। पूल काउंसलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को पूर्ण शुल्क का भुगतान किया जाना होगा।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी ईद-मिलादन्नबी की बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस ईद-मिलादुन्नबी पर हार्दिक बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने आपसी भाईचारा, सभी धर्मों के प्रति सम्मान व एकता की जो शिक्षा दी है, वह पूरी मानवता के लिए है। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पर्व समाज मे शांति और सद्भाव को बढ़ाने के लिए नई प्रेरणा देगा।

**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 ई–निविदा सूचना** अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु दो भागों में मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें ई–टेण्डर के माध्यम से निम्नविवरणानुसार आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 02.11.2021 समय 13.00 बजे तक ऑनलाइन ई–निविदा अपलोड की जायेगी जो उसी दिन दिनांक 02.11.2021 को 16.00 बजे से खोली जायेगी। कृपया पूर्ण निविदा का विवरण/डाउन लोडिंग एवं संशोधन/शुद्धिकरण एवं नियम व शर्तें संबंधी सूचनाओं हेतु वेबसाइट http//.etender.up.nic.in को देखें। **क्रम सं0** 1. **निविदा विशिष्टि संख्या** 66/वि0कार्य0शा0म0(वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, बस्ती के अन्तर्गत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्र संतक. बीरनगर एवं सिद्धार्थनगर में 1460 एवं 250 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य **धरोहर धनराशि रू0** 8520.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 1180.00 **क्रम सं0** 2. **निविदा विशिष्टि संख्या** 67/वि0कार्य0शा0म0(वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, गोरखपुर के अन्तर्गत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्र देवरिया में 16 केवीए (3 फेज) क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के .मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 2670.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 1180.00 **क्रम सं0** 3. **निविदा विशिष्टि संख्या** 68/वि0कार्य0शा0म0(वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड आजमगढ़ के अन्तर्गत कार्यशील विभिन्न कार्यशालाओं में मरम्मत कार्य हेतु स्थापित विभिन्न प्रकार के उपकरण, डीवीडीएफ, ओवन, हाई वोल्टेज, एच0टी0 वाइडिंग मशीन, एल0टी0 वाइडिंग मशीन एवं हाइड्रोलिक ट्राली इत्यादि के रूटीन एवं आकस्मिक मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 7940.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 1180.00 **क्रम सं0** 4. **निविदा विशिष्टि संख्या** 69/ वि0कार्य0शा0म0(वा0)/ 2021– 22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड आजमगढ़ के अन्तर्गत विभिन्न कार्यशाला केन्द्रों हेतु परिवर्तक मरम्मत कार्य से सम्बन्धित साम्रगी ढुलाई का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 9,640.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 1180.00 **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला मण्डल, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी** पत्रांक–2016 दिनांक– 18.10.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

# टीबी संक्रमित बच्चों को गोद लें आईएएस व आईपीएस अधिकारी

### ● राज्यपाल ने 306 आंगनबाड़ी केन्द्रों को पठन पाठन व खेलकूद सामग्री किट का वितरण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सभी आईएएस एवं आईपीएस अधिकारी टीबी से संक्रमित बच्चों को गोद लेकर उन्हें स्वस्थ बनाने की दिशा विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। साथ ही रेडक्रास के माध्यम से टीबी से संक्रमित बच्चों को गोद लेकर उनको स्वस्थ बनाने का कार्य भी किया जा सकता है। राज्यपाल सोमवार को महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के उत्थान एवं विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से गौतमबुद्धनगर स्थित एमेटी विश्वविद्यालय के सहयोग से 306 आंगनबाड़ी केन्द्रों को पठन पाठन एवं खेलकूद सामग्री किट का वितरण किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहीं थीं।

राज्यपाल की प्रेरणा से इंजीनियरिंग कालेज आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए आगे आकर कार्यवाही कर रहे है। एकेटीयू द्वारा 30, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा 51, अम्बुजा सीमेंट द्वारा 100 एवं एचसीएल फाउण्डेशन द्वारा 125 आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लिया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कासना कारागर में महिला बंदियों को सशक्त बनाने एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से महिला बैरक में लगाने के लिए एक सेनेटरी नेपकिन वेंड़िग



मशीन, एक इन्सिनिरेटर मशीन, एक एयर कूलर, एक इन्डक्सन, एक गीजर, एक म्यूजिक सिस्टम तथा महिलाओं के कौशल विकास के उददेश्य से 9 कम्प्यूटर सेट तथा महिला के कैदियों के बच्चों को कपड़े व खिलौने, जिनकी कुल लागत 2 लाख 67 हजार 901 रूपये राजभवन निधि के माध्यम से जेल अधीक्षक को उपलब्ध कराये। आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि जो महिलाएं किसी कारणवश जेल में प्रवास कर रही है और जो वहां से मुक्त होकर घर जायेगी तो वह शान्तिपूर्वक जीवन की सीख लेकर यहां से जाएं और आगे के जीवन को शान्ति प्रिय से बितायें तथा अपने घर एवं परिवार विकास के लिये योगदान दें। इसके बाद राज्यपाल ने वृद्धा आश्रम में निवासरत वृद्ध संवासियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से 2 रेफ्रीजरेटर, 2 आरओ मशीन, 2 वाशींग मशीन, 10 सीलिंग फैन, 2 इन्वर्टर, 4 स्ट्रीट लाईट एवं 1 एलईडी टेलीविजन राजभवन निधि के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारी को उपलब्ध करायी। एकेटीयू के सभागार में आयोजित स्वयं सहायता समूह महिला की समीक्षा बैठक के दौरान राज्यपाल को बताया गया कि जनपद में 1222 स्वयं सहायता समूह को वित्तीय सहायता प्रदान की गई जिसमें से 697 से ज्यादा समूहों को स्टार्टअप दिया गया और 1034 स्वयं सहायता समूह को रिवाल्विंग फंड दिया गया। साथ ही 589 स्वयं सहायता समूह को सीआईएफ दिया गया। राज्यपाल ने इस अवसर पर 2 महिला स्वयं सहायता समूह को 1–1 लाख रुपये की धनराशि सीसीएल के रूप में उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर उन्होंने आयुष्मान भारत के अंतर्गत 6 पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड, एक जनपद एक उत्पाद योजना में 2 लाभार्थियों को अनुदान के चेक, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 3 लाभार्थियों, शादी अनुदान के 4 लाभार्थियों तथा श्रम विभाग की योजनाओं के 4 लाभार्थियों को सम्बन्धित योजनाओं के तहत निर्धारित धनराशि के चेक भी वितरित किये। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिन संस्थाओं के द्वारा आगे आकर कार्य किया गया, ऐसी 2 संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तीसरे चरण का शुभारम्भ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ कल बस्ती में संचारी रोग नियंत्रण तथा दस्तक अभियान के वर्ष 2021 के तीसरे चरण का शुभारम्भ करेंगे। प्रदेश सरकार वर्ष 2017 से लगातार संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान संचालित कर रही है। राज्य सरकार के अनवरत प्रयासों और समाज की स्वैच्छिक सहभागिता से संचारी रोगों के विरुद्ध अभूतपूर्व सफलता मिली है।

संचारी रोग निदेशक डॉ जीएस बाजपेयी के मुताबिक सोमवार से जिलों में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 17 नवंबर तक चलेगा। इसके अलावा 18 अक्टूबर से एक नवंबर तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। अभियान में स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई, उद्यान एवं सूचना विभाग की टीम शामिल है। अभियान के तहत तय माइक्रो प्लान पर काम हुआ कि नहीं इसके लिए प्रत्येक शनिवार को सभी विभाग साप्ताहिक रिपोर्ट पेश करेंगे। टीम के सदस्य 90 हजार राजस्व गांवों में करीब डेढ़ लाख सदस्यीय टीम डेंगू, मलेरिया, इंसेफ्लाइटिस, चिकनगुनिया, कोरोना और टीबी के मरीजों की पहचान करेगी। खासकर बुखार के मरीजों का एंटीजेन टेस्ट कराया जाएगा। मलेरिया की स्लाइड बनाई जाएंगी। साथ ही मेडिकल किट भी दी जाएगी। वहीं गंभीर हालत देखकर मरीज को अस्पताल भेजा जाएगा। डॉक्टर बाजपेई के मुताबिक घर घर सर्वे के दौरान रुटीन टीकाकरण से वंचित बच्चों का भी ब्योरा जुटाया जाएगा। कारण कोरोना काल में तमाम बच्चों के टीका नहीं लग पाया था। ऐसे बच्चों की लिस्ट बनाई जाएगी।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, महराजगंज–रायबरेली**

पत्रांक : 2011/आंकिक/नि0कार्य0/पंजीकरण/2021–22
दिनांक : 18.10.2021

**कार्यालय विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड (क्षेत्र पंचायत) महराजगंज के अन्तर्गत राज्य वित्त योजना एवं केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए विकास खण्ड स्तर पर ठेकेदारों का पंजीकरण किये जाने हेतु दिनांक 19.10.2021 से 25.10.2021 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म निम्नलिखित प्रपत्रों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर अपना आवेदन पत्र विकास खण्ड कार्यालय में समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। पंजीकरण हेतु निम्न अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

1. हैसियत प्रमाण पत्र (10 लाख रु0 से कम न हो)
2. चरित्र प्रमाण पत्र
3. जी0एस0टी0 नम्बर
4. एन0एस0सी0/के0वी0पी0/एफ0डी0आर0 रु0 500.00 मात्र जो खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज के पद नाम से बंधक हो।
5. पैन नम्बर
6. क्षेत्र पंचायत का पंजीकरण शुल्क 1000.00 की प्रति।
7. अनुभव प्रमाण पत्र

नोट :– उपरोक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा किसी भी आवेदन को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**महराजगंज – रायबरेली**

### भव्य रूप से मनेगी महर्षि वाल्मीकि जयंती, 23 स्थलों पर होंगे कार्यक्रम

**लखनऊ।** 20 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारी की गई है, जिले के 23 स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक मनाने को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं। साथ ही व्यवस्थाओं के लिए क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने 20 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि की जयंती को भव्य रुप से मनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जिला स्तरीय, तहसील स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं के लिए क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जो सांस्कृतिक विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रभाकर जौहरीसे समन्वय स्थापित करते हुए इस कार्यक्रम को भव्य रुप से आयोजित कराये जाने सम्बन्धी सभी व्यवस्थायें करायेगें।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

### ● तहसीलदार को दिए आर्थिक सहायता दिलाने के निर्देश, शनिवार को सड़क हादसे में हो गई थी दो युवकों की मौत

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**सड़क** हादसे में बेटों को खो चुके परिवार से मिलने पहुंचे केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर की आंखें भी भर आई। कलेजे के टुकड़े से जुदा होकर बिलख रहे परिजनों की पीड़ा देखकर मंत्री भी भावुक हुए बिना नहीं रह सके। परिवार को ढ़ांढस बंधाकर केन्द्रीय मंत्री ने दोनों परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिया। मोहनलालगंज के बिन्दौवा गांव निवासी आनन्द कुमार और मनीष ने शनिवार की शाम अतरौली बाईपास से घर लौटते समय कंटेनर की टक्कर से जख्मी होकर दम तोड़ दिया था। दर्दनाक हादसे की खबर मिलने के बाद सोमवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री और क्षेत्रीय सांसद कौशल किशोर उनके परिवार से मिलने बिन्दौवा पहुंचे। बेटे को खोकर फूट–फूट कर रो रहे दोनों परिवार की तड़प देखकर केन्द्रीय मंत्री भी भावुक हो गए। बिलखते परिजनों के आंसू पोंछने के दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर की आंखों से भी आंसू छलक पड़े। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी और हर परेशानी में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। दोनों परिवार की माली हालत खराब देखकर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा को पांच पांच लाख की आर्थिक सहायता दिलाने की कार्रवाई जल्द से जल्द पूरी कराने के निर्देश दिए। इससे पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर भी परिवार से मिलकर सांत्वना दे चुके हैं। केन्द्रीय राज्यमंत्री के साथ जिला मीडिया संयोजक अशोक तिवारी, ब्लाक प्रमुख गोशाईगंज विनय वर्मा और प्रवीण अवस्थी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं राज्यमंत्री कौशल किशोर से क्षेत्रीय लोगों ने बाईपास रोड पर यथावश्यक स्पीड ब्रेकर और संकेतक लगवाने की गुजारिश की। ताकि फिर किसी को अपना बेटा खोने की पीड़ा नहीं उठानी पड़े।

**KANPUR NAGAR NIGAM**
Motijheel, Kanpur
Phone - 2551416, 2531215 Fax-2531662
Email : Kanpur_nagar.nigam.@yahoo.co.in
Website : kmc.up.nic.in

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**
**स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूड़ा कलेक्शन हेतु हाथ कूड़ा गाड़ी की आपूर्ति हेतु दर अनुबन्ध निविदा**

कानपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु स्वास्थ्य से सम्बन्धित सामग्री/उपकरण क्रय किये जाने हेतु दर अनुबन्ध निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से हाथ कूडा गाड़ी की आपूर्ति हेतु आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका भुगतान 15वें वित्त आयोग के अनुदान की संस्तुतियों के अन्तर्गत किया जाना है। आनलाइन निविदा 2 बिड सिस्टम (तकनीकी एवं वित्तीय) पद्धति के अन्तर्गत प्रस्ताव आवंटित किया जाता है। निविदा नगर स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय कक्ष मोतीझील मुख्यालय नगर निगम कानपुर में निम्न तिथियों निविदा समिति के समक्ष एवं निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी जिसका विवरण निम्नवत है

| | |
|---|---|
| निविदा प्रारम्भ की तिथि व समय | 20.10.2021 प्रातः 11.00 बजे से |
| निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 26.10.2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 26.10.2021 सायं 4.00 बजे |

आनलाइन निविदा प्रपत्र व निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्त कानपुर नगर निगम की ई–टेन्डरिंग वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आनलाइन निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 5,000.00 मय 18.0 प्रतिशत अथवा देयकरो सहित का भुगतान करना अनिवार्य होगा। निविदा की कुल जमानती धनराशि रु0 01 लाख का भुगतान एन0एस0सी0, एफ0डी0आर0 अथवा डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में करना अनिवार्य होगा। कुल जमानती धनराशि का भुगतान मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम कानपुर के पक्ष में देय होगा। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की ही आनलाइन वित्तीय निविदा खोली जायेगी। नगर आयुक्त नगर निगम कानपुर को निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(डा0 अमित सिंह) नगर स्वास्थ्य अधिकारी
(डा0 अजय कुमार) नगर स्वास्थ्य अधिकारी
(सूर्यकान्त त्रिपाठी) अपर नगर आयुक्त

**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–तृतीय केस्को, कानपुर "अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना"** अनुभवी एवं कुशल ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र यू०पी० एन.आई.सी./केस्को की ई–टेंडरिंग वेबसाईट https://etender.up.nic.in/www.kesco.co.in पर उपलब्ध है। वेबसाईट पर उपलब्ध निविदा सूचना में व्ययानुमान धनराशि, धरोहर धनराशि (NEFT/RTGS/DD /Bankers Cheque & (BG for the EMD amount of Rs. 5000 and more) के माध्यम से) निविदा मूल्य, कार्य पूर्ण करने की अवधि, निविदा डालने की तिथि, निविदा खोलने की तिथि तथा अन्य नियम व शर्तो का उल्लेख है। **क्र0सं0** 1 **निविदा संख्या** 13/EUDC-III/2021-22 **कार्य का नाम** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड हैरिसगंज के अन्तर्गत इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन हेतु भूमिगत 33 केवी डबल सर्किट केबिल डालने एवं ओवर हेड लाईन को उतारे जाने का कार्य कराये जाने हेतु। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** 1180.00 (NEFT के माध्यम से) **धरोहर धनराशि** 4,500.00 **कार्य पूर्ण करने अवधि** 01 माह **निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय** 29.10.2021 समय 14.00 बजे तक **तकनीकी बिड खोलने तिथि व समय** 29.10.2021 समय 16.00 बजे तक **वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय** तकनीकी बिड स्वीकृति के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कोई कारण बताये निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। इच्छुक अनुभवी एवं कुशल ठेकेदारों से अनुरोध है कि नियमित रूप से उक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहे, क्योंकि निविदा के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाईट पर ही उपलब्ध कराई जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता (वि०) मण्डल – तृतीय, केस्को, कानपुर 33 केवी एच–ब्लाक उपकेन्द्र, किदवई नगर, कानपुर** पत्रांक : 2166 दिनांक 18.10.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में अब तक 10 लाख से अधिक बालिकाएं लाभान्वित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश में** बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत अब तक 10 लाख से अधिक पात्र बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है। योजना की सफलता को देखते हुए महिला कल्याण विभाग द्वारा स्वावलम्बन कैम्प का आयोजन अब अक्टूबर से दिसम्बर तक किया जा रहा है।

इन कैम्पों में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पति की मृत्यु उपरांत, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य लाभार्थियों के आवेदन पत्र को पूर्ण कराते हुये, लाभान्वित किया जायेगा। 26 अक्टूबर, 12 व 25 नवम्बर तथा 8 व 22 दिसम्बर 2021 को सभी जनपदों में यह कैम्प आयोजित किये जा रहे हैं। योजना के अन्तर्गत बालिकाओं को कुल 6 श्रेणियों में जन्म के समय 2000 रूपये, एक वर्ष के टीकाकरण पूर्ण करने पर 1000 रूपये, कक्षा 1 में प्रवेश के समय 2000 रूपये, कक्षा 6 में प्रवेश के समय 2000 रूपये, कक्षा 9 में प्रवेश के समय 3000 रूपये तथा दसवीं–बारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री या दो वर्षीय या अधिक के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर 5000 रूपये प्रदान किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना कैम्प मिशन शक्ति के पूर्व चरणों तथा आने वाले चरणों में भी इस योजना के प्रचार प्रसार में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कैम्प तथा अन्य प्रचार प्रसार कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों यथा शिक्षा, स्वास्थ्य आदि का सहयोग लिया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### सीएम आज खादी महोत्सव एवं सिल्क एक्सपो का उद्घाटन करेंगे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल को यहां खादी महोत्सव एवं सिल्क एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री लाभार्थियों को पं दीनदयाल उपाध्याय खादी विपणन विकास सहायता योजना के चेक, ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र, राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं पं दीनदयाल उपाध्याय रेशम उत्पादकता पुरस्कार का वितरण करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि खादी महोत्सव एवं सिल्क एक्सपोका आयोजन इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमतीनगर में 30 अक्टूबर तक किया गया है।

### चौधरी हरमोहन सिंह ने अपना जीवन समाज को समर्पित किया: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर नगर में आयोजित स्व चौधरी हरमोहन सिंह यादव के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व चौधरी हरमोहन सिंह यादव ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज व देश के लिए समर्पित किया। वह सही मायने में समाज के वंचित व गरीब लोगों की आवाज को सुनते थे। उनके जन्म शताब्दी समारोह के माध्यम से उनके समर्थकों को समाज सेवा की प्रेरणा मिलेगी। हर नागरिक चाहे वह किसी भी विचारधारा से जुड़ा हो उनके प्रति सम्मान का भाव रखता है। उनका जीवन समाज व राष्ट्र के लिये समर्पित था। उन्होंने कहा कि स्व चौधरी हरमोहन सिंह यादव का जीवन लोगों के लिये प्रेरणादायी है।

### सुखदेव राजभर के निधन पर जताया शोक

**लखनऊ।** विधानसभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने पूर्व विधान सभा अध्यक्ष तथा दीदारगंज विधान सभा क्षेत्र आजमगढ़ के विधायक सुखदेव राजभर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने शोक संदेश में कहा कि सुखदेव राजभर एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि थे। संसदीय नियमों एवं परम्पराओं की उन्हें गहरी जानकारी थी। श्री दीक्षित ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए उनके पुत्र पप्पू राजभर सहित शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ राजनेता सुखदेव राजभर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने ट्वीट कर सुखदेव राजभर के निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

### सीएमएस के 17 छात्रों को मिलेगी चार-चार लाख रुपये की स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के 17 मेधावी छात्रों को चार-चार लाख रूपये की स्कॉलरशिप दी जायेगी। इस प्रकार, इन मेधावी छात्रों को 68 लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा जायेगा। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीएमएस छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षो तक प्रतिवर्ष 80,000 रुपये अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। श्री शर्मा ने बताया कि इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आईएससी (कक्षा-12) परीक्षा-2021 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है एवं इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु इन छात्रों को विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने सीएमएस के इन होनहार छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की।

### आयुष आपके द्वार योजना के तहत लगा स्वास्थ्य शिविर

**निगोहां।** आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयुष आपके द्वार योजना के तहत सोमवार को निगोहां के बेरीसालपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें चिकित्सों द्वारा ऋतु के अनुसार रोगों व उसके बचाव हेतु इलाज की सम्पूर्ण जानकारी दी गई ।सोमवार को बेरीसालपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय दखिना शेख पुर की ओर से आयुष आपके द्वार के तहत एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जहाँ आयुर्वेद के चिकित्सकों के द्वारा शिविर में आये कुल 96 लोगो का स्वास्थ्य परिक्षण किया व निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। वही राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय के प्रभारी डॉ शिव करन वर्मा ने रोगियों को स्वस्थ रहने के लिए सुझाव दिए उन्होंने बताया बदलते मौसम में लोगों को ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए इस दौरान खानपान पर भी सबसे अधिक ध्यान रखना चाहिए साथ ही घरेलू उपाय से बचे चिकित्सक की सलाह लेकर इलाज करना चाहिए।

### पुलिस रही मुस्तैद, निगोहां में रेल रोको आंदोलन फेल

**निगोहां।** संयुक्त किसान मोर्चा ने रेल रोको आंदोलन की घोषणा रविवार को जारी की थी जहां वो लखीमपुर हिंसा के मामले में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग को लेकर रेल रोको आंदोलन में किसानों से अपील की थी कि इन आंदोलन को सफल बनाने में एकजुट होकर रेलवे स्टेशनों पर पहुंचे । घोषणा के बाद हरकत में आए प्रशासन ने सोमवार को सुबह से ही रेलवे स्टेशनो पर भारी भरकम पुलिस बल की तैनाती कर दी। जीआरपी व निगोहा थाने की पुलिस सुबह से ही रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्गो सहित प्लेटफार्म पर मौजूद रही। चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की मौजूदगी को भांपते हुए देर शाम तक कोई भी किसानों का दल नही पहुचा। रेलवे स्टेशन के मुख्य मार्ग पर निगोहा पुलिस मुस्तेद होने के कारण इस मार्ग से जाने वाले लोगों को पूछताछ के बाद ही पुलिस ने जाने दिया।

### मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव बने अमरेन्द्र

**मोहनलालगंज।** अमरेन्द्र यादव को समाजवादी पार्टी की मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। सोमवार को ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने पत्र जारी कर इसकी घोषणा की। अमरेन्द्र इससे पहले भी सपा की लोहिया वाहिनी के भी राष्ट्रीय सचिव रह चुके हैं। पार्टी के इस फैसले से मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के युवा सपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। युवा कार्यकर्ताओं ने अमरेन्द्र यादव को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पार्टी नेताओं का आभार जताया। वहीं अमरेन्द्र ने पार्टी नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उतरने और सपा को विधानसभा चुनाव में जीत दिलाने के लिए जीजान से जुटने का संकल्प लिया।

### होम्योपैथिक फार्मेसिस्टों का आयोग कार्यालय पर प्रदर्शन

**लखनऊ।** अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयन सूची जारी ना होने से नाराज होम्योपैथिक फार्मेसिस्ट अभ्यर्थियों ने सोमवार को फिर एक बार लखनऊ में आयोग के समक्ष एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी 420 सीटों पर परिणाम आनेए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद भी अंतिम चयन सूची जारी ना होने का विरोध कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान आयोग के सचिव ने 30 अक्टूबर तक सूची जारी होने का आश्वासन दिया, तब जाकर अभ्यर्थी शांत हुए। ढाई वर्ष पूर्व 2019 में होम्योपैथिक फार्मासिस्ट की भर्ती में उत्तीर्ण फार्मासिस्ट का अंतिम परिणाम को लेकर यह धरना आयोजित किया गया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा हमीरपुर**

पत्रांक– 1055/ निविदा /05 दिनांक– 16.10.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु जी०एस०टी० विभाग में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें दिनांक–19.10.2021 की प्रातः 10:00 बजे से 25.10.2021 की सायं 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 15:30 बजे अधोहस्ताक्षरी/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। अल्पकालीन निविदा की टेण्डर धनराशी बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, हमीरपुर के नाम पर जमा की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशी निम्नानुसार की F.D.R/C.D.R./N.S.C., जो अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा हमीरपुर के नाम बन्धक होगी, संलग्न करना होगा। बिना धरोहर एवं टेण्डर धनराशी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। शेष शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0) | टेण्डर धनराशि (रु0) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुरारा ग्रामीण पेयजल योजना अंतर्गत ग्राम सरसई में कालपी रोड पर नलकूप बोरिंग का कार्य। | 9.583 | 19200.00 | 1150.00 | 30 दिन |
| 2 | राठ नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत हैण्डपम्प मरम्मत हेतु सामग्री आपूर्ति का कार्य। | 4.000 | 8000.00 | 500.00 | 15 दिन |

**अधिशासी अभियन्ता**
**जल संस्थान हमीरपुर**

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 19 अक्टूबर, 2021



# पीएम काशी को देंगे कई योजनाओं की सौगात

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी





**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की 25 अक्टूबर को आयोजित जनसभा हेतु रिंगरोड ओवरब्रिज (रखौना) के किनारे मेंहदीगंज गांव में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। पीएम के आगमन को देखते हुए खेत में उनके दरबार को आकार देने हेतु सामान पहुंचने लगा। हार्वेस्टर द्वारा खेत से धान की फसल को काटने के बाद हक्सावेटर, रोलर, डोजर व ग्रेडर मशीनें लगाकर 40 बीघा खेत को समतल बना दिया गया हैं।

ट्रकों से पंडाल बनाने व बैरिकेडिंग के सामान संग मजदूर सभास्थल पर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए रिंगरोड़ किनारे खेत में 550 फीट चौड़ा व 850 फीट लंबा जर्मन हैंगर पंडाल बनना शुरू हो गया है।प्रधानमंत्री द्वारा रिंगरोड समेत अन्य योजनाओं का लोकार्पण किया जाना हैं। रिंगरोड के निकट ही हाइवे की एनएच-19 का वाराणसी-प्रयागराज सिक्सलेन है। सिक्सलेन में ही मिलकर रिंगरोड़ समाप्त हो रहा हैं। रिंगरोड़ बनाने वाली एनएचएआई व जीआर-इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कम्पनी के अधिकारी भी तैयारियों के बाबत कमान संभाल लिए हैं। एसडीएम (राजातालाब) सिद्धार्थ यादव, सीओ (बड़ागांव) जगदीश कालीरमन व थानाप्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने मौके पर पहुंच तैयारियों का निरीक्षण कर जानकारी ली। रिंगरोड़ के किनारे चहल-पहल बढ़ गई है।

## जनसभा स्थल के आस-पास गांवों में बढ़ी चौकसी

**मेंहदीगंज** में प्रधानमंत्री की जनसभा को देखते हुए सुरक्षा के बाबत पुलिस ने आस-पास के गांवो में चौकसी बढ़ा दी हैं। मिर्जामुराद थानाप्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि मेंहदीगंज, नागेपुर, हरपुर व रखौना गांव में पुलिस टीम घर-घर जाकर सत्यापन कर रही हैं। इन गांवों में कोई बाहरी व्यक्ति नही रहेगा और न ही कोई आकर ठहरेगा। हिस्ट्रीशीटर समेत शरारती तत्वों को भी चिन्हित किया जा रहा हैं। जनसभा स्थल पर भी सोमवार को एहतियातन एक ट्रक पीएसी लगी रही। प्रधानमंत्री की जनसभा हेतु मेंहदीगंज में रिंगरोड़ के किनारे खेत से काटी गई धान की फसलों के बाबत सोमवार को एसडीएम व महिला ग्रामप्रधान के पति शकील अहमद की मौजूदगी में चंद्रशेखर, मुरारीलाल, लालधारी, शिवधारी, कांता, राजेश, मिथलेश, विभूति नारायण, अवधनारायण, बाबूलाल, दिनेश समेत अन्य किसानों को बुलाकर एनएचएआई द्वारा फसल क्षति की मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा एक बीघा में दस कुंतल धान की क्षति का आकलन किया गया। प्रति कुंतल 1940 रुपए का रेट लगाया गया।किसानों के आधारकार्ड व पासबुक का फोटो कापी लिया गया।

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन

# आमसभा में हंगामा, मारपीट

● पारित हुए कई प्रस्ताव, एल्डर कमेटी और निवर्तमान पदाधिकारियों के परस्पर विरोधी दावे

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**हाईकोर्ट** बार एसोसिएशन की सोमवार को आयोजित आमसभा में मारपीट और हंगामा होने से अफरा तफरी फैल गयी। बैठक शुरू होते ही बिजली कट गई और सभा स्थल पर पहले से मौजूद निवर्तमान पदाधिकारियों और एल्डर कमेटी के बीच तीखी नोकझोक शुरू हो गयी। जो देखते देखते मारपीट में तब्दील हो गई। इस दौरान लाइब्रेरी हाल की कटी बिजली हंगामा खत्म होने के बाद ही आई। शोरगुल और हंगामे के बीच एल्डर कमेटी ने कुछ प्रस्ताव पारित किया है। निवर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भी कुछ प्रस्ताव पारित किए। एल्डर कमेटी की ओर से पारित प्रस्ताव में निवर्तमान कार्यकारिणी के अध्यक्ष और महासचिव समेत छह लोगों की सदस्यता समाप्त कर दी गई तथा इनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का भी निर्णय लिया गया। वहीं दूसरी ओर निवर्तमान कार्यकारिणी ने भी प्रस्ताव पारित कर एल्डर कमेटी के सदस्यों की प्राथमिक सदस्यता समाप्त करने की घोषणा कर दी। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर कोर्ट के निर्देश पर सोमवार को वार्षिक आम सभा बुलाई गई थी। बैठक दिन में एक बजे जैसे ही शुरू हुई दोनों पक्ष बैठक संचालित करने को लेकर आपस में भिड़ गए। देखते देखते उनके बीच मार पीट शुरू हो गई। इस बीच लाइब्रेरी हाल की बिजली भी काट दी गई। निवर्तमान कार्यकारिणी का कहना है कि एल्डर कमेटी ने बिना अधिकार के उनके काम में हस्तक्षेप किया और उनको आमसभा आयोजित करने से रोका। जबकि एल्डर कमेटी के कहना है कि कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। कोर्ट के निर्देश पर उन्होंने बैठक बुलाई थी। एल्डर कमेटी के चेयरमैन शशि प्रकाश सिंह सदस्य एन सी राजवंशी टी पी सिंह और अनिल तिवारी बैठक में पहुंचे तो निवर्तमान अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह महासचिव प्रभाशंकर मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष जमील अहमद आजमी कोषाध्यक्ष दुर्गेश चंद्र तिवारी व अन्य लोग पहले से ही सभा स्थल पर कब्जा जमाए बैठे थे और कमेटी बैठक करने से रोका।एल्डर कमेटी ने प्रस्ताव पारित किया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक दिसंबर को ही कराया जाएगा। साथ ही बैठक का विरोध करने और मारपीट करने के लिए निवर्तमान अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह महासचिव प्रभाशंकर मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष जमील अहमद आज़मी कोषाध्यक्ष दुर्गेश चंद्र तिवारी कृष्ण पांडेय और राहुल की प्राथमिक सदस्यता समाप्त कर दी गई है। साथ ही इनका वकालत का पंजीकरण निलंबित करने के लिए बार काउंसिल को लिखा जायेगा और इन सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्णय लिया गया है। साथ ही कोर्ट के आदेश पर हो रही बैठक में अवरोध उत्पन्न करने के लिए इन सभी के विरुद्ध अदालत में अवमानना का केस लाया जाएगा। इसके अलावा एल्डर कमेटी ने पश्चिमी बेंच को लेकर एक मंत्री द्वारा दिए गए बयान का विरोध करने के लिए कमेटी की निगरानी में पूर्व अध्यक्षों व महासचिवों की संघर्ष समिति गठित करने का भी प्रस्ताव पारित गया किया गया। एल्डर कमेटी ने चार अगस्त 2019 के बाद निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा लिए गए सभी निर्णयों को रद्द कर दिया है तथा वकीलों के लंबित चिकित्सकीय और आर्थिक सहायता का मुद्दा आगामी निर्वाचित कार्यकारिणी पर छोड़ दिया गया है।

### निवर्तमान कार्यकारिणी ने भी पारित किया प्रस्ताव

**प्रयागराज।** दूसरी ओर निवर्तमान कार्यकारिणी की ओर से महासचिव प्रभाशंकर मिश्र ने अपने कार्यकाल का वार्षिक आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया तथा प्रस्ताव पारित किया गया कि एल्डर कमेटी के चेयरमैन शशि प्रकाश सिंह जो कि अवध बार एसोसिएशन के सदस्य हैं। इसलिए निवर्तमान कार्यकारिणी उनको एल्डर कमेटी का चेयरमैन नहीं मानेगी। प्रभाशंकर मिश्रा का आरोप है कि लखनऊ में शिक्षा अधिकरण की बेंच बनाने संबंधी विधिक सलाह शशि प्रकाश सिंह ने ही दी थी। जिसके विरोध में इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील लंबे समय तक हड़ताल पर रहे थे। निवर्तमान कार्यकारिणी ने यह प्रस्ताव 500 अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर युक्त पत्र मिलने के आधार पर पारित करने का दावा किया है। इसके साथ ही निवर्तमान कार्यकारिणी ने एल्डर कमेटी के सभी सदस्यों की प्राथमिक सदस्यता निलंबित करने का प्रस्ताव भी पारित किया है।

**कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ कार्रवाई को महानिबंधक को एल्डर कमेटी का पत्र:** हाईकोर्ट के आदेश पर आहूत बार एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा जैसे ही शुरू हुई। बिजली कट गई। सभा खत्म होते ही लगभग बीस मिनट बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। एल्डर कमेटी ने इसे गंभीरता से लिया है और निवर्तमान पदाधिकारियों की शह पर बिजली कटौती करने वाले बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता संतोष चंद्र के खिलाफ स्पष्टीकरण लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। एल्डर कमेटी ने महानिबंधक को लिखे पत्र की प्रति मुख्य न्यायाधीश और वरिष्ठ न्यायमूर्ति को भेजी है। कमेटी ने महानिबंधक से कहा है कि यदि ऐसे ही बिजली काटी गई तो चुनाव कराना दुश्वार हो जायेगा।

## पुरानी रंजिश को लेकर भाजपा कार्यकर्ता की ट्रैक्टर से रौंदकर हत्या

**बलरामपुर।** जिले के हरैया क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक भाजपा कार्यकर्ता की कथित रूप से ट्रैक्टर से रौंदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि भाजपा नेता और कटकुइया गांव के प्रधान का प्रतिनिधि कृष्ण कुमार शुक्ला (35) मोटरसाइकिल से बाजार गया था और लौटते समय कुसमहवा मोड़ पर राकेश कुमार नामक व्यक्ति ने पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की नियत से उसकी मोटरसाइकिल को अपने ट्रैक्टर से टक्कर मार दी जिससे वह गिर पड़ा। उन्होंने बताया कि जान बचाने के लिए खेत में भागे कृष्ण कुमार को वहां पहले से खड़े कुछ लोगों ने घेर लिया और हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि बाद में राकेश ने उस पर कई बार ट्रैक्टर चढ़ाया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर राकेश कुमार समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर आवश्यक कार्यवाही की है।

## बुजुर्ग ने कुल्हाड़ी से काट कर किया पत्नी का कत्ल

**महोबा।** जिले के श्रीनगर क्षेत्र में कथित रूप से धन के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने पत्नी की कथित रूप से कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि श्रीनगर थाना क्षेत्र के सिजहरी गांव में रविवार रात करीब 11 बजे छिद्दू कुशवाहा (65) ने छत पर सो रही पत्नी परमी (61) की गर्दन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार करके उसकी कथित हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग को आज गिरफ्तार कर लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि अब तक की जांच में सामने आया कि रविवार को छिद्दू अपनी पत्नी से बैंक में जमा रुपए निकालने की बात कही थी, लेकिन उसने रुपए निकालने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा कि इसी बात पर बुजुर्ग दंपति के बीच रविवार देर शाम तक विवाद होता रहा और रात जब सो रही थी, तभी करीब 11 बजे छिद्दू ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी गर्दन धड़ से अलग कर दी और फरार हो गया। उसे आज गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि वारदात के समय मकान में बुजुर्ग दंपति का नाबालिग नाती मौजूद था, उसी ने ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। मृतका के बेटे परशुराम की तहरीर पर छिद्दू के खिलाफ हत्या का मामला दर्जकर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### कार की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**एटा ।** जिले के जसरथपुर क्षेत्र में सोमवार शाम कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। उप जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि जसरथपुर थाना क्षेत्र के चकरी गांव निवासी राहुल (27) और उसका चचेरा भाई मुकेश (29) किसी काम से मोटरसाइकिल से जा रहे थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में दहेलिया गांव के मोड़ पर एक कार ने उन्हें कुचल दिया जिससे इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### वृद्ध को वाहन ने रौंदा, हुई मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** बहन के घर पैदल जा रहे वृद्ध को बिल्हौर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने रौंद दिया । जिससे वृद्ध के चिथड़े उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चीथड़ों को एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औसत के मजरा कल्लू खेड़ा निवासी परसादी पुत्र रामरतन 60 वर्ष गत रविवार को सुबह अपनी बहन के यहाँ कानपुर जाने के लिए घर से निकला था। आज सुबह बिल्हौर थाना क्षेत्र के ग्राम दधिखा के निकट उसे अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए।

## किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

संवाददाता। चित्रकूट



**संयुक्त किसान** मोर्चा के आवाहन पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन ने जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल ने नेतृत्व में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए गल्ला मंडी परिसर से रेलवे स्टेशन तक जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं किसानों के प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को विफल करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय और एसडीएम पूजा यादव और सीओ शीतला प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में भारी फोर्स चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन पर मुस्तैद रहा। जुलूस के स्टेशन पहुंचते ही किसानो को पुलिस ने गेट के बाहर ही रोक लिया। संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर सम्पूर्ण भारत वर्ष में रेल रोको अभियान के तहत सोमवार को भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने गल्लामण्डी परिसर में एकत्र होकर जुलूस के साथ रेलवे स्टेशन कर्वी पहुंचे। पुलिस प्रशासन ने पहले किसानों को मंडी परिसर में ही कैद करने का प्रयास किया। भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही की दृढता के चलते पुलिस प्रशासन ने किसानों को रेलवे स्टेशन तक जाने दिया। लेकिन रेलवे स्टेशन के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल ने कहा कि देश मे राजनैनिक पार्टी की सरकार नही है, तानाशाही व उद्योगपतियों की सरकार देश में चल रही है। इस सरकार में अपनी बात कहने की स्वतंत्रता खत्म हो गई है। जब तक काले कृषि कानूनों वापस नही होंगे, तब तक देश मे किसान आंदोलन जारी रहेगा।

## जन-जन तक पहुंच रहीं योगी सरकार की उपलब्धियां

● सूचना व जनसम्पर्क विभाग की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का डीएम ने किया शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट



**उत्तर** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के साढ़े चार साल की उपलब्धियों को गिनाने के लिये सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सदर तहसील परिसर में लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन सोमवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने किया।इस मौके पर डीएम ने कहा कि सूचना विभाग की इस प्रदर्शनी से आमजनमानस को प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी मिलेगी। सोमवार को उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जिले की कर्वी तहसील परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे,सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल आदि के साथ फीता काटकर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने एवं कल्याणकारी योजनाओ से लाभान्वित कराने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सदर तहसील परिसर में 18 से 20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से वर्तमान सरकार के जो साढ़े 4 वर्ष के रहे हैं इसमें बहुत सारे कीर्तिमान स्थापित हुए हैं, उसकी थोड़ी-थोड़ी झलकियां इस प्रदर्शनी के माध्यम से आम नागरिकों के दिखाने के लिए यहां पर व्यवस्था की गई है। वही प्रदर्शन का अवलोकन करने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि वाकई योगी सरकार ने काबिले तारीफ काम किया है। उन्होंने आम जनमानस से भी अपील की है कि वह एक बार आकर इस प्रदर्शनी को अवश्य देखें, जिससे उन्हें पता चलेगा कि उनकी सरकार ने वास्तव में उनके लिए क्या काम किया है। कहा कि कृषि का क्षेत्र हो उसमें भी नए-नए कीर्तिमान स्थापित किया गया है।

## लापता माँ-बेटी का शव मिला

**बांगरमऊ उन्नाव।** दो दिन पूर्व लापता मां बेटी के शव अलग अलग स्थानों से बरामद हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। लापता मां बेटी के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के ग्राम मंगूखेड़ा निवासी स्व0 गोपाल नारायण की पत्नी सुषमा 55 वर्ष घरेलू कलह के चलते गत 15 अक्टूबर को अपनी 13 वर्षीय पुत्री क्षमा के साथ कही चली गयी थी। देर रात तक मां . बेटी जब वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। किन्तु दोनो का पता नही चल सका। अंततः सुषमा के भतीजे मून चतुर्वेदी पुत्र गोविंद नारायण ने बीते 17 अक्टूबर को बेहटा मुजावर थाने में चाची और चचेरी बहन की गुमशुदगी दर्ज कराई ।सोमवार को सुबह हरदोई जनपद की सीमा पर स्थित ग्राम आलापुर कोट के निकट शारदा नहर में ग्रामीणों ने एक महिला का शव उतराता देखा। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना बेहटा मुजावर और मल्लावां थाने में दी। सूचना पर दोनो थानों की पुलिस मौके पर पहुँच गयी। बेहटा थाना प्रभारी अमरनाथ सिंह ने शव की शिनाख्त सुषमा के रूप में की।

## गंजख्वाजा में लोडेड मालगाड़ी हुई डीरेल

संवाददाता। चन्दौली

**डीडीयू मंडल** के गंजख्वाजा रेलवे स्टेशन के समीप एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बचा । गंज ख्वाजा स्टेशन के समीप स्थित मटकुट्टा गेट के पास लोडेड मालगाड़ी डिरेल हो जाने से डाउन रेल लाइन बाधित हो गई है। मामले के जानकारी के बाद रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया । रेलवे के तमाम अधिकारी मौके पर पहुँच गए हैं और मालगाड़ी को पटरी पर वापस लाने में जुट गए हैं। दरअसल डीडीयू जंक्शन की तरफसे हावड़ा को जा रही लोडेड मालगाड़ी सोमवार को सुबह लगभग 10:45 बजे गंजख्वाज स्टेशन के समीप स्थित मटकुट्टा रेलवे क्रासिंग के पोल संख्या 669,14 के पास डिरेल हो गई । जिसके कारण डाउन रेल रुट बाधित हो गया। मामले की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारियों में हड़कंप मच गया रेलवे के आला अधिकारी और आरपीएफबल मौके पर पहुँच गए हैं । मालगाड़ी को रेस्क्यू करने में जुट गए हैं। लोगों की माने तो मालगाड़ी की रफ्तार बेहद कम थी अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। ऐसे में यह डिरेलमेंट किस कारण हुई और इसमें किसकी लापरवाही है यह भी देखना महत्वपूर्ण होगा। वहीं मालगाड़ी डिरेलमेंट होने के कारण मटकुट्टा रेलवे क्रॉसिंग बाधित हो गया जिसके कारण मुगलसराय से सकलडीहा मार्ग पर भी गेट के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया है जिसके कारण इस चिलचिलाती धूप में राहगीर काफी परेशानी का सामना करना । जाम में फंसे लोगों को जाम से कब तक निजात मिलेगी इसकी भी उन्हें कोई पुष्ट जानकारी नहीं हैं ।इस पूरे प्रकरण पर एडीआरएम राकेश रौशन ने बताया मटकुट्टा गेट के पास एक कंटेनर का रैक डिरेल हुआ है जिसकी वजह डाउन लाइन बाधित है जबकि रिवर्सेबुल लाइन चालू है । रेस्टोरेशन का काम चल रहा है जल्द ही रेल परिचालन शुरू कर दिया जाएगा साथ ही मामले की जांच के आदेश दे दिए गए है।

# युवक को गोली मारी, हड़कंप

संवाददाता। महराजगंज/रायबरेली

**महराजगंज कोतवाली** क्षेत्र के एक गांव में दिनदहाड़े अज्ञात हमलावरों ने एक युवक पर गोली झोंक दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत को नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दें कि, मिली जानकारी के मुताबिक घटना महराजगंज थाना क्षेत्र के राजा कशंपुर की है, जहां सोमवार के दिन लगभग 11रू00 बजे अज्ञात हमलावर गांव के ही रहने वाले एक 24 वर्षीय युवक उदय भान सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह पर तमंचे से फायर कर दिया। जिससे उदय भान सिंह के बाएं हाथ पर गोली लगी, और वह जमीन पर गिर पड़ा। गोली चलते ही पूरे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। मामले की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची महराजगंज पुलिस ने घायल उदय भान को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत को नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दिनदहाड़े युवक को गोली मारने की घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है, मामले में एसपी श्लोक कुमार के आदेश पर गांव में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### भरे बाजार मारपीट कर छीन लिए 1.20 लाख

**फर्रुखाबाद।** रंजिश के चलते सोमवार की दोपहर भरे बाजार एक युवक पर हमला कर 1.20 लाख की नगदी छीन ली गई। युवक बैंक में रुपये जमा कराने के लिए जा रहा था। घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए।दुबे मोहल्ला निवासी रवि पांडेय दोपहर में 1.20 लाख रुपये जमा कराने के लिए बैंक की शाखा में जा रहे थे। जब वह मुख्य बाजार में पहुंचे कि तभी आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें घेर लिया और मारपीट की। उनका आरोप है कि मारपीट और हमला करने वालों ने एक लाख बीस हजार रुपये की नगदी छीन ली। हमला करने वाले जान माल की धमकी देकर भाग गए। उन्होंने घटना को लेकर थाना पुलिस से शिकायत की। इसमें तीन नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष ने पुलिस फोर्स को जांच के लिए मुख्य बाजार में भेजा। पुलिस की टीम ने यहां पहुंचकर कैमरे खंगाले।

# भाजपा को हराने को एकजुट हों धर्मनिरपेक्ष दल

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात



**भाजपा** सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सभी धर्म निरपेक्ष दलों को एकजुट होना चाहिए? प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने यह बात कही। सोमवार को वह कानपुर देहात की भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा पुखरायां से द्वितीय चरण की सामाजिक परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने बताया कि उनकी सामाजिक परिवर्तन रथयात्रा प्रदेश के सभी 75 जिलों में भ्रमण करेगी। प्रथम चरण में इसकी शुरुवात कान्हा की नगरी वृंदावन से हो चुकी है। समापन श्रीराम की नगरी अयोध्या में होगा। यात्रा के दौरान वह जनता से सीधा संवाद भी करेंगे। विधानसभा क्षेत्र के अहरौलीशेख, भोगनीपुर गांव, भोगीसागर, चौरा में गर्मजोशी के साथ रथ यात्रा का स्वगात किया गया। कार्यकर्ताओं ने रथ में सवार नेताओं को फूलमालाओं से लाद दिया। चौरा गांव पार करते ही रथ यात्रा यमुना पार जालौन व झांसी के लिए रवाना हो गई। पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने समाजवादी पार्टी से एक बार फिर गठबंधन के संकेत दिए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि सपा से गठबंधन के लिए प्रसपा के दरवाजे खुले हुए हैं। भाजपा को हराने के लिए प्रसपा समझौते को तैयार है। शिवपाल ने कहा कि जितनी जल्दी गठबंधन होगा, उससे भाजपा को हराने में मदद मिलेगी। शिवपाल के निशाने पर योगी सरकार ही रही। कहा भाजपा की सरकार विकास नहीं बल्कि विनाश करने वाली सरकार है। महंगाई और भ्रष्टाचार के मोर्चे पर सरकार के फेल होने की बात कही।

### राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं के घर

**लखीमपुर-खीरी।** प्रदेश कार्यकारिणी राष्ट्रीय परशुराम परिषद ने रविवार को हरिओम मिश्रा के गांव पर परसेहरा व लखीमपुर में शुभम मिश्रा के परिजनों से मुलाकात की। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र ओझा ने पीडित परिवार को हर सम्भव मदद दिलवाने व दोषी लोगों पर सख्त कार्यवाही की मांग प्रदेश सरकार से की है। इस मौके पर संगठन मंत्री रविशंकर अगरिया प्रदेश उपाध्यक्ष पवन मिश्रा जिलाध्यक्ष सीतापुर महानंद बाजपेई, जिलौध्यक्ष लखीमपुर संतोष मिश्रा, जिला महामंत्री लखीमपुर हिमांशु मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी लखीमपुर संजय तिवारी, प्रशान्त तिवारी, शशांक मिश्र, मुनेंद्र त्रिपाठी, सुबोध पांडे, अवधेश मिश्रा, अनुज शुक्ला व कमल मिश्रा प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 19 अक्टूबर, 2021



# कांग्रेस कार्यसमिति

## राहुल का महत्व

**यदि** राहुल गांधी को पुन: कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाता है तो उनको चुनावी तीरों का सामना करना पड़ेगा। अब कहा जा सकता है कि कांग्रेस की मातृ शक्ति सोनिया गांधी ने अपने बेटे राहुल के बचाव मे सब कुछ किया। यह अलग बात है कि इससे पार्टी का भविष्य बनता है या नहीं। शनिवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक अपने आप में विशिष्ट थी। हालिया स्मृति में इसमें पहली बार दिखा कि नेहरू-गांधी परिवार को पार्टी संगठन में बढ़ते विरोध पर गौर कर इससे अलग तरीके से निपटना पड़ा, जबकि अतीत में ऐसे मामलों का इलाज अनिवार्य रूप से अनुशासनात्मक कार्रवाई से होता था। समय कितना बदल गया है। विरोधियों ने एक बड़ा व शक्तिशाली समूह बना लिया है और उनको बाहर निकालने का अर्थ दूसरी श्रेणी के पूरे नेतृत्व को बाहर निकालना था। हालांकि, परिवार का वर्चस्व इसलिए कायम है कि नेतृत्व के प्रति विरोध एक सीमा से अधिक नहीं है। सोनिया ने उनको समझाने का प्रयास किया। उन्होंने समझाया कि पूर्णकालिक अध्यक्ष न होने की उनकी मुख्य समस्या निराधार है क्योंकि वे 'पूर्णकालिक' तथा 'कार्यशील' अध्यक्ष हैं। इस प्रकार उन्होंने अपने बेटे का बचाव किया जिन्होंने 2019 चुनाव में पराजय के बाद अध्यक्ष पद छोड़ दिया था और तब से वे पुन: पद पर आने के इच्छुक नहीं हैं। सोनिया ने नेताओं से



धैर्य बनाए रखने तथा अगले अध्यक्ष की प्रतीक्षा करने को कहा। संभवत: राहुल फिर अध्यक्ष होंगे। विरोधी एक निर्वाचित अध्यक्ष चाहते थे और सोनिया ने कहा कि वह उनको मिल जाएगा। उन्होंने अपने शब्दों पर अमल करते हुए समयबद्ध संगठनात्मक चुनाव की तिथियां घोषित कर दीं। इस प्रक्रिया में सोनिया गांधी ने पूरी चालाकी से उथलपुथल भरे समुद्र में लड़खड़ाते जहाज को संभालने का प्रयास करते हुए सभी लोगों से उनके योगदान का आह्वान किया है।

उनके दृष्टिकोण से दिसंबर, 2017 में कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद से बेटे राहुल का महत्वपूर्ण योगदान पार्टी द्वारा 2018 के विधानसभा चुनावों में एक गठबंधन समेत चार राज्यों में सरकारें बनाना था। लेकिन अगले साल उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की बदहाली के समय राहुल अध्यक्ष नहीं थे। उत्तर प्रदेश में संघर्ष के समय भी वे इस पद पर नहीं होंगे। अध्यक्ष पद के चुनाव के समय वे इससे आगे निकल चुके होंगे। इस प्रकार सोनिया गांधी ने परोक्ष रूप से कहा कि राहुल बिना जिम्मेदारी के सत्ता नहीं संभाल रहे थे क्योंकि वे स्वयं 'कार्यशील' अध्यक्ष थीं। यदि विरोधियों को कोई शिकायत है तो उनको राहुल के बजाय स्वयं उनसे निपटना होगा। विरोधी नेता चाहे जितना कहें कि निर्वाचित नेता को विफलताओं की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, पर वे यह बात सोनिया के सामने नहीं कह सकते थे। जब तक वे ऐसा करते तब तक सोनिया गांधी ने उनके तर्क को कुचल दिया है। लेकिन यदि राहुल पुन: अध्यक्ष बनते हैं तो उनको दिसंबर, 2022 में गुजरात तथा चार प्रमुख राज्यों में 2023 में चुनावी तीरों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए 2024 में नरेन्द्र मोदी का मुकाबला करने के समय उनको 2019-2022 तक मिली राहत काम नहीं आएगी। सोनिया गांधी कांग्रेस की चरम विडंबना समझती हैं कि वंश परिवार भले ही फिर से एक गांधी को अध्यक्ष बनाने की मांग करे, पर पार्टी की विरासत प्रधानमंत्री का पद पाने के सिवा किसी दूसरी चीज की इच्छा नहीं करती है। इसके साथ ही एक मुद्दा यह भी है कि दोनों मांगों में कोई समता है या नहीं।

# चीन की दया पर निर्भर ताइवान

### बीजिंग ताइवान की संचार और आपरेशनल व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर प्रतिरोध को बहुत कमजोर तथा युद्ध को तुलनात्मक रूप से रक्तहीन बना सकता है।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं)



ऐतिहासिक रूप से चीन ने पूर्व सोवियत संघ तथा वियतनाम से युद्ध किया, कोरियाई युद्ध में हस्तक्षेप किया तथा भारत के साथ 1962 में पूर्ण युद्ध किया। यह उसके द्वारा 'शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के सिद्धान्त' वाली विदेश नीति अपनाने के बावजूद था। आज बीजिंग ने दुनिया भर में व खासकर अफ्रीका में संरा. शांति बहाली कार्रवाइयों के माध्यम से अपनी रणनीतिक पकड़ का विस्तार किया है। तालिबान को उसका समर्थन अनेक उदारवादी देशों के लिए चिन्ता का विषय है। इसके साथ ही वह दक्षिण व पूर्वी चीन सागर में समुद्र क्षेत्रीय विवादों व असहमतियों तथा भारत और ताइवान के साथ सीमा विवादों में लिप्त है। जहां तक भारत का सवाल है, गलवान घाटी में टकराव तथा राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आधिकारिक भारत यात्रा के समय सीमा पर घुसपैठ के माध्यम से चीन भारत को संदेश दे रहा है कि उसकी आर्थिक व सैनिक शक्ति स्वीकारी जाए। हाल ही में लगातार दो राज्यों- उत्तराखंड व अरुणांचल में सीमा पर घुसपैठ तथा भारत के उप-राष्ट्रपति की अरुणाचल यात्रा पर नकारात्मक टिप्पणी से चीनी इरादों पर सवाल उठते हैं। उसने एक बिंदु के बाद भारत के साथ तनाव घटाने से इनकार किया है तथा बार-बार ताइवान के 'शांतिपूर्ण एकीकरण' की बात करता है। लेकिन ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र का बार-बार उल्लंघन कर वह स्पष्ट कर रहा है कि एक महाशक्ति के रूप में उसकी आकांक्षाओं को स्वीकार किया जाए। इसके साथ ही उसकी अपारदर्शी कर्ज के जाल में फंसाने वाली नीतियों ने उदारवादी विश्व व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां पैदा की हैं।

पिछले कुछ दशकों में चीन का वित्तीय व सैनिक विकास दिखाई दिया है जिससे उसके 'चीनी सपने' को बल मिला है तथा उसकी वर्चस्व की इच्छा स्पष्ट हुई है। बीजिंग अपने पड़ोसी दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी 'विशेष दिलचस्पी' के क्षेत्र बनाना चाहता है। ऐसे में ये सवाल उठने स्वाभाविक हैं कि क्या चीन भारत या ताइवान के खिलाफ बल प्रयोग करेगा? क्या अब से कुछ दिनों या कुछ महीनों में सैनिक टकराव की संभावना है? संभवत: इन सवालों का जवाब 'हां' है, लेकिन यह चीन के लिए उपयुक्त समय और स्थान पर निर्भर करेगा। इसका संबंध भारत या अमेरिका के संबंध में उसकी असुरक्षा से नहीं है, बल्कि वह वर्तमान 'उचित स्थान' के दृष्टिकोण पर निर्भर है। चीन विकृत राष्ट्रवाद का एक शास्त्रीय नमूना है। उसका दृढ़ विश्वास है कि वह अपनी शक्ति अच्छी तरह दिखा कर 'महाशक्तियों के समूह' में प्रवेश पा सकता है। इसका उद्देश्य प्रशंसा पाना तथा अपना सामाजिक दर्जा बढ़ाना है। ऐसे में शक्ति का प्रयोग स्वाभाविक हो जाता है जिसकी प्रभावशीलता वित्तीय समृद्धि, सैनिक लामबंदी तथा भौगोलिक दृष्टिकोण से सुरक्षा की अवधारणा से आगे जाती है। भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से ऊंचे दर्जे का लाभ एक प्रतिरोधक के तौर पर काम करता है तथा अन्य अनेक शक्तियां पड़ोसी देशों पर असर डाल कर उनके फैसले प्रभावित करने में योगदान देती हैं। इन नए लक्ष्यों में विदेशी संबंधों के मानक निर्धारित करने में बल प्रयोग शामिल है। इस प्रकार सामाजिक दर्जा बढ़ाने के लिए सैनिक टकराव की संभावना मजबूत बनती है। महामारी के समय चीन को अंतरराष्ट्रीय अलगाव का सामना करना पड़ा, जिसके कारण वह गलवान टकराव रोकने तथा ताइवान के सवाल पर नरम दृष्टिकोण अपनाने पर मजबूर हुआ। दुनिया के पुन: खुलने के साथ ये संभावनायें कम हो रही हैं। इसके साथ ही अपने ओबीओआर, बढ़ते निष्प्रभावी कर्ज तथा घरेलू आर्थिक संकट के अलावा सैन्यीकरण की बढ़ती आर्थिक प्रतिबद्धताओं को देखते हुए आशंका है कि आने वाले किसी समय में यह 'बुलबुला' फूट सकता है। अपनी जनता का ध्यान इन चीजों से हटाने तथा 2022 में शिखर पर पांच साल और बने रहने के लिए शी जिनपिंग बल प्रयोग पर आमादा होकर जानबूझ कर वार्ताओं व सार्थक संवाद को किनारे कर सकते हैं।

यह भी महत्वपूर्ण होगा कि चीन और रूस अफगानिस्तान से अमेरिकी वापसी को कैसे देखते हैं। बीजिंग ने दक्षिण व पूर्वी एशिया के देशों द्वारा अमेरिका पर विश्वास करने पर सवाल उठाए हैं तथा उसके अनेक बयानों का मजाक उड़ाया है। वित्तीय व सैनिक क्षेत्र में अमेरिकी प्रतिबद्धता कम होने के कारण चीन अपने पड़ोसी भारत या ताइवान के खिलाफ बल प्रयोग की बात सोच सकता है। हालांकि, इन दोनों देशों में से भारत उसका सैनिक रूप से मुकाबला करते हुए यूरोपीय व अमेरिकी सहयोगियों से मजबूत समर्थन की आशा कर सकता है। रणनीतिक स्तर पर चीन शायद रूस के सामने भारत या अपने समर्थन के बीच चयन का सवाल न खड़ा करे, लेकिन चीन गतिरोध व आक्रामक दृष्टिकोण बनाए रखेगा। मार्च-अप्रैल 2022 तक 'गलवान' का दुहराव या पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में चीन का दु:साहस दिख सकता है। इससे जाड़े के मौसम में सीमा पर गरमी बढ़ सकती है। पीएलए सैनिक ऊंचे पहाड़ों पर लड़ने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम नहीं हैं। इसलिए शायद वह भारत के साथ पूर्ण युद्ध पर विचार न करे, लेकिन वह हाइब्रिड युद्ध या पाकिस्तान को उसके खिलाफ खड़ा कर भारत को लगातार सीमित रखने के प्रयास जरूर करेगा। हालांकि, अनेक अन्य कारणों से ताइवान एक तात्कालिक लक्ष्य हो सकता है। यहां जाड़ा कम होता है जो पीएलए सैनिकों के लिए उचित है, ताइवान की परंपरागत युद्ध की क्षमतायें सीमित हैं तथा अमेरिका के साथ सुरक्षा को लेकर उसका कोई संस्थाबद्ध समझौता नहीं है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्रसंघ का सदस्य न होने के कारण वह खुली दुश्मनी या दुनिया के देशों के साथ सीमित संपर्क के कारण वह अपनी बात सीधे नहीं रख सकता है। इससे चीनी आक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। टैक्टिकल रूप से ताइवान की ये सीमायें उसे चीनी कार्रवाई के लिए उपयुक्त बना देती हैं। ताइवान ये युद्ध पर अंतरराष्ट्रीय आलोचना से बचने के लिए बीजिंग उसके कमांड, कंट्रोल, संचार व खुफिया व्यवस्थाओं पर कब्जा कर उसकी आपरेशनल क्षमता ध्वस्त कर सकता है। इस प्रकार ताइवान का प्रतिरोध बहुत कम हो जाएगा तथा तुलनात्मक रूप से रक्तहीन अवधारणा से 'शांतिपूर्ण एकीकरण' की संभावना पैदा हो सकती है। लेकिन ऐसे कदम के रणनीतिक संकेत निकटवर्ती क्षेत्रों से बाहर भी जाएंगे।

इससे विश्व दृष्टिकोण को कोई खतरा नहीं होगा क्योंकि कोई भी देश चीन पर वित्तीय निर्भरता के कारण सप्लाई श्रृंखला तोड़ना नहीं चाहेगा। वह जर्मनी तथा अन्य यूरोपीय देशों को ऐसी नीतियां अपनाने के विरुद्ध चेतावनी दे सकता है जिससे उसके हित प्रभावित होते हों। इस प्रकार चीन पूर्व राष्ट्रपति जियान जेमिन द्वारा प्रस्तुत 'हाईटेक स्थितियों में स्थानीय युद्ध' अवधारणा का लाभ उठा सकता है। बीजिंग इस तथ्य से भी उत्साहित हो सकता है कि ताइवान पर कब्जे के बाद अन्य क्षेत्रीय टकरावों की संभावना नहीं है। लेकिन शक्तिशाली संगठन आकुस के गठन से शक्ति का तत्व कम हो सकता है तथा इसका विस्तार अमेरिकी प्रतिक्रिया पर निर्भर होगा। यदि अमेरिका यहां टकराव में दिलचस्पी दिखाता है तो चीन कई सीमाओं पर पूर्ण सैनिक टकराव से पीछे हट सकता है। इसका अर्थ भारत का संभावित रूप से निशाने पर आना होगा क्योंकि यहां अमेरिकी प्रतिबद्धता का परीक्षण हो जाएगा। यदि अमेरिका प्रतिबद्धता नहीं दिखाता है तो भारत का अरुणाचल प्रदेश अगला निशाना हो सकता है। चीन एआई का प्रयोग कर अंतरिक्ष व साइबर तकनीकों से परंपरागत व नाभिकीय आपरेशनों में हस्तक्षेप कर सकता है। यह लोकतांत्रिक देशों के लिए खतरनाक स्थिति होगी। लेकिन एक बार शरू होने पर ऐसे टकराव फैल सकते हैं। ऐसी स्थिति में भावनायें भड़केंगी तथा इसे 'स्थानीय युद्ध' तक सीमित रखना कठिन होगा। ताइवान विभिन्न वैश्विक मंचों पर अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहा है। इसके साथ ही वह सैनिक अभ्यासों के माध्यम से पूर्ण चीनी आक्रमण से निपटने की तैयारी भी कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा की कमजोर कड़ी बना हुआ है।

# उपमहाद्वीप के बंटवारे के जिम्मेदार जिन्ना


**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं स्तम्भकार हैं)



विभाजन कौन चाहता था? पाकिस्तान की जरूरत किसे थी? निश्चित रूप से, खोजा, मेमन और बोहरी व्यवसायियों ने किया। वे पारसियों और बनियों, मारवाड़ी, गुजराती, चेट्टियारों या भारत के अन्य पारंपरिक व्यापारिक समुदायों की तुलना में पंजाबी किसानों के साथ प्रतिस्पर्धा करना पसंद करते थे। उदाहरण के लिए, हबीब बंबई में बड़े अनाज व्यापारी थे। उनके कनिष्ठ साथी रतनलाल गांधी ने एक बार वरिष्ठ हबीब से पूछा कि उन्होंने मुस्लिम लीग को वित्तपोषित क्यों किया जबकि उनका सारा व्यवसाय और संपत्ति बॉम्बे और उसके आसपास थी? गांधी को हबीब का जवाब था कि व्यापारियों के खिलाफ बनियों की तुलना में किसानों के खिलाफ फलना-फूलना बहुत आसान है।

विभाजन के इच्छुक अन्य लोग कट्टरपंथी मुसलमान थे, चाहे वे भारत में कहीं भी हों। मद्रास के एक शिक्षित लीग नेता - मोहम्मद इस्माइल - न केवल विभाजन का एक प्रमुख समर्थक था, बल्कि जनसंख्या का आदान-प्रदान भी था, जिसका अर्थ था कि सभी मुसलमानों को पाकिस्तान जाना चाहिए और गैर-मुसलमानों को भारत में रहना चाहिए। इस्माइल ने खुद मद्रास नहीं छोड़ा। फिर भी समर्थकों का एक और समूह अलीगढ़ विश्वविद्यालय के छात्र, अतीत और वर्तमान थे, जिसे एम.ए. जिन्ना ने पाकिस्तान का शस्त्रागार बताया था। बाकी के लिए, मुसलमान रुचि रखते थे, लेकिन अनिश्चित थे और इसलिए गुनगुने थे। पंजाब में मुस्लिम प्रधान मंत्री के साथ मुस्लिम बहुमत था और सर सिकंदर हयात खान और उनके उत्तराधिकारियों के नेतृत्व वाली यूनियनिस्ट पार्टी द्वारा शासित था। इन नेताओं ने विभाजन में कोई भविष्य नहीं देखा क्योंकि पंजाब में मुस्लिम शासन था और पूरे भारतीय बाजार उनके प्रांत के लिए स्वतंत्र रूप से उपलब्ध थे।

इसी तरह, बंगाल दो दिमागों में था और स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के लिए नहीं था। एक, विभाजन का समर्थन करना या पंजाब के तर्क का पालन करना; दूसरा, पाकिस्तान और भारत के अलावा, एक तीसरे अलग प्रभुत्व के रूप में एक संयुक्त बंगाल का होना। सर अब्दुल रहीम, फजलुल रहमान और शरत बोस ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए कई बार मुलाकात की। जिन्ना ने चुपचाप भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की तरह इस विचार का समर्थन किया। सच्चाई यह थी कि कोई भी पाकिस्तान की अवधारणा और आकार की कल्पना नहीं कर सकता था। जिन्ना



भी नहीं; उन्होंने मालाबार हिल पर अपने शानदार बंगले मार्बल हाउस को वहां सर्दियों में बिताने के इरादे से बरकरार रखा। किसी ने भी नहीं सोचा था कि दो प्रभुत्वों के बीच संबंध हमेशा के लिए शत्रुतापूर्ण होंगे। हिंदुओं को अपनी मातृभूमि के विभाजन के विचार से घृणा थी। हिंदू महासभा के डॉ बीआर अंबेडकर और डॉ मुंजे जैसे दूरदर्शी लोगों ने महसूस किया कि दोनों समुदायों का सह-अस्तित्व कठिन था, और इसलिए फायदेमंद नहीं था। सरदार वल्लभ भाई पटेल और जवाहरलाल नेहरू को इस सच्चाई का एहसास 1946 में हुआ जब उस साल अगस्त में व्यापक दंगे शुरू हुए। पंजाब में खून-खराबा और लूटपाट हुई थी, लेकिन कहीं-कहीं यह हमेशा की तरह था। जिन्ना खुद प्रतिबद्ध मुसलमान नहीं थे। उनके दादा सर आगा खान के नेतृत्व में इस्माइली खोजास नामक धर्म में परिवर्तित हो गए थे। इस संप्रदाय को 1861 में बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने उत्तराधिकार कानूनों के कारण आधा मुस्लिम और आधा हिंदू घोषित किया था। परिवार खुद को जिन्नाभाई कहता रहा। यह इंग्लैंड में था, जहां वह बैरिस्टर बनने के लिए अध्ययन कर रहा था कि उसने अपना उपनाम और पासपोर्ट थोड़ा बदलकर जिन्ना कर लिया; 'भाई' हटा दिया। उन्होंने ज्यादातर शाम को पोर्क सैंडविच के साथ-साथ सन-डाउनर (व्हिस्की) का आनंद लिया।

जिन्ना जानते थे कि उनके खिलाफ कार्ड लोड किए जा सकते हैं। अपनी संवैधानिक प्रकृति के अनाज के खिलाफ मृत, उन्होंने 16 अगस्त 1946 को ग्रेट कलकत्ता किलिंग का आदेश दिया, इस उम्मीद में कि दंगों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी और देश में फैल जाएगी। अकेले पंजाब में हत्याएं पर्याप्त नहीं थीं। इसके अलावा, उसके लिए समय समाप्त हो रहा था। वह या तो जानता था या संदेह करता था कि उसके फेफड़े तपेदिक (टीबी) से संक्रमित हैं, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की अवधि तक एक घातक बीमारी थी। और निश्चित रूप से, टीबी ने सितंबर 1948 में जिन्ना की जान ले ली।

उन्हें गांधी के साथ समझौता करना पड़ा, पहले सड़कों और गांवों में राजनीति करने के लिए (जिन्हें जिन्ना सामना नहीं कर सकते थे), और बाद में 1928 में, कलकत्ता में उनकी अनदेखी करते हुए। कांग्रेस का अधिवेशन। जिन्ना 'महात्मा' उपसर्ग से बचते रहे और गांधी को मंत्री कहकर संबोधित करते रहे! दर्शकों ने जिन्ना को तब तक बोलने नहीं दिया जब तक उन्होंने गांधी को महात्मा के रूप में संबोधित नहीं किया। 1928 से पहले भी इसी तरह की अन्य घटनाएं हुई होंगी। जिन्ना को गांधी से बदला लेना पड़ा और उन्होंने दंगों से शुरुआत की, जिसका महात्मा के पास प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और प्रार्थना सभा आयोजित करने के अलावा कोई जवाब नहीं था। न ही उसके पास कोई जवाबी रणनीति थी। यहां तक ??कि पटेल, नेहरू और कांग्रेस के अन्य लोग भी नहीं सोच सकते थे कि लीग का मुकाबला कैसे किया जाए। अहिंसा क्रूरता और हिंसा का सामना नहीं कर सकती थी।

जिन्ना एक नेता से ज्यादा शानदार वकील थे। उन्हें लंदन में प्रसिद्ध सैविल रो के अनुरूप सूट के लिए जाना जाता है, लेकिन जब तक वे 1935 में मुस्लिम लीग के आजीवन अध्यक्ष चुने गए, तब तक उनके भाई और मेरे दादा के प्रिय मित्र के रूप में उनके पास न तो चूड़ीदार-पायजामा था और न ही शेरवानी (आवश्यक मुस्लिम पोशाक)। अहमद ने बाद में बताया। भाई नमाज अदा करना नहीं जानते थे। जैसा कि अहमद ने मेरे दादाजी को बताया, भाई सांस्कृतिक रूप से अधिक पारसी और कम मुस्लिम थे।

## आप की बात

### भारत में भुखमरी

**दुनिया** वैश्विक संस्था द्वारा 120 देशों मे कराए गए भुखमरे देशों में भारत को101वे स्थान पर गम्भीर श्रेणी के देशों में देखकर आश्चर्यचकित होगी। 80 करोड़ लोगों को वर्ष 2020 से 2021 तक कोरोनकाल मे मुफ्त राशन और गैस सिलेंडर और तमाम रियायतें देने वाला देश भूखमरा कैसे हो सकता है? वर्ष 2020 में भी भारत का स्थान 94 था। जो पड़ोसी देशों से काफी पीछे है। वैश्विक हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट अक्टूबर के महीने में हर वर्ष वर्ष 2006 से आ रही है।आई टी विशेषज्ञ निखिलेश मिश्रा के अनुसार संस्था वैश्विक हंगर की गणना चार संकेतकों अल्पपोषण, चाइल्ड वेस्टिंग, चाइल्ड स्टंटिंग और बाल मृत्यु दर की स्कोरिंग कर गणना की जाती है। इस रिपोर्ट पर महिला और बल विकास मंत्रालय द्वारा रिपोर्ट को तैयार करने के तरीके को अवैज्ञानिक बताया है। भारत सरकार लोगों को खाद्य उपलब्ध कराने के लिये अनेक योजनायें वर्षों से चला रही है। महिलाओं और शिशुओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिये सारे देश में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जिनके माध्यम से शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और दूध पिलाने वाली माताओं को पौष्टिक आहार दिया जाता है। प्राथमिक विद्यालयों में भी मिड डे मील योजना से बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है।

- **कुलदीप त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### एक और सर्जिकल स्ट्राइक जरूरी

**जिस** तरह से आतंकियों द्वारा पिछले 5 दिन में 7 लोगों की हत्या की गई है वह शर्मनाक है। सरकार द्वारा जब आज कश्मीर में शांति स्थापित करने की पुरजोर कोशिश की जा रही है तब इस तरह से जब कश्मीर घाटी में यहां के अल्पसंख्यकों की हत्या करके यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि यहां सब कुछ अशांत है जबकि अब लगातार कश्मीर नॉर्मल से की तरफ जा रहा है तब जबकि जब जब इस तरह के हादसे होते हैं फिर से दहशत एवं डर का माहौल कायम करने का प्रयास किया जाता है तथा फिर से हर इंसान एक दूसरे पर शक करने लगता है। यहां आज हर बार किसी की भी हत्या हो जाने पर अल्पसंख्यक वर्ग तड़पने लगता है। उसका कहना है कि हर बार जब जब अल्पसंख्यकों की मौत होती है तो यहां का बहुसंख्यक वर्ग क्यों आकर हमारे साथ खड़ा नहीं होता क्यों हमारी शव यात्राएं एवं हमारी विरोध प्रदर्शन यात्राएं निकलती है तब बहुसंख्यक वर्ग हमारे साथ आकर हमारे कंधे से कंधा मिलाकर क्यों नहीं आतंकियों के खिलाफ खड़ा होता है अक्सर हमारे इस तरह के आयोजनों के समय में यह बहुसंख्यक वर्ग अपने घरों में जाकर क्यों छुप जाता है। वहां के अल्पसंख्यक नागरिक हर बार आतंक के खिलाफ खड़े होने का प्रयास करते हैं।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश

**यह** पत्र 'डी यू मे प्रवेश' से संबंधित है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस समय छात्र और अभिभावक दोनों परेशान हैं की कैसे दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश पाया जाए। जिस हिसाब से कट ऑफ 100 प्रतिशत तक पहुंच गया है उस से एक चीज़ तो साबित हो गयी है की सब एक चूहा दौड़ का हिस्सा बन गये हैं। किसी को इस बात से कोई सरोकार नहीं है की शिक्षा का स्तर क्या ऊंचा हुआ है या नहीं और इस बार महामारी के चलते जिस हिसाब से सी बी एस ई ने लचीलेपन से 12 वीं के नतीजे घोषित किए हैं उससे यह समस्या और बढ़ गयी है। हमारे समाज मे एक और बीमारी है जो हमें अंदर से खोखला कर रही है वह है प्रेस्टीज सिंबल, अगर किसी का बच्चा दिल्ली विश्वविद्यालय मे प्रवेश पा लेता है तो उसको अच्छी नजर से देखा जाता है , तो क्या और विश्वविद्यालय में अच्छी शिक्षा नहीं मिलती है। और क्यों नहीं सरकार ने और विश्वविद्यालय का स्तर इतना ऊंचा कर दिया है। हमें अपने बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य और हालत पर भी विचार करना चाहिए ना की उन पर बेकार का दबाव बनाया जाए।

- **बाल गोविंद**, सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**डॉ** अब्दुल कलाम ने भारत के लिए जो रोडमैप तैयार किया था, उस पर हम एक लंबा सफर तय कर आगे बढ़ चुके हैं।

- **हरदीप सिंह पुरी**
केंद्रीय मंत्री

**जिस** तरह से हम भोजन का उत्पादन, उपभोग और अपव्यय करते हैं हमारे ग्रह पर एक भारी बोझ पड़ रहा है ... और हमें एक वर्ष में खरबों डॉलर की लागत आ रही है।

- **एंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव





**सभी** पार्टी सदस्य सर्वसम्मति से चाहते हैं कि राहुल गांधी को कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करना चाहिए।

- **अंबिका सोनी**
कांग्रेस नेता

# विकास के एजेंडे में अवरोध पैदा कर रहा है विपक्षः जेपी नड्डा

● पार्टी ने सामाजिक संकेतकों को ध्यान में रखकर राष्ट्र के लिए काम किया

**भाषा।** नई दिल्ली


नड्डा पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करने पहुंचे

**भाजपा** अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विपक्षी दलों पर विकास संबंधी सरकार के एजेंडे में अवरोध पैदा करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी के सदस्यों ने सिर्फ राजनीतिक संकेतकों को ही नहीं, बल्कि सामाजिक संकेतकों को ध्यान में रखकर राष्ट्र के लिए काम किया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में दिए अपने संबोधन में नड्डा ने कोरोना महामारी के दौरान केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से गरीबों को मुफ्त अनाज मुहैया कराए जाने समेत कई कल्याणकारी योजनाओं और टीकाकरण अभियान का हवाला दिया तथा जोर देकर कहा कि भाजपा ने राजनीति की परिभाषा बदलने के लिए काम किया है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि पदाधिकारियों की बैठक के जरिए अगले कुछ महीनों के लिए पार्टी का एजेंडा सामने रखा जाएगा।

उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया है कि यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भाजपा के संगठन के नेताओं के साथ पिछले कुछ महीनों के दौरान किए गए गहन विचार-विमर्श की पृष्ठभूमि में हुई है।

सिंह ने कहा कि भाजपा ने यह दिखाया है कि एक पार्टी के सदस्य संगठन के लिए काम करने के साथ कैसे प्रासंगिक हो सकते हैं और समाज की मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा सदस्यों ने सिर्फ राजनीतिक संकेतकों को नहीं, बल्कि सामाजिक संकेतकों को भी ध्यान में रखकर राष्ट्र के लिए काम किया है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस नीचे की ओर गई क्योंकि उसने जमीनी मुद्दों को लेकर सक्रिय रहना छोड़ दिया।

## भारत का टीकाकरण कार्यक्रम सबसे प्रभावी होगा : मोदी



**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भरोसा जताया कि कोविड-19 महामारी के खिलाफ जंग में भारत का टीकाकरण कार्यक्रम सबसे प्रभावी साबित होगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इसमें सबकी सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के एक ट्वीट के बाद प्रदेश के लोगों को बधाई देते हुए यह टिप्पणी की। धामी ने ट्वीट किया था कि प्रदेश में सभी पात्र व्यक्तियों को कोविड रोधी टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। मोदी ने ट्वीट किया कि महामारी के खिलाफ देश की जंग में उत्तराखंड की यह उपलब्धि बेहद महत्वपूर्ण है।


भारतीय वायु सेना के सूर्य किरण लड़ाकू विमानों ने 1971 में बांग्लादेश युद्ध के दौरान पाकिस्तान पर जीत की स्वर्ण जयंती के जश्न के साथ मुंबई में सोमवार को शहर के ऊपर फ्लाईपास्ट किया

## एसयूवी ने कुचला, एक की मौत, तीन घायल

**जबलपुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करने के बाद पैदल अपने घर लौट रहे लोगों को एक तेज रफ्तार एसयूवी ने कुचल दिया, जिससे एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी सोमवार को दी है। पुलिस ने बताया कि यह घटना जबलपुर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित पनागर पुलिस थाने के मनियारी-बड़ौदा रोड पर शनिवार देर रात हुई।

## भजन-कीर्तन करने वाले श्रद्धालुओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले के हैदरनगर में कोविड-19 दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर भजन-कीर्तन कर रहे 100 से अधिक श्रद्धालुओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह जानकारी सोमवार को पुलिस के एक अधिकारी ने दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (हुसैनाबाद) पूज्य प्रकाश ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा जारी कोविड-19 नियमों का उल्लंघन करने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई है। दशहरा पर्व के दौरान धार्मिक जुलूस में हिस्सा लेने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सड़कों पर सामाजिक दूरी का पालन नही किया, न ही वे मास्क पहने हुए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नही हुई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पुलिस कार्वाई की निंदा की और प्राथमिकी को तुरंत वापस लेने की मांग की।

## ट्रक और बोलेरो की भिडंत में चार लोगो की मौत, पांच अन्य घायल

**बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले के सिणधरी थाना क्षेत्र में सोमवार को एक ट्रक और बोलेरो की आमने-सामने की भिंड़त में दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी बलदेव चौधरी ने बताया कि बोलेरो कार में सवार एक ही परिवार के सभी लोग डीसा (गुजरात) से बाड़मेर में जसाल धाम के दर्शन के बाद वापस डीसा लौट रहे थे। उन्होने बताया कि मृतकों की पहचान गोमती सुथार, चेनाभाई सुथार, भावना और काना भाई के रूप में की गई। चौधरी ने बताया कि हादसे में घायल देवाराम सुथार ,कपूरभाई सुथार, भरतभाई सुथार, मोहनभाई सुथार, और हिमांशी को उपचार के लिए सिणधरी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर टेम्पो ने पांच वाहनों को मारी टक्कर, तीन की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ के खालापुर तालुका में ढेकू गांव के समीप मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के एक टेम्पो ने कई वाहनों को टक्कर मार दी।

इस घटना में टेम्पो चालक समेत तीन लोगो की मौत हो गी। टेम्पो चालक अक्रम खान वाहन पर नियंत्रण नही रख सका और पांच वाहनो को टक्कर मार दी।

इस घटना में कार से यात्रा कर रहे रौनक मुर्गाने (28), इरशाद सिद्दीकी (30) की मौत हो गई, जो क्रमशः बांद्रा और मुंबई के रहनेवाले थे।

## केरल सरकार ने हड़ताल से पहले वार्ता की

**तिरूवनंतपुरम।** कैथोलिक सीरियन बैंक (सीएसबी) के कर्मचारियों द्वारा 20 अक्टूबर से की जाने वाली तीन दिवसीय हड़ताल से पहले केरल सरकार ने सोमवार को बैंक के प्रबंध निदेशक सी. वी. राजेद्रन के साथ वार्ता की। कर्मचारी वेतन संशोधन एवं कथित श्रम विरोधी नीति को रद्द करने की मांग करते हुए हड़ताल करने वाले है।

# किसानों की नहीं सुनी तो यह सरकार दोबारा नहीं आएगीः सत्यपाल मलिक

**भाषा।** जयपुर



**मेघालय के** राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने केन्द्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों का समर्थन करते हुए कहा है कि अगर किसानों की नहीं सुनी गई तो यह केंद्र सरकार दोबारा नहीं आएगी। रविवार को झुंझुनूं में संवाददाताओं से बातचीत में मलिक ने कहा कि लखीमपुर खीरी मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा का इस्तीफा उसी दिन होना चाहिए था। लखीमपुर खीरी मामले में मिश्रा के इस्तीफा नहीं दिए जाने पर मलिक ने कहा बिल्कुल गलत है यह, लखीमपुर मामले में मिश्रा का इस्तीफा उसी दिन होना चाहिए था। वो वैसे ही मंत्री होने लायक नहीं हैं। जिनकी सरकारें होती हैं उनका मिजाज थोड़ा आसमान में पहुंच जाता है उन्हें यह दिखता नहीं है कि इनकी तकलीफ कितनी है, लेकिन वक्त आता है जब उन्हें देखना भी पड़ता है और सुनना भी पड़ता है। अगर किसानों की नहीं मानी गई तो यह सरकार दोबारा नहीं आएगी। मलिक ने किसानों से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, किसानों के साथ ज्यादती हो रही है, वो 10 महीने से पड़े हैं, उन्होंने घर बार छोड़ रखा है, फसल बुवाई का समय है और वे अब भी दिल्ली में पड़े हैं तो उनकी सुनवाई करनी चाहिए सरकार को। राज्यपाल का पद पद छोड़कर उनके साथ खड़ा होने के लिए अगर उन्हें कहा जाए तो, इस पर मलिक ने कहा, मैं तो खड़ा ही हूं उनके साथ, पद छोड़ने की उसमें कोई जरूरत नहीं है, जब जरूरत पड़ेगी तो वो भी छोड़ दूंगा.. लेकिन मैं उनके साथ हूं .. उनके लिए मैं प्रधानमंत्री, गृह मंत्री सबसे झगड़ा कर चुका हूं। सबको कह चुका हूं कि यह गलत कर रहे हो यह मत करो। वो प्रधानमंत्री से मिलकर अपने विचार बताएंगे चाहे वो कश्मीर के हो या किसी भी चीज के हो। क्या वजह है कि सरकार अभी तक किसानों को मनवा नहीं पाई.. मलिक ने कहा कि देखो, सरकारें जितनी भी होती हैं उनका मिजाज थोड़ा आसमान में हो जाता है उन्हें यह दिखता नहीं है कि इनकी तकलीफ कितनी है, लेकिन वक्त आता है फिर उनको देखना भी पड़ता है सुनना भी पड़ता है..।

# बांग्लादेश हमलेः ममता सरकार ने शरारती तत्वों के खिलाफ जिला प्रशासन को सतर्क रहने को कहा

**भाषा।** कोलकाता



पश्चिम बंगाल सरकार ने अपने जिला प्रशासन, खासकर सीमावर्ती बांग्लादेश से लगे जिलों के प्रशासन से सोशल मीडिया के दुरुपयोग और पड़ोसी देश में दुर्गा पूजा के दौरान हालिया हमलों से संबंधित फर्जी खबरों के प्रसार के खिलाफ सतर्क रहने और उनसे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठाने को कहा है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मूर्ति विसर्जन समारोहों और फातिहा-द्वाज-दहम के बीच बंगाल में कहीं भी अशांति फैलाने के किसी भी प्रयास से निपटने के लिए सभी राज्य एजेंसियों को तैयार रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा, सरकार ने जिला प्रशासन, खासकर बांग्लादेश से लगे सीमावर्ती जिलों के प्रशासन से, पड़ोसी देश में हिंसा और तोड़फोड़ से जुड़ी फर्जी खबरों के प्रसार के खिलाफ सावधानी बरतने को कहा है। राज्य की सभी एजेंसियों से सतर्क रहने और तनाव उत्पन्न करने की हर साजिश नाकाम करने को कहा गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (खुफिया शाखा) की तरफ से भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इसी तरह की चेतावनी जारी की गई है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, 13 अक्टूबर 2021 से सोशल मीडिया मंचों पर बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पंडालों में तोड़-फोड़ की पोस्ट की बाढ़ आ गई है। इन मुद्दों के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश सीमा से लगे जिले बेहद संवेदनशील हो गए हैं।

## क्विक न्यूज

### राज्य सरकार डीएपी आपूर्ति में सुधार के लिए निरन्तर प्रयासरतः गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा डीएपी आपूर्ति में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। गहलोत ने सोमवार को राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि पिछले दिनों उनकी ओर से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ध्यान प्रदेश में डीएपी की पर्याप्त आपूर्ति एवं किसानों को हो रही कठिनाईयों की ओर दिलाया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय उर्वरक मंत्री से भी फोन पर बात कर उनसे डीएपी आपूर्ति बढाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में डीएपी उर्वरक की कमी है और इसकी आपूर्ति सिर्फ भारत सरकार द्वारा की जाती है और ऐसे में राज्य सरकार की ओर से केन्द्रीय उर्वरक मंत्रालय से लगातार संपर्क कर अक्टूबर माह में एक लाख दस हजार मिट्रिक टन डीएपी राजस्थान को उपलब्ध कराए जाने का आग्रह किया है।

### अभिनेत्री पूजा बेदी कोरोना वायरस से संक्रमित, कहा - टीका ना लगवाना निजी निर्णय

**मुंबई।** अभिनेत्री पूजा बेदी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हैं और उन्होंने कहा कि वह स्वस्थ होने के लिए स्वयं की प्रतिरोधक क्षमता, वैकल्पिक उपचार और अन्य स्वास्थ्य उपायों का इस्तेमाल करेंगी। टीकाकरण के बारे में नकारात्मक बातें साझा करने के लिए अभिनेत्री को आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा था। बेदी ने रविवार शाम इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए जानकारी दी कि उनके मंगेतर एवं उद्योगपति मानेक कॉन्ट्रैक्टर और उनके घरेलू सहायक भी संक्रमित पाए गए हैं। दिग्गज फिल्म कलाकार कबीर बेदी और दिवंगत भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना प्रोतिमा की बेटी पूजा बेदी ने लिखा, मैं आखिरकार कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई। मैंने खुद ही टीका ना लगवाने का निर्णय किया और अपनी प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता, वैकल्पिक उपचार और स्वास्थ्य उपायों को अपनाने का फैसला किया।

### हिमाचल में प्रताड़ित झारखंड के 61 मजदूर घर लौटे

**रांची।** झारखंड सरकार ने सोमवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश में स्थानीय लोगों द्वारा कथित रूप से प्रताड़ित किए गए राज्य के कामगारों में से 61 को सरकार घर वापस ले आई है और अन्य भी लौट रहे हैं। सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, झारखंड के खूंटी और आसपास के जिले के 150 कामगारों का एक समूह हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में पनबिजली परियोजना पर काम करने गया था, उनमें से कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि स्थानीय लोगों ने उनपर हमला किया और कुछ लोगों को घायल कर दिया। बयान के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले से कामगारों की वापसी की प्रक्रिया जारी है। अभी तक 61 कामगार घर लौट चुके हैं। ए लोग खूंटी, तोरपा, बडगांव इलाकों के रहने वाले हैं... पिटाई वाली घटना के बाद इन सभी ने राज्य सरकार से अपनी घर वापसी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना के संबंध में जानकारी मिलते ही अधिकारियों से उनकी (कामगारों) वापसी सुनिश्चित करने को कहा। राज्य सरकार के श्रम विभाग के हस्तक्षेप के बाद घर लौट रहे कामगारों की बकाया वेतन राशि उनके खातों में जमा करा दी गई है।

### अन्ना द्रमुक के एक और पूर्व मंत्री के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

**चेन्नई।** तमिलनाडु में पूर्ववर्ती अन्ना द्रमुक सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे सी विजयभास्कर के खिलाफ सतर्कता और भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। विजयभास्कर और उनकी पत्नी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ भ्रष्टाचार रोधी अधिकारियों ने तमिलनाडु के छह जिलों में 43 ठिकानों पर छापे मारे। जिन स्थानों पर छापे मारे गए उनमें विजयभास्कर का आवास और उनके रिश्तेदारों तथा सहयोगियों से जुड़े परिसर भी शामिल हैं। एक सतर्कता अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, प्रत्एक स्थान पर हर दल में सुरक्षा उद्देश्य के लिए तैनात पुलिसकर्मियों के अलावा कम से कम छह कर्मी शामिल हैं। कुल मिलाकर तलाश अभियान में 250 से अधिक कर्मी शामिल हैं। प्राथमिकी के अनुसार, सत्यापन प्रक्रिया के दौरान यह पता चला कि विजयभास्कर ने एक अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2021 के दौरान ज्यादातर संपत्ति अर्जित की। सतर्कता अधिकारियों ने चेन्नई, चेंगेलपेट, कांचीपुम, कोयम्बटूर, तिरुचिरापल्ली और पुडुकोट्टई जिलों में तलाशी ली। मई 2021 में द्रमुक के सत्ता में आने के बाद से के सी वीरमणि, एस पी वेलुमणि और एम आर विजयभास्कर के खिलाफ पहले ही आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

## जंगली हाथी के हमले में युवक की मौत

**भाषा।** कोरबा

**छत्तीसगढ़** के सरगुजा जिले में जंगली हाथी के हमले में एक युवक की मौत हो गई। सरगुजा जिले के वन विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के सीतापुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ढोंढागांव के करीब जंगली हाथी के हमले में बुधियार साय (27) की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि वन विभाग को जानकारी मिली कि रविवार की सुबह ढोंढागांव निवासी बुधियार साय जंगल में लकड़ी एकत्र करने गया था, जब वह जंगल में था तब उसका सामना जंगली हाथी से हो गया। उन्होंने बताया कि हाथी को देखकर युवक ने वहां से भागने की कोशिश की लेकिन हाथी ने उसे कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि जब परिजनों को घटना की जानकारी मिली तब वे जंगल पहुंचे और घायल साय को लेकर अस्पताल रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी भी गांव पहुंचे। वन विभाग ने साय के परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपए दिए हैं। शेष 5.75 लाख रुपए सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिए जाएंगे।


सैनिकों ने श्रीनगर में औचक निरीक्षण के दौरान एक पैदल यात्री की तलाशी ली। कश्मीर घाटी को हाई अलर्ट पर रखा गया है,जबकि हाल ही में नागरिकों की हत्याओं के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है

## एलईडी उपकरणों के लिए श्वेत प्रकाश उत्सर्जक का डिजाइन तैयार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय प्रौद्योगिकी** संस्थान (आईआईटी) मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने सफलतापूर्वक श्वेत प्रकाश उत्सर्जक विकसित किया है जिसका उपयोग एलईडी उपकरणों में किया जा सकता है। अनुसंधान टीम के अनुसार चूंकि पारंपरिक प्रकाश उत्सर्जक डायोड (एलईडी) सामग्री श्वेत प्रकाश का उत्सर्जन नहीं कर सकती है, इसलिए ऐसी सामग्री की दुनिया भर में खोज की गई है जो इन अप्रत्यक्ष तकनीक के बजाय सीधे श्वेत प्रकाश का उत्सर्जन कर सकती है। अनुसंधानकर्ताओं ने विरुपित पेरोवस्काइट सामग्री का उपयोग कर एलईडी का उत्पादन करने की योजना बनाई है। स्वदेशी रूप से विकसित चमकदार श्वेत प्रकाश उत्सर्जक पारंपरिक उच्च लागत वाली सामग्रियों का संभावित रूप से स्थान ले सकते हैं और प्रति लुमेन ऊर्जा लागत को असाधारण रूप से बचा सकते हैं। इस नवोन्मेष को अनुसंधानकर्ताओं ने पेटेंट कराया है और हाल में इसे एसईआरबी-प्रौद्योगिकी ट्रांसलेशन अवार्ड प्रदान किया गया है। विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड अनुसंधानकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और अन्य एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस अनुसंधान कार्य के परिणाम नेचर ग्रुप-अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं।

# धामी ने पंतनगर औद्योगिक क्षेत्र का नाम एनडी के नाम पर रखने की घोषणा की

**भाषा।** देहरादून



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर स्थित औद्योगिक क्षेत्र का नाम दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी के नाम पर रखने की घोषणा की है। तिवारी की जयंती और पुण्यतिथि की पूर्वसंध्या पर रविवार को यह घोषणा करते हुए धामी ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर तिवारी के राज्य के प्रति योगदान को सम्मानित करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए पंतनगर औद्योगिक क्षेत्र का नाम उनके नाम पर रखा जा रहा है। धामी ने तिवारी को उत्तराखंड का सपूत बताते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार के मंत्री के रूप में सदैव प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने जब राज्य को औद्योगिक पैकेज दिया, उस समय तिवारी ही मुख्यमंत्री थे और उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से नव सृजित उत्तराखंड में औद्योगिक विकास की नींव रखी।

# चन्नी ने कहा, सभी मामले सुलझ जाएंगे

**भाषा।** चंडीगढ़

● सोनिया को चिट्ठी लिख सिद्धू का मुद्दा उठाया



**कांग्रेस** की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सिद्धू द्वारा कुछ मुद्दों को उठाते हुए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखी गई चिट्ठी सार्वजनिक करने के एक दिन बाद पंजाब के मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी ने कहा कि सभी मुद्दे सुलझा लिए जाएंगे और पार्टी का एजेंडा लागू किया जाएगा। रविवार शाम को पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने सिद्धू के साथ बैठक की। सिद्धू के करीबी माने जाने वाले मंत्री परगट सिंह भी वहां मौजूद लोगों में शामिल थे। रविवार को पत्रकारों से बातचीत में चन्नी ने कहा, चाहे 13 सूत्रीय हो, 18 सूत्रीय हो, 21 सूत्रीय हो या 24 सूत्रीय हो, जो भी एजेंडा होगा उसे लागू किया जाएगा। कोई बिंदु छूटेगा नहीं। सिद्धू की चिट्ठी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह ठीक है कि उन्होंने (सिद्धू ने) मुद्दों को उठाया... हमें पार्टी की विचारधारा को लागू करना होगा। पार्टी सर्वोच्च है। सभी मुद्दों का समाधान किया जाएगा। सिद्धू ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात के लिए पत्र लिखकर समय मांगा है। पत्र में उन्होंने कुछ मुद्दों को उठाया गया है, जिसे सरकार को पूरा करना होगा और कहा कि यह चुनावी राज्य के पुनरुत्थान और ऋणमुक्ति के लिए आखिरी मौका है। दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करने के एक दिन बाद 15 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में, सिद्धू ने पंजाब मॉडल के साथ 13-सूत्रीय एजेंडे को 2022 के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र का हिस्सा बनाने की वकालत की। कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख के पद से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद, सिद्धू ने 15 अक्टूबर को कहा था कि उनकी चिंताओं का समाधान कर दिया गया है और पार्टी ने कहा कि वह राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में बने रहेंगे। सिद्धू ने सोनिया गांधी को पंजाब के पिछले मुख्यमंत्री को दिए गए पार्टी के 18 सूत्रीय एजेंडे की याद दिलाई और कहा कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने 2015 में बेअदबी के मामलों में न्याय, मादक द्रव्य गिरोह में बड़ी मछली की गिरफ्तारी और बिजली खरीद समझौते को खत्म करने सहित कई मुद्दों को उठाया था। सिद्धू ने अपने पत्र को ट्विटर पर पोस्ट करके सार्वजनिक किया था। इससे संकेत गया था कि वह अब भी मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली सरकार के उन मुद्दों से निपटने के तरीके से संतुष्ट नहीं हैं, जिन्हें वे हाल के दिनों में उठाते रहे हैं। चन्नी कांग्रेस के दिग्गज नेता अमरिंदर सिंह के इस्तीफा देने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। सिंह का सिद्धू के साथ टकराव चल रहा था।



जालंधर में लखीमपुर खीरी हिंसा के सिलसिले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग को लेकर किसानों द्वारा रेल रोको विरोध प्रदर्शन के दौरान ट्रेनों की आवाजाही रोकने के बाद यात्री एक प्लेटफॉर्म पर इंतजार करते दिखे

# व्यापार को बढ़ावा देने के लिए समुद्री क्षेत्र में शांति व स्थिरता की जरूरतः राजनाथ सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि व्यापार और अन्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय समुद्री क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने की ज्यादा जरूरत है। सिंह ने नौसेना कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र को नियम-कायदे पर आधारित नौवहन की स्वतंत्रता और मुक्त व्यापार जैसे सार्वभौमिक मूल्यों के साथ देखता है जिसमें सभी भागीदार देशों के हितों की रक्षा हो।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ रही हैं। पिछले महीने भारतीय नौसेना के पनडुब्बी रोधी युद्धक कोर्वेट आईएनएस किलतान ने दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया के युद्धपोत ऐनजैक के साथ सैन्य अभ्यास किया था, जहां चीनी सेना की दखलअंदाजी बढ़ रही है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, दुनिया भर में तेजी से बदलते आर्थिक और राजनीतिक संबंधों का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि ये आर्थिक हित संबंधों में कुछ तनाव पैदा करते हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, इसलिए व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय समुद्री क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने की अधिक आवश्यकता है। सिंह ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में भारतीय नौसेना की भूमिका आने वाले समय में कई गुना बढ़ने वाली है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है। दक्षिण चीन सागर हाइड्रोकार्बन का एक बड़ा स्रोत है। हालांकि, वियतनाम, फिलीपीन और ब्रूनेई सहित दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) के कई सदस्य देश भी क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार सिंह ने कहा कि भारत एक जिम्मेदार समुद्री हितधारक के रूप में सर्वसम्मति वाले सिद्धांतों और शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, नियम आधारित और स्थिर विश्व व्यवस्था का समर्थन करता है। बयान में कहा गया है कि सिंह ने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले पांच वित्तीय वर्षों में नौसेना के आधुनिकीकरण बजट का दो-तिहाई से ज्यादा हिस्सा स्वदेशी खरीद पर खर्च किया गया है।



भारतीय नौसेना से जुड़ी एक पुस्तक का अनावरण करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

## सूरत में पैकेजिंग इकाई में लगी आगः दो लोगों की मौत

**सूरत (गुजरात)।** गुजरात के सूरत जिले में सोमवार को तड़के पांच मंजिला पैकेजिंग इकाई में भीषण आग लगने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कडोडोरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित इकाई से करीब 145 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और घटना में कुछ कर्मचारी झुलस भी गए हैं। बचाव अभियान अब भी जारी है। कडोडोरा के पुलिस निरीक्षक हेमंत पटेल ने बताया कि वीवा पैकेजिंग कम्पनी में तड़के करीब साढ़े चार बजे आग लग गई थी। इमारत की ऊपरी मंजिल पर पाइपों के जरिए बाहर निकलने की कोशिश क। उन्होंने कहा, एक मजूदर की मौत पाइप से उतरते समय तीसरी मंजिल से गिरने के कारण हो गई। अन्य एक मजदूर का शव इमारत के भू-गृह से मिला। उसकी मौत धुएं के कारण दम घुटने से हुई। करीब 145 लोगों को निकाला गया है। इमारत से निकाले गए सभी लोगों को अलग-अलग अस्पताल ले जाया गया है।



कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा बिहारी मजदूरों की हत्या के विरोध में पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

# गोपालपुर के विधायक के घर से 1,440 ग्राम सोना, 24 लाख का गले का हार जब्त

**भुवनेश्वर।** भ्रष्टाचार रोधी सतर्कता अधिकारियों ने गोपालपुर के विधायक प्रदीप पाणिग्रही के घर की तलाशी के बाद 1,440 ग्राम सोना और 24.25 लाख रुपए का एक डिजाइनर गले का हार जब्त किया है। सतर्कता विभाग ने पाणिग्रही, उनके रिश्तेदार और सहयोगियों के घरों में 23 घंटे तक चली तलाशी के बाद एक बयान में कहा, तलाशी के दौरान डॉ. प्रदीप कुमार पाणिग्रही के घर से ।,440 ग्राम सोना और 24.25 लाख रुपए का एक डिजाइनर गले का हार मिला, जिन्हें जब्त किया गया है। बयान में कहा गया है कि इन्हें कुर्क करने के कदम उठाए जा रहे हैं। पाणिग्रह और उनके परिवार के सदस्यों के बैंक खाते से लेन-देन पर रोक लगाने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं।

तलाशी के दौरान मिले दस्तावेजों की सतर्कता विभाग की वित्तीय शाखा के अधिकारियों, पेशेवर चार्टर्ड अकाउंटेंट और बैंकिंग सलाहकारों से जांच कराई जाएगी। सतर्कता विभाग की साइबर शाखा तलाशी के दौरान मिले सभी इलेक्ट्रॉनिक सबूत/दस्तावेजों की जांच करेगी। इससे पहले, लोकायुक्त के निर्देश पर चार अक्टूबर को पाणिग्रही के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया था। रविवार को भुवनेश्वर और गंजाम जिलों में 15 स्थानों पर तलाशी ली गई थी। अधिकारी ने बताया कि छापे के दौरान जमीन, आभूषण खरीदने से संबंधित दस्तावेज, बैंक पासबुक, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त किए गए। सतर्कता निदेशालय ने गैरकानूनी रूप से संपत्ति अर्जित करने के आरोप पर पिछले साल गोपालपुर के विधायक की संपत्ति का गुप्त तरीके से सत्यापन किया था और उनके खिलाफ नौ दिसंबर 2020 को लोकायुक्त के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। सतर्कता शाखा को इस मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया था।

## बंगाल में भारी बारिश की आशंकाः मौसम विभाग

**कोलकाता।** दक्षिण बंगाल के अधिकांश हिस्सों में लगातार बारिश से शहर और कई अन्य स्थानों पर जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने कोलकाता समेत दक्षिणी बंगाल के सभी जिलों में सोमवार और मंगलवार को भारी बारिश का अनुमान जताया है। पूर्वी मेदिनीपुर और दक्षिणी 24 परगना के तटीय जिलों में बुधवार सुबह तक भारी बारिश होगी। वहीं कोलकाता, हावड़ा और हुगली जिलों में मंगलवार को मूसलाधार बारिश की आशंका है। तेलंगाना के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने और बंगाल की खाड़ी से तेज दक्षिण-पूर्वी हवा के कारण विपरीत मौसम परिस्थितियां बनी हैं। इस मौसम स्थिति की वजह से उत्तर बंगाल में मंगलवार से भारी बारिश का अनुमान है। दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार के उप-हिमालई जिलों में भारी बारिश की आशंका है। मौसम विभाग ने नदियों का जलस्तर बढ़ने, निचले इलाकों में जलजमाव और दार्जिलिंग और कलिम्पोंग के पर्वतीय इलाकों में भूस्खलन की आशंका जताई है।

# कश्मीर गए बाहर के लोगों को जान बूझकर निशाना बनाया जाना चिंता का विषयः नीतीश

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जम्मू-कश्मीर में बिहार के मजदूरों की हत्या की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि निशाना बनाकर हाल में की गई हत्या की वारदातों से निश्चित रूप से वहां डर का माहौल कायम हुआ है। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा बिहार के मजदूरों की हत्या को लेकर पूछे गए सवाल पर कुमार ने कहा, हमलोग काफी दुखी हैं। मुख्यमंत्री गत रविवार को जम्मू कश्मीर में बिहार के मजदूरों के साथ तीसरी आतंकवादी घटना का जिक्र कर रहे थे जिसमें दो मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है और एक घायल मजदूर का इलाज अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी बिहार के दो मजदूरों की हत्या कर दी गई थी। कुमार ने कहा



कि कल शाम को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से बात की और और हत्या पर अपनी गंभीर चिंता जताई और कहा, बिहार के मजदूरों के साथ यह तीसरी घटना है इसको लेकर हमलोग काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया है कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन इसको लेकर पूरी तरह से गंभीर है, घटना के दोषियों पर कार्वाई होगी। उन्होंने कहा कि काम के सिलसिले में कश्मीर गए बाहर के लोगों को जान बूझकर निशाना बनाया जा रहा है। कुमार ने कहा , इस तरह की घटना को लेकर बिहार सरकार पूरी तरह से अलर्ट है और जम्मू.कश्मीर के प्रशासन को भी हमने अलर्ट कर दिया है। हमने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ भी इस घटना को लेकर चर्चा की है। कुमार ने कहा, हमे भरोसा है कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन बिहार के लोगों की सुरक्षा का इंतजाम करेगा ताकि आतंकी इस तरह की घटना को अंजाम न दे सके। उन्होंने कहा, मृतकों के आश्रितों को बिहार सरकार की ओर से हरसंभव मदद की जाएगी। मजदूरों के पार्थिव शरीर को बिहार लाने का इंतजाम किया जा रहा है। इसको लेकर बिहार सरकार के वरिष्ठ अधिकारी जम्मू और कश्मीर के अधिकारियों के निरंतर संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, बाहर से बिहार लौटे लोगों ने पश्चिमी चंपारण में काफी अच्छा काम शुरु किया था। हम तो चाहते हैं कि बिहार के लोग यहीं रहकर काम करें लेकिन हर किसी को कहीं भी जाकर काम करने की स्वतंत्रता है।

## क्विक न्यूज

### बीएसएफ के अधिकार बढ़ाने का पंजाब मंत्रिमंडल ने किया विरोध

**चंडीगढ़।** सीमावर्ती राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाने के केंद्र के कदम का विरोध करते हुए पंजाब मंत्रिमंडल ने बुधवार को कहा कि कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है और पुलिस बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है। केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कानून में संशोधन कर इसे पंजाब, पश्चिम बंगाल और असम में अंतरराष्ट्रीय सीमा से मौजूदा 15 किलोमीटर की जगह 50 किलोमीटर के बड़े क्षेत्र में तलाशी लेने, जब्ती करने और गिरफ्तार करने की शक्ति दे दी है। मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी ने कहा, हम इसके पूर्णतः खिलाफ है। कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है। राज्य पुलिस, जो प्रदेश से आतंकवाद खत्म कर सकती है, वह किसी भी घटना को रोकने में सक्षम है। इस कदम को अनुचित बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हम इसका विरोध करते है। उन्होंने कहा कि इस तरह का फैसला प्रदेश सरकार से परामर्श के बगैर नही लिया जाना चाहिए था। चन्नी ने कहा कि इस मुद्दे पर मंत्रिमंडल की एक विशेष बैठक बुलाई जाएगी। उन्होंने कहा, अगर जरूरत हुई तो एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी। हम अन्य (राजनीतिक) दलों को भी (इस मुद्दे पर) साथ लेंगे। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाएगा। रविवार को शिरोमणि अकाली दल ने बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र में विस्तार को लेकर पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए कि उन्होंने केंद्र के कदम को क्यों चुपचाप स्वीकार कर लिया. देश सरकार ने पिछले हफ्ते केंद्र के इस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे संघवाद पर हमला करार दिया था। सरकार ने केंद्र से फैसला वापस लेने की मांग की है।

### गोवा विस में विपक्ष के सवालों को स्थगित करने का आरोप

**पणजी।** गोवा मे विपक्षी विधायको ने विधानसभा मे विरोध- प्रदर्शन किया और उनके द्वारा पूछे गए सवालों के जवाबो को बार-बार स्थगित किए जाने से क्षुब्ध होकर सदन में अध्यक्ष के आसन के समीप पहुंच गए। दो दिवसीय सत्र यहां सोमवार को शुरू हुआ। गोवा फॉरवर्ड पार्टी के विधायक विजय सरदेसाई, जएश सलगांवकर एवं विनोद पालेकर समेत विपक्षी विधायक सदन में अध्यक्ष के आसन के समीप पहुंच गए। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष राजेश पाटनेकर ने प्रश्नो को स्थगित करने का आदेश दिया। इन विधायकों के विरोध का विपक्ष के नेता दिगंबर कामत, निर्दलीय विधायक रोहन खौटे और कांग्रेस विधायक एलेक्जियो रेजिनाल्डो लौरेंको समेत अन्य विधायको ने समर्थन किया। विधानसभा में यह विरोध तब शुरू हुआ जब अध्यक्ष ने सदस्यो से ऐसे प्रश्न नही पूछने के लिए कहा जो बहुत विस्तृत है क्योंकि उत्तर को एकत्र करना और मंत्री द्वारा सत्यापन के बाद एक निश्चित समय सीमा के भीतर उत्तर देना मुश्किल होता। पाटनेकर ने कहा, जब उत्तर बहुत विस्तृत हो तो उत्तर को स्थगित करना मंत्री का अधिकार है क्योंकि मंत्री की ओर से दिए गए जवाब के लिए उसे ही जिम्मेदार बताया जाता है। कोविड संबंधी मौत तथा जमीन पर कब्जे से जुड़े सवालों के जवाब देने पर जब मुख्यमंत्री सावंत ने स्थगन की मांग की तो विपक्षी सदस्य नाराज हो गए। विपक्षी सदस्य अध्यक्ष की इस नई व्यवस्था से खुश नही थे और सदन के परिचालन में उन्होने व्यवधान पैदा किया जिसके बाद अध्यक्ष ने दोपहर 12:30 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी।

### महिला ने दो बच्चों के साथ तालाब में लगाई छलांग, दो की मौत

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले के परिहारा पुलिस चौकी अंतर्गत बहुआरा गांव में सोमवार सुबह कथित तौर पर घरेलू विवाद को लेकर एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ तालाब में छलांग लगा दी जिससे महिला और उसकी ढाई वर्षीय पुत्री की मौत हो गई,वही छह वर्षीय पुत्र किसी तरह तालाब से सुरक्षित बाहर निकल आया। परिहारा पुलिस चौकी के प्रभारी चंद्र प्रकाश महतो ने बताया कि रंधीर राम की पत्नी सबिता कुमारी (26) तथा ढाई वर्षीय पुत्री की घटना में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि रंधीर का छह वर्षीय पुत्र तालाब से सुरक्षित बाहर निकल आया। महतो ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### मप्र सरकार रामायण पर प्रतियोगिता आयोजित करेगी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार रामायण पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित करेगी और इसके विजेताओं को उत्तर प्रदेश के अयोध्या की हवाई यात्रा करने का अवसर मिलेगा। भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। प्रदेश की पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर की ओर से रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान मे कहा गया कि रामायण पर अंर्तार्ष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को हवाई जहाज से अयोध्या की यात्रा कराई जाएगी ठाकुर ने रविवार को इंदौर जिले के महू में डॉ. बी.आर आम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, कैप्रस्फुटनै कार्यक्रम मे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए कहा कि संस्कृति विभाग द्वारा रामायण के अयोध्या कांड पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे हर जिले से आठ लोगो का चयन किया जाएगा। इनमे चार विद्यार्थी और चार सामान्य लोग शामिल रहेंगे।



आगरा में बारिश के दौरान रेनकोट व छतरी लगाकर ताजमहल देखने आये पर्यटक

# दशगात्र में भोजन के बाद 17 बीमार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में दशगात्र कार्यक्रम में कथित रूप से भोजन करने के बाद 17 लोग बीमार हो गए। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। बिलासपुर जिले के अधिकारियों ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के कोटा विकास खंड के अंतर्गत आमामुड़ा गांव में दशगात्र (मृत्यु के बाद दसवें दिन होने वाला कार्यक्रम) कार्यक्रम में कथित रूप से भोजन करने के बाद 17 ग्रामीण बीमार हो गए।

कोटा क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी तुलाराम भारद्वाज ने बताया कि कोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमामुड़ा गांव में शनिवार को एक दशगात्र कार्यक्रम था। इस कार्यक्रम में भोजन के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में यहां पहुंचे थे। भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में भोजन के बाद कई लोगों ने तबीयत बिगड़ने की शिकायत की। गांव में बड़ी संख्या में लोगों की तबीयत खराब होने की सूचना के बाद रविवार को स्वास्थ्य विभाग का दल गांव पहुंचा और लोगों का उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने इस दौरान 17 ग्रामीणों को रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से सात लोगों को बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर शहर के छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स)में भर्ती कराया गया है। सिम्स की जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर आरती पांडेय ने बताया कि विषाक्त भोजन के कारण सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी का इलाज किया जा रहा है। सभी की हालत स्थिर बनी हुई है। एसडीएम भारद्वाज ने बताया कि आमामुड़ा गांव में एक महिला की मौत की सूचना है, लेकिन वह दशगात्र कार्यक्रम में शामिल थी कि नहीं इसकी पुष्टि नहीं हुई है। मामले की जांच के लिए क्षेत्र के तहसीलदार को वहां भेजा गया है। वहीं जिले के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमोद महाजन ने बताया कि सोमवार को भी गांव में चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है।

## भूपेंद्र यादव ने विकसित देशों से उत्सर्जन में तेजी से कमी लाने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि जलवायु संबंधी कार्वाई में देरी और विकसित देशों से नेतृत्व की कमी ने विकासशील देशों में जलवायु संकट के समाधान और अनुकूलन की लागत में वृद्धि की है। जलवायु परिवर्तन पर सीओपी 26 के लिए तैयारी - उम्मीदें और चुनौतियां विषय पर समान विचारधारा वाले विकासशील देशों (एलएमडीसी) की मंत्रिस्तरीय बैठक में डिजिटल तरीके से भाग लेते हुए मंत्री ने इस दशक में विकसित देशों द्वारा उत्सर्जन में तेजी से कमी लाने का आह्वान किया। यादव ने कहा कि दुनिया को तेजी से और परिवर्तनकारी कार्वाई करने की जरूरत है। एक ट्वीट में उन्होंने यह भी कहा, विकासशील देशों के समान विचारधारा वाले समूह की मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा गया है कि जलवायु कार्वाई में देरी और विकसित देशों से नेतृत्व की कमी ने विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन संकट के समाधान और अनुकूलन की लागत में वृद्धि की है।

# ईद-ए-मिलाद के जुलूस में सीमित क्षेत्र में 400 लोग शामिल हो सकेंगे

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** सरकार ने सोमवार को कहा कि राज्य में ईद-ए-मिलाद के जुलूस में सीमित क्षेत्र में 400 तक की संख्या में लोग शामिल हो सकेंगे। कांग्रेस के तीन विधायकों-गयासुद्दीन शेख, इमरान खेडावाला और मोहम्मद जावेद पीरजादा के आग्रह के एक दिन बाद राज्य सरकार ने यह घोषणा की। इन विधायकों ने सरकार से आग्रह किया था कि जुलूस में लोगों के शामिल होने की संख्या 15 से बढ़ाकर 400 तक की जानी चाहिए। गुजरात सरकार ने राज्य में ईद-ए-मिलाद समारोह को रविवार को मंजूरी दे दी थी और घोषणा की थी कि कोविड-19 महामारी की स्थिति को देखते हुए कुछ प्रतिबंधों के साथ मंगलवार को जुलूस निकाला जा सकता है। गृह विभाग द्वारा रविवार को जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया था कि पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंगलवार को मनाए जाने वाले ईद-ए-मिलाद के जुलूस में एक वाहन और 15 से अधिक लोग शामिल नहीं हो सकते। राज्य सरकार द्वारा रविवार को अधिसूचना जारी किए जाने के बाद, शेख और दो अन्य मुस्लिम विधायकों ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को पत्र लिखकर संबंधित नियम पर नाराजगी व्यक्त की और उनसे गुजरात में कोविड-19 संबंधी मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार एक जुलूस में 400 तक की संख्या में लोगों के शामिल होने की अनुमति देने का आग्रह किया। सरकार ने आज जारी स्पष्टीकरण में कहा कि यदि जुलूस किसी क्षेत्र में, मुहल्ले में या सड़क पर निकलता है और उस क्षेत्र से बाहर नहीं जाता है तो इसमें 400 लोग शामिल हो सकते हैं।गुजरात सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि यदि जुलूस संबंधित क्षेत्र से बाहर जाता है तो रविवार को जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार इसमें 15 से अधिक लोग शामिल नहीं हो सकते।

# कोरोना को लेकर लापरवाही न की जाए

## ● बीबीएयू में पांच दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने रखे विचार

**लखनऊ।** कोरोना का खतरा टला नहीं है। इसलिए हमें जरा भी लापरवाही नहीं बरतनी है। ये विचार बाबा साहब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के जन संचार एवं पत्रकारिता विभाग में कोरोना जागरूकता को लेकर फोक मीडिया और आउटरीच प्रोग्राम विषय पर आरंभ हुई पांच दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। 18 से 25 अक्टूबर तक चलने वाली इस कार्यशाला का आयोजन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में बीबीएयू के साथ मिल कर किया जा रहा है। परिचयात्मक वक्तव्य में डॉ. वीपी सिंह ने जन संचार माध्यमों की भूमिका और



वर्तमान समय में इनका प्रयोग कर कोरोना जागरूकता के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद एसजीपीजीआई में हेमेटालाजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेश कश्यप ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहाकि अभी संकट टला नहीं है। लोग मास्क नहीं पहन रहे और लापरवाही बरत रहे हैं जो खतरे की घंटी बजा सकता है। उन्होंने कहा कि कोविड के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जन संचार माध्यमों का प्रयोग किया जाए। अन्य विशेषज्ञों ने कठपुतली को एक प्रभावशाली परंपरागत जन संचार का माध्यम बताया। इस दौरान पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. गोपाल सिंह, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. महेंद्र कुमार पाढ़ी, डॉ. सुरेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. लोकनाथ, प्रो. नवीन अरोड़ा, प्रो. शुभनी श्राफ सहित छात्र एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 35 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ये प्रतिभागी जनपद लखनऊ के 30 गांवों में जाकर के कोरोना जागरूकता के कार्यक्रम लोक माध्यमों के द्वारा आयोजित करेंगे।

# भाजपा ने सीडब्ल्यूसी बैठक में सरदार पटेल का अपमान करने के लिए कांग्रेस की निंदा की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा ने** सोमवार को उन खबरों को लेकर कांग्रेस पर पाप करने का आरोप लगाया, जिनमें कहा गया है कि हाल में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में एक नेता ने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी की। पार्टी ने पूछा कि क्या पार्टी नेतृत्व उनके खिलाफ कार्वाई करेगा। भाजपा के इस आरोप पर पलटवार करते हुए विपक्षी दल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने इन खबरों को खारिज कर दिया और आरोप लगाया कि झूठ और अफवाह फैलाना कुछ लोगों के लिए मानदंड बन गया है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने उन खबरों का हवाला दिया कि एक कश्मीरी नेता और कांग्रेस कार्य समिति में स्थाई रूप से आमंत्रित सदस्य तारिक हमीद कर्रा ने जवाहरलाल नेहरू को जम्मू-कश्मीर के भारत के साथ एकीकरण का श्रेय दिया था और आरोप लगाया था कि पटेल घाटी को भारत से बाहर रखना चाहते थे। भाजपा प्रवक्ता ने खबरों का हवाला देते हुए कहा कि कर्रा ने पटेल को पाकिस्तान के संस्थापक एम ए जिन्ना से भी जोड़ा।

पात्रा ने पूछा कि क्या कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी या राहुल गांधी ने तब आपत्ति जताई थी, जब कर्रा ने पटेल को अपमानित किया और नेहरू की प्रशंसा करते हुए भारत के पहले गृह मंत्री को खलनायक के रूप में पेश किया। पात्रा ने कांग्रेस पर सुभाष चंद्र बोस, पटेल और हिंदुत्व के विचारक विनायक दामोदर सावरकर जैसे नेताओं का लगातार अपमान करने का आरोप लगाते हुए पूछा, क्या कर्रा को फटकार लगाई गई है? क्या उन्हें सीडब्ल्यूसी से निकाला जाएगा। सुरजेवाला ने उन खबरों की आलोचना की और कहा कि भाजपा की सरकार पर कभी भी सवाल नहीं उठाया जाता है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि गांधी परिवार पार्टी को भी एकजुट नहीं कर सकता, भारत को एकजुट करना तो बहुत दूर की बात है। उन्होंने ट्वीट किया, अफसोस की बात है कि सीडब्ल्यूसी की बैठकें एक परिवार को खुश करने तक ही सीमित कर दी जाती हैं, भले ही वह देश के दिग्गजों का अपमान और बदनाम करने की कीमत पर हो ... नेतृत्व संकट के साथ कांग्रेस हमेशा खुद को हाशिए पर पाएगी। पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है और परिवार के शासन को आगे बढ़ाने का काम करती है। उन्होंने कहा, यह कैसी मानसिकता है कि एक परिवार ने सब कुछ किया और दूसरों ने कुछ नहीं किया। सीडब्ल्यूसी में जो हुआ, वह पाप है। उन्होंने कहा कि कर्रा ने नेहरू-गांधी परिवार के योगदान की सराहना और पटेल की आलोचना करते हुए राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालने की भी वकालत की।

# कोविड-19 टीके के कच्चे माल के लिए आपूर्ति श्रृंखला को खुला रखने की जरूरतः सीतारमण

**भाषा।** न्यूयॉर्क



**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने दुनियाभर में कोविड-19 महामारी से मुकाबले के लिए एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचा बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि टीके के कच्चे माल के लिए आपूर्ति श्रृंखला को खुला रखने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने रविवार को जी30 अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग सेमिनार में वर्चुअल तरीके से भाग लेते हुए यह बात कही। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी।

सीतारमण ने जलवायु और महामारी से सुरक्षा के लिए वित्त और प्रौद्योगिकी समाधान के समान तरीके से वितरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्रित तरीके से वित्त जुटाने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने कोविड-19 महामारी से लड़ाई में एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे की जरूरत को रेखांकित करते हुए कहा कि हरित पहल को आगे बढ़ाने के लिए, नए वित्तीय उपाय लाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि नई चुनौतियों से प्रभावी तरीके से मुकाबला करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को मजबूत करने की जरूरत है। वित्त मंत्रालय ने सीतारमण के हवाले कहा कि टीके के कच्चे माल के लिए आपूर्ति श्रृंखला को खुला रखने की जरूरत है। भारत का कहना कि महामारी के बाद पैदा हुई अड़चनों से निपटने के लिए आपूर्ति श्रृंखला की जुझारू क्षमता और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने की जरूरत है। बाद में वित्त मंत्री ने न्यूजर्सी में भारतीय मूल की महिला उद्यमियों को संबोधित किया। महिला उद्यमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आर्थिक पुनरुद्धार की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया के लिए काफी अवसर हैं। सीतारमण वाशिंगटन डीसी की अपनी यात्रा के बाद शुक्रवार की देर रात यहां पहुंचीं। वाशिंगटन डीसी में उन्होंने विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों में भाग लिया।उनकी एक सप्ताह की अमेरिका यात्रा की शुरुआत बोस्टन से हुई थी, जहां उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक की और निवेशकों के साथ गोलमेज में भाग लिया। भारत दुनिया का सबसे बड़ा टीका उत्पादक है। अप्रैल से भारत ने अपनी आबादी के टीकाकरण के लिए, टीकों का निर्यात रोक दिया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने पिछले महीने कहा था कि भारत टीकों की वैश्विक आपूर्ति फिर शुरू करेगा। भारत ने कहा है कि वह वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम के तहत 2021 की चौथी तिमाही में अधिशेष कोविड-19 टीके का निर्यात शुरू करेगा और कोवैक्स वैश्विक पूल में अपनी प्रतिबद्धताओ को पूरा करेगा।

# आठ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री 59 प्रतिशत बढ़ी

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश के** आठ प्रमुख शहरों में चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में घरों की बिक्री सालाना आधार पर 59 प्रतिशत बढ़कर 55,907 इकाई पर पहुंच गई। प्रॉपटाइगर.कॉम ने यह जानकारी दी है। पिछली यानी जून तिमाही की तुलना में सितंबर तिमाही में घरों की मांग तीन गुना बढ़ गई है। आवास ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर.कॉम ने कहा है कि महामारी की दूसरी लहर के बाद संपत्ति बाजार में अब सुधार हो रहा है। पिछले साल जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री 35,132 इकाई और इस साल जून तिमाही में 15,968 इकाई रही थी। यह विभिन्न संपत्ति सलाहकारों की आवास बिक्री पर चौथी तिमाही रिपोर्ट है। सभी रिपोर्ट दर्शाती हैं कि जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री सालाना और तिमाही आधार पर बढ़ी है। हाउसिंग.कॉम, प्रॉपटाइगर.कॉम और मकान.कॉम के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव अग्रवाल ने कहा, निचली ब्याज दरों, आवासीय संपत्तियों की कीमतों में कमी तथा कोविड महामारी के बीच अपना घर खरीदने की अवधारणा से बिक्री में सुधार हुआ है। प्रॉपटाइगर के अनुसार जुलाई-सितंबर तिमाही में अहमदाबाद में घरों की बिक्री 64 प्रतिशत बढ़कर 5,483 इकाई पर पहुंच गई, जो एक साल पहे समान अवधि में 3,339 इकाई ही थी। बेंगलुरु में यह 36 प्रतिशत बढ़कर 4,825 इकाई से 6,547 इकाई पर पहुंच गई। चेन्नई में घरों की बिक्री दोगुना होकर 4,665 इकाई पर पहुंच गई। वहीं दिल्ली-एनसीआर के बाजार में घरों की बिक्री 4,458 इकाई पर लगभग स्थिर रही। पिछले साल समान अवधि में यहां घरों की बिक्री 4,427 इकाई रही थी। हैदराबाद में घरों की बिक्री दोगुना होकर 7,812 इकाई रही।

## क्विक न्यूज

### एनएबी संरक्षण का किसान उत्पादक संगठनों के लिए ऋण गारंटी कोष को सरकार के साथ करार

**मुंबई।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की अनुषंगी एनएबी संरक्षण ट्रस्टी प्राइवेट लि. (एनटीपीएल) और केंद्र सरकार ने सोमवार को किसान उत्पादक संगठनों के लिए1,000 करोड़ रुपए के ऋण गारंटी कोष न्यास को लेकर समझौते (ट्रस्ट डीड) पर हस्ताक्षर किए। ऋण गारंटी कोष सरकार की देश में 10,000 किसान उत्पादक संगठनों के गठन और उसे बढ़ावा देने की योजना का हिस्सा है। नाबार्ड ने एक बयान में कहा, एक हजार करोड़ रुपए का यह कोष किसान उत्पादक संगठनों के लिए कर्ज गारंटी फंड (सीजीएफएफपीओ) के अंतर्गत रहेगा और इसका जिम्मा एनएबी संरक्षण ट्रस्टी प्राइवेट लि. संभालेगी। ऋण गारंटी उपलब्ध कराने के लिए सीजीएफएफपीओ कृषि और संबद्ध क्षेत्र में सूचना न्यास के जरिए दी जाने वाली कर्ज गारंटी से एफपीओ की साख में वृद्धि होगी। इसके अलावा उत्पादन और उत्पादकता को लागत प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। अंततः इससे एफपीओ से जुड़े सदस्य किसानों की आय बढ़ेगी।

### सेबी के हालिया बदलावों से संबद्ध पक्ष लेनदेन के नियम सख्त होंगे : फिच

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि बाजार नियामक सेबी द्वारा हाल में किए गए बदलावों से संबद्ध-पक्ष लेनदेन को नियंत्रित करने वाले नियम सख्त होंगे और सूचीबद्धता को समाप्त करने की प्रक्रिया आसान होगी। फिच ने कहा कि संबद्ध-पक्ष लेनदेन के संशोधित नियमों से जांच की गुंजाइश बढ़ेगी और बड़े शेयरधारकों, जो अक्सर संस्थापक परिवार या प्रवर्तक होते है, द्वारा अल्पांश शेयरधारकों की मंजूरी के बिना ऐसे लेनदेन करने की क्षमता सीमित होगी। इस फैसले से सूचीबद्ध कंपनियों के कॉरपोरेट प्रशासन को मजबूती मिलेगी। फिच रेटिंग्स ने एक बयान में कहा, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा किए गए हालिया बदलावों से संबद्ध-पक्ष लेनदेन (आरपीटी) को नियंत्रित करने वाले नियम कड़े होंगे और सूचीबद्धता को हटाने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा।

### सरकार को चालू वित्त वर्ष में पांच केंद्रीय लोक उपक्रमों से लगभग 814 करोड़ रुपए लाभांश मिले

**नई दिल्ली।** सरकार ने पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी), हुडको और ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) समेत पांच केंद्रीय लोक उपक्रमों से चालू वित्त वर्ष में लाभांश किस्त के रूप में करीब 814 करोड़ रुपए प्राप्त किए है। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडे ने सोमवार को यह कहा। पांडेय ने ट्विटर पर लिखा है, पीएफसी और हुडको (हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड) से क्रमशः 296 करोड़ रुपए और 233 करोड़ रुपए लाभांश किस्तें मिली हैं। इसके अलावा ओआईएल, केआईओसीएल और एसजेवीएन ने क्रमशः 92 करोड़ रुपए, 99 करोड़ रुपए और 94 करोड़ रुपए लाभांश किस्तें दी हैं। दीपम की वेबसाइट के अनुसार चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-मार्च) में अबतक सरकार को केंद्रीय लोक उपक्रमों से लाभांश के रूप में 8,096 करोड़ रुपए मिले हैं। इसके अलावा, 9,110 करोड़ रुपए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर जुटाए गए है।

### निर्यात अक्टूबर के पहले पखवाड़े में 40.5 प्रतिशत बढ़कर 15.13 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात इस महीने एक से 14 अक्टूबर के दौरान 40.5 प्रतिशत बढ़कर 15.13 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रारंभिक आंकडे के अनुसार मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पादों, इंजीनियरिंग और रसायन क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से निर्यात बढ़ा है। इस दौरान आयात 60.72 प्रतिशत बढ़कर 14.82 अरब डॉलर रहा। देश का वस्तु निर्यात सितंबर महीने में सालाना आधार पर 22.63 प्रतिशत बढ़कर 33.79 अरब डॉलर रहा। हालांकि इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर रिकार्ड 22.59 अरब डॉलर पहुंच गया। जिन क्षेत्रों का प्रदर्शन बेहतर रहा है, उनमें कॉफी, काजू, पेट्रोलियम उत्पाद, हथकरघा, इंजीनियरिंग, रसायन, मानव निर्मित धागे । कपड़े, रत्न एवं आभूषण, प्लास्टिक और समुद्री उत्पाद शामिल है। निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान सालाना आधार पर 57.53 प्रतिशत बढ़कर 197.89 अरब डॉलर हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह यह 125.62 अरब डॉलर था।

### महानदी कोलफील्ड्स ने 5.47 लाख टन कोयला आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की इकाई महानदी कोलफील्ड्स लि. (एमसीएल) ने रविवार को उपभोक्ताओं को 5.47 लाख टन कोयले की आपूर्ति की। एक पखवाड़े के भीतर ही कंपनी ने अपने 5.45 लाख टन की आपूर्ति के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। देश के बिजली संयंत्रों में कोयला संकट के बीच यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एमसीएल ने सोमवार को बयान में कहा कि उसने उपभोक्ताओं को सबसे अधिक 103 रैक कोयले की आपूर्ति की। इसमें 65 रैक तालचर कोयला क्षेत्र से आए थे और 38 ओडिशा के आईबी वैली क्षेत्र के थे। एमसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पी के सिन्हा ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, कोल इंडिया और एमसीएल हमेशा चुनौतियों का सामना करने में आगे रही है। हम देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक नई उपलब्धि हासिल की है।

### लॉजिस्टिक्स सेवाओं के मामले में जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने को प्रतिबद्ध : डीपी वर्ल्ड

**श्रीनगर।** प्रमुख लॉजिस्टिक कंपनियों में से एक डीपी वर्ल्ड दुबई ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू-कश्मीर की वास्तविक व्यावसायिक क्षमता को उभारने के लिए लॉजिस्टिक सेवाओं के मामले में उसे शेष भारत और दुनिया से जोड़ने को प्रतिबद्ध है। डीपी वर्ल्ड दुबई के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुल्तान अहमद बिन सुलाएम ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। हम जानते है कि यह कैसे करना है, हम बाधाओं को जानते है। सुलाएम ने कहा कि उनकी फर्म द्वारा किया गया निवेश मेक इन इंडिया पहल का हिस्सा होगा और कश्मीर से निकले कई उत्पाद दुनिया तक पहुंचेगे। उन्होंने विश्व स्तर पर बाजार हासिल करने की क्षमता रखने वाले उत्पादों के बारे में बात करते हुए कहा, यह देश सुंदर है और इस क्षेत्र में विशाल संभावनाएं है। कालीन जैसे कई उत्पाद है जो मैंने देखे है, जो दुनिया में सबसे अच्छे है, कृषि उत्पाद भी है। सुलाएम ने कहा कि समस्या यह है कि उत्पादों को बाजार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उन्हें बताया गया है कि श्रीनगर हवाईअड्डा 23 अक्टूबर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होने जा रहा है जो एक बडे लाभ की बात है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि दुबई सरकार और जम्मू-कश्मीर सरकार ने एक समझौता किया है, जो केंद्र शासित प्रदेश को औद्योगिकीकरण और सतत विकास में नई ऊंचाइयों को छूने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, आज केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विकास यात्रा के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। जम्मू-कश्मीर के अभूतपूर्व विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का हार्दिक आभार। यह समझौता ज्ञापन आत्मानिर्भर जम्मू-कश्मीर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

# भारत ने ओपेक से कहा, तेल की ऊंची कीमतें वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार को नुकसान पहुंचाएंगी


**भाषा।** नई दिल्ली

**दुनिया के** तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता भारत ने सऊदी अरब और ओपेक (तेल निर्यातक देशों के संगठन) के अन्य सदस्य देशों से कहा कि तेल की ऊंची कीमतें दुनिया में आर्थिक पुनरुद्धार को नुकसान पहुंचाएंगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि ओपेक को तेल की कीमतें वाजिब स्तर पर रखनी चाहिए। इस साल मई से कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी शुरू होने के बाद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं।

अधिकारी ने कहा कि भारत ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और अन्य तेल उत्पादकों से कहा कि तेल की ऊंची कीमत के कारण वैकल्पिक ईंधन को अपनाने की गति बढ़ेगी और इससे तेल उत्पादकों को नुकसान पहुंच सकता है। भारत पश्चिम एशिया से अपनी तेल जरूरतों का लगभग दो-तिहाई आयात करता है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, तेल की कीमतों को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच हितों का संतुलन बनाना पड़ता है। अभी ए वास्तव में बहुत ज्यादा हैं, क्योंकि आपूर्ति की तुलना में मांग अधिक है। कोविड-19 महामारी पर काबू पाने के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें पिछले साल अप्रैल में 19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक गिर गई थीं। हालांकि, अर्थव्यवस्थाओं के खुलने के साथ ही मांग में तेजी से सुधार हुआ और अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड तब से बढ़कर 85.67 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। अधिकारी ने कहा कि तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल के हफ्तों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, अमेरिका, रूस और बहरीन को तेल की ऊंची कीमतों के मुद्दे से अवगत कराया है। पुरी ने ओपेक के महासचिव, सऊदी अरब और अन्य देशों में अपने पेट्रोलियम मंत्रियों के साथ बैठकों में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव को लेकर भारत की गंभीर चिंताओं के बारे में बताया।

## एयर इंडिया की बिक्री एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगीः आईएमएफ अधिकारी

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया की बिक्री भारत के निजीकरण के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। टाटा समूह घाटे में चल रही एयर इंडिया के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरा है, और इस संबंध में समूह को 11 अक्टूबर को एक आशय पत्र (एलओआई) जारी किया गया था। आईएमएफ-एसटीआई क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक और आईएमएफ इंडिया मिशन के पूर्व प्रमुख अल्फ्रेड शिपके ने कहा कि एक साक्षात्कार में कहा, हम एयर इंडिया की बिक्री के लिए हालिया समझौते का स्वागत करते हैं, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे पहले इसी महीने सरकार ने टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी की इकाई टैलेस प्राइवेट लि. की एयर इंडिया के लिए पेशकश को स्वीकार कर लिया था। इसके लिए टाटा द्वारा 2,700 करोड़ रुपए का नकद भुगतान किया जाएगा, जबकि वह एयरलाइन का 15,300 करोड़ रुपए का कर्ज भी लेगी।



अहमदाबाद में दिवाली त्योहार पर बिक्री के लिए दीया बनातीं दृष्टिबाधित महिलाएं

## राजस्थान सरकार मेहसाणा-बठिंडा गैस पाइपलाइन के साथ औद्योगिक विकास को गति देगीः मीणा

**जयपुर।** राजस्थान सरकार मेहसाणा-बठिंडा गैस पाइपलाइन परियोजना के साथ औद्योगिक विकास को सुविधाजनक बनाने और गति देने की योजना बना रही है। इसके इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। मेहसाणा-बठिंडा गैस पाइपलाइन लगभग।,650 किमी के कुल क्षेत्रफल में फैली हुई है। गैस पाइपलाइन गुजरात में 47 किलो मीटर, राजस्थान में।,334 किमी, हरियाणा के 200 किमी और पंजाब में 66 किलो मीटर गुजर रही है। राजस्थान के उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि गैस पाइपलाइन परियोजना के तहत रीको ने सिरेमिक, ग्लास, मेटल कास्टिंग, टेक्सटाइल जैसे उद्योगों की 14 श्रेणियों की पहचान की है। इसके कारण विभाग ने राज्य में कुछ सिरेमिक संकुल पहले ही विकसित कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, हम अब और अधिक औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने की योजना बना रहे हैं। इससे प्राकृतिक गैस का उपयोग करने वाले उद्योगों में निवेश बढ़ने की उम्मीद है। मीणा ने कहा कि राज्य के अलवर और आसपास के जिले में प्राकृतिक गैस उपलब्ध है।

# शेयर बाजारों में लगातार सातवें दिन तेजी, सेंसेक्स, निफ्टी का नया रिकॉर्ड

**भाषा।** मुंबई



**शेयर बाजारों** में तेजी का सिलसिला सोमवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में भी जारी रहा। बैंक, सूचना प्रौद्योगिकी और धातु कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से सेंसेक्स 460 अंक और मजबूत होकर अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। हालांकि, फार्मा और वाहन कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली का सिलसिला चला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 61,963.07 अंक तक गया। अंत में यह 459.64 अंक या 0.75 प्रतिशत के लाभ से 61,765.59 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 138.50 अंक या 0.76 प्रतिशत के लाभ से 18,477.05 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। कारोबार के दौरान यह 18,543.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर सबसे अधिक 4.4 प्रतिशत चढ़ गया। टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, मारुति, एसबीआई और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, डॉ. रेड्डीज, एशियन पेंट्स, बजाज ऑटो, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कमजोर वैश्विक रुख और चीन के सकल घरेलू उत्पाद के निराशाजनक आंकड़ों के बावजूद भारतीय बाजार नई ऊंचाई पर पहुंच गए। जुलाई-सितंबर की तिमाही में चीन की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 4.9 प्रतिशत रह गई है। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के इक्विटी शोध (बुनियादी) प्रमुख नरेंद्र सोलंकी ने कहा कि शुरुआती आंकड़ों से पता चलता कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पुनरुद्धार की राह पर है। इससे बाजार की धारणा मजबूत बनी हुई है। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 0.95 प्रतिशत तक का लाभ रहा। अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और जापान के निक्की में नुकसान रहा। हांगकांग का हैंगसेंग लाभ के साथ बंद हुआ। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार भी नुकसान में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 0.82 प्रतिशत बढ़कर 85.56 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया नौ पैसे टूटकर 75.35 प्रति डॉलर पर आ गया।

## 2021 के पहले सात महीनों में चाय का निर्यात 14 प्रतिशत घटा

**कोलकाता।** भारत से चाय के निर्यात में 2021 के पहले सात महीनों में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में लगभग 14.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जुलाई-2021 के दौरान चाय का कुल निर्यात 10 करोड़ 7.8 लाख किलोग्राम का हुआ, जबकि वर्ष 2020 की समान अवधि में 11 करोड़ 75.6 लाख किलोग्राम का निर्यात किया गया था। हालांकि, सीआईएस ब्लॉक दो करोड़ 41.4 लाख किलोग्राम के साथ चाय सबसे बड़ा आयातक बना रहा। हालांकि, यह पिछले साल की समान अवधि के तीन करोड़ 5.3 लाख किलोग्राम के आयात से कम है। प्रतिबंधों के कारण ईरान को निर्यात में काफी कमी आई थी, लेकिन उसने इस साल के पहले सात महीनों में एक करोड़ 26.3 लाख किलोग्राम का आयात किया, जो वर्ष 2020 की समान अवधि में 2.1 करोड़ किलोग्राम था। चीन को निर्यात भी वर्ष 2020 के पहले सात महीनों के 57.4 लाख किलोग्राम से कम यानी 32.9 लाख किलोग्राम का रहा।

# कोविड-19 के बीच ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं का उचित समाधान निकाला जाएगाः ठाकरे

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण राज्य में ट्रांसपोर्टरों (परिवाहकों) को हो रही विभिन्न समस्याओं का उचित समाधन निकाला जाएगा। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों की वित्तीय समस्याओं के हल का भी भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने यहां सह्याद्री अतिथि गृह में महाराष्ट्र राज्य ट्रक, टेंपो, टैंकर और बस परिवहन महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। उन्होंने राज्य के वित्त, परिवहन और पुलिस विभागों को ट्रांसपोर्टरों की विभिन्न मांगों का उपयुक्त समाधान खोजने के निर्देश भी दिए। परिवाहकों के प्रतिनिधिमंडल ने वार्षिक मोटर वाहन कर और व्यापार कर से छूट, यात्रियों को स्कूलों और धार्मिक स्थलों पर ले जाने वाले वाहनों पर वाहन कर की पूरी छूट और राज्य भर में वाहनों और बसों के लिए पार्किंग स्थल के प्रावधान सहित विभिन्न मांगों को रखा।

ठाकरे ने कहा कि शहरी विकास विभाग को शहरों में बसों और ट्रकों की पर्याप्त पार्किंग की आवश्यकता के बारे में सूचित किया जाएगा और इसके लिए स्थानों की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न जांच चौकियों पर ट्रॉमा केयर सेंटर स्थापित करने की योजना बनाने को भी कहा। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि राज्य में कोविड-19 के कारण वित्तीय संकट का सामना कर रहे परिवाहकों के मामले में तुरंत एक उचित समाधान निकाला जाएगा।

# पेज एक का शेष

## सपा के लिए परिवार ही...

सीएम ने कहा कि डिप्टी स्पीकर का चुनाव काफी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है लेकिन विपक्ष की आदत है कि जब चुनाव हार जाता है तो धांधली के आरोप लगाने लगता है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तरह यहां भी विपक्ष ने यहीं किया। उन्होंने कहा कि गनीमत थी कि यहां ईवीएम नहीं थी। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े चार साल में इस सदन ने अनेक कीर्तिमान स्थापित किए। संवाद बनाने का प्रयास किया। सपा ने हमेशा संवाद को बाधित करने का काम किया है।

## मैनेजर की हत्या में...

क्योंकि उन्हें लंबे इंतजार के बाद न्याय मिला है। जगसीर अपने पिता की हत्या के समय आठ साल का था। उसने कहा कि वह फैसले से संतुष्ट है, हालांकि उसका परिवार राम रहीम सिंह के लिए मौत की सजा की मांग कर रहा था। पुलिस ने सुनवाई से पहले पंचकूला और सिरसा में सुरक्षा कड़ी कर दी थी, जहां इस संप्रदाय का मुख्यालय है। पंचकूला में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। रंजीत सिंह की 10 जुलाई, 2002 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र के खानपुर कोलियां गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक अज्ञात पत्र प्रसारित करने में संदिग्ध भूमिका के चलते उसकी हत्या की गई थी। इस पत्र में बताया गया था कि डेरा प्रमुख डेरा मुख्यालय में किस प्रकार महिलाओं का यौन शोषण करता है। सीबीआई के आरोपपत्र के अनुसार, डेरा प्रमुख का मानना था कि इस अज्ञात पत्र को प्रसारित करने के पीछे रंजीत सिंह था और राम रहीम ने उसकी हत्या की साजिश रची।

## सीबीएसई ने 10वीं, 12वीं टर्म-1...

इनमें से कक्षा 12वीं में 19 और कक्षा 10वीं में नौ विषय प्रमुख हैं। कक्षा 10वीं के लिए, प्रमुख विषयों के वास्ते पहली परीक्षा 30 नवंबर (सामाजिक विज्ञान) के बाद दो दिसंबर को विज्ञान, तीन दिसंबर को गृह विज्ञान, चार दिसंबर को गणित मानक और गणित मूल, आठ दिसंबर को कंप्यूटर अनुप्रयोग, नौ दिसंबर को हिंदी पाठ्यक्रम ए और बी और 11 दिसंबर को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। कक्षा 12वीं के परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, पहली परीक्षा समाजशास्त्र (एक दिसंबर) को होगी, उसके बाद तीन दिसंबर को अंग्रेजी कोर, छह दिसंबर को गणित, सात दिसंबर को शारीरिक शिक्षा, आठ दिसंबर को व्यावसायिक अध्ययन, नौ दिसंबर को भूगोल और 10 दिसंबर को भौतिकी की परीक्षा होगी। मनोविज्ञान की परीक्षा 11 दिसंबर को, 13 दिसंबर को एकाउंटेंसी, 14 दिसंबर को रसायन विज्ञान, 15 दिसंबर को अर्थशास्त्र, 16 दिसंबर को हिंदी कोर और ऐच्छिक, 17 दिसंबर को राजनीति विज्ञान, 18 दिसंबर को जीवविज्ञान, 20 दिसंबर को इतिहास, 21 दिसंबर को इंफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिस और कंप्यूटर साइंस और 22 दिसंबर को गृह विज्ञान की परीक्षा होगी। सीबीएसई ने पिछले सप्ताह कहा था कि कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए पहले टर्म की बोर्ड परीक्षा नवंबर-दिसंबर में ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। भारद्वाज ने कहा, परीक्षा वस्तुनिष्ठ होगी और प्रत्एक प्रश्नपत्र को हल करने के लिए छात्रों के पास 90 मिनट (डेढ़ घंटा) का समय होगा। परीक्षा सर्दियों के कारण सुबह 10:30 के स्थान पर 11:30 से शुरू होगी। लघु (माइनर) विषयों की परीक्षा स्कूलों द्वारा आयोजित की जाएगी, हालांकि प्रश्न पत्र बोर्ड द्वारा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा, परीक्षा से पहले सभी स्कूलों को सेनेटाइज किया जाएगा और प्रयास किया जाएगा कि छात्रों को दूर नहीं जाना पड़े। बड़ी संख्या में स्कूलों को केवल दूरी और सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वयं केंद्र के रूप में तय किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि अभिभावकों और छात्रों को कम से कम असुविधा हो। भारद्वाज ने कहा, टर्म- । परीक्षा के आयोजन के बाद, प्राप्तांकों के रूप में परिणाम घोषित किए जाएंगे। किसी भी छात्र को पहले टर्म के बाद उत्तीर्ण, कंपार्टमेंट और आवश्यक रिपीट श्रेणियों में नहीं रखा जाएगा। अंतिम परिणाम पहले और दूसरे टर्म की परीक्षाओं के बाद घोषित किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि दूसरे टर्म की परीक्षा मार्च-अप्रैल, 2022 में आयोजित की जाएगी और यह देश में कोविड की स्थिति पर निर्भर करेगा।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के...

खबर में बताया गया कि अग्निशमन सेवा को रात पौने नौ बजे आग लगने की सूचना मिली और इसे सुबह चार बजकर 10 मिनट पर बुझा दिया गया। किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई खबर नहीं है। कोमिला इलाके में दुर्गापूजा के एक पंडाल में कथित ईशनिंदा के बाद फैले सांप्रदायिक तनाव के कारण आग लगाने की घटना हुई है। पिछले हफ्ते कोमिला इलाके में हुई घटना के कारण हिंदू मंदिरों पर हमले किए गए और कोमिला, चांदपुर, चटग्राम, कॉक्स बाजार, बंदरबन, मौलवीबाजार, गाजीपुर, फेनी सहित कई जिलों में पुलिस और हमलावरों के बीच संघर्ष हुए। खबर में बताया गया कि हमलों एवं सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने को लेकर कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा से बुरी तरह प्रभावित हाजीगंज में चार कथित मुस्लिम कट्टरपंथी बुधवार और बृहस्पतिवार को मारे गए, जबकि एक हिंदू श्रद्धालु का शव नोआखाली जिले के बेगमगंज में एक तालाब के पास पाया गया। पिछले कई दिनों से मुस्लिम और हिंदू प्रदर्शनकारी राजधानी ढाका सहित देश के विभिन्न हिस्सों में सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## प्रदेश में किसानों के...

झांसी के डबरा स्टेशन पर पांच मिनट तक किसानों ने प्रदर्शन किया, झांसी के गोहद और मलनपुर स्टेशन के बीच किसानों ने करीब दस मिनट तक प्रदर्शन किया और बाद में पुलिस के समझाने पर वहां से किसान हट गए। उन्होंने बताया कि इसी तरह आगरा डिवीजन के मथुरा पलवल के बीच दो स्थानों पर किसानों ने प्रदर्शन किया। मथुरा पलवल के बीच रामगढ़ और उतारवर स्टेशन के बीच रेलवे फाटक पर किसानों ने करीब दस मिनट तक प्रदर्शन किया। जबकि पलवल स्टेशन के आगे रूंधी स्टेशन के पास भी किसानों ने प्रदर्शन किया। शर्मा ने बताया कि किसानों के इस आंदोलन से किसी प्रकार का नुकसान रेलवे को नहीं हुआ। लखनऊ के पुलिस आयुक्त डी के ठाकुर ने बताया कि लखनऊ के उतरेठिया और आलमनगर रेलवे स्टेशनों के बाहर से किसानों को समझा कर वापस कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उतरेठिया और आलमनगर रेलवे स्टेशन के बाहर किसानों के जत्थे एकत्र हो रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें समझा कर वहां से वापस कर दिया। पुलिस ने किसानों का ज्ञापन ले लिया। ठाकुर ने बताया कि राजधानी के सभी रेलवे स्टेशनों के बाहर पुलिस ने चाक चौबंद इंतजाम किए हैं। कानपुर के पुलिस आयुक्त असीम अरूण ने बताया कि कानपुर में किसानों के आंदोलन का कोई असर नहीं है, फिर भी एहतियातन सभी रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। उधर लखीमपुर खीरी से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को खीरी जिले में रेल रोको आंदोलन का कोई बड़ा प्रभाव नहीं देखा गया क्योंकि रेलवे ने जिले में ट्रेनों की आवाजाही को रोक दिया था।

## लखीमपुर खीरी मामले में...

सत्य प्रकाश के पास से एक लाइसेंसी रिवाल्वर और तीन कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुख्य अभियुक्त और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत अब तक 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आज पकड़े गए आरोपियों से विशेष जांच दल पूछताछ कर रहा है। ज्ञातव्य है कि लखीमपुर खीरी जिले के तिकोनिया क्षेत्र में पिछली तीन अक्टूबर को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के पैतृक गांव जा रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध कर रहे किसानों पर कथित रूप से गाड़ी चढ़ाए जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। इस वारदात में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे आशीष तथा 15-20 अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आशीष को पिछली नौ अक्टूबर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। विपक्षी दल इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री की बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं।

## चारधाम यात्रा ठप...

इस बीच, भारी बारिश के कारण नाले में उफान आने के कारण चंपावत जिले के बाटनागाड टनकपुर में फंसे मां पूर्णागिरी मंदिर के दर्शन को गए 200 श्रद्धालुओं को पुलिस ने सुरक्षित बचा लिया। उत्तराखंड में रविवार से 19 अक्टूबर तक भारी बारिश के अलर्ट के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर राज्य में भारी बारिश से बचाव के लिए की जा रही तैयारियों के विषय में जानकारी ली। इस दौरान शाह ने मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार द्वारा राज्य को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# भारत ने पहला अभ्यास मैच जीता

टी-20 विश्व कप

## ●इंग्लैंड को सात विकेट से शिकस्त दी

भाषा। दुबई

**केएल** राहुल और इशान किशन ने आकर्षक अर्धशतकीय पारियां खेलकर भारतीय शीर्ष क्रम की मजबूती की अच्छी बानगी पेश करने के साथ ही टीम को टी-20 विश्व कप के पहले अभ्यास मैच में सोमवार को यहां इंग्लैंड पर सात विकेट से जीत दिलाई। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद पांच विकेट पर 188 रन बनाए जिसमें जॉनी बेयरस्टॉ (36 गेंदों पर 49 रन) और मोईन अली (20 गेंदों पर नाबाद 43) ने अहम योगदान दिया।

भारत की तरफ से मोहम्मद शमी ने 40 रन देकर तीन विकेट लिए। राहुल ने 24 गेंदों पर छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 51 रन जबकि इशान ने 46 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 50 गेंदों पर 82 रन जोड़े। आखिर में ऋषभ पंत (14 गेंदों पर नाबाद 29) और हार्दिक पंड्या (10 गेंदों पर नाबाद 16) ने टीम का स्कोर 19 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन पर पहुंचाया। कप्तान विराट कोहली ने टॉस के समय ही स्पष्ट कर दिया था कि मुख्य मैचों में रोहित शर्मा और राहुल पारी की शुरुआत करेंगे और वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आएंगे। रोहित को इस मैच में विश्राम दिया गया और उनकी जगह इशान ने पारी का आगाज किया जिन्होंने अपना दावा मजबूती से पेश किया।

राहुल और इशान ने पहले तीन ओवरों में परिस्थितियां भांपने के बाद आक्रामक तेवर अपनाए। क्रिस वोक्स ने पारी के तीसरे ओवर में इशान का कैच छोड़ा। वोक्स अगला ओवर करने आए तो राहुल ने उन पर तीन चौके और एक छक्का जड़कर 18 रन बटोरे। इशान ने मार्क वुड के अगले ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाया। राहुल ने क्रिस जोर्डन और मोईन का स्वागत छक्के से किया। उन्होंने वुड की गेंद एक्स्ट्रा कवर पर चार रन के लिए भेजकर अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगली गेंद भी कवर के ऊपर से मारने के प्रयास में उन्होंने कैच दे दिया। इशान ने अपनी फॉर्म और क्लीन हिटिंग जारी रखी। उन्होंने पारी के 12वें ओवर में आदिल राशिद पर दो छक्के और दो चौके लगाकर इंग्लैंड की बीच के ओवरों की रणनीति गड़बड़ा दी। इनमें से दूसरे छक्के से इशान ने अर्धशतक पूरा किया। कोहली 13 गेंदों पर 11 रन बनाकर कामचलाऊ स्पिनर लियाम लिविंगस्टोन की टर्न लेती गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर आसान कैच दे बैठे। इस तरह से इयोन मोर्गन की जगह कप्तानी कर रहे जोस बटलर का सात गेंदबाज आजमाने का इंग्लैंड को कुछ फायदा मिला।

पंत ने मोईन पर लगातार दो छक्के जड़कर शुरुआत की। इशान के इसके बाद लगातार दो कैच छूटे लेकिन उन्होंने अन्य बल्लेबाजों को अभ्यास का मौका देने के लिए स्वयं ही क्रीज छोड़ दी। उनकी जगह उतरे सूर्यकुमार यादव हालांकि आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इससे पहले कोहली ने ओस की स्थिति को भांपने के लिए टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया, क्योंकि भारत जब 24 अक्टूबर को जब पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा तो इसी आधार पर अपना गेंदबाजी संयोजन तय करेगा। भारत की तरफ से भुवनेश्वर कुमार और जसप्रीत बुमराह ने नई गेंद संभाली जबकि शमी पहले बदलाव के तौर पर आए। तीनों तेज गेंदबाजों में हालांकि बुमराह (26 रन देकर एक) ही किफायती साबित हुए जबकि शमी ने विकेट निकालने की अपनी काबिलियत का नमूना पेश किया। उन्होंने जोस बटलर (18), जैसन रॉय (17) और लिविंस्टोन (30) को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया।


शमी ने शानदार गेंदबाजी करके तीन विकेट चटकाए

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड:** जैसन रॉय का बुमराह बो शमी 17, जोस बटलर बो शमी 18, डाविड मलान बो राहुल चाहर 18, जॉनी बेयरस्टॉ बो बुमराह 49, लियाम लिविंगस्टोन बो शमी 30, मोईन अली नाबाद 43, क्रिस वोक्स नाबाद 12
अतिरिक्त (लेग बाई 02, वाइड 08, नोबॉल 02) 12
कुल (20 ओवर में, पांच विकेट पर) 188
विकेट पतन : 1-36, 2-47, 3-77, 4-129, 5-163
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-54-0, बुमराह 4-0-26-1, शमी 4-0-40-3, अश्विन 4-0-23-0, राहुल चाहर 4-0-43-1

**भारत:** केएल राहुल का मोईन बो वोक्स 51, इशान किशन रिटायर्ड नाबाद 70, विराट कोहली का राशिद बो लिविंगस्टोन 11, ऋषभ पंत नाबाद 29, सूर्यकुमार यादव का बटलर बो विली 08, हार्दिक पंड्या नाबाद 16
अतिरिक्त (लेग बाई 01, नोबॉल 02, वाइड 04) 07
कुल (19 ओवर में, तीन विकेट पर) 192
विकेट पतन: 1-82, 2-125, 3-168
गेंदबाजी: विली 3-0-16-1, वोक्स 4-0-40-0, वुड 2-0-22-1, जोर्डन 3-0-39-0, मोईन 2-0-28-0, राशिद 3-0-36-0, लिविंगस्टोन 2-0-10-1

## श्रीलंका ने नामीबिया को सात विकेट से हराया

**अबुधाबी।** अपना दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे महीश थीक्षना और वानिंदु हसरंगा की शानदार फिरकी गेंदबाजी के बाद भानुका राजपक्षे (नाबाद 42) और अविष्का फर्नांडो (नाबाद 30) की 74 रन की अटूट साझेदारी से श्रीलंका ने नामीबिया के खिलाफ सात विकेट की शानदार जीत दर्ज की। नामीबिया को 19.3 ओवर में 96 रन पर आउट करने के बाद श्रीलंका ने महज 13.3 ओवर में तीन विकेट पर 100 बनाकर टूर्नामेंट के शुरूआती चरण के ग्रुप ए मैच में जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच थीक्षना ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन जबकि हसरंगा ने इतने ही ओवर में 24 रन देकर दो विकेट झटके। लाहिरु कुमारा ने भी 3.3 ओवर में सिर्फ नौ रन खर्च कर दो सफलता हासिल की। चमिका करूणारत्ना और दुश्मंता चमीरा को एक-एक सफलता मिली। नामीबिया के लिए क्रेग विलियम्स (29) और कप्तान एरार्ड इरास्मस (20) ही कुछ अच्छी बल्लेबाजी कर सके। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा केवल जेजे स्मिट (नाबाद 12) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। लक्ष्य का पीछा करते समय श्रीलंका की टीम 26 रन पर तीन विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन फर्नांडो और राजपक्षे ने चौथे विकेट के लिए शानदार अटूट साझेदारी कर 39 गेंद शेष रहते टीम को लक्ष्य के पार पहुंचा दिया। दोनों में राजपक्षे ज्यादा आक्रामक रहे। उन्होंने 27 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े।

## ओस की भूमिका अहम होगी: रवि शास्त्री

**दुबई।** कोच रवि शास्त्री ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ 24 अक्टूबर से शुरू हो रहे आईसीसी टी-20 विश्वकप अभियान के दौरान टीम ओस की स्थिति को देखकर तय करेगी कि अंतिम एकादश में अतिरिक्त तेज गेंदबाज रखना है या स्पिनर। भारतीय टीम के साथ अपने आखिरी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे शास्त्री ने स्पष्ट किया कि इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो अभ्यास मैचों में मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों की लय का अंदाजा लगाना है।

शास्त्री ने कहा कि हम यह देखने की कोशिश करेंगे कि ओस कितनी है और उस हिसाब से पहले बल्लेबाजी या गेंदबाजी का फैसला करेंगे। इससे हमें अतिरिक्त स्पिनर या तेज गेंदबाज को अंतिम एकादश में रखने का फैसला करने में भी मदद मिलेगी। भारत को अपने सभी मैच शाम को खेलने हैं और ऐसे में ओस की भूमिका अहम हो जाती है। अधिक ओस पड़ने पर स्पिनरों के लिए गेंद पर ग्रिप बनाना मुश्किल हो जाता है। शास्त्री ने कहा कि सभी खिलाड़ी पिछले दो महीने से आईपीएल में खेल रहे थे इसलिए मुझे नहीं लगता कि उन्हें बहुत अधिक तैयारियों की जरूरत है।

# कैंफर और एडेयर के तूफान में उड़ा नीदरलैंड


कर्टिस कैंफर

अभ्यास मैच

भाषा। अबुधाबी

**तेज** गेंदबाजों कर्टिस कैंफर और मार्क एडेयर की तूफानी गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड ने सोमवार को टी-20 विश्व कप के पहले दौर के ग्रुप बी मैच में नीदरलैंड को सात विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। नीदरलैंड के 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड ने गैरेथ डेलानी (29 गेंद में 44 रन, पांच चौके दो छक्के) और सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (39 गेंद में नाबाद 30, एक चौका, एक छक्का) के बीच तीसरे विकेट की 59 रन की साझेदारी की बदौलत 29 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 107 रन बनाकर जीत दर्ज की।

कैंफर (26 रन पर चार विकेट) ने इससे पहले लगातार चार गेंद पर चार विकेट चटकाए जबकि एडेयर ने नौ रन देकर तीन विकेट हासिल किए जिससे नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। जोश लिटल ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 14 रन देकर एक विकेट चटकाया। कैंफर टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार गेंद में चार विकेट चटकाने वाले तीसरे गेंदबाज बने। इससे पहले आफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने आयरलैंड के खिलाफ 2019 में जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने भी 2019 में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ यह कारनामा किया था। आयरलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडोड (51) के अलावा कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेला पाया।

## द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 41 रन से पराजित किया

**अबुधाबी।** एडेन मार्कराम की 48 रन की पारी के बाद तबरेज शम्सी (18 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने अभ्यास मैच में अफगानिस्तान पर 41 रन की बड़ी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाने के बाद अफगानिस्तान को आठ विकेट पर 104 रन ही बनाने दिए। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (07) के सस्ते में पवेलियन लौटने के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मार्कराम ने 35 गेंद की पारी में दो चौके और दो छक्के लगाए। उन्हें सलामी बल्लेबाज और कप्तान तेम्बा बावुमा का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। बावुमा ने 39 गेंद में 31 रन की पारी में दो चौके लगाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए रासी वान डेर डुसेन से 21 और डेविड मिलर ने आखिरी ओवर में 10 गेंद में नाबाद 20 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने गेंदबाजी नहीं की। मुजीब उर रहमान ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए। कप्तान मोहम्मद नबी और नवीन उल हक ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। शुरुआती दो ओवरों में टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज मोहम्मद शहजाद और हजरतउल्लाह जजई बिना खाते खोले पवेलियन लौट गए। टीम इस झटके से उबर नहीं पाई और बल्लेबाज पूरी पारी के दौरान संघर्ष करते दिखे।

## कप्तान बाबर का बल्ला चला पाक ने वेस्टइंडीज को हराया

**दुबई।** कप्तान बाबर आजम ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अर्धशतक जमाया जिससे पाकिस्तान ने अपने पहले अभ्यास मैच में सोमवार को यहां मौजूदा चैंपियन वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराया। वेस्टइंडीज की टीम अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करने में नाकाम रही और पहले बल्लेबाजी का करते हुए सात विकेट पर 130 रन ही बना पाई। उसका कोई भी बल्लेबाज पाकिस्तान के तेज और स्पिन मिश्रित आक्रमण के सामने खुलकर नहीं खेल पाया। पाकिस्तान को लक्ष्य हासिल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। आजम ने 41 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए जबकि फखर जमां ने 24 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की बदौलत नाबाद 46 रन की तूफानी पारी खेली जिससे पाकिस्तान ने 15.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर दिया। पाकिस्तान विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 24 अक्टूबर को भारत के खिलाफ करेगा। उसने मोहम्मद रिजवान (13) का विकेट पावरप्ले के आखिरी ओवर में गंवा दिया लेकिन इसके बाद आजम और जमां ने दूसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। लेग स्पिनर हेडन वॉल्स ने आजम और अनुभवी मोहम्मद हफीज को लगातार गेंदों पर आउट किया लेकिन जमां ने शोएब मलिक (14) के साथ मिलकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। जमां ने वाल्स पर लांग ऑन क्षेत्र में विजई छक्का लगाया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए जिससे उसकी टीम चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक पहुंचने में असफल रही। लेंडल सिमन्स (23 गेंदों पर 18) और क्रिस गेल (30 गेंदों पर 20 रन) ने शुरू में धीमी बल्लेबाजी की।

# टी-20 विश्व कप कैरियर की सबसे बड़ी जिम्मेदारी

भाषा। दुबई

**भारत** के स्टार हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पंड्या का मानना है कि टी-20 विश्व कप उनके कैरियर की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि लाइफ कोच और भाई महेंद्र सिंह धोनी की गैर मौजूदगी में एक फिनिशर के तौर पर सारा भार उनके कंधों पर होगा।

पंड्या ने अपने जीवन की कई चुनौतियों और धोनी के साथ असाधारण तालमेल पर बात की। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले धोनी के बिना भारत का यह पहला टी-20 विश्व कप है। भारत को पहले मैच में 24 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलना है। धोनी को टूर्नामेंट के लिए टीम का मेंटर बनाया गया है। पंड्या ने कहा कि यह कैरियर की सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि इस बार महेंद्र सिंह धोनी नहीं है। सब कुछ मेरे कंधों पर है। मैं इसी तरह से सोचता हूं क्योंकि इससे मेरे लिए चुनौती बढ जाती है। यह रोमांचक टूर्नामेंट होगा। धोनी के बारे में उन्होंने कहा कि हालात अनुकूल नहीं होने पर , परेशानी में या खुद को समझने के लिए वह धोनी के पास जाते हैं। उन्होंने कहा कि एमएस मुझे शुरू ही से समझते आए हैं। मैं कैसे काम करता हूं या मैं कैसा इंसान हूं।



## श्रीलंका के पहले टेस्ट कप्तान वर्णपुरा का निधन

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** के पहले टेस्ट कप्तान बांदुला वर्णपुरा का सोमवार को यहां शहर के अस्पताल में निधन हो गया। वह 68 बरस के थे। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार शरीर में शर्करा का स्तर काफी अधिक बढ़ने के चलते रक्त संचार में समस्या के कारण इसी महीने उनका दायां पैर काटना पड़ा था। ठोस तकनीक वाले सलामी बल्लेबाज वर्णपुरा मध्यम तेज गति की गेंदबाजी करने में भी सक्षम थे।

फरवरी 1982 में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में श्रीलंका की अगुआई करने के अलावा वह देश की ओर से टेस्ट क्रिकेट में पहली गेंद का सामना करने वाले और पहला रन बनाने वाले बल्लेबाज भी थे। इसी मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी (दूसरी पारी में) दोनों में श्रीलंका के लिए आगाज करने का कारनामा भी उन्होंने किया। श्रीलंका क्रिकेट ने उनके निधन पर शोक जताया है।

# आडवाणी, मेहता और लक्ष्मण ने जीत दर्ज की

विश्व स्नूकर क्वालीफायर्स

भाषा। मुंबई

**राष्ट्रीय** चैंपियन आदित्य मेहता और पंकज आडवाणी सहित भारत के तीन क्यू खिलाड़ियों ने सोमवार को यहां जीएससी विश्व स्नूकर क्वालीफायर्स के अपने शुरुआती दो राउंड रोबिन वाइ कैंप (पहला चरण) मैचों में लगातार जीत दर्ज की।

यह क्वालीफायर बीएसएफआई (भारतीय स्नूकर एवं बिलियर्ड्स महासंघ) का राष्ट्रीय चयन टूर्नामेंट है। मेहता ने पहले फ्रेम में 94 के शानदार ब्रेक के साथ शुरुआत करते हुए आरएसपीबी के नीरज कुमार को 4-0 (114-14, 60-53, 67-22, 61-09) से हराया। उन्होंने दूसरे मुकाबले में तेलंगाना के हिमांशु जैन को करीबी मैच में 4-3 से शिकस्त दी। 24 विश्व खिताब जीतने वाले आडवाणी ने पहले मैच में हिमांशु को 4-2 (91-17, 67-73, 66-61, 37-68, 101-36, 83-06) से हराने के बाद नीरज कुमार को 4-0 (77-40, 117-00, 83-13, 59-46) से हराया। पीएसपीबी के लक्ष्मण रावत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पीएसपीबी के ही ध्वज हारिया को 4-1 (74-00, 116-00, 63-00, 14-61, 71-00) से हराया।



## अजहरुद्दीन अबुधाबी बांग्ला टाइगर्स के लिए ब्रांड दूत बने

**अबुधाबी।** बांग्ला टाइगर्स ने भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को आगामी अबुधाबी टी-10 लीग के लिए फ्रेंचाइजी का ब्रांड दूत नामित किया। अजहरुद्दीन टूर्नामेंट से पहले टीम से जुड़ेंगे और खिलाड़ियों को प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाएंगे। टूर्नामेंट 19 नवंबर से अबुधाबी के जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

इसे औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से स्वीकृति और अमीरात क्रिकेट बोर्ड से लाइसेंस हासिल है। इस टीम में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी और मोहम्मद आमिर जैसे दिग्गज है जबकि दक्षिण अफ्रीका कप्तान फाफ डु प्लेसी को आइकन खिलाड़ी नामित किया गया है। अजहर ने कहा कि बांग्ला टाइगर्स जैसी फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ना शानदार है। हमारी टीम में कुछ रोमांचक खिलाड़ी हैं।

# करो या मरो के मुकाबले में फंसा बांग्लादेश

## ●मेजबान ओमान के साथ मुकाबला आज

भाषा। अल अमेरात (ओमान)

**बांग्लादेश** की टीम टी-20 विश्व के पहले मुकाबले में शिकस्त के बाद मंगलवार को यहां जब करो या मरो के मुकाबले में मेजबान ओमान के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें अपनी बल्लेबाजी की समस्याओं को दूर करके जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। बांग्लादेश टूर्नामेंट में छठे नंबर की टीम के रूप में उतरा है जिसने स्वदेश में न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया जैसी टीमों को शिकस्त दी थी।

रविवार को हालांकि लचर बल्लेबाजी के कारण उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ छह रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश ने एक समय स्कॉटलैंड का स्कोर छह विकेट पर 53 रन कर दिया था लेकिन इसके बावजूद जीत दर्ज करने में नाकाम रहा। कप्तान महमूदुल्लाह ने इस हैरान करने वाली हार के लिए बल्लेबाजी को दोषी ठहराते हुए कहा कि उन्हें ओमान के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिसने एकतरफा मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को हराया। सुपर 12 चरण में जगह बनाने का दावा बरकरार रखने के लिए बांग्लादेश को मंगलवार को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

महमूदुल्लाह ने कहा कि बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमने स्वयं को निराश किया, यह बड़ी चिंता की बात है और हमें देखना होगा कि हमने कहां गलतियां की और कोशिश करनी होगी कि अगले मुकाबले में हम इन गलतियों को नहीं दोहराएं।

# कैमरन नॉरी और बाडोसा ने इंडियन वेल्स खिताब जीता

एपी। इंडियन वेल्स

**कई** बड़े खिलाड़ियों ने कोरोना महामारी के कारण देर से आयोजित बीएनपी परीबस ओपन में भाग नहीं लिया तो कई बड़े नाम उलटफेर का शिकार हो गए। नतीजतन दो ऐसे खिलाड़ी चैम्पियन बने जो विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में भी नहीं हैं।

ब्रिटेन के कैमरन नॉरी ने निकोलोज बासिलाश्विली को 3-6, 6-4, 6-1 से हराकर पुरुष एकल खिताब जीता। वहीं स्पेन की पाउला बाडोसा ने विक्टोरिया अजारेंका को 7-6, 2-6, 7-6 से मात देकर खिताब अपने नाम

वह पहली बार खेलते हुए यह टूर्नामेंट जीतने वाली तीसरी महिला बन गई। नोवाक जोकोविच, रफेल नडाल, रोजर फेडरर, नाओमी ओसाका और सेरेना विलियम्स ने इस टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था। वहीं दानिल मेदवेदेव और कैरोलिना प्लिसकोवा जैसे शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी उलटफेर का शिकार हो गए। नॉकी और बाडोसा ने अपने कैरियर का सबसे बड़ा खिताब जीता और 12 लाख डॉलर भी अपनी झोली में डाले। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर काबिज नॉरी से पहले इवान जुबिचिच (2019), एलेक्स कोरेत्जा (2000) और जिम कूरियर (1991) शीर्ष 25 से बाहर रहने के बावजूद खिताब जीतने वाले खिलाड़ी थे। वहीं महिला वर्ग में बियांका आंद्रिस्कू ने 2019 में और सेरेना विलियम्स ने 1999 में पदार्पण करके टूर्नामेंट जीता था।



## ला लीगा: बार्सीलोना ने वालेंशिया को हराया

**मैड्रिड।** लियोनेल मेसी के जाने के बाद बार्सीलोना के नए सितारे बनकर उभर रहे 18 वर्ष के एंसू फाटी के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में वालेंशिया को 3-1 से हराया। फाटी ने एक गोल करने के अलावा टीम को एक पेनल्टी भी दिलाई।

मेंफिस डिपे और फिलीपे काउंटिन्हो ने भी बार्सीलोना के लिए गोल किए। इस जीत के बाद अब बार्सीलोना सातवें स्थान पर है और उसे एक मैच और खेलना है।

घुटने की चोट के कारण 10 महीने मैदान से दूर रहे फाटी ने पिछले महीने वापसी की लेकिन लगातार तीन मैचों में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर आए। पहली बार वह इस मैच में शुरूआती टीम में थे।

अन्य मैचों में तीसरे स्थान पर काबिज सेविला ने सेल्टा विगो को 1-0 से हराया। वहीं ओसासुना ने विलारीयाल को 2-1 से मात दी। रायो वालेकानो ने एल्चे को 2-1 से हराया।

# सिंधू की नजरें जीत के साथ वापसी पर

डेनमार्क ओपन बैडमिंटन

भाषा। ओडेन्से

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैम्पियन पी वी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के जरिए एक ब्रेक के बाद कोर्ट पर वापसी करेंगी तो उनका लक्ष्य जीत के साथ शुरूआत करने का होगा। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद सिंधू ने ब्रेक लिया था। अब वह कोरोना महामारी में निलंबन के बाद शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर में अच्छा आगाज करने को बेताब होंगी।

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल भी ग्रोइन की चोट से उबरकर वापसी करेंगी। चोट के कारण पिछले सप्ताह उबेर कप फाइनल में उन्हें पहले मैच से ही रिटायर होना पड़ा था। चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू का सामना पहले मैच में तुर्की की नेसलिहान यिजिट से होगा जबकि साइना जापान की आया ओहोरी से खेलेगी।

रियो ओलंपिक 2016 की रजत पदक विजेता सिंधू दूसरे दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूगफान से खेल सकती है जिसमें जीतने पर मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त कोरियाई खिलाड़ी अन सियंग से हो सकता है। चिराग शेट्टी और सात्विक साइराज रांकिरेड्डी पर भी सभी की नजरें होंगी। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पहले दौर में इंग्लैंड के कालम हेमिंग और स्टीवन स्टालवुड से खेलेगी।

दोनों ने डेनमार्क में थॉमस कप फाइनल में चारों मैच जीते थे। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन पहले दौर में हमवतन सौरभ वर्मा से खेलेंगे। लक्ष्य सुदीरमन कप और थॉमस कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके थे। ट्रायल में एकमात्र मैच हारने के बाद उन्हें बाहर रहना पड़ा लेकिन रविवार को डच ओपन में उपविजेता रहकर उन्होंने वापसी की। किदाम्बी श्रीकांत और बी साइ प्रणीत सुदीरमन कप और थॉमस कप फाइनल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। वे पहले दौर में एक दूसरे से खेलेंगे। विजेता को अगले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंतो मोमोता का सामना करना होगा। समीर वर्मा पहले दौर में थाईलैंड के कुन्लावुत वितिदसर्न से खेलेंगे जबकि एस एच प्रणय की टक्कर इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगी। पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन पारूपल्ली कश्यप का सामना चीनी ताइपै के चौथी वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन से होगा।

महिला युगल में एन सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा तथा मेघना जक्कामपुडी और एस राम पूर्विषा उतरेंगे। मिश्रित युगल में पोनप्पा और सात्विक पहले दौर में चीन के फेंग यान झे और डु यूए से खेलेंगे।



# भारत-इजराइल के सामने एक सी चुनौती: जयशंकर

**भाषा** । यरूशलम

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने यहां भारतीय–यहूदी समुदाय तथा भारत विदों से कहा कि भारत और इजराइल के समाजों को भूराजनीतिक परिदृश्य पर उभरते कई घटनाक्रमों के साथ ही कट्टरपंथ और आतंकवाद जैसी एक समान चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विदेश मंत्री के तौर पर इजराइल की अपनी पहली यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने दोनों देशों के बीच सदियों पुराने संबंधों में भारतीय यहूदी समुदाय के उल्लेखनीय योगदान की सराहना की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को पांच दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। उन्होंने विश्वास जताया कि इजराइल में भारतीय यहूदी समुदाय आने वाले वर्षों में दोनों देशों को और करीब लाएगा। जयशंकर ने कहा कि बीते चार वर्षों में यह इजराइल का उनका तीसरा दौरा है लेकिन हर बार यहां से लौटते वक्त उन्हें अहसास होता है कि यात्रा अधूरी रही है।

उन्होंने कहा कि भारत की तरह ही इस जगह को भी समझने और खोजने के लिए पूरा जीवन लग जाएगा। इसलिए यहां, एक ऐसी भूमि पर वापस आकर मुझे खुशी मिलती है जिसके साथ हमारे सदियों पुराने संबंध हैं, और ऐसे लोगों के बीच आकर भी, जो इन संबंधों को पोषण देने वाली गर्भनाल की तरह हैं। जयशंकर ने कहा कि इजराइल के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध बीते कुछ वर्षों में गुणात्मक रूप से अलग राह पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे दोनों देश लोकतंत्र और बहुलवाद के मूल्यों को साझा करते हैं। हम अपने कुछ मार्गदर्शक सभ्यतागत दर्शन भी साझा करते हैं: भारत में वसुधैव कुटुम्बकम जिसका अर्थ है कि पूरा विश्व एक परिवार है और इजराइल में तिकुन ओलाम जिसका मतलब होता है दुनिया को उबारना (स्वस्थ) करना।

उन्होंने कहा कि दोनों ही देशों के समाजों के समक्ष कट्टरपंथ और आतंकवाद की एक सी चुनौतियां हैं। इनके अलावा हम भूराजनीतिक परिदृश्य पर कई उभरते घटनाक्रमों का भी सामना कर रहे हैं।

भारत को सीमा पार, पाकिस्तान से उभरने वाले प्रमुख खतरों का सामना करना पड़ रहा है वहीं इजराइल भी शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों से घिरा हुआ है। भारत और इजराइल के बीच आतंकवाद निरोधी संयुक्त कार्य समूह है और दोनों देश इस खतरे से निबटने के लिए वास्तविक समय (रियल टाइम) में गोपनीय सूचनाएं भी साझा करते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि वास्तविक जोर तो ज्ञान आधारित हमारी अर्थव्यवस्थाओं के बीच नवोन्मेष और कारोबारी साझेदारी का विस्तार करने पर है। उन्होंने कहा कि मिसाल के तौर पर दोनों देशों ने कोविड–19 महामारी से निबटने के लिए सहयोग किया। उन्होंने कहा कि क्या हम इसे अगले स्तर तक ले जा सकते हैं? वैज्ञानिकों, छात्रों और स्टार्ट–अप के बीच हम किस तरह से संपर्क और सहयोग को और बढ़ा सकते हैं? इस दौरे में अपनी बैठकों के दौरान मैं इन मुद्दों समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा करूंगा। जयशंकर ने कहा कि चार साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल के ऐतिहासिक दौरे पर उनके साथ आने मौका मिला था।



## जयशंकर ने भूदान ग्रोव में पट्टिका का अनावरण किया

**यरूशलम**। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यरूशलम फॉरेस्ट में भूदान ग्रोव (भूदान उपवन) पट्टिका का सोमवार को अनावरण किया और इस प्रकार भारत–इजराइल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित होने से पहले के समय में दोनों देशों के बीच रहे संबंधों के अल्प ज्ञात पक्षों को सामने लाने की पहल की। विकास के लिए गांव को बुनियादी इकाई मानने की महात्मा गांधी की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए भारतीय नेता भूदान और ग्रामदान जैसे सर्वोदय अभियान के समाजवादी विचारों के क्रियान्वयन के तरीके खोजने के दौरान इजराइल के अनेक दौरों पर गए थे।

## भारत और इजराइल अगले महीने से एफटीए पर वार्ता को फिर शुरू करने पर सहमत

**यरुशलम**। भारत और इजराइल सोमवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले महीने से बातचीत फिर शुरू करने पर सहमत हो गए जो लंबे समय से लंबित करार के अगले साल जून तक पूरा होने को लेकर आश्वस्त हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजराइल के वैकल्पिक प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री याइर लापिद से मुलाकात के बाद कहा, हमारे अधिकारी वास्तव में नवंबर में भारत–इजराइल मुक्त व्यापार वार्ता को फिर शुरू करने पर सहमत हुए हैं। उन्हें पूरा भरोसा है कि हम अगले जून तक वार्ता को पूरा करने में सक्षम होंगे। एफटीए को लेकर दोनों पक्षों के बीच एक दशक से अधिक समय से चर्चा चल रही है, लेकिन यह पहली बार है कि प्रक्रिया को गंभीरता प्रदान करते हुए एक निश्चित समय सीमा निर्धारित की गई है।

## अमेरिका में कश्मीर में बढ़ते इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन

**एपी** । वाशिंगटन

**दक्षिण** फ्लोरिडा में भारतीय–अमेरिकी समुदाय के लोगों ने अपने यहूदी मित्रों के साथ, भारत के कश्मीर में बढ़ते इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का आयोजन कश्मीर हिंदू फाउंडेशन (केएचएफ) ने किया। इसमें प्रदर्शनकारियों ने कश्मीर में अल्पसंख्यकों के खिलाफ इस्लामी जिहाद रोकें, इस्लामी आतंकवाद का मुकाबला करें जैसे नारे लगाए।

केएचएफ के संस्थापक सदस्य दीपक गंजू ने वैश्विक समुदाय से अनुरोध किया कि अब ए समझे कि दुनिया में मानवाधिकारों का सबसे भयावह तरीके से उल्लंघन कश्मीर में हो रहा है। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कई प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 1990 में उनके परिवारों को कश्मीर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा और वे अब भी अपने घर लौटने में सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं।

प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से घाटी में बचे अल्पसंख्यक समुदाय के अन्य सदस्यों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि चुन–चुनकर की जाने वाली हत्या की घटनाएं अब और न हों।

## कुवैत में तेल रिफाइनरी में लगी आग, कई घायल

**दुबई**। 18 अक्टूबर (एपी) कुवैत में एक प्रमुख तेल रिफाइनरी में सोमवार को आग लग गई। कुछ श्रमिक धुएं की चपेट में आकर अस्वस्थ हो गए जबकि कुछ मामूली रूप से घायल हैं। कुवैत की नेशनल पेट्रोलियम कंपनी के अनुसार कुवैत की फारस की खाड़ी के उत्तर में सऊदी अरब से लगती सीमा के इलाके में स्थित मीना अल–अहमदी तेल रिफाइनरी में आग लगने से बिजली की आपूर्ति या तेल निर्यात प्रभावित नहीं हुआ। कुवैत के घरेलू बाजार में मुख्य रूप से गैसोलीन और डीजल की आपूर्ति करने के लिए रिफाइनरी एक दिन में 25,000 बैरल तेल का शोधन करती है। कंपनी ने बताया कि कई कर्मी निकट के अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। तेल उत्पाद से सल्फर अलग करने वाली रिफाइनरी की इकाई में दमकल कर्मी आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। कुवैत के तटीय फहील जिले के निवासियों ने एक भयानक विस्फोट की आवाज सुनने की जानकारी दी। लोगों ने राजमार्ग के ऊपर उठ रहे काले धुएं के गुबार के फुटेज सोशल मीडिया पर साझा किए। कुवैत की कुल आबादी 41 लाख है लेकिन यहां दुनिया में छठा सबसे बड़ा ज्ञात तेल भंडार है।

## चीन की कम्युनिस्ट पार्टी अगले महीने बैठक करेगी

**बीजिंग**। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) अगले साल बड़े नेतृत्व परिवर्तन और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के लिए संभवत: तीसरे कार्यकाल का मार्ग प्रशस्त करने के लिए होने वाले महासम्मेलन से पहले नवंबर में एक महत्वपूर्ण बैठक करेगी। इस संबंध में यहां एक आधिकारिक घोषणा में कहा गया कि सीपीसी की केंद्रीय समिति आठ से ग्यारह नवंबर तक बीजिंग में अपने पूर्ण सत्र का आयोजन करेगी और इस दौरान बड़ी उपलब्धियों पर संकल्प पारित किया जाएगा तथा पार्टी के 100 साल के कार्यों के ऐतिहासिक अनुभवों की समीक्षा की जाएगी। सरकार संचालित शिन्हुआ समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार यह निर्णय चिनफिंग की अध्यक्षता वाली सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो की एक महत्वपूर्ण बैठक में हुआ।
छठा पूर्ण सत्र काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह अगले साल बड़े नेतृत्व परिवर्तन और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के लिए संभवत: तीसरे कार्यकाल का मार्ग प्रशस्त करने के वास्ते होने वाले महासम्मेलन से पहले पार्टी की सबसे बड़ी बैठक है।

## अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री पावेल का निधन

**वाशिंगटन**। अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री व ज्वाइंट चीफ्स के पूर्व अध्यक्ष कोलिन पावेल की कोविड–19 संबंधी जटिलताओं के कारण मृत्यु हो गई। उनके परिवार की तरफ से सोमवार को यह जानकारी दी गई। सोशल मीडिया पर एक घोषणा में, परिवार ने कहा कि पावेल का पूर्ण टीकाकरण हो चुका था। परिवार ने कहा कि हमने एक शानदार और प्यार करने वाले पति, पिता, दादा और एक महान अमेरिकी को खो दिया है।

## भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक सम्मानित

**वाशिंगटन**। भारतीय–अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ. विवेक लाल को दुबई में रिटोसा फैमिली समिट्स में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर एंथनी रिटोसा ने पुरस्कार समारोह में कहा, आप लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के हकदार हैं और मैं आपको उन सभी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं देता हूं, जो हमारी इस दुनिया को एक बेहतर स्थान बना रही हैं। अपने बेमिसाल काम के जरिए इसे जारी रखिए। कार्यक्रम के संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. लाल को भारत–अमेरिका रक्षा व्यापार को बढ़ाने और दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौतों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। उन्हें उत्कृष्ट दृष्टिकोण, समर्पण और सफलता के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉ. लाल को यह पुरस्कार संयुक्त अरब अमीरात के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जायौदी की उपस्थिति में दिया गया। इस कार्यक्रम में विश्व के कई प्रभावशाली नेता शामिल हुए। इनके अलावा कारोबारी समूह के मालिक, शेख, शाही परिवार के लोग, निजी निवेश कम्पनियों के पेशेवर आदि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## रूस ने नाटो के लिए अपना मिशन स्थगित किया

**मॉस्को**। रूस के विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा कि उनका देश नाटो के लिए अपना मिशन स्थगित कर रहा है। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि सैन्य गठबंधन में रूस के मिशन के आठ सदस्यों को नाटो द्वारा पिछले हफ्ते निष्कासित करने के जवाब में यह कदम उठाया गया है। नाटो का आरोप है कि रूस के मिशन के कुछ सदस्य खुफिया के तौर पर गोपनीय तरीके से काम कर रहे थे और उसने अपने मुख्यालय में मॉस्को की टीम को आधा कर दिया। लावरोव ने घोषणा की कि मॉस्को में नाटो के सैन्य संपर्क एवं सूचना कार्यालयों को बंद कर दिया जाएगा। लावरोव ने कहा कि नाटो के जानबूझकर की गई कार्रवाई के जवाब में हम नाटो के लिए अपने स्थाई मिशन का काम संभवत: एक नवंबर से रोक रहे हैं, इसमें मुख्य सैन्य राजदूत का कार्य भी शामिल है। इसमें कुछ और दिन भी लग सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी गठबंधन और मॉस्को के बीच संपर्क बेल्जियम में रूस के दूतावास के माध्यम से किया जा सकता है। रूस द्वारा 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया प्रायद्वीप को अलग करने के बाद ही नाटो ने व्यावहारिक रूप से रूस के साथ सहयोग खत्म कर दिया था, लेकिन उच्चस्तरीय बैठक और दोनों सेनाओं के बीच समन्वय के लिए मार्ग खुला रखा था। लेकिन इसके बाद से नाटो–रूस परिषद की यदा–कदा ही बैठक हुई है।

## पत्नी की हत्या करने वाले आजीवन कारावास की सजा

**लंदन**। ब्रिटेन की एक अदालत ने भारतीय मूल के 28 वर्षीय एक व्यक्ति को जेल की सजा सुनाई है जिसने अपनी पत्नी की हत्या कर शव को सड़क पर छोड़ दिया था। जुर्म कबूलने के बाद उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। लीस्टरशायर क्राउन कोर्ट को बताया गया कि कशिश अग्रवाल ने अपनी पत्नी गीतिका गोयल पर इस वर्ष तीन मार्च को मध्य इंग्लैंड के लीस्टर स्थित विंटर्सडेल रोड आवास पर हमला किया था। उसने हत्या के बाद उसके शव को कार में डालकर सड़क पर छोड़ दिया और फिर वापस अपने घर लौट गया। अग्रवाल को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है जिसके तहत वह कम से कम 20 वर्ष छह महीने जेल की सजा भुगतने के बाद ही पैरोल पर छूट सकेगा। लीस्टरशायर पुलिस में ईस्ट मिडलैंड्स स्पेशल ऑपरेशन यूनिट की निरीक्षक जेनी हेग्स ने कहा, आज की सजा से गीतिका वापस तो नहीं आ सकेगी लेकिन मुझे उम्मीद है कि इससे गीतिका के परिवार को न्याय जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा, गीतिका महज 29 वर्ष की थी जिसकी हत्या उस व्यक्ति ने कर दी जिस पर उसे विश्वास था और उसने उसके शव को सड़क पर डाल दिया। अग्रवाल ने अपने अपराध को छुपाने के लिए अपनी पत्नी के फोन से उसके परिवार एवं दोस्तों को कॉल किया और कहा कि शाम को काम से घर लौटने के बाद उसने अपनी पत्नी को नहीं देखा है।

# मिसाइल नहीं, हाइपरसोनिक यान का परीक्षण किया: चीन

**भाषा** । बीजिंग

**चीन** ने सोमवार को कहा कि उसने एक हाइपरसोनिक यान (व्हीकल) का परीक्षण किया है, न कि परमाणु–सक्षम हाइपरसोनिक मिसाइल का। एक प्रमुख ब्रिटिश समाचार पत्र ने अपनी खबर में दावा किया था कि चीन ने उन्नत अंतरिक्ष क्षमता वाली एक हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है और यह लगभग 24 मील की दूरी के अंतर से अपने लक्ष्य को भेदने में चूक गई।

समाचार पत्र फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) की खबर के मुताबिक, चीन ने अगस्त में एक परमाणु–सक्षम मिसाइल का परीक्षण किया, जिसने अपने लक्ष्य की ओर तेजी के साथ बढ़ने से पहले पृथ्वी का चक्कर लगाया। इसमें कहा गया कि इस परीक्षण से अमेरिकी खुफिया एजेंसियां भी हैरान हो गई।

खबर के अनुसार चीनी सेना ने एक रॉकेट को प्रक्षेपित किया, जिसमें एक हाइपरसोनिक ग्लाइड यान था। तीन लोगों द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के अनुसार, मिसाइल लगभग 24 मील दूरी के अंतर से अपने लक्ष्य को भेदने में चूक गई।

इस खबर पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक हाइपरसोनिक यान का परीक्षण किया गया था। उन्होंने कहा, यह मिसाइल नहीं बल्कि एक यान है। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम इस परीक्षण को समझते हैं, यह वाहन की तकनीक के बार–बार उपयोग को सत्यापित करने के लिए केवल एक नियमित अंतरिक्ष यान परीक्षण है। उन्होंने कहा, यह लागत को कम करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और मानवता के लिए, अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए एक किफायती और सस्ता साधन भी प्रदान कर सकता है।

झाओ ने कहा कि कई अन्य देश और कंपनियां इसी तरह के परीक्षण कर रही हैं। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग के वास्ते प्रयास करने के लिए चीन बाकी दुनिया के साथ मिलकर काम करेगा।

उन्होंने दोहराया कि अगस्त में किए गए परीक्षण में मिसाइल नहीं बल्कि एक यान शामिल था। यह पूछे जाने पर कि क्या यह एक यान था, मिसाइल नहीं तो झाओ ने कहा कि मेरा जवाब एक बड़ी हां है। अमेरिका, रूस और चीन सभी हाइपरसोनिक हथियार विकसित कर रहे हैं, जिसमें ग्लाइड यान शामिल हैं जो रॉकेट पर अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किए जाते हैं, लेकिन अपनी गति के तहत पृथ्वी के चक्कर लगाते हैं।

इस बीच सरकारी ग्लोबल टाइम्स ने एक संपादकीय में कहा कि एफटी की खबर की विश्वसनीयता पर चर्चा करना व्यर्थ है। इसमें कहा गया है, लेकिन इस प्रवृत्ति पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि चीन कुछ प्रमुख सैन्य प्रौद्योगिकियों में अमेरिका के साथ अंतर को कम कर रहा है क्योंकि चीन लगातार अपनी आर्थिक और तकनीकी ताकत विकसित कर रहा है।

# एमेस को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद में विशेष सत्र का नेतृत्व करेंगे जॉनसन

**एपी** । लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन हमले में मारे गए कंजरवेटिव पार्टी के सांसद डेविड एमेस को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद के विशेष सत्र का नेतृत्व करेंगे। अपने संसदीय क्षेत्र में लोगों से मिलने के दौरान सांसद की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी जिससे नेताओं की सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं।

सोमाली मूल के 25 वर्षीय ब्रिटिश युवक अली हरबी अली को सांसद डेविड एमेस की हत्या के संदेह में आतंकवाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रतीत होता है कि संदिग्ध ने अकेले ही घटना को अंजाम दिया और उसका इस्लामी चरमपंथ की ओर झुकाव हो सकता है। सांसद एमेस करीब 40 साल संसद के सदस्य रहे, उनकी हत्या ने ब्रिटेन खासकर इसके राजनेता वर्ग को झकझोर दिया है। पांच साल पहले लेबर पार्टी की सांसद जो कॉक्स की भी एक धुर दक्षिणपंथी चरमपंथी ने हत्या कर दी थी। ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमंस में तीन सप्ताह के अवकाश के बाद सोमवार को सत्र की शुरुआत हुई और अधिकतर कार्यवाही की जगह एमेस को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम का आयोजन होने वाला है। इसके बाद संसद परिसर में स्थित सेंट मारग्रेट्स गिरजाघर में शोक प्रार्थना का आयोजन होगा।

सरकार ने शुक्रवार की घटना के बाद सांसदों की सुरक्षा की समीक्षा का आदेश दिया है।

## पाकके विपक्षी दलों ने आईएसआई प्रमुख का इस्तीफा मांग

**लहौर**। पाकिस्तान के विपक्षी दलों ने एक असामान्य घटनाक्रम में मांग की है कि देश की खुफिया एजेंसी इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को इस्तीफा देना चाहिए। विपक्षी दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट ने शनिवार को पंजाब प्रांत के फैसलाबाद में आयोजित एक रैली में कहा, फैज हमीद इस्तीफा दो। रैली में हमीद के खिलाफ नारे भी लगाए गए जिन पर विपक्ष, खासकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) की ओर से इमरान खान का कठपुतली शासन स्थापित करने के लिए राजीतिक इंजीनियरिंग करने का आरोप लगाया जाता रहा है। स्थानीय मीडिया ने रैली में हमीद के खिलाफ की गई नारेबाजी को संपादित कर दिया रविवार को हमीद के इस्तीफे की मांग से संबंधित एक वीडियो क्लिप वायरल होने के बाद गृह मंत्री शेख राशिद ने पीएमएल–एन की उपाध्यक्ष मरयम नवाज को आग से न खेलने की चेतावनी दी। आईएसआई प्रमुख की नियुक्ति पर असैन्य और सैन्य नेतृत्व के बीच गतिरोध है, क्योंकि प्रधानमंत्री इमरान खान हमीद को बदलना नहीं चाहते। मरयम ने कहा कि इमरान खान अपने स्वार्थें को पूरा करने के लिए सरकार के संस्थानों को कमजोर कर रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरयम ने कहा कि इमरान खान वास्तव में अपने गॉडफादर (हमीद) को बचाने की कोशिश कर रहे हैं जिन्होंने उनके (इमरान) लिए चुनाव में गड़बड़ी कराई। उन्होंने कहा कि हमीद अपने विरोधियों पर अत्याचार कर रहे हैं और अनुकूल निर्णय लेने के लिए न्यायाधीशों को ब्लैकमेल कर रहे हैं तथा पत्रकारों का अपहरण करा रहे हैं। मरयम ने कहा कि इमरान का कहना है कि वह हमीद को अफगानिस्तान के मुद्दे से निपटने और उनकी गहरी जानकारी की वजह से आईएसआई प्रमुख बनाए रखना चाहते हैं, लेकिन सच यह है कि इमरान अपने शासन को लंबा खींचना चाहते हैं क्योंकि वह जानते हैं यदि आईएसआई प्रमुख को बदला गया तो उनकी सरकार ताश के पत्तों की तरह गिर जाएगी।

# कोवैक्सीन को आपात इस्तेमाल के लिए सूचीबद्ध करने पर अगले हफ्ते विचार करेगा डब्ल्यूएचओ

**भाषा** । संयुक्त राष्ट्र

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन का तकनीकी सलाहकार समूह भारत में कोविड–19 रोधी टीकाकरण अभियान में इस्तेमाल किए जा रहे कोवैक्सीन टीके को आपत इस्तेमाल के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करने के मकसद से 26 अक्टूबर को बैठक करेगा।

वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी की प्रमुख वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने यह जानकारी दी। कोवैक्सीन का निर्माण करने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने इस टीके के लिए 19 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन को ईओआई (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) सौंपा था। स्वामीनाथन ने रविवार को ट्वीट किया कि कोवैक्सीन को आपात इस्तेमाल के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करने के मकसद से तकनीकी सलाहकार समूह 26 अक्टूबर को बैठक करेगा। उन्होंने ट्वीट किया, डब्ल्यूएचओ दस्तावेजों को पूरा करने के लिए भारत बायोटेक के साथ निकटता से मिलकर काम कर रहा है। हमारा लक्ष्य आपात इस्तेमाल के लिए स्वीकृत टीकों का एक व्यापक पोर्टफोलिया रखना और सब जगहों की आबादी तक इसकी पहुंच का विस्तार करना है।

हाल में भारत बायोटेक ने कहा था कि उसने आपात इस्तेमाल के उद्देश्य से सूचीबद्ध करने के लिए डब्ल्यूएचओ को कोवैक्सीन से जुड़े सभी आंकड़ें दे दिए और वह वैश्विक स्वास्थ्य निगरानी संस्थान से जवाब का इंतजार कर रही है।

दुनियाभर में टीकों के सबसे बड़े उत्पादक भारत ने अपने देश की आबादी को टीके लगाने के लिए इनका निर्यात निलंबित कर दिया था। पिछले महीने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने एलान किया कि भारत विदेशों में टीके की आपूर्ति बहाल करेगा।

## रूस में कोरोना के मामले 80 लाख के पार

**मास्को**। रूस में कोरोना वायरस के कुल संक्रमितों की संख्या 80 लाख के पार चली गई है। साथ ही , देश में रोजाना सामने आने वाले मामलों की संख्या भी कम नहीं है। राष्ट्रीय कोरोना वायरस कार्यबल ने सोमवार को बताया कि पिछले दिन कोविड–19 के 34,325 नए मरीजों का पता चला जिसके साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या 8,027,012 तक पहुंच गई। कार्यबल ने यह बताया कि देश में पिछले दिन कोविड–19 के 998 मरीजों की जान गई जिससे मृतकों की तादाद 2,24,310 हो गई है। कल का मौत का आंकड़ा शनिवार के आंकड़े से कम है लेकिन यह दर्शाता है कि देश लगातार वायरस के संक्रमण से जूझ रहा है क्योंकि टीकाकरण की दर बहुत कम है।

रूसी अधिकारियों ने लॉटरियों, बोनस और अन्य प्रोत्साहन रियायतों के साथ टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने का प्रयास किया है लेकिन टीकों के प्रति व्यापक संशय एवं अधिकारियों के विरोधाभासी संकेतों के चलते इन प्रयासों को धक्का लगा है। कार्यबल ने सोमवार को कहा कि देश की करीब 14.6 करोड़ की जनसंख्या में से करीब 4.5 करोड़ यानी 32 फीसदी का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है।

इतनी बड़ी संख्या में कोविड–19 के मरीजों की मौत के बाद भी क्रेमलिन ने वैसा राष्ट्रीय लॉकडाउन पुन: लगाने से इनकार कर दिया है जैसा शुरुआती दौर में लगाया गया था। उसने हालांकि क्षेत्रीय प्रशासनों को कोरोना वायरस पाबंदियां लगाने का अधिकार प्रदान किया है।

# अजरबैजान ने आर्मेनिया पर जातीय आधार पर हत्या का आरोप लगाया

**एपी** । द हेग

**अजरबैजान** के विदेश उपमंत्री ने आर्मेनिया पर जातीय आधारित हत्याएं और छह सप्ताह लंबे युद्ध के बाद पिछले साल के अंत में संघर्षविराम समझौता होने के बावजूद नागोर्नो–काराबाख इलाके में बारूदी सुरंगे बिछाना जारी रखने का आरोप लगाया। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में युद्ध से जुड़े दूसरे मामले की सुनवाई शुरू होने के दौरान यह आरोप लगाया गया। अदालत ने पिछले सप्ताह अजरबैजान के खिलाफ आर्मेनिया की शिकायत पर सुनवाई की थी। वह मामला भी पिछले साल की युद्ध से जुड़ा हुआ था जिसमें 6,600 से ज्यादा लोग मारे गए थे। एल्नुर मम्मादोव ने इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस को बताया कि अजरबैजान के लोगों के खिलाफ जातीय आधार पर हत्याएं और हिंसा भड़काने का अभियान जारी है। अजरबैजान ने विश्व अदालत के न्यायाधीश से अनुरोध किया है कि वह आर्मेनिया को बारूदी सुरंगे बिछाना बंद करने, अजरबैजान को बारूदी सुरंगों का नक्शा मुहैया कराने का निर्देश दे ताकि उन्हें सुरक्षित तरीके से हटाया जा सके और आर्मेनिया समूहों को जातीय घृणा भड़काने से रोकने तथा अजरबैजान के लोगों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए कदम उठाएं।

मम्मादोव ने कहा कि आर्मेनिया की सेना द्वारा बिछाए गए बारूदी सुरंगों ने युद्ध के दौरान और उसके बाद अभी तक कम से कम 106 अजरबैजानी नागरिकों की जान ली है जिनमें से 65 असैन्य नागरिक हैं। गौरतलब है कि रूस की हस्तक्षेप के बाद दोनों देशों के बीच फिलहाल संघर्षविराम समझौता लागू है।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय मूल की लड़की के मामले में कानूनी चुनौती प्रक्रिया शुरू की

**भाषा** । मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** सरकार ने एक संघीय अदालत के उस ऐतिहासिक फैसले को लेकर अपनी कानूनी चुनौती की शुरुआत की जिसमें कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन से भविष्य में बच्चों को होने वाले किसी नुकसान से बचाने संबंधी देखरेख की जिम्मेदारी सरकार की है। गत मई में मेलबर्न निवासी भारतीय मूल की हाईस्कूल की 17 वर्षीय छात्रा अंजलि शर्मा और सात अन्य किशोर पर्यावरणविदों ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के खिलाफ कानूनी लड़ाई का नेतृत्व किया था। शर्मा और अन्य ने दलील दी थी कि पर्यावरण में लगातार हो रहे कार्बन उत्सर्जन की वजह से इस सदी के अंत तक जंगलों में भीषण आग, बाढ़, तूफान, बीमारी, आर्थिक क्षति और यहां तक कि मौत जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि पर्यावरण मंत्री सुसन ली को उत्तरी न्यू साउथ वेल्स में विकरी कोयला खदान को विस्तारित करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी देने से रोका जाए। न्यायाधीश मोर्देकई ब्रोमबर्ग ने हालांकि कोयला खदान परियोजना को विस्तारित करने की मंजूरी प्रदान कर दी थी। हालांकि उन्होंने अपने फैसले में यह भी कहा था कि जलवायु परिवर्तन से भविष्य में बच्चों को होने वाले किसी नुकसान से बचाने संबंधी देखरेख की जिम्मेदारी सरकार की है। इस निर्णय को विश्वभर में किशोरों और जलवायु कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण जीत माना गया। ऑस्ट्रेलिया ने जलवायु परिवर्तन से भविष्य में बच्चों को होने वाले किसी नुकसान से बचाने संबंधी देखरेख की जिम्मेदारी से संबंधित फैसले पर कानूनी चुनौती की शुरुआत की।



सेंट लीगर में फ्रेंच प्रेसीडेंट इमेनुएल मैक्रोन्स की पत्नी ब्रिगिटी मैक्रोन्स एक स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों से मिलते हुए

## टॉकटाइम

### शंकर महादेवन

*जिन्होंने सा रे गा मा पा सीजन 30 को जज करने और मार्गदर्शन करने के लिए वापसी की है, शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में बता रहे हैं कि कैसे प्रतियोगियों की क्षमता बदल गयी है, जज करते समय कैसी चुनौतियां पेश आती हैं और कौन सा वो गाना है, जो उनके दिल के बहुत करीब है*

# मैं मौलिक आवाजें सुनकर उत्साहित हो जाता हूं



**■ सा रे गा मा पा के इस सीजन में हम क्या देखेंगे?**

यह शो हमेशा युवाओं, भविष्य के संगीतकारों व विभिन्न शैलियों, विभिन्न आवाज-स्वभावों और विभिन्न पृष्ठभूमि के बेहद प्रतिभाशाली गायकों के लिए एक उत्कृष्ट मंच बनकर उभरता रहा है। यह एक बेहद दिलचस्प शो होने वाला है।

**■ आप पहले भी शो को जज कर चुके हैं। उम्मीदवारों की क्षमता कैसे बदली और विकसित हुई है?**

मैं लगभग नौ साल बाद इस शो में वापस आ रहा हूं। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि आज के युवा इस शो की स्तरीयता को समझ सकते हैं। शायद नौ साल पहले, शो किस स्तर तक पहुंच सकता है और आप का क्या बन सकता है, यह अच्छी तरह से समझा गया था और वे अब और भी कठिन काम करते हैं। वे अच्छी तरह से तैयार हैं। वे जानते हैं कि उन्हें पहली बार में अपनी छाप छोड़नी है। इसलिए, उन्होंने अपने मन और आत्मा को संगीत में लगा दिया। वे जिस पूर्णता, प्रतिभा के साथ वे इसे प्रस्तुत करते हैं, वह अद्भुत है। हमने अभी-अभी ऑडिशन समाप्त किया है और यह पहले से ही एक भव्य समारोह की तरह लग रहा है।

**■ जब निर्णय लेने की बात आती है तो सबसे बड़ी चुनौती क्या होती है?**

जिस तरह से हम न्याय करते हैं, हम जो तलाशते हैं वह है व्यक्तित्व। ऐसे मौके आते हैं जब कुछ आवाजें मूल गायक की मौजूदगी में भी उसको प्रतिरूपित करने का प्रयास करती हैं। मुझे नहीं लगता कि यह हमें उतना उत्साहित करता है जितना कि एक आवाज, जो फूलों की एक नई प्रजाति है – एक आवाज, जो अद्वितीय है। एक प्रतियोगी है, जिसकी आवाज का एक स्वभाव है जो आपको श्वेत-श्याम दौर में वापस ले जाती है। एक छोटी सी लड़की है और वह बेगम अख्तर या नूरजहां की तरह लगती है और यह आपको पूरी तरह से चौंका देता है। मैं ऐसी आवाजें सुनकर उत्साहित हो जाता हूं जो सामान्य नहीं हैं।

वो गाना ब्रेथलेस है। क्योंकि इसने मुझे वो चेहरा दिया है और मुझे वो बनाया है जो मैं आज हूं। जब मैं अपने 30 साल के सफर को देखता हूं, तो मिशन कश्मीर, दिल चाहता है और बंटी और बबली जैसे कई मील के पत्थर मिले हैं। ऐसा कोई गायक या संगीतकार नहीं है जिसके पास कुछ यादें न रही हों। कुछ गाने फिल्म के बीत जाने के बाद भी जीवित रहते हैं। मैंने संगीत में भावनाओं की एक श्रृंखला देखी है। मैंने वर्षों से अलग-अलग संगीत में काम किया है और हर एक का आनंद लिया है।

**■ आप गुरु भी हैं। आप उन्हें क्या कहते हैं?**

असलियत में बहुत सी बातें। प्रिंट में तकनीकी के बारे में बात करना मुश्किल है। कुछ चीजें हैं जिन्हें वे चूक जाते हैं जैसे सांस लेने की तकनीक और एक नोट पिच करना। किसी एक नोट तक पहुंचने के अपने तरीके हैं – आप किसी अन्य नोट की मदद ले सकते हैं या इस नोट को सीधे पिच कर सकते हैं। इसे शब्दों में समझाना मुश्किल है। इसी में हमें मार्गदर्शन देना होता है।

**■ आपके आने के बाद से संगीत उद्योग कैसे बदला है?**

संगीत उद्योग फैशन उद्योग की तरह है। यह भोजन विकल्प की तरह है, जैसा कि जीवन है। परिवर्तन जीवन में एकमात्र शाश्वत है। चीजें और स्वाद बदलते रहते हैं। एक विशेष शैली के प्रति प्यार उभरता है, तो कुछ शैलियां मर जाती हैं और कुछ लंबे समय तक टिकी रहती हैं। इस सब में एक आत्मा है – जो राग, व्यवस्था, गीत और जिस तरह से आप गीत प्रस्तुत करते हैं। अगर ये तत्व मजबूत हैं, तो यह यहां लंबे समय तक रहने वाला है। कुछ कलाकार आज बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और लोग इसे पसंद कर रहे हैं।

**■ आपने बहुत सारी फिल्में की हैं, कोई प्रोजेक्ट या गाना जो आपके दिल के करीब हो?**

वो गाना ब्रेथलेस है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इसने मुझे वो चेहरा दिया है और मुझे वो बनाया है जो मैं आज हूं। जब मैं अपने 30 साल के सफर को देखता हूं, तो मिशन कश्मीर, दिल चाहता है और बंटी और बुबली जैसे कई मील के पत्थर मिले हैं। ऐसा कोई गायक या संगीतकार नहीं है जिसके पास कुछ यादें न रही हों। कुछ गाने फिल्म के बीत जाने के बाद भी जीवित रहते हैं। मैंने संगीत में भावनाओं की एक श्रृंखला देखी है। मैंने वर्षों से अलग-अलग संगीत में काम किया है और हर एक का आनंद लिया है।

**■ हम आपसे आगे क्या उम्मीद कर सकते हैं – इस साल?**

बहुत सारी चीजें हो रही हैं। हमने अभी-अभी तूफान रिलीज की है। फिर बंटी और बुबली 2 है, पृथ्वीराज है, ये दो बड़े यशराज प्रोजेक्ट हैं। रवि उदयवर द्वारा निर्देशित युद्ध है जिस पर हम काम कर रहे हैं। फिर हम फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर मेघना गुलजार की बायोपिक पर काम कर रहे हैं। हम जोया के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। बहुत सारे गैर-फिल्मी साझीदारियां भी हैं। मेरी अकादमी 80 देशों के लोगों को शास्त्रीय संगीत सिखा रही है।

---

# कला और गुणवत्ता ही मुझे प्रेरित करती है

जिहाद में भावना की भूमिका निभाने वाली अल्फीया डोना ने अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह पुरस्कार जीते। उन्होंने कश्मीरी पंडित की भूमिका निभाने की चुनौतियों के बारे में शालिनी सक्सेना के साथ बात की

**❖ जिहाद किस बारे में है?**

यह फिल्म बॉलीवुड की तरह एक खास व्यावसायिक मसाला फिल्म नहीं है। इसे खासतौर पर इंटरनेशनल फेस्टिवल सर्किट के लिए बनाया गया है। यह कश्मीर में चल रहे आतंकवाद पर बनी एक ड्रामा फिल्म है। जब हम जिहाद के बारे में बात करते हैं, तो इसका सीधा सा मतलब है क्रोध को मारना, न कि ईश्वर के नाम पर निर्दोष लोगों को मारना। यह फिल्म एक आतंकवादी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका वास्ता एक कमजोर कश्मीरी पंडित लड़की भावना से पड़ जाता है। वह चार माह की गर्भवती और विधवा है। आगे क्या होता है वही जिहाद की कहानी है।

**❖ आपको परियोजना की किस चीज ने आकर्षित किया?**

एक अभिनेत्री के रूप में, मैं हमेशा यथार्थवादी सिनेमा को आगे बढ़ाना चाहती हूं और अच्छे विषयों वाली फिल्में करना चाहती हूं जिसमें मजबूत स्क्रिप्ट और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं हों जहां मैं अपने अभिनय कौशल को चित्रित कर सकूं। मैं कभी भी फिल्म को सिर्फ एक किरदार निभाने के लिए नहीं लेना चाहती थी, भले ही वो एक बड़ा प्रोडक्शन बैनर हो। कला और गुणवत्ता ही मुझे प्रेरित करती है। निर्देशक राकेश परमार सर द्वारा जिहाद का वर्णन करने के बाद मैं कहानी में इतनी डूब गयी कि मैंने हां कर दी। साथ ही, यह मेरे लिए एक संदेशोन्मुख फिल्म का हिस्सा बनने का एक शानदार अवसर था।

**❖ कैरेक्टर के लिए किस वजह से हां कही?**

भावना -अपने पति को खोने के बाद, जिसे कि आतंकवादियों ने गोली मार दी थी -उदास है और अकेले ही अनेक मुश्किलों का सामना कर रही है।



यह एक मजबूत चरित्र है। वह एक प्यार करने वाली इंसान है लेकिन साथ ही वह मजबूत है और किसी के जीवन को बदलने की क्षमता रखती है। यह कोई ग्लैमरस भूमिका नहीं है, इस बात ने मुझे आकर्षित किया।

**❖ क्या आपकी भूमिका में चुनौतियां थीं?**

मुझे अपनी भाषा में सुधार करना पड़ा और इसके लिए पशिक्षण लेना पड़ा। मैंने इसके लिए कक्षाएं लीं। मैंने स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की, यह देखने के लिए कि वे कैसे बैठते हैं, बात करते हैं, चलते हैं और खाते हैं। मैंने ढीले-ढाले कश्मीरी कपड़े पहने थे। हम घाटी के खतरनाक इलाकों में शूटिंग कर रहे थे। हमें भी धमकियां मिलीं। हमने कई सुरक्षा नियमों का पालन किया।

**❖ आप दुबई की गायिका और अभिनेत्री हैं। आप हिंदी सिनेमा में कैसे आईं?**

मैं बचपन से ही हिंदी सिनेमा से परिचित रही हूं। मैंने अपना एक्टिंग कोर्स न्यूयॉर्क एकेडमी और अनुपम खेर के एक्टर प्रिपेयर्स से किया है। फिर जिहाद के लिए ऑडिशन हो रहे थे, जिस मैंने भाग लिया।

**❖ आप हिंदी और अंग्रेजी में संगीत लॉन्च करना चाहती हैं। उसके बारे में बताएं।**

पहला हिंदी सिंगल मीका सिंह के म्यूजिक एंड साउंड द्वारा लॉन्च किया गया था। फिर मैंने अपने यूट्यूब चैनल पर एक गाना रिलीज किया। लेकिन मैं कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हूं, जिनमें से एक मीका के साथ भी है।

**❖ आपने एक शॉर्ट फिल्म कार्ब भी प्रोड्यूस की थी। यह किस बारे में है?**

यह महिला सशक्तीकरण के बारे में है और महिलाओं को शिक्षा के समान अवसर प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल देती है।

**❖ आपके आगामी प्रोजेक्ट क्या हैं?**

मुझे प्रस्ताव मिल रहे हैं लेकिन मैं कोविड-19 के कारण इसे सहज रूप में ले रही हूं। मैं फिलहाल मात्रा से अधिक गुणवत्ता की तलाश में हूं।

---



# दिल सही जगह

**रश्मि रॉकेट**
**ज़ी5**
**कलाकार : सुप्रिया पाठक, मनोज जोशी, तापसी पन्नू, प्रियांशु पेन्युली, अभिषेक बनर्जी, वरुण बडोला**
**रेटेड : 5.5/10**

**कुछ** फिल्में ऐसी होती हैं जिनकी कहानी बहुत अच्छी होती है और निर्माता एक शानदार विषय चुनते हैं। स्टार कास्ट भी मजबूत है, फिर भी कुछ कमी है जो गूंजने से इंकार कर देती है और इसे एक उत्कृष्ट फिल्म बनाती है। रश्मि इस कैटेगरी में फिट बैठती हैं।

आकर्ष खुराना द्वारा निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला, नेहा आनंद और प्रांजल खंडड़िया द्वारा निर्मित, फिल्म में दिल सही जगह पर है। हालांकि, जो चीज गायब है वह आत्मा है जो जीवन को एक ऐसे विषय में डालती है जो संवेदनशील है और विश्व स्तर पर महिला एथलीटों के लिए लिंग परीक्षण के बारे में बात करता है – एक ऐसा विषय जो वर्षों से बहस में रहा है।

तापसी पन्नू, जिन्होंने पिंक, बदला और थप्पड़ जैसी फिल्में की हैं, रश्मि रॉकेट के पीछे की प्रेरणा शक्ति के बावजूद फिल्म के दूसरे भाग में पूरी तरह से असहाय दिखती हैं। यह थोड़ा अजीब है क्योंकि उसने एक ऐसी महिला के रूप में दिखाया है जो मजबूत दिमाग की है और निश्चित रूप से ऐसी कोई नहीं है जो किसी के आगे झुक जाए, उसे पाने के लिए महिला एथलीटों का एक समूह अकेला छोड़ दें। बेशक, एक दृश्य है जहां वह हिट करती है, लेकिन इससे यह आभास नहीं होता है कि वह किसी भी तरह से लड़की है कि वह फिल्म की शुरुआत में थी।

और यहीं पर रश्मि रॉकेट लड़खड़ा जाती है। एक चरित्र में इस तरह के यू-टर्न को देखना अजीब है – एक महिला से जो एक असहाय महिला पर हावी है – उसके व्यक्तित्व के साथ फिट नहीं है और उसे कैसे लाया गया था। फिर और भी चीजें हैं जो फिट नहीं होती हैं। भुज भूकंप को ही लें जो फिल्म में अपना रास्ता ढूंढता है। 26 जनवरी को 2001 में आए भूकंप में 20,000 से अधिक लोग मारे गए थे और 1,5 लाख से अधिक लोग घायल हुए थे। हालांकि इसका फिल्म या विषय पर कोई असर नहीं पड़ता है, लेकिन दो सेकंड की फटी हुई धरती उस तबाही को दूर ले जाती है। लेकिन सब खो नहीं गया है। फिल्म के कुछ हिस्से ऐसे हैं जो वास्तव में प्रेरणादायक हैं – तापसी पन्नू को अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ लड़ने की जरूरत है। उनके पास जो मजबूत परिवार है – सुप्रिया पाठक द्वारा निभाई गई उनकी मां और प्रियांशु पेन्युली द्वारा निभाई गई पति से। दोनों ने यहां बहुत अच्छा काम किया है। मोहन जोशी भी अपना काम करते हैं, भले ही उनकी स्क्रीन पर उपस्थिति 10 मिनट के लिए ही क्यों न हो।

यह अभिषेक बनर्जी हैं जिन्हें यहां विशेष उल्लेख की आवश्यकता है। वह एक गंभीर वकील की मजाकिया भूमिका बड़ी शिद्दत से निभाते हैं। उनकी यह भूल, शुरुआत में इतनी प्यारी है, जैसे वे जज को योर ऑनर की जगह मैडम कहकर संबोधित करते हैं। अगर आप तापसी पन्नू के फैन हैं तो आपको ये पसंद आएगी।

**— शालिनी सक्सेना**

---

## टेली कथा

# उत्सुकता जगाने वाली वेब सीरीज 'शबाना'

**भारतीय** टेलीविजन की लोकप्रिय जोड़ी, प्रिंस नरूला और युविका चौधरी अभिनीत शबाना का पहला टीज़र पोस्टर यहाँ है! उल्लू ओरिजिनल्स ने अपनी आने वाली वेब-सीरीज़ शबाना में पहली बार इस बहुप्रशंसित जोड़े को एक साथ स्क्रीन पर एक साथ लाकर एक कास्टिंग तख्तापलट का प्रबंधन किया है।

अनुभवी अभिनेता अनिल जॉर्ज और तेजतर्रार राहुल देव के साथ, कलाकारों ने चरित्र की त्वचा में उतरने के लिए खुद को तैयार किया है। उल्लू ने नाटक के लिए एक आकर्षक टीज़र पोस्टर का अनावरण किया है। टीज़र पोस्टर दर्शकों ने स्टार जोड़ी को किस रूप में देखा है, इसके विपरीत दिखाया गया है। यह प्रिंस और युविका को दो साधारण, घरेलू, पूरी तरह से बदनाम के रूप




में प्रकट करता है और फिर भी दो युवा लोगों की तरह दिखता है जो एक दूसरे के पास बैठे खुश हैं। उनके चेहरों पर मुस्कान मनोरम है और साथ ही उनके चेहरे पर बड़े-बड़े अक्षर लिखे हुए हैं जो आम आदमी से संबंधित हैं। कई शेड्स डार्क, प्रिंस के चेहरे पर एक देहाती रूखापन है और युविका अपनी मासूमियत और आकर्षण से उन्हें खूबसूरती से कंप्लीट करती हैं।

उल्लू डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, सीईओ, विभु अग्रवाल कहते हैं, शबाना नाम की यह श्रृंखला एक है जिसे उल्लू में हमारी टीम कुछ समय से विकसित कर रही है और हमें इसका पहला रूप साझा करने में खुशी हो रही है। इसकी कहानी से लेकर इसकी कास्टिंग तक इसकी पहली टीज़र पोस्टर, यह उत्सुकता पैदा करने वाला है और उद्योग और दर्शकों को समान रूप से नोटिस करने वाला है।

## शाही अवतार में रकशंदा खान



रकशंदा खान कहती हैं, "मैं तेरे बिना जिया जाए ना को लेकर बहुत उत्साहित हूं क्योंकि यह किसी भी शो से बिल्कुल अलग है जिसका मैं अब तक हिस्सा रही हूं। वास्तव में, हमने एक परी कथा के अंत वाले शो देखे हैं, लेकिन हमारा शो एक परी कथा प्रेम कहानी से शुरू होता है और बाद में जो कुछ भी होता है वह बाकी की कहानी बनाता है। इसमें दिलचस्प मोड़ और मोड़ हैं, और मैं वास्तव में पहली बार इस तरह के शाही किरदार को निभाने के लिए उत्साहित हूं।"


वह आगे कहती हैं, "मुझे उम्मीद है कि सभी मुझे इस शाही अवतार में देखकर आनंद लेंगे। जया मां का मेरा किरदार एक शाही व्यवहार और एक व्यवसाय-उन्मुख दिमाग के साथ शाही परिवार की परंपराओं को बनाए रखने वाले व्यक्ति के साथ बहुत ही शानदार है। उसके पास भी बहुत सारी परतें हैं, इसलिए यह चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ मजेदार भी होगा, और मुझे उम्मीद है कि हर कोई अपना प्यार बरसाता रहेगा।" जया लक्ष्मी या जया मां, जैसा कि उन्हें प्यार से कहा जाता है, अंबिकापुर के शाही परिवार की कार्यवाहक हैं।

## दिलों को जीता रणवीर सिंह ने

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने अपने अभिनय प्रदर्शन, समर्पण और विलक्षण फैशन शैली से सभी का दिल जीत लिया है। लेकिन कलर्स की द बिग पिक्चर पर पहले एपिसोड में वह अपनी दरियादिली से सबका दिल जीत लेंगे। यहां दर्शक पहली प्रतियोगी करिश्मा तूर को देखेंगे, जो हरियाणा की एक पुलिस कांस्टेबल है, जो अपने परिवार के बारे में बात करती है और उन्हें एक बेहतर जीवन देने की कामना करती है। बातचीत के बीच में, वह अभिनेता को बताएगी कि उसे दौड़ना कितना पसंद है।

रणवीर सिंह ध्यान देते हैं और प्रश्नोत्तरी के तुरंत बाद, उन्हें एक जोड़ी दौड़ते हुए जूते भेंट करते हैं। वह अपने घुटने के बल नीचे जाकर जूते पहनने में भी उसकी मदद करता है। कलर्स का द बिग पिक्चर भारत का पहला दृश्य-आधारित क्विज शो है जो 16 अक्टूबर को हर सप्ताहांत रात 8 बजे आपके टेलीविजन के प्रीमियर में संपूर्ण मनोरंजन लाता है। बहुत सारी मस्ती और उत्साह के साथ, यह शो प्रतियोगियों और दर्शकों दोनों को हर हफ्ते और सप्ताहांत में भी बड़ी जीत का वादा करता है!

## सबसे पहला मनोवैज्ञानिक रोमांस



बंगाली मनोरंजन उद्योग से विक्रम चटर्जी और स्मृति कालरा समीक्षकों द्वारा प्रशंसित अभिनेता विनय पाठक के आगामी मनोवैज्ञानिक रोमांस के लिए शामिल हुए। मेमोरी एक्स एक विशेषता है जो समय और दिमाग के सिद्धांत की पड़ताल करती है। यह रोमांचक कथानक लेखक निर्देशक तथागत मुखर्जी द्वारा तैयार किया गया है, जो अविनाबा घोष द्वारा निर्मित है, और तानिया मुखर्जी, तथागत मुखर्जी और देबलीना प्रोडक्शन क्रिएशंस द्वारा सह-निर्मित है। यह आकर्षक कहानी ज्यादातर सिक्किम में फिल्माई गई है। विक्रम और स्मृति क्रमश: अविनाश और श्रुति का किरदार निभाते नजर आएंगे।

## मानसिक सेहत पर टीवी कलाकारों की राय

**मानसिक स्वास्थ्य** पर ध्यान देना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि आपका शारीरिक स्वास्थ्य। मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इसलिए मानसिक बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना और इससे जुड़े कलंक को मिटाना महत्वपूर्ण है। इस विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर, टीवी अभिनेत्री फरहाना फातेमा (शांति मिश्रा) और भाई क्या चल रहा है?, मौका-ए-वरदात की सोनाली निकम (कीर्ति कौल) घर एक मंदिर के ऑपरेशन विजय, की निशा भारद्वाज (निशा अग्रवाल) -कृपा अग्रसेन महाराज की, हप्पू की उलटन पलटन की हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा), और भाभीजी घर पर है की शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी) मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं और स्वस्थ जीवन शैली के टिप्स साझा करती हैं। शांति मिश्रा के रूप में नजर आने वाली फातिमा कहती हैं, "हमारी तेज-तर्रार जिंदगी में हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि फिट रहने के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बनाए रखना जरूरी है। डांस करके मैं खुद को तनाव से मुक्त करती हूं और खुश और ऊर्जावान भी रहती हूं।"

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 3
लखनऊ, मंगलवार, 19 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





मैं मौलिक आवाजें सुनकर उत्साहित हो जाता हूं
विविध-12



www.dailypioneer.com


# भाजपा समर्थित नितिन अग्रवाल बने विस उपाध्यक्ष

- नितिन को 304 और सपा प्रत्याशी नरेंद्र वर्मा को मिले मात्र 60 वोट
- कांग्रेस और बसपा ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



विधानसभा उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद नितिन अग्रवाल को बधाई देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**डिप्टी** स्पीकर पद के लिए विधान सभा के विशेष सत्र में हुए चुनाव में बीजेपी समर्थित प्रत्याशी नितिन अग्रवाल चुनाव जीत गए। नितिन अग्रवाल को 304 वोट मिले जबकि सपा प्रत्याशी नरेंद्र वर्मा को 60 वोट मिले। कुल 368 वोट पड़े जिसमें से चार मत अवैध घोषित कर दिए गए। कांग्रेस और बसपा ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया जबकि बसपा और कांग्रेस के बागी विधायकों ने मतदान में हिस्सा लिया। नितिन अग्रवाल ने सदन में बीजेपी के संख्या बल का पूरा लाभ लेते हुए सबसे अधिक वोटों से जीत दर्ज कराई। सदन के कई सदस्य जिनमें सपा के शिवपाल सिंह यादव, बीजेपी के राजेश अग्रवाल और जेल में निरुद्ध विजय मिश्रा तथा मुख्तार अंसारी वोट डालने नहीं आ सके। कुल 27 सदस्य मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। निर्वाचित होने के बाद नितिन अग्रवाल को नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने उपाध्यक्ष के आसन पर बैठाया, नितिन ने भी मुख्यमंत्री व सुरेश खन्ना के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। विधान सभा अध्यक्ष ने भी अपने आसन पर नितिन को बैठाया और सदन को अनिश्चिकाल के लिए स्थागित करने की घोषणा भी उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने की। सदन में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह समेत दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि बीजेपी का सबका साथ सबका विकास का नारा खोखला है और भाजपा दलितों और पिछड़ों की विरोधी है। वहीं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सपा और बसपा ने 2007 से लेकर 2017 तक संसदीय परंपराओं को तोड़ने का काम किया जबकि बीजेपी सरकार इस परांपरा को निभा रही है। निर्वाचित नितिन अग्रवाल ने कहा कि यह संवैधानिक पद है इसे जातीय राजनीति से न जोड़कर अब राष्ट्रवाद की बात की जानी चाहिए। इससे पहले विधान सभा के विशेष सत्र की कार्यवाही जैसे ही 11 बजे शुरू हुई तो नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि संसदीय इतिहास में आज का दिन काले अध्याय के रूप में लिखा जाएगा। इस चुनाव को टाला जाना चाहिए और सत्ता और विपक्ष के सदस्यों की बैठक बुलाकर सर्व सम्मति से जो नाम तय हो उसे ही निर्वाचित माना जाए। अन्यथा आज की कार्यवाही को संसदीय परंपरा और परिपाटी का हनन माना जाएगा। वहीं विधान सभा अध्यक्ष ने निधन की सूचनाएं ली और पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, अनिल कुमार, रजनीकांत और कमलेश कुमार सिंह को सदन के सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। उसके बाद सदन में निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हुई और 11.55 पर मतदान शुरू हुआ जोकि तीन बजे तक चला, उसके बाद मतगणना शुरू हुई। मतगणना के परिणामों की घोषणा स्पीकर ने करते हुए नितिन अग्रवाल को विजयी घोषित किया।

## सपा के लिए परिवार ही पार्टी, भाजपा के लिए प्रदेश ही परिवार : योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी नितिन अग्रवाल की जीत पर बधाई देते हुए इसे 2022 के विधानसभा चुनाव परिणाम की तस्वीर कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि समाजवादी पार्टी सहित पूरा विपक्ष अंतर्विरोधों से ग्रस्त है। उपाध्यक्ष के चुनाव तक में सपा विपक्ष को एकजुट न कर सकी। इन्हें विस उपाध्यक्ष परिणाम का भी पता था और 2022 के चुनाव परिणाम की जानकारी भी है। जो रिजल्ट आज आया है यही एक बार फिर 2022 में भी आएगा। उन्होंने कहा कि सपा के लिए परिवार ही पार्टी है जबकि बीजेपी के लिए प्रदेश ही परिवार है। सपा के परिवारवाद के ही कारण विधान सभा उपाध्यक्ष पद के चुनाव में इतना विलंब हुआ।

विधान सभा में नितिन अग्रवाल के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद सीएम ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि सपा ने रिजल्ट जानते हुए भी उपाध्यक्ष चुनाव के लिए नरेंद्र वर्मा को प्रत्याशी बनाकर उनके साथ धोखा किया है। सबसे बड़े विपक्षी दल के रूप में सपा की अकर्मण्यता पर तंज कसते हुए सीएम ने कहा कि भाजपा ने पूरे साढ़े चार साल तक इंतज़ार किया लेकिन सपा ने उपाध्यक्ष पद के लिए कोई नाम आगे नहीं किया। इन्हें अपने सदस्यों तक की पहचान नहीं है। अंततः सदन के अंतिम छह माह शेष रहते देख भाजपा ने इस परंपरा को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया। नितिन अग्रवाल के रूप में सदन को एक युवा, ऊर्जावान और अनुभवी उपाध्यक्ष मिलने पर खुशी जताते हुए सीएम योगी ने कहा कि तकनीकी रूप से नितिन भी सपा के ही सदस्य हैं और इस तरह भाजपा ने सदन की परंपरा का ही निर्वाह किया है। 2022 विधानसभा चुनाव में सपा की हार तय होने की बात करते हुए मुख्यमंत्री ने सपा को परिवारवाद की सोच से ऊपर उठकर व्यापक हित में सोचने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि सपा के लिए परिवार ही प्रदेश है जबकि भाजपा के लिए पूरा प्रदेश एक परिवार है।

# तेल की ऊंची कीमतों से वैश्विक अर्थव्यवस्था को पहुंचेगा नुकसान

- भारत ने तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**दुनिया** के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता भारत ने सऊदी अरब और ओपेक (तेल निर्यातक देशों के संगठन) के अन्य सदस्य देशों से कहा कि तेल की ऊंची कीमतें दुनिया में आर्थिक पुनरुद्धार को नुकसान पहुंचाएंगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि ओपेक को तेल की कीमतें वाजिब स्तर पर रखनी चाहिए। इस साल मई से कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी शुरू होने के बाद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। अधिकारी ने कहा कि भारत ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और अन्य तेल उत्पादकों से कहा कि तेल की ऊंची कीमत के कारण वैकल्पिक ईंधन को अपनाने की गति बढ़ेगी और इससे तेल उत्पादकों को नुकसान पहुंच सकता है। भारत पश्चिम एशिया से अपनी तेल जरूरतों का लगभग दो-तिहाई आयात करता है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, तेल की कीमतों को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच हितों का संतुलन बनाना पड़ता है। अभी ए वास्तव में बहुत ज्यादा हैं, क्योंकि आपूर्ति की तुलना में मांग अधिक है। कोविड-19 महामारी पर काबू पाने के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें पिछले साल अप्रैल में 19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक गिर गई थीं। हालांकि, अर्थव्यवस्थाओं के खुलने के साथ ही मांग में तेजी से सुधार हुआ और अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड तब से बढ़कर 85.67 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। अधिकारी ने कहा कि तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल के हफ्तों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, अमेरिका, रूस और बहरीन को तेल की ऊंची कीमतों के मुद्दे से अवगत कराया है। पुरी ने ओपेक के महासचिव, सऊदी अरब और अन्य देशों में अपने पेट्रोलियम मंत्रियों के साथ बैठकों में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव को लेकर भारत की गंभीर चिंताओं के बारे में बताया। अधिकारी के मुताबिक तेल मंत्री ने कहा कि उचित मूल्य निर्धारण उपभोक्ताओं और उत्पादकों के लिए पारस्परिक रूप से फायदेमंद है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा जारी

- 66 घर क्षतिग्रस्त, 20 जलाए गए

**भाषा।** ढाका

**दुर्गापूजा** त्योहार के दौरान पिछले सप्ताह मंदिर में तोड़फोड़ के विरोध में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रदर्शन के बीच बांग्लादेश में हमलावरों के एक समूह ने हिंदुओं के 66 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और करीब 20 घरों में आग लगा दी। यह जानकारी सोमवार को अधिकारियों ने दी।

बीडीन्यूज24 डॉट कॉम ने खबर दी कि सौ से अधिक लोगों की भीड़ ने रविवार की रात को रंगपुर जिले के पीरगंज के एक गांव में आगजनी की, जो यहां से करीब 255 किलोमीटर दूर है। खबर में जिले के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कमरूजम्मां के हवाले से बताया गया कि एक फेसबुक पोस्ट से अफवाह फैली कि गांव के एक युवा हिंदू व्यक्ति ने धर्म का अपमान किया है, जिसके बाद वहां पुलिस रवाना हुई। उन्होंने कहा, घटना कल रात दस बजे के बाद हुई लेकिन अग्निशमन दल ने कम समय के अंदर ही आग पर काबू पा लिया ओर अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। अधिकारी ने बताया कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन हमले में 66 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया और 20 घरों को जला दिया गया।

उन्होंने कहा कि करीब 52 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर और अधिक संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। खबर में बताया गया कि पुलिस व्यक्ति के घर के बाहर तैनात रही वहीं हमलावरों ने दूसरे घरों में आग लगा दी। अग्निशमन नियंत्रण कक्ष ने बताया कि पीरोगंज माझीपारा इलाके में 29 घरों, दो रसोईघरों, दो खलिहानों और सूखी घास के 20 ढेर में आग लगाई गई थी। खबर में बताया गया कि आग लगने के कारणों की पहचान अनियंत्रित भीड़ के रूप में हुई है।

## हत्या मामले में गुरमीत राम रहीम सिंह को उम्रकैद की सजा

**चंडीगढ़ (भाषा)।** सीबीआई की विशेष अदालत ने डेरा के पूर्व प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के 19 साल पुराने मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह और चार अन्य को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। पंचकूला की अदालत ने हत्या के मामले में राम रहीम और चार अन्य- कृष्णलाल, जसबीर सिंह, अवतार सिंह और सबदिल को आठ अक्टूबर को दोषी ठहराया था। सीबीआई के विशेष अभियोजक एच पी एस वर्मा ने कहा, अदालत ने पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। रंजीत सिंह की 10 जुलाई, 2002 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र के खानपुर कोलियां गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक अज्ञात पत्र प्रसारित करने में संदिग्ध भूमिका के चलते उसकी हत्या की गई थी। इस पत्र में बताया गया था कि डेरा प्रमुख डेरा मुख्यालय में किस प्रकार महिलाओं का यौन शोषण करता है। सीबीआई के आरोपपत्र के अनुसार, डेरा प्रमुख का मानना था कि इस अज्ञात पत्र को प्रसारित करने के पीछे रंजीत सिंह था और उसने उसकी हत्या की साजिश रची।

## कुशीनगर हवाईअड्डे के उद्घाटन पर बुद्ध प्रसाद से होगा मेहमानों का स्वागत

**भाषा।** गोरखपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा आगामी 20 अक्टूबर को कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति समेत तमाम मेहमानों का स्वागत पूर्वांचल के मशहूर काला नमक चावल से बने बुद्ध प्रसाद से किया जाएगा। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि कुशीनगर हवाई अड्डे के उद्घाटन कार्यक्रम में 25 प्रतिनिधियों तथा 100 बौद्ध भिक्षुओं समेत तमाम विशिष्ट अतिथियों को पार्टिसिपेटरी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन (पीडीआरएफ) की तरफ से काला नमक चावल से बना बुद्ध प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुशीनगर हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद सांस्कृतिक संबंधों को नई उड़ान मिलेगी और पर्यटन क्षेत्र में नया उछाल आएगा। प्रधानमंत्री इस मौके पर एक राजकीय मेडिकल कॉलेज की आधारशिला भी रखेंगे। पीडीआरएफ के अध्यक्ष राम चेत चौधरी ने कहा सिद्धार्थनगर जिला भगवान बुद्ध की जन्मस्थली से जुड़ा है और इस जिले का काला नमक चावल अपने जायके, खुशबू और पोषक तत्वों के लिए दुनिया भर में मशहूर है। राज्य सरकार ने काला नमक चावल को सिद्धार्थनगर में एक जिला, एक उत्पाद योजना से जोड़ा है जिससे इसे वैश्विक पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि जब कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान काला नमक चावल रूपी तोहफा बौद्ध धर्म के अनुयायियों तथा विशिष्ट मेहमानों को दिया जाएगा तो इसकी ब्रांडिंग और मजबूत होगी। चौधरी ने कहा कि बुद्ध प्रसाद का वितरण पूर्णिमा के अवसर पर होगा जो सनातन तथा बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए आध्यात्मिक तथा धार्मिक नजरिए से बहुत महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसा माना जाता है कि भगवान बुद्ध ने काला नमक चावल से बनी खीर का सेवन करके अपना व्रत तोड़ा था और इस खीर को अपने शिष्यों में भी बांटा था। उन्होंने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि भगवान बुद्ध ने किसानों को काला नमक चावल पैदा करने की सलाह दी थी।

# प्रदेश में किसानों के रेल रोको प्रदर्शन का खास असर नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखीमपुर** खीरी में हुई हिंसा के मामले में केन्द्रीय मंत्री को पद से हटाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के सोमवार को रेल रोको प्रदर्शन का प्रदेश में कोई खास असर नहीं हुआ और इक्का दुक्का घटनाओं को छोड़कर लगभग शांति ही रही। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में कुछ जगह पांच से दस मिनट तक किसानों ने प्रदर्शन किया और ट्रेन रोकने का प्रयास किया लेकिन रेलवे पुलिस की गश्त के कारण वह सफल नहीं हुए। राजधानी लखनऊके दो रेलवे स्टेशनों पर जा रहे किसानों को पुलिस ने बाहर ही रोक लिया, कानपुर में पूरी तरह शांति रही,वहीं किसानों के साथ हुई हिंसा के स्थल लखीमपुर में भी पूरी तरह शांति रही, क्योंकि वहां किसानों ने यह आंदोलन वापस ले लिया था। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवम शर्मा ने बताया कि खुर्जा रेलवे स्टेशन पर किसानों ने गोमती एक्सप्रेस को दो से तीन मिनट तक रोका लेकिन पुलिस के समझाने के बाद किसान वहां से चले गए।



गाजियाबाद में रेल रोकने का प्रयास करते किसान संगठनों के कुछ लोग

## लखीमपुर खीरी मामले में चार और गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के तिकोनिया क्षेत्र में पिछले तीन अक्टूबर को हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत के मामले में सोमवार को चार और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पुलिस ने तिकोनिया कांड मामले में सुमित जायसवाल, शिशुपाल, सत्य प्रकाश त्रिपाठी और नंदन सिंह बिष्ट को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,765 | ↑ 460 | |
| निफ्टी | 18,477 | ↑ 138 | |
| सोना | 46,306 | ↑ 37 | /10g |
| चांदी | 62,328 | ↑ 323 | /kg |

## क्विक न्यूज

### विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव राजभर का निधन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव राजभर का सोमवार को निधन हो गया। वह वर्तमान में बीएसपी के टिकट पर आजमगढ़ की दीदारगंज सीट से विधायक थे। राजभर पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे और लखनऊ के चंदन अस्पताल में भर्ती थे, जहां पर इलाज चल रहा था। बता दें कि जुलाई माह के दौरान बेटे कमलाकांत राजभर के समाजवादी पार्टी में जाने के बाद दीदारगंज विधानसभा सीट से बसपा विधायक सुखदेव राजभर ने बसपा छोड़ने के साथ ही सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा प्रमुख अखिलेश यादव सहित राजनीतिक जगत के अनेक नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# बाढ़ के बीच बर्तन में बैठ शादी करने पहुंचे दूल्हा-दुल्हन

**भाषा।** अलप्पुझा (केरल)

**प्रेम** सरहदों की बेड़ियां तो नहीं ही मानता है, वह प्रकृति के क्रोध के सामने भी खड़ा रहता है। कुछ ऐसा ही केरल में देखा गया जब पेशे से स्वास्थ्यकर्मी एक जोड़ा सोमवार को जलमग्न सड़कों से जूझते हुए एल्युमीनियम के एक बड़े बर्तन में बैठ शादीघर तक पहुंचने और शादी के बंधन में बंधने में सफल रहे। केरल में भारी बारिश के बाद बाढ़ और भूस्खलन से हुई मौतों की दुखद घटनाओं के बीच एक अच्छी खबर आई है। थलावडी में एक मंदिर के निकट जलमग्न शादीघर में दोनों की शादी हुई। शादी में बेहद गिनती के रिश्तेदार आए थे। टीवी चैनलों पर इस जोड़े - आकाश और ऐश्वर्या - के खाना पकाने के बड़े बर्तन में बैठकर शादी के लिए जाने का दृश्य छाया रहा। आकाश ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनका संबंध अंतरजातीय था और ऐश्वर्या के एक रिश्तेदार ने इसका विरोध किया था, जिसके बाद उन्होंने पांच अक्टूबर को शादी पंजीकृत करा ली। इसके बाद दोनों ने बिना विलंब के हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने का निर्णय लिया लेकिन थकाझी में उनके घर के निकट के मंदिर शादी से 15 दिन पहले की बुकिंग ही ले रहे थे।



अलप्पुझा में जलमग्न सड़कों के बीच बर्तन में बैठकर शादी को पहुंचे आकाश और ऐश्वर्या

इसके बाद उन्हें थलावडी में एक मंदिर का पता चला, जो सोमवार को समारोह करने को तैयार हो गया। उन्होंने कहा कि यहां एक छोटा सा समारोह ही होना था जिसमें करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य आमंत्रित थे। लेकिन खाना पकाने वाले बर्तन में बैठकर शादी के लिए जाने की वजह से अब उनकी यह शादी खबरों में आ गई। उन्होंने कहा कि रविवार को मंदिर से उन्हें फोन कर सूचित किया गया था कि वह शादी रद्द करने पर विचार करें क्योंकि परिसर में पानी भर गया है। लेकिन पेशे से स्वास्थ्यकर्मी जोड़ा कोविड-19 ड्यूटी कर रहे थे और ऐसे में अब उन्हें कब छुट्टी मिल पाती यह तय नहीं था। सोमवार को जब यह जोड़ा थलावडी पहुंचा तो मंदिर के बर्तन के साथ उन्हें लाने के लिए लोग तैयार थे। उन्होंने कहा कि कम समय में यही एक विकल्प मौजूद था।

## पश्चिमी उप्र में भारी बारिश

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में भारी बारिश के कारण सोमवार को जनजीवन प्रभावित हुआ तथा कई इलाकों में जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई, जिसके चलते समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को बुढाना में अपनी एक रैली रद्द करनी पड़ी। मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत और मेरठ जैसे जिलों में रविवार की सुबह से ही भारी बारिश हो रही है। इसके कारण जिलों के कई हिस्सों में पानी भर गया है और बिजली आपूर्ति भी बाधित है।

## चारधाम यात्रा ठप उत्तराखंड में बारिश से पांच की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में सोमवार को भूस्खलन में पांच व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि भारी बारिश और बर्फवारी लगातार दूसरे दिन भी जारी रही जिससे नदी नाले उफान पर आ गए और चारधाम यात्रा ठप्प पड़ गई। पौड़ी जिले में भारी बारिश के चलते भूस्खलन का मलबा एक होटल के निर्माण में लगे मजदूरों के तंबू पर आ गिरा जिसमें तीन मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। वहीं चंपावत जिले के सेलखोला में एक मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया जिससे उसमें रहने वाले दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।

# शाहजहांपुर कचहरी में वकील ने वकील की गोली मारकर हत्या की

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**भाषा।** शाहजहांपुर

**प्रदेश** के शाहजहांपुर जिला कचहरी परिसर में एक अधिवक्ता ने सरेआम एक अन्य वकील की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बताया कि आज अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम) के न्यायालय की तीसरी मंजिल पर स्थित कार्यालय में अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह एक क्लर्क के पास खड़े होकर उसे अपने मुकदमे के संबंध में बात कर रहे थे और इसी दौरान गोली लगने से वह गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद बार एसोसिएशन ने हत्या के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मृतक अधिवक्ता के भाई योगेंद्र प्रताप की तहरीर पर अधिवक्ता सुरेश कुमार गुप्ता, गौरव गुप्ता एवं अंकित गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सुरेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भूपेंद्र सिंह ने आरोपी अधिवक्ता सुरेश गुप्ता पर दो दर्जन मुकदमे दायर कर रखे थे जिसको लेकर वह परेशान थे और इसी के चलते उसने इस अपराध को अंजाम दिया है। कुमार ने बताया कि न्यायालय परिसर में हत्या जैसे अपराध होना गंभीर लापरवाही है और इसी के चलते एक दरोगा समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के लिए डॉक्टरों का एक पैनल भी बना दिया गया है।

# आरोप-प्रत्यारोप लोकतंत्र की शोभा, लेकिन संवाद न हो बाधित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** उपाध्यक्ष चुनाव के चलते गरम हो रहे सदन के माहौल में सीएम योगी ने हास्य-विनोद की फुहार भी छोड़ी। मतदान से पहले नेता विपक्ष राम गोविंद चौधरी और संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के बीच हुई तीखी नोक-झोंक पर सीएम ने कहा कि सुबह नेता विपक्ष बड़ी तैश में बातें कर रहे थे लेकिन संसदीय कार्यमंत्री ने भी शाहजहांपुर का आटा खाया है और उसी ताकत से नेता विपक्ष को जवाब भी दिया। अब नेता विपक्ष को बलिया के काले गाजर का हलवा खाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष रामगोविंद संवाद में यकीन रखने वाले एक सज्जन व्यक्ति हैं लेकिन दलीय अंतर्विरोधों को झेलने की ताकत नहीं रखते इसीलिए सदन में अनावश्यक झगड़ पड़ते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर सदन में सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल पर हुई 36 घंटे की विशेष चर्चा का भी उल्लेख किया और कहा कि जब गरीबी, अशिक्षा, महिला उत्थान, युवा कल्याण जैसे विषयों पर विमर्श होता है तो सपा कभी प्रतिभाग नहीं करती। सीएम ने बीते साढ़े चार वर्षों में विधानमंडल में जनमहत्व के अनेक विषयों पर हुई चर्चा में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का आभार भी जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में परंपरा का पालन हम सबके लिए अपेक्षितहै। आरोप-प्रत्यारोप लोकतंत्र की शोभा है लेकिन संवाद बाधित नहीं होना चाहिए। विपक्ष के दलीय नेता अंतर विरोधों को झेलने के लिए ताकत नहीं बटोर पाते हैं। सदन की परंपरा और मर्यादा का पालन सबके लिए आवश्यक है लेकिन सपा को इससे कोई लेना-देना नहीं है। संवाद की परंपरा को बाधित करने का काम हमेशा सपा ने किया है लेकिन हम संवाद की इस परांपरा को हमेशा बचाए रखने का काम करेंगे।

## सपा हमेशा से सदन की कार्यवाही में बाधा डालती रही है: सुरेश खन्ना

**लखनऊ।** संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि कार्य मंत्रणा की बैठक में जो तय हुआ था उसके अनुसार की सदन की कार्यवाही शुरू की गई है लेकिन सपा हमेशा से सदन की कार्यवाही में बाधा डालती रही है और वह काम आज भी सपा कर रही है। उन्होंने कहा कि सदन की परपंरा और संसदीय मर्यादा को हमने ठेस नहीं पहुंचाई यह काम तो 2007 से लेकर 2017 तक बसपा और सपा ने किया है। इतने सालों तक विपक्ष ने विधान सभा उपाध्यक्ष के पद को लेकर एक नाम सर्व सम्मति ने तय कर नहीं दिया। विपक्ष में सिर फुटव्वल की वजह से आज तक कोई नाम ही नहीं तय हो पाया।

## सपा विधायकों ने गुब्बारे उड़ाकर जताया विरोध



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के विधायकों ने सोमवार को विधानसभा विशेष सत्र से पहले विधान भवन के सामने महंगाई के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विरोध कर रहे समाजवादी पार्टी के विधायकों ने काले रंग के गुब्बारे उड़ा कर अपना रोष प्रकट किया। हाथ में गैस सिलेंडर का पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर रहे सपा विधायकों के द्वारा लगातार सरकार विरोधी नारे लगाए जा रहे जा रहे थे। इसके साथ ही प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ ट्वीट करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला। प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई के खिलाफट्वीट करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि हज़ार का सिलेंडर आज जनता को महँगा पड़ रहा है। बाइस के चुनाव में भाजपा को महँगा पड़ेगा।

## भाजपा का दिखा पिछड़ी जाति विरोधी चेहरा: राम गोविन्द चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नेता** प्रतिपक्ष राम गोविन्द चौधरी ने भाजपा को पिछड़ी जाति विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सदन के बाहर पिछड़ा और दलित प्रेम दिखाने का नाटक करती है और कार्य इनके विरोध में करती है । इस पार्टी का पिछड़ों और दलितों से कोई नाता नहीं है। आज सदन में भाजपा ने संविधान, नियम, संसदीय परम्पराओं को ताख पर रखकर समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह वर्मा को उपाध्यक्ष बनने नहीं दिया, क्योंकि वह कुर्मी जाति के पिछड़ी जाति के प्रत्याशी थे। अब तक यह संसदीय परम्परा रही है कि सबसे बड़े विपक्षी दल द्वारा जिसका नाम तय किया जाता था, उसे सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष नियुक्त किया जाता रहा है , इसी तरह सत्ता पक्ष जो नाम तय करता था, उसे सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर आसीन किया जाता रहा है। इस परम्परा का निर्वहन समाजवादी पार्टी सदैव करती आ रही है। समाजवादी पार्टी इस गरिमामयी संसदीय पद पर पिछड़ी जाति के सदस्य को आसीन करना चाहती थी इसीलिए नरेन्द्र सिंह वर्मा का नामांकन सर्वप्रथम कराया था और संसदीय परम्परा अनुसार इन्हें उपाध्यक्ष बनाये जाने का सदन में अनुरोध भी किया परन्तु भाजपा ने नितिन अग्रवाल का नामांकन कराकर संख्या बल के आधार पर उपाध्यक्ष घोषित कर दिया है। यह पूर्णत: अनैतिक है। भाजपा सरकार जब से आयी है तब से संविधान, नियम कानून, संसदीय परम्पराओं का कोई मूल्य नहीं रह गया है। भाजपा जनता द्वारा प्रबल समर्थन का दुरूपयोग कर रही है और संख्या बल के घमंड में मनमाना रवैया अपना रही है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने दी डिप्टी स्पीकर को बधाई

**लखनऊ।** विधान सभा के अध्यक्ष ह्रदय नारायण दीक्षित ने विधान सभा के उपाध्यक्ष पद पर नितिन अग्रवाल को चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी। नितिन अग्रवाल के चयन पर बधाई देते हुये अध्यक्ष ने कहा कि संसदीय परिपाटी में उपाध्यक्ष चुने जाने की व्यवस्था हमारे संविधान में की गयी है। वैदिक परंपरा का जिक्र करते हुये कहा कि अध्यक्ष और उसके नीचे उपाध्यक्ष की व्यवस्था हमारी पुरानी वैदिक परिपाटी मे भी है। उपाध्यक्ष पद अपने आप में महत्वपूर्ण एवं दायित्वपूर्ण है। उन्होंने बधाई देते हुये कहा कि विधान सभा के नए उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल देश की सबसे बड़ी विधान सभा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष के पद पर चुने गये हैं। वह युवा सदस्य हैं। लगातार तीसरी बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं। सरकार में राज्य मंत्री का स्वतंत्र प्रभार भी संभाल चुके हैं। अध्यक्ष ने आशा प्रकट की है कि उनके उपाध्यक्ष के कार्यकाल मे सदन पुरानी परिपाटी को संजोये हुये नयी संसदीय परम्पराओं को स्थापित करने में सफल होंगे।

## कांग्रेस ने किया विधानसभा उपाध्यक्ष चुनाव का बहिष्कार

### ● उपाध्यक्ष का चुनाव कराना प्रदेश के गौरवमयी इतिहास और संविधान की मूल भावना के खिलाफ: मोना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की गौरवशाली परम्परा रही है कि उपाध्यक्ष का चुनाव विपक्ष की सलाह से होता रहा है किन्तु सत्तारूढ़ दल की तरफ से न तो कोई चर्चा ही इस संदर्भ में विपक्ष के साथ की गयी और न ही कोई सलाह ही ली गयी है। मात्र अपने राजनैतिक लाभ के लिए सत्ता पक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव करा रहा है। यह सरकार की असंवैधानिक कुटिलता और असंवेदनशील मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में उप्र विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव कराना या उसमें शामिल होना उत्तर प्रदेश के गौरवमयी इतिहास और संविधान की मूल भावना के खिलाफ होगा। अत: कांग्रेस पार्टी इसका बहिष्कार करती है। मोना सोमवार की सुबह प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश की यह 17वीं विधान सभा हैए जिसके साढ़े चार साल का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और 5 माह से कम की अवधि शेष रह गयी हैए ऐसी परिस्थिति में वह कौन से अपरिहार्य कारण है जिसकी वजह से उपाध्यक्ष का चुनाव कराना अल्प समय के लिए आवश्यक हो गया है। कांग्रेस पार्टी सहित संपूर्ण विपक्ष लगातार उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली. 1958 के तहत उपाध्यक्ष के चुनाव की मांग करता रहा हैकिन्तु सरकार द्वारा अभी तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि चूंकि उत्तर प्रदेश विधान सभा के आम चुनाव का समय निकट है और शीघ्र ही चुनाव की अधिसूचना भी जारी होने की संभावना है। अत: ऐसी परिस्थिति में उपाध्यक्ष का चुनाव कराना पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और अलोकतांत्रिक है। वर्ष 2007 में उप्र विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव अंतिम बार हुआ था तब से चाहे जिस भी पार्टी की सरकार रही हो विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ।

## नितिन का ओहदा बढ़ाकर वैश्य व व्यापारी समाज में पकड़ मजबूत करने की कोशिश

अभिषेक रंजन। लखनऊ

**बीजेपी का मिशन 2022**

**विधान** सभा में उपाध्यक्ष पद पर नितिन अग्रवाल को समर्थन देकर चुनाव जीताना बीजेपी का मिशन 2022 की रणनीति का हिस्सा है। बीजेपी ने एक तरफ वैश्य व व्यापारी समाज में संदेश देने की कोशिश है कि उनकी बिरादरी के नितिन को उपाध्यक्ष बनाने के लिए सरकार ने एक दिन का विशेष सत्र बुलाया तो वहीं समाज में अपनी पकड़ को और मजबूत करने की भी कोशिश की है। सपा भले ही भाजपा पर यह आरोप लगाती रहे कि बीजेपी दलित व पिछड़ों की विरोधी है लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा को ही दलित विरोधी साबित कर दिया। सीएम ने सदन में स्पष्ट किया सपा पिछड़ों का विरोध करती है तभी चुनाव परिणाम जानते हुए भी उसने नरेंद्र वर्मा को प्रत्याशी बनाकर उनके साथ धोखा किया है।

इसके साथ ही कांग्रेस और बसपा ने चुनाव प्रक्रिया का बहिष्कार करके मूक समर्थन बीजेपी का किया है। अगर दोनों दल मतदान में हिस्सा लेते तो यह साफ हो जाता कि कांग्रेस और बसपा ने किसे वोट किया है। ऐसे मतदान का बहिष्कार करके सपा प्रत्याशी का न तो समर्थन किया और न ही बीजेपी प्रत्याशी का विरोध किया है। तकनीकी रूप से नितिन सपा के ही सदस्य हैं और सपा ने नरेंद्र वर्मा को चुनाव लड़ाया और देखा जाए तो सदन में सपा को सपा से ही जूझना पड़ा और पराजय का सामना करना पड़ा है। प्रदेश के वैश्य समुदाय को लुभाने के लिए भाजपा की इस रणनीति से हरदोई व उसके आस-पास के जिलों की राजनीति में भी खासा फायदा हो सकता है। बीजेपी का यह दांव हरदोई की दोनों लोकसभा क्षेत्रों के अलावा आठों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को लाभ पहुंचा सकता है। यह सही है कि जब से नरेश अग्रवाल ने बीजेपी का दामन थामा तो यह माना जा रहा था कि देर सवेर नितिन को बीजेपी कहीं न कही समायोजित करेगी। 2017 में सपा के टिकट पर नितिन ने चुनाव जीता लेकिन पिता के बीजेपी में आने के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि संगठन उन्हें मंत्रिमंडल विस्तार में जगह देगी लेकिन बीते दिनो जब योगी सरकार का दूसरा मंत्रि मंडल विस्तार हुआ तो उसमें नितिन को जगह नहीं मिल पाई। इधर 17 वीं विधान सभा का कार्यकाल भी समाप्ति की ओर है। चुनाव में जाने से पहले बीजेपी का यह कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण दिख रहा है। गोरखपुर में हुए मनीष गुप्ता हत्याकांड के बाद से वैश्य और व्यापारी समाज की नाराजगी को भी काफी हद तक दूर करने में संभवत: भाजपा का यह निर्णय लाभप्रद होगा। नितिन को उपाध्यक्ष बनाकर बीजेपी ने विपक्ष को भी सबक दिया कि बीते 2007 से लेकर 2017 तक विपक्ष एकजुट होकर किसी एक नाम पर सहमति नहीं बना पाया और फिर भाजपा ने ही विपक्ष के ही सदस्य के रूप में नितिन को उपाध्यक्ष के पद पर आसीन किया। राज्यसभा चुनाव और कैबिनेट विस्तार में जगह न मिलने से नरेश समर्थक अपने को हाशिए पर महसूस कर रहे थे। हालांकि ठीक चुनाव से पहले नितिन को उपाध्यक्ष पद का चुनाव जितवा कर बीजेपी ने हरदोई व आस-पास की दो दर्जन से ज्यादा विधान सभा सीटों की राजनीति का रुख तय कर दिया है।

**मोहिनी बी. मनवाणी गर्ल्स डिग्री कालेज**
(अल्पसंख्यक संस्थान) सम्बद्ध - सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर
आवास विकास नं.-3, पनकी कल्यानपुर रोड, कल्यानपुर, कानपुर - 208017

**सूचना** अल्पसंख्यक संस्थान में अल्पसंख्यक प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत एम0एड0 सत्र 2021-23 में प्रवेश हेतु आवेदन तिथि विस्तृत की जा रही है। नवीन ऑन-लाइन एवं ऑफ-लाइन आवेदन करने एवं प्रवेश-परीक्षा की संशोधित समय सारिणी महाविद्यालय की वेबसाइट www.mbmgdc.in पर उपलब्ध है। प्रवेश परीक्षा कालेज परिसर में होगी, अर्हता, नियम, शर्तें व मेरिट वरीयता पूर्ववत् ही लागू होंगी। नोट-दिनांक 19.10.2021 की प्रवेश-परीक्षा स्थगित है।
प्रबंधक

## शाहजहांपुर घटना ने खोली सरकारी दावों की पोल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शाहजहांपुर** जनपद कचहरी परिसर में वकील की दिन दहाड़े हुई हत्या पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि घटना ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की लचर हालत की पोल खोल दी है। शाहजहांपुर की घटना पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि यूपी के जिला शाहजहाँपुर के कोर्ट परिसर में वकील की आज दिन दहाड़े हुई हत्या अति दुखद व शर्मनाक जो यहाँ की भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था की स्थिति व इस सम्बंध में सरकारी दावों की पोल खोलती है।

**पायनियर वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हाई स्कूल अनुक्रमांक 5037391 वर्ष 2019 का अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। नितेश गिरि पुत्र नरेन्द्र गिरि ग्राम व पो0 बिन्द मठिया ब्यास गिरि, थाना- मुबारकपुर जनपद - आजमगढ़ (उ0प्र0)

**सूचना**

मेरे भवन 52 एच.आई.जी ब्लाक सी यो०सं 02 सुजातगंज कानपुर का मूल आवंटन पत्र सं० 2152/डी/भू दि. 8. 5.92 मेरे घर व माल रोड कानपुर के बीच में दि. 16.10.2021 को गिर गये हैं अशिविनी कुमार पुत्र पी.बी.लाल सक्सेना नि० 451, मीरपुर कैंट कानपुर

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पति बृजेश कुमार माथुर के सेवा (एनटीपीसी) अभिलेखों में मेरा नाम इन्दु और जन्मतिथि 18 जनवरी 1967 है। जो त्रुटिपूर्ण और गलत है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम इन्दु माथुर और मेरी जन्मतिथि 18 जनवरी 1966 है, जो पूर्ण और सही है। अतः मुझे इन्दु माथुर और मेरी जन्मतिथि 18 जनवरी 1966 से जाना व समझा जाए। इन्दु माथुर पत्नी बृजेश कुमार माथुर निवासी - टाईप 3 = 190 एनटीपीसी कालोनी ऊंचाहार - रायबरेली

## गृह राज्य मंत्री की बर्खास्तगी की मांग को लेकर कांग्रेस विधायकों ने दिया धरना




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** का एक दिवसीय विशेष सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को कांग्रेस के विधायकों ने विधान भवन में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थल पर विरोध स्वरूप धरना दिया। कांग्रेस विधायकों ने लखीमपुर की घटना पर सदन में चर्चा कराने और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को तत्काल बर्खास्त किए जाने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता दीपक सिंह व अन्य कांग्रेस विधायक हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि भाजपा सरकार मंहगाई को नहीं मानती। इस मामले पर सरकार चर्चा नहीं कर रही है। किसान परेशान हैं, आम आदमी परेशान है लेकिन सरकार का इस ओर ध्यान नहीं है। लखीमपुर खीरी मामले पर सरकार चर्चा नहीं कर रही है। कांग्रेस पार्टी किसानों और लखीमपुर खीरी मामले पर चर्चा चाहती है लेकिन सरकार खामोश है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से कुछ ही महीने पहले उपाध्यक्ष के पद का चुनाव केवल लोगों को गुमराह करने और लखीमपुर खीरी की घटना से ध्यान हटाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब तक लखीमपुर हिंसा के मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त नहीं किया जाता, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## किसानों को धमकाने से बाज आए योगी सरकार: नसीमुद्दीन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि लखीमपुर में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के उकसावे पर उनके पुत्र द्वारा अपनी गाड़ी से चार किसानों व एक पत्रकार की हत्या करने में न्याय की मांग कर रहे किसानों को धमकाने की हरकत से प्रदेश की योगी सरकार बाज आए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संयुक्त किसान मोर्चे के आंदोलनकारी किसानों ने आज रेल रोको आंदोलन चलाया, जिस सन्दर्भ में मुख्यमंत्री व भाजपा नेताओं के धमकी भरे बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अन्याय के साथ आंदोलन पर सरकारी बर्बरता इतिहास में दर्ज होगी। भाजपा राज में अंग्रेजों के जुल्म ज्यादती भी फीके पड़ते जा रहे हैं। सिद्दीकी ने कहा कि अपराधियों को निरन्तर प्रश्रय देने वाली भाजपा की सरकार में कानून का जबरदस्त दुरुपयोग किया गया। हर सवाल के साथ सरकार के विरुद्ध उठने वाली आवाज को दबाया गया। अहिंसक आंदोलनकारी किसानों पर जुल्म कर उन्हें तोड़ने की साजिश की गयी, जब किसान नहीं टूटे तो उन पर आपराधिक धाराओं में फर्जी मुकदमें दर्ज करने धमकानें का खेल किया जा रहा है।

## भाजपा राज में आसमान छू रही महंगाई: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में महंगाई आसमान छू रही है, किसानों को धोखा मिला, बेरोजगारी से नौजवान परेशान हैं। जनसामान्य उत्पीड़न का शिकार है। लोग भाजपा से मुक्ति चाहते हैं। उनका भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। भाजपा सन् 2022 के चुनावों में कोई साजिश न कर सके इसलिए सबको सतर्क रहकर अपन अपने काम को निष्ठा से अंजाम देना होगा। एक नज़र भाजपा पर और दूसरी नज़र बूथ पर रखना है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1940 रूपया तय किया है। पहली बात तो यह कि अभी धान क्रय केन्द्र खुले ही नहीं है। पिछली बार भी किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिला था। मजबूरी में तय मूल्य के नीचे मंडी में उसे हजार रूपये और उससे भी कम रूपये में अपनी फसल बेचनी पड़ गई थी। खरीद की प्रक्रिया बहुत धीमी रही है और अधिकारी क्वालिटी के नाम पर खरीद को नज़रअंदाज करते रहे हैं। किसानों को भाजपा राज में ही सर्वाधिक अपमानित और उपेक्षा का शिकार होना पड़ा है। खाद के दाम बढ़ा दिए गए है। डीजल और बिजली पहले से ही महंगी कर दी गई है। किसानों की बात करने वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने 4 साल तक गन्ने के दाम नहीं बढ़ाए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा के खिलाफ किसानों का भारी गुस्सा देखते हुए और चुनावी फसल काटने के लिए अंतिम चुनाव वर्ष में मुख्यमंत्री छद्म सहानुभूति दिखाने लगे हैं।

## थानों में लावारिस पड़े वाहनों की एमएसटीसी के माध्यम से होगी ई-नीलामी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के थानों को साफ सुथरा बनाये रखने के उद्देश्य से थानों में पड़े लावारिस वाहनों की शीघ्र नीलामी की जायेगी। इसी के साथ ही पुलिस विभाग में निष्प्रयोज्य घोषित हो चुके वाहनो की भी शीघ्र नीलामी होगी ताकि उनके स्थान पर पुलिस विभाग को नये वाहन प्राप्त हो सके। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में आज लोकभवन स्थित कमाण्ड सेंटर में इस सम्बन्ध में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपरोक्त कार्यो को शीघ्र एवं समयबद्ध रूप से निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये है। शासन द्वारा पुलिस विभाग के वाहनों के वर्तमान में प्रचलित नीलामी की व्यवस्था को समाप्त कर उसके स्थान पर परिवहन विभाग की भांति एमएसटीसी से किये गये अनुबन्ध के आधार पर नीलामी (ई-आक्शन) कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## भाजपा शासन काल में अब तक 470 साइबर अपराधियों की हुई गिरफ्तारी

### ● 6.24 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि की गई बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किये गये हैं जिसके सार्थक नतीजे सामने आये हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सभी परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम पुलिस थानों पर 660 अभियोग पंजीकृत कर 470 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है। उक्त अभियोगों में 2.2 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि साइबर अपराधियों से बरामद की गयी तथा 5 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि बैंक खातों में होल्ड करायी गयी है।

साथ ही प्रदेश के अन्य सभी थानों में उक्त अवधि में साइबर अपराधों के संबंध में 10290 अभियोग अब तक पंजीकृत किये गये तथा 2600 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी कर 6.24 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि साइबर अपराधियों से बरामद की गयी है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुई उपलब्धियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी 16 परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर साइबर थानों की स्थापना कर इन सभी को क्रियाशील किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 16 परिक्षेत्रीय थानों हेतु शासन द्वारा 256 पदों का सृजन किया गया है। अवस्थी ने बताया कि परिक्षेत्रीय साइबर थानों पर महिला साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है, जो इन अपराधों से पीड़ित महिलाओं के लिए हर सम्भव मदद प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि साइबर बुलिंग की शिकार महिलाओं की मदद के लिए वूमेन पॉवर लाइन 1090 के अन्तर्गत अपराधी की पहचान एवं अवैध कंटेन्ट हटाने के लिए अत्याधुनिक साइबर फॉरेंसिक टूल्स का प्रयोग किया जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राम कुमार ने बताया है कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए साइबर सेफ पोर्टल का संचालन किया जा रहा हैए जिसपर जालसाजों के मोबाइल नम्बरए बैंक खाता संख्या एवं वेबसाइट आदि को अपलोड किया जाता है। प्रदेश में अब तक साइबर सेफपोर्टल के माध्यम से 26 हजार से अधिक मोबाइल नम्बरों को ब्लाक कराया जा चुका हैए जो साइबर अपराधों में अंकुश लगाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु हेल्प लाइन संख्या 155260 को शुरू किया गया है, जो चैबीसों घण्टों कार्य कर रहा है। राम कुमार ने बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम में लगे पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित भी कराया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में साइबर प्रिवेंशन अगेंस्ट वूमेन एंड चिल्ड्रन योजना के तहत 1386 अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

**लखनऊ नगर निगम**
टी.एन. मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेल nnlko@up.nic.in,फोन फैक्स : 0522-2622440

संख्या : 113/मु.अ./21-22 दिनांक : 18.10.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण की सीमान्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 01.11.2021 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 30.10.2021 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिक्ति, मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट upgov.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 01.11.2021 को अपरान्ह 3:00 बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष मे रखे निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओ को 01.11.2021 को अपरान्ह 4 बजे मुख्य अभियन्ता के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादांता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 12% GST | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर में म.सं.-ए-1357/2, म.सं.-ए-1353/10, 22/382, 22/413 एवं समोद्दीपुर गाँव में परमेश्वर लाल कनौजिया के भवन के पास समरसेबिल पम्प मय टंकी सहित लगाने का कार्य। | 618355.00 | 61836.00 | 1 माह | 618.00 | 74.00 | 692.00 |
| 2 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड के अन्तर्गत इन्दिरा नगर में म.सं.-ए-1429/7 के सामने स्थित पार्क की मरम्मत एवं पाथवे इत्यादि का सुधार कार्य। | 810804.00 | 81080.00 | 1 माह | 811.00 | 97.00 | 908.00 |
| 3 | लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत शक्ति नगर में खुशी राम के घर के पास मानस विहार में एवं लिबर्टी पार्क में समरसेबुल मय टंकी सहित लगाने का कार्य। | 368134.00 | 36813.00 | 1 माह | 368.00 | 44.00 | 412.00 |
| 4 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड अन्तर्गत कुर्माचल नगर में म.सं.-628क/बी-75 से म.सं. बी-72 होते हुए म.सं. -628/20/1 के पास तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का सुधार कार्य। | 450350.00 | 45035.00 | 1 माह | 450.00 | 54.00 | 504.00 |
| 5 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड अन्तर्गत मानस बिहार में दीवान सिंह के घर के सामने एक नग समरसेबिल पम्प लगाने का कार्य । | 112962.00 | 11296.00 | 1 माह | 113.00 | 14.00 | 127.00 |
| 6 | लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत कुर्माचल नगर में म.सं.-बी-27 से म.सं.-सी-25 के पास तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य। | 500726.00 | 50073.00 | 1 माह | 501.00 | 60.00 | 561.00 |
| 7 | लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत कुर्माचल नगर में म.सं.-628क/ई-137 से म.सं.-ई-135 के सामने तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य। | 452056.00 | 45206.00 | 1 माह | 452.00 | 54.00 | 506.00 |
| 8 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड अन्तर्गत कुर्माचल नगर में म.सं.-सी-26 से म.सं.-डी-281 के पास तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का सुधार कार्य। | 512332.00 | 51233.00 | 1 माह | 512.00 | 61.00 | 573.00 |
| 9 | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 7 नग समरसेबिल पम्प का सुधार कार्य। | 135344.00 | 13534.00 | 1 माह | 135.00 | 16.00 | 151.00 |
| 10 | शहीद भगत सिंह वार्ड के अन्तर्गत कान्तीपुरम कालोनी में गोयल जी के मकान से रीना सिंह के मकान होते हुए अरूण तिवारी के मकान के पास तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य । | 877402.00 | 87740.00 | 1 माह | 877.00 | 105.00 | 982.00 |
| 11 | शहीद भगत सिंह वार्ड के अन्तर्गत कान्तीपुरम कालोनी में म.सं.-633/3 के सामने महेन्द्र पाल सिंह के मकान होते हुए लाला जी के मकान के पास तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य । | 665820.00 | 66582.00 | 1 माह | 666.00 | 80.00 | 746.00 |
| 12 | इस्माइलगंज प्रथम वार्ड के अन्तर्गत पानी गांव में सलमान मार्केट फारूक के घर के सामने भ.सं. 10/424, भ.सं. 92 लोहिया विहार तथा भ.सं.-9/632 इन्दिरा नगर में समरसेबिल मरम्मत तथा पानी गांव में पप्पू तथा फाकीर सिद्दीकी के सामने समरसेबिल पम्प लगाने का कार्य। | 330636.00 | 33064.00 | 1 माह | 331.00 | 40.00 | 371.00 |
| 13 | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत म.सं.-17/75 के सामने समरसेबिल पम्प एवं ज्ञान दुबे के घर के सामने सी.सी. मरम्मत का कार्य। | 165870.00 | 16587.00 | 1 माह | 166.00 | 20.00 | 186.00 |

**शर्ते** 1. 15 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदाओं को स्वतः निरस्त माना जायेगा। 2. 15 प्रतिशत कम की निविदा हेतु अतिरिक्त जमानत धनराशि (Extra Performance Guarantee) जमा करनी होगी। 3. 10 प्रतिशत निम्न निविदा डाले जाने पर 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत की दर से तथा 10 प्रतिशत से निम्न निविदा डाले जाने पर 1.00 प्रतिशत की दर से सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी। 4. शासनादेश सं0 962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी.एस.टी. का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। 5. शासनादेश सं0-715/नौ-5-18-120 बजट/2013, नगर विकास अनुभाग-5 दिनांक 17.03.2018 के द्वारा लिया गया निर्णय की 'नगरीय सड़क सुधार योजनार्गत सीमेन्ट कंकरीट (सी.सी.) की सड़क पर 05 वर्षों तक रख-रखाव किये जाने की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदारों की होगी। बिटुमिन रोड के 05 वर्षों तक के रख-रखाव हेतु आगणन मे अतिरिक्त धनराशि सम्मिलित की जायें। परियोजना लागत की 05 प्रतिशत धनराशि परफार्मेंस गारन्टी के रूप मे 05 वर्ष रोकने के उपरान्त सड़कों के समुचित रखरखाव होने की दशा मे भुगतान सम्बन्धित ठेकेदार को किया जायें' के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित कराना होगा। 6. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019, दिनांक-20.09.19 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

मुख्य अभियन्ता

पायनियर
लखनऊ , मंगलवार,19 अक्टूबर , 2021



# पीएम काशी को देंगे रिंग रोड समेत कई योजनाओं की सौगात



**किसानों को दी गई मुआवजा राशि की चेक-** प्रधानमंत्री की जनसभा हेतु मेंहदीगंज में रिंगरोड़ के किनारे खेत से काटी गई धान की फसलों के बाबत सोमवार को एसडीएम व महिला ग्रामप्रधान के पति शकील अहमद की मौजूदगी में चंद्रशेखर, मुरारीलाल, लालधारी, शिवधारी, कांता, राजेश, मिथलेश, विभूति नारायण, अवधनारायण, बाबूलाल, दिनेश समेत अन्य किसानों को बुलाकर एनएचएआई द्वारा फसल क्षति की मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा एक बीघा में दस कुंतल धान की क्षति का आकलन किया गया। प्रति कुंतल 1940 रुपए का रेट लगाया गया।किसानों के आधारकार्ड व पासबुक का फोटो कापी लिया गया।

**पीएम के जनसभा स्थल के आस-पास गांवों में बढ़ी चौकसी-** मेंहदीगंज में प्रधानमंत्री की जनसभा को देखते हुए सुरक्षा के बाबत पुलिस ने आस-पास के गांवो में चौकसी बढ़ा दी हैं। मिर्जामुराद थानाप्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि मेंहदीगंज, नागेपुर, हरपुर व रखौना गांव में पुलिस टीम घर-घर जाकर सत्यापन कर रही हैं। इन गांवों में कोई बाहरी व्यक्ति नही रहेगा और न ही कोई आकर ठहरेगा। हिस्ट्रीशीटर समेत शरारती तत्वों को भी चिन्हित किया जा रहा हैं। जनसभा स्थल पर भी सोमवार को एहतियातन एक ट्रक पीएसी लगी रही।

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की 25 अक्टूबर को आयोजित जनसभा हेतु रिंगरोड ओवरब्रिज (रखौना) के किनारे मेंहदीगंज गांव में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। पीएम के आगमन को देखते हुए खेत में उनके दरबार को आकार देने हेतु सामान पहुंचने लगा। हार्वेस्टर द्वारा खेत से धान की फसल को काटने के बाद हक्सावेटर, रोलर, डोजर व ग्रेडर मशीनें लगाकर 40 बीघा खेत को समतल बना दिया गया हैं। ट्रकों से पंडाल बनाने व बैरिकेडिंग के सामान संग मजदूर सभास्थल पर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए रिंगरोड़ किनारे खेत में 550 फीट चौड़ा व 850 फीट लंबा जर्मन हैंगर पंडाल बनना शुरू हो गया है प्रधानमंत्री द्वारा रिंगरोड समेत अन्य योजनाओं का लोकार्पण किया जाना हैं। रिंगरोड के निकट ही हाइवे की एनएच-19 का वाराणसी-प्रयागराज सिक्सलेन है। सिक्सलेन में ही मिलकर रिंगरोड़ समाप्त हो रहा हैं। रिंगरोड़ बनाने वाली एनएचएआई व जीआर-इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कम्पनी के अधिकारी भी तैयारियों के बाबत कमान संभाल लिए हैं। एसडीएम (राजातालाब) सिद्धार्थ यादव, सीओ (बड़ागांव) जगदीश कालीरमन व थानाप्रभारी दुर्गेश मिश्रा ने मौके पर पहुंच तैयारियों का निरीक्षण कर जानकारी ली। रिंगरोड़ के किनारे चहल-पहल बढ़ गई है। राहगीरों की नजर अनायास जनसभा स्थल की ओर चली जा रही हैं।

## हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद की मिली सजा

संवाददाता। सोनभद्र

● चार वर्ष पूर्व 65 वर्षीय चंद्रबली चौहान की गई थी हत्या

**चार वर्ष** पूर्व 65 वर्षीय चंद्रबली चौहान की चाकू से काटकर हुई नृशंस हत्या के मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम वीरेंद्र कुमार पांडेय की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों बृजलाल चौहान, विनोद व शक्ति को उम्रकैद एवं 25-25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर प्रत्येक को एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के भरकवाह गांव निवासी राजेश कुमार चौहान पुत्र रामरूप चौहान ने 3 जुलाई 2017 को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि रात्रि 8:30 बजे उसके 65 वर्षीय बाबा चंद्रबली चौहान शौच के लिए घर के बगल में स्थित खेत में गए थे। तथा उसके पिताजी भी शौच करके आ रहे थे तो घर के पास 5-6 लोग घूमते हुए दिखाई दे रहे थे, क्योंकि वह खुद बनारस से दवा लेकर घर आ रहा था तभी देखा कि गांव के बृजलाल चौहान पुत्र चंद्रबली चौहान, विनोद, शक्ति व प्रद्युम्न पुत्रगण बृजलाल चौहान, लीलावती पत्नी बृजलाल चौहान,सतेंद्र पटेल पुत्र दूधनाथ पटेल व टिंकू धोबी उसके बाबा चंद्रबली चौहान को चाकू से काट रहे थे। जब शोरगुल किया तो सभी लोग मौके से भाग गए। उधर बाबा की मौत हो गई थी। इस तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध हत्या की एफआईआर दर्ज किया एवं मामले की विवेचना की गई। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने बृजलाल, विनोद, शक्ति एवं प्रद्युम्न के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। अदालत ने दोषियों को उम्रकैद व 25-25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर प्रत्येक को एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी।

## क्विक न्यूज

### सीएम योगी ने बाल तीरंदाज अर्जुन की सराहना की

**वाराणसी।** तीरंदाजी में दो गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाने वाले सेठ एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबतपुर कैम्पस की कक्षा 3 के छात्र व बाल तीरंदाज आदित्य सिंह उर्फ अर्जुन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर अपनी उपलब्धियों के बारे में बताया और दोनों वर्ल्ड रिकार्ड के प्रमाण-पत्र मुख्यमंत्री को भेंट किये। अर्जुन को अपनी बधाई व आर्शीवाद देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं की प्रतिभा प्रशंसनीय है और इनको बढ़ावा दिया जाना हमसब की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर अर्जुन के पिता वाराणसी तीरंदाजी संघ के सचिव डा0 अजय सिंह, जैपुरिया स्कूल बनारस के निदेशक अनिल के जाजोदिया व आयुष्मान बजाज भी उपस्थित रहे।ज्ञात हो कि अर्जुन ने स्केटिंग करते हुए तीरंदाजी करने में अमेरिका के माइकट्रोना और सब सेतेजती रचलाने में आस्ट्रेलिया के जोसेफमैग्रेलाबेट अप से आग निकल गये हैं।स्केटिंग करते हुए अर्जुन ने तीरंदाजी में 40 सेंटीमीटर का लक्ष्य भेदकर रिकार्ड 32 अंक प्राप्त किए।साथ ही आस्ट्रेलिया के जोसेफबेटअप का रिकार्ड अर्जुन ने तोड़ दिया है ।

### रमेश को राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने से हर्ष



**धानापुर,चंदौली।** क्षेत्र के सोनहुली निवासी रमेश यादव बबलू को समाजवादी युवजन सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसकी जानकारी होते ही क्षेत्र के युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त हो गया। बताया जाता है कि रमेश वर्तमान समय मे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में संगठन के मजबूती के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने राजनीति का ककहरा धानापुर क्षेत्र से ही शुरू किया। जनपद में सयुस के जिला सचिव के पद पर वह कार्य कर चुके हैं। पार्टी के लिए उन्होंने निष्ठा के साथ ईमानदारी से हर संघर्ष में भाग लिया। निष्ठा और लगन को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने के बाद बधाई देने वालों में मुख्य रूप से विपिन यादव शिबक्कुशए अनिल यादवए परवेज खानए सुजीत पटेलए मिंटू सिंहए सतीश सेठए देवेंद्र बिन्दए प्रशांत सिंहए सीताराम प्रजापति, बृजेश गोड आदि रहे।

### आन्दोलन को लेकर अलर्ट रही पुलिस अलर्ट

**सकलडीहा, चंदौली।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसान बिल और लखीमपुर कांड को लेकर रेल रोको आन्दोलन का आवाहन किया गया था। जिसे लेकर पुलिस महकमा अलर्ट रहा। सोमवार को सकलडीहा रेलवे स्टेशन से लेकर तुलसी आश्रम स्टेशन पुलिस छावनी में तब्दील होगया था। हालाकि पुलिस द्वारा किसानों को जगह जगह हाउस आरेस्ट करने से जिला प्रशासन को राहत रही। किसानों का रेल रोको आन्दोलन के आवाहन पर एसडीएम अजय मिश्रा और सीओ रामवीर सिंह रात में ही किसान नेता जितेन्द्र तिवारीए रामअवतार सिंहए केदार यादवए मनोज यादवए बीरेन्द्र सहित दर्जनों प्रमुख नेताओं को हाउस आरेस्ट करा दिया गया था। सुबह से ही एसडीएम अजय मिश्रा और सीओ रामवीर सिंह तुलसी आश्रम पर पुलिस फोर्स के साथ अलर्ट रहे।

### कोविड प्रोटोकाल में ही मनाइये त्योहार

**मिर्जापुर।** त्योहार मनाइये लेकिन कोविड प्रोटोकाल के साथ क्योंकि कोरोना का संक्रमण अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। यह कहना है डॉक्टर अजय का। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर अजय ने बताया कि अक्टूबर माह में कोरोना संक्रमण की दर 0.1 रही। यदि अत्यधिक उत्साह में सावधानियों को रखना यदि सभी लोग भूल जाए तो सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इस समय सावधानियों को कभी अनदेखा न करें। त्यौहार के समय में बाजारों व सड़कों पर भीड़ होने पर सावधानी को अनदेखा करने पर सभी लोग कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एल.1 के प्रभारी यूएनसिंह के अनुसार केवल कोरोना संक्रमण ही बदलते मौसम के चलते इन दिनों तमाम रोगों का खतरा बना रहता है। इसलिए त्यौहार के इस अवसर पर अत्यधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। यदि इस समय बाजार में खरीदारी करने जाएं तो मास्क लगाकर ही घर से निकलें इसके साथ ही सेनेटाइजर की एक छोटी शीशी अपने साथ अवश्यक रखें। यदि आप किसी भी वस्तु या समानों को बाजार में खरीदारी के दौरान छुंए तो अपने हाथों को सेनेटाइजर अवश्य करें। इसके अलावा प्रयास करें कि उसी दुकान पर खरीदारी कि जाएं जहां सभी लोगों द्वारा मास्क का प्रयोग किया जा रहा हो।

### जाम से कचहरी से तेलियाबाग के लोग बिलबिलाए दस मिनट का सफर घंटों में



**वाराणसी।** वैसे तो बनारस के बारे में मशहूर है कि - सुबह बनारस शाम बनारस, जब देखो तब जाम बनारस। मगर त्योहारों के समय पूरा शहर मानो सड़कों पर रेंगता नजर आता है। जाम के झाम से कराहता शहर सोमवार को काफी बेतरतीब सा नजर आया। चारों ओर वाहनों के हार्न का शोर शराबा और जल्दी स्कूल, आफिस, बाजार और गंतव्य के लिए परेशान लोग बादलों के बीच भी पसीना पसीना नजर आए,दुर्गा पूजा और दशहरा के बाद सोमवार को आफिस, स्कूल व बाजार खुलते ही वाहनों का दबाव बढ़ने से पूरा शहर जाम की चपेट में आ गया। शायद ही ऐसी कोई सड़क बची होगी जहां राहगीरों को परेशानी नहीं हुई हो। यातायात और सिविल पुलिस की ओर से प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन तमाम कवायद नाकाफी साबित हो रहे थे। परिणाम रहा कि सुबह- सुबह ही समूची काशी जाम से कराहती दिखी। हर प्रमुख मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें दिखीं। ट्रैफिक का दबाव इतना बढ़ा कि राहगीरों को मिनटों की दूरी घंटों में तय करनी पड़ी। पुलिस लाइन, कचहरी, भोजू बीर, अर्दल बाजार, नदेसर, अंधरा पुल, चौकाघाट, आदमपुर, चौक, गोदौलिया, सिगरा, रथयात्रा, लंका, भेलूपुर समेत शहर के कई इलाकों में लोग घंटों जाम में बिलबिलाए। राहगीर संपर्क गलियों और मार्गों का सहारा ले रहे थे। वहां भी निकलने में लोगों को मशक्कत करनी पड़ी। सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम से निपटने के जितने भी यातायात पुलिस द्वारा उपाय किए जा रहे थे उसका कोई असर देखने को नहीं मिला। एक तरफ जाम छुड़ाने पर दूसरी ओर जाम लग जा रहा था। कही रांग साइड से चलने के कारण तो कहीं गलत पार्किंग व अतिक्रमण जाम का सबब बने। ट्रैफिक पुलिस की ओर से की जा रही कवायद भी काम नही आ रही है। लोग सड़क किनारे वाहनों को खड़ा कर अवैध पार्किंग कर रहे हैं।

### छद्म राजनीतिक मंसूबे के लिये जनता की गाढ़ी कमाई से रैली करना शर्मनाक ही नहीं, पाप भी है-अजय राय



**वाराणसी।** लहुराबीर महामंडल नगर स्थित आवास पर कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय राय ने पत्रकार वार्ता में कहा है कि अनाज की बाली फूट रही फसलों को काट कर वहां राजनीतिक रैली करना अपराध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली के लिए भाजपा सरकार का यह काम राजनीतिक और सरकारी अनैतिकता का अत्यन्त निन्दाजनक कृत्य है। सोमवार को महामंडल नगर स्थित आवास पर एक पत्रकार वार्ता में अजय राय ने कहा कि अभी आये ताजे वैश्विक भूख इंडेक्स में पिछड़ते जा रहे भारत का स्थान खिसक कर पाकिस्तान और नेपाल से भी पीछे बताया गया है। इन हालात में किसान के पसीने एवं पूंजी से खड़ी हुई और अनाज की हरी बालियां लग चुकी फसल को काट काट कर वहां छद्म राजनीतिक मंसूबे के लिये जनता की गाढ़ी कमाई से रैली करना शर्मनाक ही नहीं, पाप भी है। भले ही किसानों को उनकी फसलों की कीमत प्रशासन दे रहा है, लेकिन वह जनता का ही पैसा है और उसे नैतिकता की कसौटी पर एक अक्षम्य अपराध कहा जायेगा। कोई लोगों की जिन्दगी ले ले या जीवन देने वाली अन्नपूर्णा मां को काटना सो, हर जगह मुआवजे की रकम अदा कर कर्तव्य की इति श्री मान लेने का चलन, बीजेपी सरकार की सोच एवं चरित्र को उजागर करता है।

## तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बीजपुर/सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन मुख्यालय द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर अंकुश व रोकथाम लगाए जाने के निर्देशों के अनुपालन में साथ ही साथ पुलिस उपाधीक्षक दुद्धी राम आशीष यादव तथा प्रभारी निरीक्षक बीजपुर भैया शिव प्रसाद सिंह के कुशल निर्देशन में बीजपुर पुलिस की एक टीम सोमवार की सुबह क्षेत्र में गश्त पर निकली हुई थी। एक टीम का नेतृत्व कर रहे थाना के उप निरीक्षक बृजेश कुमार पाण्डेय सरकारी वाहन व उसके चालक सुधाकर सिंह हमराही आरक्षी विवेक राय धीरज पटेल व रि का अनूप सिंह के साथ जब क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। उसी दौरान उप निरीक्षक श्री पाण्डेय ने मुखबीर की सटीक सूचना पर ग्राम सभा बीजपुर के टोला पुनर्वास प्रथम निवासी हिस्ट्रीशीटर देवी शरण पनिका पुत्र बेसाहू पनिका को 315 बोर के देशी तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस तथा ग्राम सभा डोडहर निवासी पंकज बैगा उर्फ फक्कड़ पुत्र बीरबल बैगा को 32 बोर के देशी तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में अहम कामयाबी हाशिल की। पकड़े गए आरोपी देवी शरण पनिका व पंकज बैगा उर्फ फक्कड़ को आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत चालान कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। जहाँ न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों पर लगे आरोप को संगीन देखते हुए उन्हें अग्रीम जमानत तक जनपद कारागार गुरमा में रखने हेतु निर्देशित किया।

## महर्षि बाल्मीकि जयंती पर मंदिरों में रामायण का होगा आयोजन : जिलाधिकारी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं। जिन्होंने विश्व प्रसिद्ध कालजायी कृत रामायण महाकाव्य की रचना श्री राम के जीवन काल में की थी। आजादी की अमृत महोत्सव की श्रृंखला में इस वर्ष आगामी 20 अक्टूबर, 2021 को महर्षि बाल्मीकि जयंती मनायी जायेगी। जनपद में महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद के मंदिरों में महर्षि बाल्मीकि रामायण का पाठ भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार प्रसार व जनमानस को इससे जोड़ने के लिए महर्षि बाल्मीकि जयंती मनायी जायेगी। इसके अन्तर्गत श्री राम, श्री हनुमान तथा रामायण से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण मंदिरों पर रामायण पाठ भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम कराये जायेंगें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि महर्षि बाल्मीकि जयंती मनाये जाने से सम्बन्धी तैयारियों से सम्बन्धित अधिकारियों को दी गयी है निर्धारित समयान्तर्गत उसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगें।

## चुनाव में हर बूथ पर खड़ा रहे अपनादल एस का सिपाही

● केंद्रीय मंत्री ने संगठन के पदाधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। मिर्जापुर



अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने पार्टी संगठन की समीक्षा की तथा जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को भी सुना। पार्टी पदधिकारियों को निर्देश दिया कि विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर अपना दल एस का सिपाही मजबूती से खड़ा रहे। इसके लिए यथा शीघ्र बूथ समितियों को सक्रिय करें। केंद्रीय मंत्री रविवार- सोमवार की देर रात मिर्ज़ापुर पहुंची थीं। जनता दरबार में जिले के हर इलाके से लोग अपनी समस्याओं को लेकर आये थे। इनमें जमीन की किराएदारी समस्याए सार्वजनिक रास्ता, सार्वजनिक धर्मशाला,धान सिचाई, जमीन विवाद के मामले ज्यादा आये। श्रीमती पटेल ने सम्बंधित अधिकारियों को फोन कर समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि हमारी पार्टी की सोच हमेशा सकारात्मक वह विकास की रही है जो हमेशा पिछड़ों, दलितों, वंचितों, किसान, कमेरा समाज को न्याय दिलाने का कार्य करती है और करती रहेगी। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मेघनाथ पटेल, जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता मंच रमेश पटेल,प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच रामवृक्ष बिंद, प्रदेश सचिव किसान मंच वंश बहादुर सिंह,प्रदेश सचिव आनंद सिंह, प्रदेश सचिव पंचायत मंच राजेंद्र प्रधान, प्रदेश सचिव व्यापार मंच दुखहरन प्रधानए प्रदेश सचिव पंचायत मंच गोवर्धन सिंह पटेल, प्रदेश सचिव छात्र मंच दिलीप सिंह पटेल, ए आई टी मंच जिला अध्यक्ष हेमंत बिंद, प्रदेश सचिव आईटी मंच दुर्गेश पटेल,युवा मंच जिलाध्यक्ष उदय पटेल, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम पटेल, सांसद प्रतिनिधि इंद्रेश बहादुर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष अशोक पटेलए चुनार विधानसभा अध्यक्ष धनंजय पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## जेसीपी से मिले प्रेस क्लब के पदाधिकारी, कार्रवाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**पत्रकारों के साथ** अभद्रता किए जाने के मामले को लेकर सोमवार को पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में सैकड़ों पत्रकार वाराणसी जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस ज्वाइंट कमिवर अपराध एवं मुख्यालय सुभाष चंद दुबे से मुलाकात कर उन्हें पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ पत्रक सौंपकर कार्रवाई की मांग की। जेंसीपी श्री दुबे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने मातहत को 24 घंटे के अंदर जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। इनता ही नहीं जेसीपी श्री दुबे ने एसीपी को यह भी निर्देशित किया कि तत्कालीन बीएचयू चौकी प्रभारी राजकुमार पाण्डेय द्वारा पीड़ित महिला कल्पना मिश्रा की मोबाइल जबरन लेने व उससे हजारों रुपया नकदी वसूलने के मामले को भी जांच में शामिल कर आरोपी दरोगा के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए मोबाइल भी वापस दिलाने का निर्देश दिया। 25 जुलाई को तत्कालीन बीएचयू चौकी प्रभारी राजकुमार पाण्डेय ने एक मामूली दुर्घटना होने के मामले में पीड़िता कल्पना मिश्रा के पति शिवकुमार मिश्रा से 12 हजार यह कहते हुए लिया था कि जिसको तुम्हारी बाइक से चोट लगी है उसको इलाज कराने के लिए देना है। शिवकुमार मिश्रा ने तत्कालीन चौकी प्रभारी के डराने धमकाने के कारण 12 हजार रुपया उन्हें दे दिया। उक्त रुपया लेने के बाद चौकी प्रभारी राजकुमार पाण्डेय पीड़ित शिव कुमार से अपने लिए भी रुपयों की मांग करने लगे।

## मुख्य महाप्रबंधक ने छह (एस ) अभियान के साथ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

संवाददाता। वाराणसी

**सोमवार को** पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य महाप्रबंधक एस. के. दीक्षित द्वारा अंचल कार्यालय वाराणसी का दौरा किया गया। श्री दीक्षित का स्वागत अंचल प्रमुख राजेंद्र कुमार वशिष्ठ तथा उप महाप्रबंधक प्रमोद रंजन तूफान द्वारा किया गया। अपने एक दिवसीय दौरे में उन्होंने ग्राहकों तक अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाने वाली 6 (एस) अभियान की समीक्षा की।इस अभियान के अंतर्गत बैंक स्वागत,संकल्प,शिखर,समृद्धि,स्वाभिमान एवं संपर्क योजनाओं के माध्यम से ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।इस अभियान के अंतर्गत मंडल कार्यालय, वाराणसी द्वारा ग्राहकों को रुपए 11करोड़ 58 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए हैं।बैठक में उप महाप्रबंधक सस्त्र इफ्तिखार अहमद के साथ मंडल प्रमुख वाराणसी राजेश कुमार की भी गरिमामय उपस्थिति रही। साथ ही सहायक महाप्रबन्धक बिमन कुमार, संजीत सिंह एवं एमसीसी एवं पीएलपी के मुख्य प्रबन्धक सहित विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

## पारदर्शिता व जन जागरूकता के लिए सोशल ऑडिट महत्वपूर्ण : नीरज कुमार

सवांददाता। सोनभद्र



जनपद मुख्यालय स्थित विकास खंड रावर्ट्सगंज के सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित सोशल ऑडिट जनसुनवाई एवं जागरूकता कार्यक्रम सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार को सम्बोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी नीरज कुमार तिवारी ने कहा कि सोशल ऑडिट एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत होने वालें कार्यो प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले आवास को लेकर सोशल आडिट किया जाता है। उन्होंने कहा कि सोशल ऑडिट एक तरफ जहां योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने में सहायक होता है वहीं दूसरी तरफ जन जागरूकता के लिए भी सोशल ऑडिट की महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त अवसर पर जिला सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर राजेंद्र प्रसाद द्वारा सोशल ऑडिट की प्रक्रिया व सोशल ऑडिट के विकास के इतिहास को लेकर व्यापक चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। उक्त अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत कृपाशंकर शुक्ला एडीओ समाज कल्याण अविनाश कुमार अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार पांडे ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आशुतोष कुमार आशीष सोनकर समेत अन्य ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम विकास अधिकारी तकनीकी सहायक व रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

## किसान नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन

संवाददाता। मऊ

संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्यों ने सोमवार को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री की बर्खास्तगी व गिरफ्तारी की मांग को लेकर रेल रोको आंदोलन के तहत मऊ जंक्शन एवं कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रभारी सिटी मजिस्ट्रेट आशुतोष राय को सौंपा। किसान नेताओं ने चेताया कि केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री की बर्खास्तगी व गिरफ्तारी जब तक नहीं होगा किसान आंदोलन तेज करने के लिए बाध्य होंगे। उधर जिला प्रशासन व रेलवे पुलिस की सर्तकता के कारण कहीं पर भी रेल रोको आंदोलन के तहत ट्रेन नहीं रोका गया। ट्रेनों का संचालन सुचारु ढ़ग से चलता रहा। जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सरकार किसान आंदोलन से जब नहीं निपट पा रही है तो किसान आंदोलन को कुचलने की साजिश रच रही है।

## भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरतः मनोज

संवाददाता। चंदौली



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू भाजपा सरकार पर हमलावर रहे। उन्होंने सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए यह तक कह डाला कि अब देश आजाद नहीं रह गया है। यहां लोगों की आजादी का हनन सरकार पुलिस.प्रशासन के बल पर कर रही है। जब एक जनप्रतिनिधि के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है तो एक आम शहरी के साथ पुलिस.प्रशासन किस तरह पेश आता होता। इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। यह पहली बार नहीं है जब पुलिस ने मेरे काफिले को इस तरह रोका है। इसके पहले भी कमालपुर में पुलिस यह कृत्य कर चुकी है। यह आम व्यक्ति की आजादी का हनन है। पुलिसप्रशासन ने किन आधारों पर मेरी स्वतंत्रता को छिनने का प्रयास किया है। उन्होंने इस कृत्य के लिए भाजपा व उसके जनप्रतिनिधियों को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया है। श्री सिंह सोमवार को सैयदराजा में पुलिस द्वारा धानापुर जाते समय सैयदराजा पुलिस द्वारा काफिले को रोकने और आवास पर जबरिया हाउस अरेस्ट करने से बेहद खफा थे। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता का नशा हो गया है। लेकिन भाजपा यह न भुले की जनता ने सूबे की सत्ता जनसेवा के लिए सौंपी है। लेकिन भाजपा सेवा की बजाय शासक बन बैठी है। अपराधियों का संरक्षण करने के साथ ही अलोकतांत्रिक कृत्यों को अंजाम देने वालों का भाजपा हौसला बढ़ा रही है। इसके अलावा जनता के दुख.दर्द को बांटने वाले जनप्रतिनिधियों पर भी प्रशासनिक जोर व दबाव बना रही है।

## लोडेड मालगाड़ी हुई डीरेल, रेल अधिकारियों में मचा हड़कंप

संवाददाता। चन्दौली

**डीडीयू मंडल** के गंजख्वाजा रेलवे स्टेशन के समीप एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बचा । गंज ख्वाजा स्टेशन के समीप स्थित मटकुट्टा गेट के पास लोडेड मालगाड़ी डिरेल हो जाने से डाउन रेल लाइन बाधित हो गई है। मामले के जानकारी के बाद रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया । रेलवे के तमाम अधिकारी मौके पर पहुँच गए हैं और मालगाड़ी को पटरी पर वापस लाने में जुट गए हैं। दरअसल डीडीयू जंक्शन की तरफ से हावड़ा को जा रही लोडेड मालगाड़ी सोमवार को सुबह लगभग 10:45 बजे गंजख्वाज स्टेशन के समीप स्थित मटकुट्टा रेलवे क्रासिंग के पोल संख्या 669,14 के पास डिरेल हो गई । जिसके कारण डाउन रेल रुट बाधित हो गया। मामले की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारियों में हड़कंप मच गया रेलवे के आला अधिकारी और आरपीएफ बल मौके पर पहुँच गए हैं । मालगाड़ी को रेस्क्यू करने में जुट गए हैं। लोगों की माने तो मालगाड़ी की रफ्तार बेहद कम थी अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था।

## पूर्वांचल घोड़ा रेस में रविन्द्र सबसे अव्वल

संवाददाता। मऊ



**विकास खण्ड** कोपागंज अन्तर्गत गौहरपुर में ब्रह्मलीन स्व श्रीश्री 108 श्यामा उर्फ फलहारी बाबा एवं स्वर्ण फू लबदन यादव तथा पूर्व ब्लाक प्रमुख स्वर्णनाथ राय की स्मृति में दुर्गा मन्दिर के पास पूर्वांचल स्तरीय घोड़ा रेस प्रतियोगिता कराया गया। प्रतियोगिता में पूर्वांचल के मऊ, आजमगढ़, देवरिया, बलिया, गाजीपुर जनपदों सहित बिहार प्रान्त से आये 13 घोड़ों ने हिस्सा लिया। घोड़ा रेस प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय को शिल्ड व साफा एवं तृतीय को कप और साफा देकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को सान्तवना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के टड़वा बोझी के घुड़सवार रविन्द्र पहलवान को प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान महेशपुर गाजीपुर के मकसूद खान तृतीय स्थान जनपद के बकुची डांडीडीह के वीरबहादुर यादव को मिला। पूर्वांचल स्तर का घोड़ा रेस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि लोकप्रिय भाजपा नेता व जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय रहे। आयोजन में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुये श्री राय ने कहा कि इस इस तरह की प्रतियोगिताओं से जहां प्रतिभागाओं का विकास हाता है वहीं समाज के बीच शान्ति तथा सौहार्द का संदेश जाता है। कार्यक्रम के आयोजन ब्रह्मलीन फलहारी बाबा के शिष्य अखिलेश ब्रह्मचारी जी ने आये हुये अतिथि के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम माँ जगदम्बा की कृपा व आमजन के सहयोग से यह प्रतियोगिता 40 वर्षों से हो रहा है और भविष्य में कार्यक्रम के आयोजन का उनके द्वारा भरोसा दिया गया। स्वागतकर्ता मुंशी यादव व अमरेश यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोपागंज ब्लाक प्रमुख डॉ.जयप्रकाश साहनी, पूर्व प्रमुख सर्वेश कुमार राय, जिला पंचायत सदस्य संतोष राजभर, रमेश राय, रत्नेश मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 19 अक्टूबर 2021



## अनुसूचित मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**उन्नाव।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा रामचंद्र कनौजिया के जिला कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभाग करने आते समय नवाबगंज में निवर्तमान ब्लाक प्रमुख अरुण सिंह वर्तमान जिला पंचायत सदस्य ने अपने आवास पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी का स्मृति चिन्ह देकर जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया के साथ प्रदेश महामंत्री अजय सिंह कोरी क्षेत्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 ई–निविदा सूचना** अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु दो भागों में मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें ई–टेण्डर के माध्यम से निम्नविवरणानुसार आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 02.11.2021 समय 13.00 बजे तक ऑनलाइन ई–निविदा अपलोड की जायेगी जो उसी दिन दिनांक 02.11.2021 को 16.00 बजे से खोली जायेगी। कृपया पूर्ण निविदा का विवरण/डाउन लोडिंग एवं संशोधन/शुद्धिकरण एवं नियम व शर्तें संबंधी सूचनाओं हेतु वेबसाइट http//.etender.up.nic.in को देखें। **क्रम सं0** 1. **निविदा विशिष्टि संख्या** 66/वि0कार्य0शा0म0(वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, बस्ती के अन्तर्गत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्र संतक. बीरनगर एवं सिद्धार्थनगर में 1460 एवं 250 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य **धरोहर धनराशि** रू0 8520.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 1180.00 **क्रम सं0** 2. **निविदा विशिष्टि संख्या** 67/वि0कार्य0शा0म0(वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, गोरखपुर के अन्तर्गत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्र देवरिया में 16 केवीए (3 फेज) क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के .मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि** रू0 2670.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 1180.00 **क्रम सं0** 3. **निविदा विशिष्टि संख्या** 68/वि0कार्य0शा0म0(वा0)/ 2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड आजमगढ़ के अन्तर्गत कार्यशील विभिन्न कार्यशालाओं में मरम्मत कार्य हेतु स्थापित विभिन्न प्रकार के उपकरण, डीवीडीएफ, ओवन, हाई वोल्टेज, एच0टी0 वाइडिंग मशीन, एल0टी0 वाइडिंग मशीन एवं हाइड्रोलिक ट्राली इत्यादि के रूटीन एवं आकस्मिक मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि** रू0 7940.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 1180.00 **क्रम सं0** 4. **निविदा विशिष्टि संख्या** 69/ वि0कार्य0शा0म0(वा0)/ 2021– 22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड आजमगढ़ के अन्तर्गत विभिन्न कार्यशाला केन्द्रों हेतु परिवर्तक मरम्मत कार्य से सम्बन्धित साम्रगी ढुलाई का कार्य। **धरोहर धनराशि** रू0 9,640.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 1180.00 **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला मण्डल, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी** पत्रांक–2016 दिनांक– 18.10.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

# भाजपा को हराने को एकजुट हों धर्मनिरपेक्ष दलः शिवपाल

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात

**भाजपा** सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सभी धर्म निरपेक्ष दलों को एकजुट होना चाहिए? प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने यह बात कही। सोमवार को वह कानपुर देहात की भोगनीपुर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा पुखरायां से द्वितीय चरण की सामाजिक परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने बताया कि उनकी सामाजिक परिवर्तन रथयात्रा प्रदेश के सभी 75 जिलों में भ्रमण करेगी। प्रथम चरण में इसकी शुरुवात कान्हा की नगरी वृंदावन से हो चुकी है। समापन श्रीराम की नगरी अयोध्या में होगा। यात्रा के दौरान वह जनता से सीधा संवाद भी करेंगे। विधानसभा क्षेत्र के अहरौलीशेख, भोगनीपुर गांव, भोगीसागर, चौरा में गर्मजोशी के साथ रथ यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने रथ में सवार नेताओं को फूलमालाओं से लाद दिया। चौरा गांव पार करते ही रथ यात्रा यमुना पार जालौन व झांसी के लिए रवाना हो गई। पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने



समाजवादी पार्टी से एक बार फिर गठबंधन के संकेत दिए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि सपा से गठबंधन के लिए प्रसपा के दरवाजे खुले हुए हैं। भाजपा को हराने के लिए प्रसपा समझौते को तैयार है। शिवपाल ने कहा कि जितनी जल्दी गठबंधन होगा, उससे भाजपा को हराने में मदद मिलेगी। शिवपाल के निशाने पर योगी सरकार ही रही। कहा भाजपा की सरकार विकास नहीं बल्कि विनाश करने वाली सरकार है। महंगाई और भ्रष्टाचार के मोर्चे पर सरकार के फेल होने की बात कही।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, महराजगंज–रायबरेली**

पत्रांक : 2011/आंकिक/नि0कार्य0/पंजीकरण/2021–22
दिनांक : 18.10.2021

**कार्यालय विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड (क्षेत्र पंचायत) महराजगंज के अन्तर्गत राज्य वित्त योजना एवं केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिए विकास खण्ड स्तर पर ठेकेदारों का पंजीकरण किये जाने हेतु दिनांक 19.10.2021 से 25.10.2021 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म निम्नलिखित प्रपत्रों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर अपना आवेदन पत्र विकास खण्ड कार्यालय में समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। पंजीकरण हेतु निम्न अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

1. हैसियत प्रमाण पत्र (10 लाख रु0 से कम न हो)
2. चरित्र प्रमाण पत्र
3. जी0एस0टी0 नम्बर
4. एन0एस0सी0/के0वी0पी0/एफ0डी0आर0 रु0 500.00 मात्र जो खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज के पद नाम से बंधक हो।
5. पैन नम्बर
6. क्षेत्र पंचायत का पंजीकरण शुल्क 1000.00 की प्रति।
7. अनुभव प्रमाण पत्र

नोट :– उपरोक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा तथा किसी भी आवेदन को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**महराजगंज – रायबरेली**

# डीएम व सीडीओ ने संयुक्त रूप से किया युवा महोत्सव का शुभारंभ

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**माती** मुख्यालय के इको पार्क स्थित सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विधाओं के कलाकारों सहित युवा बालक बालिकाओं ने अपनी–अपनी कलाओं का अधिकारियों के सम्मुख प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम



में अधिक से अधिक युवा कलाकारों को जोड़कर जनपद का नाम रोशन किया जाये। युवा शक्ति को हर क्षेत्र में बढ़–चढ़कर भागीदारी जरूर लेनी चाहिए है। जिलाधिकारी ने जिला युवा कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि अगले कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा विद्यालयों को इस तरह के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करेंगे। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने कथक नृत्य का जिक्र करते हुए कहा कि चाहे बॉलीवुड की फिल्में हो या हॉलीवुड की फिल्में इन सब में यह नृत्य समाहित रहता है, नृत्य के कुछ बिंदु बताते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। इस मौके पर युवा कल्याण विभाग अधिकारी, कर्मचारी व प्रतिभागी आदि उपस्थित रहे।

**KANPUR NAGAR NIGAM**
Motijheel, Kanpur
Phone - 2551416, 2531215 Fax-2531662
Email : Kanpur_nagar.nigam.@yahoo.co.in
Website : kmc.up.nic.in

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**
**स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूड़ा कलेक्शन हेतु हाथ कूड़ा गाड़ी की आपूर्ति हेतु दर अनुबन्ध निविदा**

कानपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु स्वास्थ्य से सम्बन्धित सामग्री/उपकरण क्रय किये जाने हेतु दर अनुबन्ध निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से हाथ कूडा गाड़ी की आपूर्ति हेतु आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका भुगतान 15वें वित्त आयोग के अनुदान की संस्तुतियों के अन्तर्गत किया जाना है। आनलाइन निविदा 2 बिड सिस्टम (तकनीकी एवं वित्तीय) पद्धति के अन्तर्गत प्रस्ताव आवंटित किया जाता है। निविदा नगर स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय कक्ष मोतीझील मुख्यालय नगर निगम कानपुर में निम्न तिथियों निविदा समिति के समक्ष एवं निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी जिसका विवरण निम्नवत है

| | |
|---|---|
| निविदा प्रारम्भ की तिथि व समय | 20.10.2021 प्रातः 11.00 बजे से |
| निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 26.10.2021 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 26.10.2021 सायं 4.00 बजे |

आनलाइन निविदा प्रपत्र व निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्त कानपुर नगर निगम की ई–टेन्डरिंग वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। आनलाइन निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 5,000.00 मय 18.0 प्रतिशत अथवा देयकरो सहित का भुगतान करना अनिवार्य होगा। निविदा की कुल जमानती धनराशि रु0 01 लाख का भुगतान एन0एस0सी0, एफ0डी0आर0 अथवा डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में करना अनिवार्य होगा। कुल जमानती धनराशि का भुगतान मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम कानपुर के पक्ष में देय होगा। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की ही आनलाइन वित्तीय निविदा खोली जायेगी। नगर आयुक्त नगर निगम कानपुर को निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(डा0 अमित सिंह) नगर स्वास्थ्य अधिकारी
(डा0 अजय कुमार) नगर स्वास्थ्य अधिकारी
(सूर्यकान्त त्रिपाठी) अपर नगर आयुक्त

**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–तृतीय केस्को, कानपुर ''अति–अल्पकालीन ई–निविदा सूचना''** अनुभवी एवं कुशल ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र यू०पी० एन.आई.सी./केस्को की ई–टेंडरिंग वेबसाईट https://etender.up.nic.in/www.kesco.co.in पर उपलब्ध है। वेबसाईट पर उपलब्ध निविदा सूचना में व्ययानुमान धनराशि, धरोहर धनराशि (NEFT/RTGS/DD /Bankers Cheque & (BG for the EMD amount of Rs. 5000 and more) के माध्यम से) निविदा मूल्य, कार्य पूर्ण करने की अवधि, निविदा डालने की तिथि, निविदा खोलने की तिथि तथा अन्य नियम व शर्तो का उल्लेख है। **क्र0सं0** 1 **निविदा संख्या** 13/EUDC-III/2021-22 **कार्य का नाम** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड हैरिसगंज के अन्तर्गत इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन हेतु भूमिगत 33 केवी डबल सर्किट केबिल डालने एवं ओवर हेड लाईन को उतारे जाने का कार्य कराये जाने हेतु। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** 1180.00 (NEFT के माध्यम से) **धरोहर धनराशि** 4,500.00 **कार्य पूर्ण करने अवधि** 01 माह **निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय** 29.10.2021 समय 14.00 बजे तक **तकनीकी बिड खोलने तिथि व समय** 29.10.2021 समय 16.00 बजे तक **वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय** तकनीकी बिड स्वीकृति के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कोई कारण बताये निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। इच्छुक अनुभवी एवं कुशल ठेकेदारों से अनुरोध है कि नियमित रूप से उक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहे, क्योंकि निविदा के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाईट पर ही उपलब्ध कराई जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता (वि०) मण्डल – तृतीय, केस्को, कानपुर 33 केवी एच–ब्लाक उपकेन्द्र, किदवई नगर, कानपुर** पत्रांक : 2166 दिनांक 18.10.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

## जवानों की मुस्तैदी से पटरी पर नहीं आ सका किसानों का आंदोलन

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**लखीमपुर** खीरी घटना के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन का आज सोमवार को जिले में कई स्थानों रेल रोकने का कार्यक्रम था। इसी क्रम में भाकियू कार्यकर्ताओं ने स्टेशनों के बाहर धरना शुरू कर दिया है। भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पुलिस की मुस्तैदी के चलते किसान रेलवे ट्रेक तक नही पंहुच सके।कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के नेकपुर चौरासी सिटी पब्लिक कालेज के निकट भाकियू के मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकान्त मिश्रा ने आवास पर भारी संख्या में पुलिस ने बल तैंनात कर दिया गया। मंडल उपाध्यक्ष नें नेकपुर क्रासिंग रेलवे ट्रेक पर जाकर धरना देनें का प्रयास किया लेकिन भारी पुलिस बल होंने के चलते उन्हें रेलवे ट्रेक से कुछ दूरी पर रोंक लिया गया।

## मृत नवजात का जल प्रवाह कराने आया युवक नदी में डूबा

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात

**भोगनीपुर** कोतवाली क्षेत्र के मांवर गांव के निकट मृत नवजात बच्ची के शव को जल प्रवाहित कराने आए युवक का सेंगुर नदी में पैर फिसल जाने से वह डूब गया है। गोताखोरों के लाख प्रयास के बाद भी उसका शव नहीं मिला है। भोगनीपुर कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अकबरपुर थाना क्षेत्र के तिलौंची, मैरकपुर निवासी राजनारायण यादव के परिवार में किसी नवजात बच्ची की मौत हो गई थी। कुछ लोगों के साथ राजनारायण का पुत्र मोहित (21) मृत बच्ची के शव को जल प्रवाह कराने के लिए भोगनीपुर थाना क्षेत्र के मांवर गांव निकट सेंगुर नदी में लाया था। जल प्रवाह कराने के दौरान मोहित का पैर फिसल गया था। पानी का बहाव तेज होने के कारण वह नदी के बीच में चला गया। साथ में आए लोग चिल्लाते रहे। लेकिन तैरने में निपुण न होने के कारण उसे बचा नहीं पाए।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने आबकारी विभाग के साथ की बैठक

**उन्नाव।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सर्वप्रथम होटल एवं रेस्टोरेन्ट के प्रबन्धकध् प्रतिनिधियों को बार अनुज्ञापन की स्वीकृति हेतु नियम एवं शर्तो से अवगत कराया गया। बार अनुज्ञापन स्वीकृति हेतु चेक लिस्ट की एक.एक प्रति उपस्थित प्रबन्धकध्प्रतिनिधियों को दी गई। साथ ही बार लाइसेंस की स्वीकृति हेतु आवदेन पत्र एवं आवेदक का शपथ.पत्र का प्रोफार्मा देते हुये बार लाइसेंस फीस से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी महोदय ने आसवनी के पार्टनरोंध् प्रतिनिधियों को एक सप्ताह में आसवनी को सुचारू रूप से संचालन हेतु निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिसार निरीक्षक को आबकारी विभाग के समस्त आबकारी निरीक्षकोंए प्रधान आबकारी सिपाहियों व आबकारी सिपाहियों को शस्त्र प्रशिक्षण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंहए जनपद के समस्त आबकारी निरीक्षकए संचालित समस्त होटल व रेस्टोरेन्ट के प्रबन्धकध्प्रतिनिधिए सहायक आबकारी आयुक्तए उन्नाव आसवनी उन्नावए आसवनी के पार्टनरध् प्रतिनिधि एवं प्रतिसार निरीक्षक उपस्थित रहे।

### लापता माँ-बेटी का शव मिला

**बांगरमऊ उन्नाव।** दो दिन पूर्व लापता मां बेटी के शव अलग अलग स्थानों से बरामद हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। लापता मां बेटी के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के ग्राम मंगूखेड़ा निवासी स्व0 गोपाल नारायण की पत्नी सुषमा 55 वर्ष घरेलू कलह के चलते गत 15 अक्टूबर को अपनी 13 वर्षीय पुत्री क्षमा के साथ कही चली गयी थी। देर रात तक मां . बेटी जब वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। किन्तु दोनो का पता नही चल सका। अंततः सुषमा के भतीजे मून चतुर्वेदी पुत्र गोविंद नारायण ने बीते 17 अक्टूबर को बेहटा मुजावर थाने में चाची और चचेरी बहन की गुमशुदगी दर्ज कराई ।सोमवार को सुबह हरदोई जनपद की सीमा पर स्थित ग्राम आलापुर कोट के निकट शारदा नहर में ग्रामीणों ने एक महिला का शव उतराता देखा ।ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना बेहटा मुजावर और मल्लावां थाने में दी ।सूचना पर दोनो थानों की पुलिस मौके पर पहुँच गयी ।बेहटा थाना प्रभारी अमरनाथ सिंह ने शव की शिनाख्त सुषमा के रूप में की ।घटनास्थल मल्लावां थाना क्षेत्र होने के कारण मल्लावा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु हरदोई भेज दिया। आज दोपहर बाद बेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम गोशाकुतुब के निकट शारदा नहर में पुत्री क्षमा का शव भी बरामद हो गया । बेहटा पुलिस ने किशोरी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लापता मां बेटी के शव अलग अलग स्थानों पर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। अब सवाल यह उठता है कि घरेलू कलह के कारण मां बेटी ने आत्महत्या की है या फिर दोनों का कत्ल किया गया है।

### वृद्ध को अज्ञात वाहन ने रौंदा, हुई मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** बहन के घर पैदल जा रहे वृद्ध को बिल्हौर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने रौंद दिया ।जिससे वृद्ध के चिथड़े उड़ गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने चीथड़ों को एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औसत के मजरा कल्लू खेड़ा निवासी परसादी पुत्र रामरतन 60 वर्ष गत रविवार को सुबह अपनी बहन के यहाँ कानपुर जाने के लिए घर से निकला था । आज सुबह बिल्हौर थाना क्षेत्र के ग्राम दधिखा के निकट उसे अज्ञात वाहन ने रौंद दिया ।जिससे उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए ।सूचना पर पहुंची बिल्हौर पुलिस ने मृतक के जेब में मिले आधार कार्ड के आधार पर परिजनों को सूचना दी और चीथड़ों को एकत्र कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी कलावती के अलावा दो पुत्र तथा एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ गया है ।

### राज मिस्त्री से छीन लिए पांच हजार

**फर्रुखाबाद।** एक राज मिस्त्री से गांव के ही युवक ने मारपीट कर पांच हजार की नगदी छीन ली। न्यामतपुर भुकसी गांव निवासी राज मिस्त्री सुग्रीव कुमार ने बताया कि वह गांव में थे तभी एक युवक ने उन पर हमला कर मारपीट कर पांच हजार की नगदी छीन ली। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए राज मिस्त्री ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने इसमें कार्रवाई का भरोसा दिया है। राज मिस्त्री का कहना है कि यदि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो वह बर्बाद हो जाएंगे। युवक उनका गांव में रहना भी दूभर कर देगा।

### भरे बाजार मारपीट कर छीन लिए 1.20 लाख

**फर्रुखाबाद।** रंजिश के चलते सोमवार की दोपहर भरे बाजार एक युवक पर हमला कर 1.20 लाख की नगदी छीन ली गई। युवक बैंक में रुपये जमा कराने के लिए जा रहा था। घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए।दुबे मोहल्ला निवासी रवि पांडेय दोपहर में 1.20 लाख रुपये जमा कराने के लिए बैंक की शाखा में जा रहे थे। जब वह मुख्य बाजार में पहुंचे कि तभी आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उन्हें घेर लिया और मारपीट की। उनका आरोप है कि मारपीट और हमला करने वालों ने एक लाख बीस हजार रुपये की नगदी छीन ली। हमला करने वाले जान माल की धमकी देकर भाग गए। उन्होंने घटना को लेकर थाना पुलिस से शिकायत की। इसमें तीन नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराने को पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष ने पुलिस फोर्स को जांच के लिए मुख्य बाजार में भेजा। पुलिस की टीम ने यहां पहुंचकर कैमरे खंगाले। सड़क की ओर कैमरे का रुख न होने से पुलिस की जांच उलझ रही है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि घटना को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। इसमें कार्रवाई की जाएगी। झगड़ा रंजिश के चलते हुआ है। रवि पांडेय ने बताया कि हमला करने वालों के पास अवैध असलहा भी थे। हमले में गंभीर चोट भी आयी है। उसका आरोप है कि पहले भी उस पर हमला हो चुका है। बराबर जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

### तालाब में डूबकर वृद्धा की मौत

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमौली में रविवार की दोपहर शौचक्रिया के लिये गयी 75 वर्षीय वृद्ध महिला की तालाब में डूब जाने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार अमौली निवासी स्व0 सूरजदीन की पत्नी मेंडिया रविवार की दोपहर शौचक्रिया के लिये जगल जा रही थी तभी कुछ दूरी पर स्थित तालाब में पैर फिसल जाने के कारण तालाब मे चली गयी। जिससे उसकी पानी में डूब जाने से मौत हो गयी। काफी देर बीतने पर वह घर नही आयी तो परिजनो ने उसकी खोज बीन शुरू कर दी। काफी देर बाद वृद्धा का शव तालाब में उतराता दिखायी दिया। जिसे देख परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के दिशा निर्देशन पर चलाये जा रहे धर पकड अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना में ईट भटठो के पीछे छुरमुट में काफी समय से चल रही शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड करते हुये कई बने अधबने तमंचे व कारतूस बरामद करते हुये दो लोगो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताते चले की राधा नगर चौकी इंचार्ज प्रभुनाथ यादव अपने सहयोगी उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार सिंह, हेडकास्टेबल सूर्यभान सिंह, कास्टेबल विष्णुदेव सिंह व कास्टेबल दीपक कुमार के साथ राधानगर चौराहे पर चेकिंग अभियान लगाये थे तभी उनके खास मुखबिर ने सूचना दिया कि राधानगर नई बस्ती रामबाबू ईट भटठे के बगल से जाने वाली गली से छुरमुट के बीच में काफी समय से अवैध शस्त्र फैक्ट्री का कारोबार हो रहा हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस पार्टी हरकत में आ गयी और एक पल गवाये बिना मौके पर पहुच घेरा बन्दी करते हुये शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड करते हुये मौके से पुलिस ने दो तमंचा बारह बोर, दो जिन्दा कारतूस, तीन अर्धनिर्मित आदि बरामद किए।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा हमीरपुर**

पत्रांक– 1055/ निविदा /05 दिनांक– 16.10.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु जी०एस०टी० विभाग में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें दिनांक–19.10.2021 की प्रातः 10:00 बजे से 25.10.2021 की सायं 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 15:30 बजे अधोहस्ताक्षरी/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। अल्पकालीन निविदा की टेण्डर धनराशी बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, हमीरपुर के नाम पर जमा की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशी निम्नानुसार की F.D.R/C.D.R./N.S.C., जो अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा हमीरपुर के नाम बन्धक होगी, संलग्न करना होगा। बिना धरोहर एवं टेण्डर धनराशी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। शेष शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0) | टेण्डर धनराशि (रु0) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुरारा ग्रामीण पेयजल योजना अंतर्गत ग्राम सरसई में कालपी रोड पर नलकूप बोरिंग का कार्य। | 9.583 | 19200.00 | 1150.00 | 30 दिन |
| 2 | राठ नगरीय पेयजल योजना अंतर्गत हैण्डपम्प मरम्मत हेतु सामग्री आपूर्ति का कार्य। | 4.000 | 8000.00 | 500.00 | 15 दिन |

**अधिशासी अभियन्ता**
**जल संस्थान हमीरपुर**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# विकास कार्यों का कराएं सत्यापनः मंडलायुक्त

**संवाददाता।** अयोध्या



**मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल** की अध्यक्षता में मण्डलीय विकास कार्यो की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में की गयी, जिसमें मण्डल के समस्त जनपदों के जिलाधिकारी, सीडीओ एवं विभिन्न विभागों के मण्डलीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। मण्डलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिन.जिन विभागों के आकड़ों में त्रुटि है उनको प्राथमिकता पर सुधार किया जाय तथा जिलो में जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनका भौतिक सत्यापन समय से करवा लिया जाय। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्यों के सापेक्ष कार्य को पूर्ण कर लक्ष्य की प्राप्ति की जाय तथा कार्यो को पूर्ण करने में गुणवत्ता एवं समयबद्वता का विशेष ध्यान रखते हुये पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाय। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिन विभागों के भुगतान लम्बित है तथा वसूली लक्ष्य के सापेक्ष नही की गयी है उनकी बैठक जिला स्तर पर अपनी अध्यक्षता में करते हुये मण्डल के लक्ष्यों में सुधार किया जाय। इसके साथ ही जहां बजट आवंटन की समस्याए पोर्टल डाटा फीडिंग की समस्या आदि आ रही है उनके निस्तारण के लिए सम्बधित विभागों के माध्यम से शासन को पत्र भेजा जाय और उसकी एक प्रति मण्डलायुक्त कार्यालय को भी प्रस्तुत की जाय। मण्डलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिन विभागों का कार्य पूर्ण हो चुका है अथवा पूर्ण होने की स्थिति में है उनको शीघ्र पूर्ण करते हुये हस्तानान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय तथा उसकी सूचना पोर्टल पर भी अपलोड किया जाय। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ संस्थानोंए निर्माण कार्यो आदि का भी समय.समय पर औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने बैठक की समीक्षा करते हुये प्रधानमंत्री सड़क योजना गड्ढामुक्त सड़क पंचायत भवन का निर्माण सेतु निगम के कार्य किसान सम्मान निधि योजना निराश्रित गौवंश का संरक्षण टीकाकरण एवं ईयर टैगिंगए चिकित्सकों एवं दवाईयों की उपलब्धताए एम्बुलेंस का संवालनए गोल्डेन कार्डए परिवार नियोजनए बाल टीकाकरणए शौचालय निर्माण एवं जियो टैंगिंग, आपरेशन कायाकल्प, हैंडपम्पों की बोरिंग एवं मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी। मण्डलायुक्त ने गन्ना विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मण्डल स्तर पर बैठक आयोजित की जायए जिसमें गन्ना क्रय, टोकन वितरण आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की जाय। उन्होंने बैठक में श्रम विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामूहिक विवाह योजनाए पेंशन योजना, छात्रवृत्ति के साथ साथ एनआरएलएम, मनरेगा, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनाए पूर्ति विभाग, पशुए चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य आदि विभागों की संचालित योजनाओं पर समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर बैठक में डीएम अयोध्या अनुज कुमार झा के अतिरिक्त अन्य अधिकारी उपस्थि थे।

# पूर्व राज्यपाल केसरी नाथ ने किया मेडिकल डायरेक्टरी का लोकार्पण

● मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की पूर्व शोध अधिकारी डा. शांति चौधरी ने संपादित की है चौथी मेडिकल डायरेक्टरी

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की पूर्व शोध अधिकारी और वरिष्ठ समाजसेविका डा शांति चौधरी द्वारा संपादित प्रयागराज मेडिकल डायरेक्टरी का लोकार्पण सोमवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी ने किया। पूर्व राज्यपाल के लोहिया मार्ग स्थित निजी आवास पर आयोजित विमोचन समारोह में पूर्व राज्यपाल केसरी नाथ त्रिपाठी ने डा शान्ति चौधरी को उनके इस सराहनीय कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उक्त



प्रयागराज मेडिकल डायरेक्टरी का लोकार्पण करते पूर्व राज्यपाल पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी एवम डा शांति चौधरी तथा अन्य।

मेडिकल डायरेक्टरी की संकल्पना संकलन और संपादन स्वयं डा शान्ति चौधरी ने ही किया है। पूर्व में भी उनके द्वारा संपादित डायरेक्टरी प्रकाशित हो चुकी है। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि उनके लिए यह सौभाग्य का विषय है। क्योंकि मेडिकल डायरेक्टरी के प्रथम संस्करण का लोकार्पण मैंने ही किया था। कहा कि यह निश्चित रूप से डा शान्ति चौधरी की कर्मठता लगन एवं उनकी निष्ठा का प्रतिफल है। जन सामान्य के लिए इसकी उपयोगिता बहुत ही अधिक है। साथ ही चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाले लोगों के परस्पर संपर्क में भी यह डायरेक्टरी बहुत सहायक है। डा शान्ति चौधरी द्वारा प्रयागराज को दी गई निदेशिका एक अमूल्य निधि है। प्रयागराज मेडिकल डायरेक्टरी के विषय में जानकारी देते हुए डा शान्ति चौधरी ने कहा कि यह उनकी चौथी डायरेक्टरी है।

# निरंकारी मिशन ने लगाया कोविड टीकाकरण शिविर

● 270 लोगों ने लगवाई कोविशील्ड की वैक्सीन

**प्रयागराज।** सन्त निरंकारी मिशन की ओर से सोमवार को सन्त निरंकारी सत्संग भवन बैरहना में एक दिवसीय नि:शुल्क कोविड 19 टीकाकरण शिविर लगाया गया। जिसमें करीब 270 लोगों ने कोविशील्ड वैक्सीन को लगवाई। सन्त निरंकारी मंडल की संरक्षक सत्गुरू माता सुदीक्षा महाराज के आदेशानुसार और संत निरंकारी मण्डल के स्थानीय जोनल इंचार्ज अशोक कुमार सचदेव एवं सेवादल संचालक अशोक कुशवाहा के दिशा निर्देशन में शिविर लगाया गया। निरंकारी सेवादल के भाई बहन के अलावा जिला प्रशासन सीएमओ एवं डा शैलेश मौर्य के नेतृत्व में मेडिकल टीम के सहयोग से नि:शुल्क टीकाकरण शिविर सफ्लतापूर्वक स पन्न हुआ। सन्त निरंकारी मण्डल द्वारा समूचे भारत में



टीकाकरण करवाते लोग।

निरंकारी मण्डल के जो भी सत्संग भवन हैं। उन सभी भवनों पर सुविधानुसार टीकाकरण शिविर लगाने और लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक करने एवं प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें आज प्रयागराज में भी निरंकारी स्वयंसेवकों द्वारा सत्संग भवन बैरहना के आस पास परिक्षेत्र में एवम सोशल मीडिया द्वारा लोगों को जागरूक करने और वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। अशोक कुमार सचदेव विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## किसानों को कृषि कार्य के लिए करना होता है चुनौतियों का सामना

**प्रयागराज।** किसान अपने कृषि कार्यों की योजना बनाते और उसे क्रियान्वित करते समय जिन चुनौतियों का सामना करता है डीवीसी उन चुनौतियों को दर्शाता है और ऑडियो तथा वीडियो कॉन्टेंट का उपयोग करते हुए कृष ई ऐप के अनूठे लाभों के बारे में बताता है। यह ऐप विभिन्न फ्सलों और क्षेत्रों के लिए विशेषज्ञ सलाह और सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों को विभिन्न भाषाओं में पेश करता है। महिंद्रा ने पहली डिजिटल वीडियो कमर्शियल डीवीसी फ्ल्मि के लांच के साथ कृष ई ऐप और कृष ई निदान ऐप जारी करने की घोषणा की। नए डीवीसी में कृष ई ऐप के अनूठे लाभों को बताया गया है। इस डीवीसी में देश के सबसे बहुमुखी अभिनेताओं में से एक मनोज बाजपेयी हैं। जिनकी पारिवारिक जड़ें खेती किसानी से जुड़ी हैं। दो हजार बीस में लांच किया गया कृष ई महिंद्रा का एक नया बिजनेस वर्टिकल है। लक्ष्य पूरे फ्सल चक्र में भौतिक सेवाओं के साथ साथ डिजिटल सेवाओं के जरिये कृषि आय में वृद्धि करना है।

# मात्र तीन घंटे में बनाया गया डेडिकेट फ्रंट कॉरीडोर चुनार का अस्सी मीटर लम्बा पुल

**प्रयागराज।** डेडिकेट फ्रेट कॉरीडोर चुनार के 80 मीटर लंबे पुल को मात्र तीन घंटे में बनाया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर के भाऊपुर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन तक के प्रोजेक्ट के चीफ जनरल मैनेजर ओम प्रकाश ने बताया कि यह ब्रिज 520 टन का है जो 80 मीटर लंबा है। इसे मात्र तीन घंटे में बना के तैयार किया गया है। इस ब्रिज से होकर प्रयागराज की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं चोपन होते हुए झारखंड को जानें वाली मालगाड़ियों को गति मिलेगी।

इस ब्रिज से जिन मालगाड़ियों को प्रयागराज के रास्ते पण्डित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन की ओर से बिहार जाना हो तो वह इस ब्रिज के उपर से जाएंगी एवं जिन मालगाड़ियों को चोपन होते हुए झारखंड जाना होगा वो इस ब्रिज के नीचे से जाएंगी। इससे मालगाड़ियों को गति मिलेगी जिससे देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। सोमवार को चुनार चोपन खंड में चुनार एवं विश्वनाथपुरी स्टेशनों के मध्य किलोमीटर 242 32 34 पर रेल लाई ओवर सं या 273 के क्रम में 80 मीटर लंबा गर्डर लांच किया गया। सीपीआरओ डा शिवम शर्मा ने बताया कि रेल ओवर रेल लाईओवर के निर्माण से उत्तर मध्य रेलवे के चुनार चोपन रेल लाइन और डीएफ्सी रेल मार्ग की सर्फेस क्रॉसिंग से बचाव हो सकेगा और दोनों मार्गों पर निर्बाध रेल परिचालन सुनिश्चित हो सकेगा।

डेडिकटेड फ्रेट कॉरिडोर उच्च गति और उच्च क्षमता वाले विश्वस्तरीय तकनीक के अनुसार बनाया जाने वाला रेलमार्ग है। इसे विशेष तौर पर माल एवं वस्तुओं के परिवहन हेतु बनाया जा रहा है। डीएफ्सी मे बेहतर बुनियादी ढांचे और साथ ही अत्याधुनिक प्राधौगिकी का एकीकरण शामिल है। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पंजाब के लुधियाना से होकर पश्चिम बंगाल के दानकुनि तक निर्मित हो रहा है। वही ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट डोर के मार्ग में कोयला खदानें थर्मल पॉवर प्लांट और औद्योगिक शहर मौजूद हैं। इसके मार्ग में पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश बिहार शामिल हैं।

इस परियोजना का अधिकांश हिस्सा विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित हैं। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर भारत के परिवहन क्षेत्र में सुधार करेगा और भारतीय रेलवे के ट्रैक मार्गों की क्षमता में बढ़ोतरी करेगा क्योंकि इस मार्ग पर मालगाड़ियों का निर्बाध परिवहन हो सकेगा। डा शर्मा ने बताया कि डेडीकेटेड रेल मार्ग के निर्माण के उपरांत में भारतीय रेल नेटवर्क पर चलने वाली बहुत सारी माल गाड़ियां डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरीडोर पर स्थांनातरित कर दी जाएगी। इनके स्थानांतरण से खाली हुए मार्गों पर यात्री ट्रेनों के परिवहन के लिए अधिक मार्ग मिल जाएगा।

## क्विक न्यूज

### गुणवत्ता प्रदान करने के लिए बनाएं सक्षम

**प्रयागराज।** अपने मूल्यवान लोगों को बिना शर्त परेशानी मुक्त आ टर सेल्स सर्विस प्रदान करने के लिए वीवो ने आज वीवो इंडिया सर्विस डे की घोषणा की है। जो लोगों को अनेक सेवाएं प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक विशेष कार्यक्रम है। कार्यक्रम के तहत छह सौ प्लस कंपनी संचालित सेवा केंद्रों पर जाने वाले लोग बिना किसी श्रम शुल्क मु त स्क्रीन गार्ड बैक कवर और कुछ चुनिंदा मॉडलों पर आकर्षक सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। यह कार्यक्रम दिसंबर दो हजार इक्कीस तक हर महीने उन्नीस और बीस तारीख को पूरे भारत में सेवा केंद्रों पर सक्रिय रहेगा। निपुण मरिया डायरेक्टर ब्रांड स्ट्रेटेजी ने कहा वीवो में हमारे केंद्र बिंदु हैं। स्वामित्व वाली कंपनी संचालित छह सौ से अधिक सेवा केंद्रों का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित करने के लिए कड़ी मेहनत की है जो यह सुनिश्चित करता है कि हम अपने सभी लोगों को लगातार उच्च गुणवत्ता वाली सेवा प्रदान करने में सक्षम हैं।

### देश की संस्कृति को जोड़ने की पहल

**प्रयागराज।** देश भर में कुल्हड़ चाय के अनूठे स्वाद के लिए पहचाने जाने वाले ब्रांड चाय सुट्टा बार ने आज गोरखपुर शहर जो उत्तर भारत के सबसे बड़े बिजनेस और ट्रेड हब के लिए जाना जाता है। इसमें एक और आउटलेट शुरू करने की घोषणा की गई है। उदघाटन गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने किया। चाय सुट्टा बार के बिल्कुल नए आउटलेट में कुल्हड़ चाय के साथ देश की संस्कृति में प्यार जोड़ने वाला एक अतिरिक्त स्वाद इसमें होगा। लांच के साथ ब्रांड के अब भारत के पंचानबे से ज्यादा शहरों और ओमान दुबई जैसे देशों में और यूएसए यूके और कनाडा में आने वाले आउटलेट्स के साथ कुल एक सौ पंचानबे से ज्यादा फ्रैंचाइजी आउटलेट हैं।कुल्हड़ की समृद्ध विरासत धीरे धीरे खो गई और चाय ने पीछे की सीट ले ली। इसे ध्यान में रखते हुए चाय बार की एक समसामयिक शुरुआत ने सुट्टा ब्रेक के बगैर बार टेबल पर कडक चाय पेश की साफस्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल इस तरह की चाय की अवधारणा का जन्म जुलाई दो हजार सोलह में इंदौर में हुआ था। अनुभव दुबे को फाउंडर चाय सुट्टा बार ने कहा कि चाय सुट्टा बार चाय से ज्यादा बेचता है यह वाइब्स अनुभूति भी बेचता है। जो युवा पीढ़ी को आकर्षित करता है।

### लखीमपुर जाकर मृतक युवकों के परिजनों को दिलाया का भरोसा

**अयोध्या।** सर्वोच्च न्यायालय मे विचाराधीन कृषि कानूनों को लेकर पूरे देश में बवाल चला रहे आंदोलन के क्रम में खीरी लखीमपुर जिले में मारे गए ब्राह्मण युवकों के परिजनों से खीरी लखीमपुर मृतको के घर जाकर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं श्री



श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया और मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। 6 सूत्रीय मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित जिलाधिकारी के प्रतिनिधि तहसीलदार ओपी मिश्रा को सौंपा जिसमें प्रमुख रूप से कथित किसानों द्वारा लाठी.डंडे तलवार आदि से लैस होकर पीट.पीटकर मारे डाले गए युवक शुभम मिश्रा एवं हरिओम मिश्रा के परिजनों को सरकारी नौकरी हत्यारों व घटना के सूत्रधार राकेश टिकैत के खिलाफप्रथम सूचना दर्ज करके अभिलंब गिरफ्तारी और परिवार की सुरक्षा की मांग उठाई। परिजनों ने हत्यारों के खिलाफउचित कार्यवाही ना करने एवं सरकारी नौकरी अन्य मृतकों की तरह ना दिए जाने से काफी आहत एवं दुखी है।उनका कहना है कि प्रदेश सरकार दोहरी नीति अपना रही है।परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक श्री त्रिपाठी ने सभी मृतको को 45-45 लाख रुपये दिए जाने पर सीएम को धन्यवाद ज्ञापित किया है और परिजनो की सुरक्षा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी व हत्यारो की गिरफ्तारी राकेश टिकैत के खिलाफ 120बी का मुकदमा दर्ज करने की मांग को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से व्यक्तिगत मिलकर दिलाने का आश्वासन दिया है। 10 दिन के अंदर यदि इन मांगों के समर्थन में प्रदेश सरकार में कोई उचित निर्णय नहीं लिया तो चाणक्य परिषद सडक पर उतरकर पूरे प्रदेश के ब्राह्मण संगठनो के साथ मिलकर को बडा आन्दोलन करने को बाध्य होगा। प्रतिनिधिमंडल में परिषद के दुर्गा प्रसाद तिवारी आफ्ताा रामभरत पान्डेय बाबूराम पांडे ओम प्रकाश पान्डेय राधे शरण मिश्र दिवाकर पांडे भोलानाथ तिवारी राधेश्याम पान्डेय राम तिलक पान्डेय धीरेन्द्र उपाध्याय श्रीकांत द्विवेदी सांवली प्रसाद शुक्ल राम सुरेन्द्र मिश्र घनश्याम पान्डेय राकेश मिश्र शिवपूजन पान्डेय प्रदीप तिवारी अन्नू दूवे द्वारिका प्रसाद पांडे गोपाल तिवारी देवेश पाठक सुरेन्द्र कुमार शुक्ल अखिलेश पाठक भाष्कर दत्त तिवारी सुशील शुक्ल शेर वहादुर तिवारी रिंकू प्रदीप पाठक आदि दर्जनो गाड़ियों के काफिले के साथ सैकड़ो लोगो ने खीरी लखीमपुर जाकर मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी।

## मेडिकल कॉलेज में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

**अम्बेडकरनगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया।इन कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार की वजह से अस्पताल की व्यवस्था धराशाई हो गयी, जिसकी वजह से मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें चार माह से बेतन नही मिला और जब एक माह का मिला तो उसमें भी कटौती कर दी गयी है।कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा कार्रवाई का आश्वासन देने पर कर्मचारी काम पर लौट गए। महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में अस्पताल की व्यवस्था आउटसोर्सिंग कर्मियों के सहारे संचालित है। इन कर्मियों के आपूर्ति का टेंडर सन फैसिलिटी नामक कम्पनी का हुआ है, जिससे तकरीबन 275 कर्मी काम कर रहे हैं, आज सुबह जब अस्पताल खुला तो इनमें से अधिकांश कर्मी अपना काम छोड़ बाहर गए और कार्य बहिष्कार पर उतर आए बताया जा रहा है।

# इनर व्हील क्लब का रंगारंग डांडिया उत्सव संपन्न

**अयोध्या।** शारदीय नवरात्रि पर्व के तत्वावधान में इनर व्हील क्लब आफ़ फैजाबाद डिस्ट्रिक्ट 312 की पूर्व अध्यक्षा एकता अग्रवाल द्वारा एक भंडारा रोटरी क्लब के समवेत सहयोग से नगर के कैंट स्थित पाटेशवरी मंदिर पर संपन्न कराने के उपरान्त कैंट स्थित मैसानिक लॉज में सांगीतिक सन्ध्या के अंतर्गत इनर व्हील क्लब का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम डांडिया गरबा नृत्य उत्सव संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि और निर्णायक शालिनी अग्रवाल, नगर की विख्यात फिटनेस क्लास संचालिका और कोरियोग्राफर रहीं। डांडिया गरबा भारतीय संस्कृति की एकता का द्योतक है और माँ जगदंबिका की आराधना का माध्यम भीए इनर व्हील क्लब आफ़ फैजाबाद अपने सामाजिक कार्यो के साथ सभ्यता एवं संस्कृति के प्रति भी निष्ठावान रहता है अपने उपक्रमों की श्रृंखला में इस आयोजन को सफ्ल बनाने के लिए और सम्पूर्ण गुजरात को अयोध्या की धरती पर उतारने के लिए खूबसूरत गुजराती परिधान में सजी युवतियाँ



और महिलाएँ अपनी डांडिया और गरबा की झंकार पर थिरकती रहींए जगह जगह सेलफिपॉइंट पर उत्साहित महिलाएँ अपनी कभी ग्रुप में तो कभी अकेले फोटो खींच रहीं थीं ! डांडिया गरबा उत्सव का मुख्य आकर्षण बच्चियों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य रहा जिसमें साक्षी, शुभांगी, कोमल, काजल, सोनल, अर्चित, गुंजन, आदि रहे इनके नृत्य ने मनमोहक समा बाँध दिया जिसकी भूरि भूरि प्रशंसा हुई। ओज उत्साह से ओतप्रोत एवं चित्ताकर्षक डांडिया रास में अनेकों प्रकार के पुरस्कार विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए दिए गए जिसमें मुख्य रूप से सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा नृत्य और बेस्ट डांडिया क्वीन रहा जिसकी विजेता नीता आचार्य और मनी कालरा रही। बेस्ट यंग स्टार की विजेता साक्षी और काजल रही। लकी ड्रॉ में भी पांच पुरस्कार घोषित किए गए जिनमें मुख्य तौर पर मनी कालरा अनीता आदि रहे स क्लब की जोनल हेड रीता खत्री को विशेष पुरस्कार उनकी डांडिया के आयोजन में विशेष सहयोग के लिए दिया गया उक्त आयोजन में विशेष सहयोग एकता अनीता,अर्चना अग्रवाल, रेखा पांडे, आईएसओ दीप्ति, श्रीवास्तव आदि का रहा जिनको क्लब अध्यक्ष सीमा अग्रवाल और सचिव प्रीति बंसल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गयाए उक्त समस्त जानकारी देते हुए क्लब करेसपौनडेंट डॉ मीनू द्वारा बताया गया।

# अयोध्या में दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारी

● मंडलायुक्त ने की गहन समीक्षा, अफसरों को दिए निर्देश विवि व इंटर कालेज के 12 वालंटियर्स जुटेंगे अभियान में

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल की अध्यक्षता में आज आयुक्त सभागार में पंचम दीपोत्सव 2021 की तैयारी बैठक की समीक्षा की। मण्डलायुक्त ने दिनांक 1 नवम्बर से 6 नवम्बर तक आयोजित होने वाले भव्य दीपोत्सव की तैयारियों के सम्बंध में मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद स्तरीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुये अद्यतन प्रगति पर प्रतिदिन जानकारी लेते हुये कार्यो की मानीटरिंग की जाय। मण्डलायुक्त ने बताया कि इस बार दीपोत्सव में 7.50 लाख दीपक जलाये जाने का प्रस्ताव है, जिसको और भव्य बनाने के लिए शासन स्तर पर लगभग 9 लाख दीप प्रज्जवलित करने पर विचार किया जा रहा है। दीपोत्सव की व्यवस्था माटी कला बोर्ड के माध्यम से करायी जा रही है इस कार्य की जिम्मेदारी डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विवि को सौपी गयी है। दीपक को जलाने हेतु अवध विवि के द्वारा अपने विश्वविद्यालय के तथा इंटर कालेज के 12 हजार वालन्टियर्स को लगाया गया है। अयोध्या के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दीपक जलाये जायेंगे। दीपोत्सव में मुख्य रूप से पर्यटन, संस्कृति, सूचना, राम मनोहर लोहिया विवि, विकास, राजस्व, उद्यान, नगर निगम, विकास प्राधिकरण आदि विभागों के लगभग 27 प्रकार के दायित्व दिये गये है और कहा गया है कि सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ दीपोत्सव की तैयारी करें। सूचना विभाग द्वारा दीपोत्सव के सम्पूर्ण कार्यक्रम का दूरदर्शन एवं अन्य प्रचार साधनों द्वारा सजीव प्रसारण किया जायेगा।

# रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी, धूमधाम से निकाली गई राम बारात

**अयोध्या।** श्रीरामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी उक्त पंक्तियों को साकार करते हुए आज नगर की कोठापार्चा साहबगंज एवं प्रताप नगर. हैदरगंज की राम बरातें निकाली गईं जिसमें केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति जनपद अयोध्या के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल, गगन जायसवाल, केशव बिगुलर, सुप्रीत कपूर, रोहित अग्रवाल व राजेश गौड़ पार्षद मुख्य रूप से शामिल रहे। समस्त राम बारातें अपने.अपने गंतव्य से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करती रहीं जैसे कोठापार्चा की राम बारात श्री बाल रामलीला समिति कोठापार्चा अपने अध्यक्ष सिद्धार्थ महान, राजेंद्र सिंह, वैभव, आशीष, महेन्द्र, भानु प्रताप अग्रहरि, व कन्हैया लाल यादव के नेतृत्व में चौक से प्रारंभ होकर बजाजा, सुभाष नगर फ्तेहगंज कसाब बाड़ा जनाना अस्पताल रोड रिकाबगंज चौराहा चौक गुदरी बाजार राठहवेली शोलापुरी



साहबगंज रीडगंज होते हुए वापस कोठापार्चा पहुंचीं वहीं साहबगंज की राम बारात रामलीला कमेटी साहबगंज अपने अध्यक्ष अशोक सिंह, पाटनदीन गुप्ता, अवध किशोर मिश्र, धीरज दुबे, रानू व अंकित दुबे के नेतृत्व में आंख अस्पताल तिराहा स्वामी दयानंद मार्ग गुदरी बाजार चौक रिकाबगंज जनाना अस्पताल रोड कसाबबाड़ा फ्तेहगंज सुभाष नगर चौक जमुनिया बाग रीडगंज होते हुए वापस साहबगंज पहुंची तथा रामलीला समिति प्रतापनगर हैदरगंज की राम बारात अपने अध्यक्ष राजन गुप्ता ह्रदेश श्रीवास्तव नन्हे मेवा लाल गुप्ता राकेश कुमार गुप्ता व दयालदास यादव के नेतृत्व में हैदरगंज से प्रारंभ होकर वजीरगंज जप्ती फ्तेहगंज कसाबबाड़ा जनाना अस्पताल रोड रिकाबगंज चौराहा चौक होते हुए गुदरी बाजार राठहवेली शोलापुरी से साहबगंज आंख अस्पताल तिराहे से रीडगंज से जमुनिया बाग होते हुए वापस हैदरगंज पहुंचकर संपन्न हुई। इन रामबारातों में श्रद्धालुगण भक्ति भाव से गाजे बाजे के साथ झूमते गाते और जय श्रीराम के नारों से वातावरण को गुंजायमान करते हुए राम धुन में चल रहे थे।

## समाज और देश स्वच्छ रहेगा तो हम सभी विश्व के अग्रणी देशों में शुमार किए जाएंगे

**अयोध्या।** हम सभी को हर दिन सफाई का संकल्प लेकर चलना चाहिएए क्योंकि जब हमारा समाजए हमारा देश स्वच्छ रहेगा तो हम सभी विश्व के अग्रणी देशों में सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकेंगेए तभी हमारी स्वच्छता अभियान सार्थकता सिद्ध होगी। उक्त बातें नाका हनुमानगढ़ी के। महंत रामदास ने एक स्वच्छता ही सेवा विषयक गोष्ठी को संबोधित करते हुये कही। अयोध्या जनपद के बारून बाजार में स्थित ओएन अकादमी में स्वच्छता अभियान पर चल रही गोष्ठी का आज समापन हो गयाए जिसमें बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने सियाराम ट्रस्ट की ओर विद्यालय को भेंट किये गए झूले का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय जी ने लोगों के सहयोग से जिस प्रकार विश्वविद्यालय का निर्माण कराया, उसी तरह यह समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

# आंगनबाड़ी सेंटरों का औचक निरीक्षण

**अंबेडकर नगर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी कटेहरी ने लगभग आधा दर्जन प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय कटेरी के कैंपस आंगनबाड़ी केंद्र कटेहरी प्रथम और कटेहरी द्वितीय का निरीक्षण हुआ जहां पर नामांकित 40 बच्चों के सापेक्ष 18 और 42 के सापेक्ष 16 बच्चे उपस्थित पाए गए। इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय कुरमीडीह के प्रांगण में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्र गौरव बसंतपुर प्रथम एवं द्वितीय का निरीक्षण हुआ जहां पर कार्य करती उमा देवी और किस रावती देवी उपस्थित मिली यहां पर बच्चे 48 के सापेक्ष 14 और 32 के सापेक्ष 15 मिले।

प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन संख्या 93 के सापेक्ष 50 बच्चे उपस्थित पाए गए जहां पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सहायक अध्यापक मनोज कुमारए शिक्षामित्र राम सिंगार, अध्यापिका बबीता, ग्राम प्रधान दीपक



कुमार की उपस्थिति में बाल विकास परियोजना अधिकारी ने आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को हाथ धोने की विधि का डेमो करके सिखाया और यह निर्देशित किया के कुछ भी खाने से पहले सबको अपना हाथ साबुन से धोना चाहिए और इसके बाद हवा में उठा करके एक 2 मिनट तक हाथ को सुखा लेना चाहिए कहीं किसी तौलिए मैं हाथ नहीं सुखाना है सीडीपीओ ने बताया की आंगनबाड़ी विभाग की गतिविधियों में आज हैंडवास का दिन था इसलिए हैंडवास कराया गया। यदि हम बिना हाथों को साफ किए कुछ भी खाएंगे तो विभिन्न बीमारियों के शिकार हो सकते हैं और हमारे शरीर का पोषण की स्थिति ठीक नहीं रहेगी। हम दस्त पेचिश कालरा के शिकार हो जाएंगे। इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय अहिरौली में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र अहिरौली फर्स्ट और अहिरौली द्वितीय की चेकिंग की गई जहां पर 40 के सापेक्ष 16 बच्चे और 37 के सापेक्ष 15 बच्चे उपस्थित पाए गए।

वहीं पर सीडीपीओ ने शकुंतला वर्मा और हेमलता मिश्रा से भाव गीत करा कर बच्चों को सामान्य चीजों की जानकारी कराने का प्रयास किया। इसके पश्चात कट गढ़वा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया जहां पर मीना श्रीवास्तव बच्चों के साथ उपस्थित मिली सीडीपीओ बलराम सिंह ने बताया की क्योंकि निदेशालय से 2 दिन सोमवार और बृहस्पतिवार को आंगनबाड़ी केंद्र संचालन का दिशा निर्देश दिया गया है इसलिए अग्रिम आदेश तक सप्ताह में 2 दिन सेंटर चलाए जाएंगे। इस संदर्भ में जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र का निर्देश है कि सभी सीडीपीओ और मुख्य सेविका फील्ड में जाकर आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें और साफसफाई के साथ केंद्रों का संचालन करवाना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी क्योंकि कोविड़ के कारण बहुत दिनों से स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र बंद थे। इसलिए बच्चों के अंदर अब स्कूलों और केंद्र में आने के लिए उपयुक्त वातावरण बनाया जाए और आने वाले बच्चों का स्वागत किया जाए। जिससे केंद्र पर उनके ठहराव की समस्या समाप्त हो सके।

## कांग्रेस कार्यसमिति

### राहुल का महत्व

**यदि** राहुल गांधी को पुन: कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाता है तो उनको चुनावी तीरों का सामना करना पड़ेगा। अब कहा जा सकता है कि कांग्रेस की मातृ शक्ति सोनिया गांधी ने अपने बेटे राहुल के बचाव मे सब कुछ किया। यह अलग बात है कि इससे पार्टी का भविष्य बनता है या नहीं। शनिवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक अपने आप में विशिष्ट थी। हालिया स्मृति में इसमें पहली बार दिखा कि नेहरू-गांधी परिवार को पार्टी संगठन में बढ़ते विरोध पर गौर कर इससे अलग तरीके से निपटना पड़ा, जबकि अतीत में ऐसे मामलों का इलाज अनिवार्य रूप से अनुशासनात्मक कार्रवाई से होता था। समय कितना बदल गया है। विरोधियों ने एक बड़ा व शक्तिशाली समूह बना लिया है और उनको बाहर निकालने का अर्थ दूसरी श्रेणी के पूरे नेतृत्व को बाहर निकालना था। हालांकि, परिवार का वर्चस्व इसलिए कायम है कि नेतृत्व के प्रति विरोध एक सीमा से अधिक नहीं है। सोनिया ने उनको समझाने का प्रयास किया। उन्होंने समझाया कि पूर्णकालिक अध्यक्ष न होने की उनकी मुख्य समस्या निराधार है क्योंकि वे 'पूर्णकालिक' तथा 'कार्यशील' अध्यक्ष हैं। इस प्रकार उन्होंने अपने बेटे का बचाव किया जिन्होंने 2019 चुनाव में पराजय के बाद अध्यक्ष पद छोड़ दिया था और तब से वे पुन: पद पर आने के इच्छुक नहीं हैं। सोनिया ने नेताओं से धैर्य बनाए रखने तथा अगले अध्यक्ष की प्रतीक्षा करने को कहा। संभवत: राहुल फिर अध्यक्ष होंगे। विरोधी एक निर्वाचित अध्यक्ष चाहते थे और सोनिया ने कहा कि वह उनको मिल जाएगा। उन्होंने अपने शब्दों पर अमल करते हुए समयबद्ध संगठनात्मक चुनाव की तिथियां घोषित कर दीं। इस प्रक्रिया में सोनिया गांधी ने पूरी चालाकी से उथलपुथल भरे समुद्र में लड़खड़ाते जहाज को संभालने का प्रयास करते हुए सभी लोगों से उनके योगदान का आह्वान किया है।



उनके दृष्टिकोण से दिसंबर, 2017 में कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद से बेटे राहुल का महत्वपूर्ण योगदान पार्टी द्वारा 2018 के विधानसभा चुनावों में एक गठबंधन समेत चार राज्यों में सरकारें बनाना था। लेकिन अगले साल उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की बदहाली के समय राहुल अध्यक्ष नहीं थे। उत्तर प्रदेश में संघर्ष के समय भी वे इस पद पर नहीं होंगे। अध्यक्ष पद के चुनाव के समय वे इससे आगे निकल चुके होंगे। इस प्रकार सोनिया गांधी ने परोक्ष रूप से कहा कि राहुल बिना जिम्मेदारी के सत्ता नहीं संभाल रहे थे क्योंकि वे स्वयं 'कार्यशील' अध्यक्ष थीं। यदि विरोधियों को कोई शिकायत है तो उनको राहुल के बजाय स्वयं उनसे निपटना होगा। विरोधी नेता चाहे जितना कहें कि निर्वाचित नेता को विफलताओं की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, पर वे यह बात सोनिया के सामने नहीं कह सकते थे। जब तक वे ऐसा करते तब तक सोनिया गांधी ने उनके तर्क को कुचल दिया है। लेकिन यदि राहुल पुन: अध्यक्ष बनते हैं तो उनको दिसंबर, 2022 में गुजरात तथा चार प्रमुख राज्यों में 2023 में चुनावी तीरों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए 2024 में नरेन्द्र मोदी का मुकाबला करने के समय उनको 2019-2022 तक मिली राहत काम नहीं आएगी। सोनिया गांधी कांग्रेस की चरम विडंबना समझती हैं कि वंश परिवार भले ही फिर से एक गांधी को अध्यक्ष बनाने की मांग करे, पर पार्टी की विरासत प्रधानमंत्री का पद पाने के सिवा किसी दूसरी चीज की इच्छा नहीं करती है। इसके साथ ही एक मुद्दा यह भी है कि दोनों मांगों में कोई समता है या नहीं।

# चीन की दया पर निर्भर ताइवान

## बीजिंग ताइवान की संचार और आपरेशनल व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर प्रतिरोध को बहुत कमजोर तथा युद्ध को तुलनात्मक रूप से रक्तहीन बना सकता है।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं)

ऐतिहासिक रूप से चीन ने पूर्व सोवियत संघ तथा वियतनाम से युद्ध किया, कोरियाई युद्ध में हस्तक्षेप किया तथा भारत के साथ 1962 में पूर्ण युद्ध किया। यह उसके द्वारा 'शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के सिद्धान्त' वाली विदेश नीति अपनाने के बावजूद था। आज बीजिंग ने दुनिया भर में व खासकर अफ्रीका में संरा. शांति बहाली कार्रवाइयों के माध्यम से अपनी रणनीतिक पकड़ का विस्तार किया है। तालिबान को उसका समर्थन अनेक उदारवादी देशों के लिए चिन्ता का विषय है। इसके साथ ही वह दक्षिण व पूर्वी चीन सागर में समुद्र क्षेत्रीय विवादों व असहमतियों तथा भारत और ताइवान के साथ सीमा विवादों में लिप्त है। जहां तक भारत का सवाल है, गलवान घाटी में टकराव तथा राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आधिकारिक भारत यात्रा के समय सीमा पर घुसपैठ के माध्यम से चीन भारत को संदेश दे रहा है कि उसकी आर्थिक व सैनिक शक्ति स्वीकारी जाए। हाल ही में लगातार दो राज्यों-उत्तराखंड व अरुणांचल में सीमा पर घुसपैठ तथा भारत के उप-राष्ट्रपति की अरुणाचल यात्रा पर नकारात्मक टिप्पणी से चीनी इरादों पर सवाल उठते हैं। उसने एक बिंदु के बाद भारत के साथ तनाव घटाने से इनकार किया है तथा बार-बार ताइवान के 'शांतिपूर्ण एकीकरण' की बात करता है। लेकिन ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र का बार-बार उल्लंघन कर वह स्पष्ट कर रहा है कि एक महाशक्ति के रूप में उसकी आकांक्षाओं को स्वीकार किया जाए। इसके साथ ही उसकी अपारदर्शी कर्ज के जाल में फंसाने वाली नीतियों ने उदारवादी विश्व व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां पैदा की हैं।

पिछले कुछ दशकों में चीन का वित्तीय व सैनिक विकास दिखाई दिया है जिससे उसके 'चीनी सपने' को बल मिला है तथा उसकी वर्चस्व की इच्छा स्पष्ट हुई है। बीजिंग अपने पड़ोसी दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी 'विशेष दिलचस्पी' के क्षेत्र बनाना चाहता है। ऐसे में ये सवाल उठने स्वाभाविक हैं कि क्या चीन भारत या ताइवान के खिलाफ बल प्रयोग करेगा? क्या अब से कुछ दिनों या कुछ महीनों में सैनिक टकराव की संभावना है? संभवत: इन सवालों का जवाब 'हां' है, लेकिन यह चीन के लिए उपयुक्त समय और स्थान पर निर्भर करेगा। इसका संबंध भारत या अमेरिका के संबंध में उसकी असुरक्षा से नहीं है, बल्कि वह वर्तमान 'उचित स्थान' के दृष्टिकोण पर निर्भर है। चीन विकृत राष्ट्रवाद का एक शास्त्रीय नमूना है। उसका दृढ़ विश्वास है कि वह अपनी शक्ति अच्छी तरह दिखा कर 'महाशक्तियों के समूह' में प्रवेश पा सकता है। इसका उद्देश्य प्रशंसा पाना तथा अपना सामाजिक दर्जा बढ़ाना है। ऐसे में शक्ति का प्रयोग स्वाभाविक हो जाता है जिसकी प्रभावशीलता वित्तीय समृद्धि, सैनिक लामबंदी तथा भौगोलिक दृष्टिकोण से सुरक्षा की अवधारणा से आगे जाती है। भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से ऊंचे दर्जे का लाभ एक प्रतिरोधक के तौर पर काम करता है तथा अन्य अनेक शक्तियां पड़ोसी देशों पर असर डाल कर उनके फैसले प्रभावित करने में योगदान देती हैं। इन नए लक्ष्यों में विदेशी संबंधों के मानक निर्धारित करने में बल प्रयोग शामिल है। इस प्रकार सामाजिक दर्जा बढ़ाने के लिए सैनिक टकराव की संभावना मजबूत बनती है। महामारी के समय चीन को अंतरराष्ट्रीय अलगाव का सामना करना पड़ा, जिसके कारण वह गलवान टकराव रोकने तथा ताइवान के सवाल पर नरम दृष्टिकोण अपनाने पर मजबूर हुआ। दुनिया के पुन: खुलने के साथ ये संभावनायें कम हो रही हैं। इसके साथ ही अपने ओबीओआर, बढ़ते निष्प्रभावी कर्ज तथा घरेलू आर्थिक संकट के अलावा सैन्यीकरण की बढ़ती आर्थिक प्रतिबद्धताओं को देखते हुए आशंका है कि आने वाले किसी समय में यह 'बुलबुला' फूट सकता है। अपनी जनता का ध्यान इन चीजों से हटाने तथा 2022 में शिखर पर पांच साल और बने रहने के लिए शी जिनपिंग बल प्रयोग पर आमादा होकर जानबूझ कर वार्ताओं व सार्थक संवाद को किनारे कर सकते हैं।

यह भी महत्वपूर्ण होगा कि चीन और रूस अफगानिस्तान से अमेरिकी वापसी को कैसे देखते हैं। बीजिंग ने दक्षिण व पूर्वी एशिया के देशों द्वारा अमेरिका पर विश्वास करने पर सवाल उठाए हैं तथा उसके अनेक बयानों का मजाक उड़ाया है। वित्तीय व सैनिक क्षेत्र में अमेरिकी प्रतिबद्धता कम होने के कारण चीन अपने पड़ोसी भारत या ताइवान के खिलाफ बल प्रयोग की बात सोच सकता है। हालांकि, इन दोनों देशों में से भारत उसका सैनिक रूप से मुकाबला करते हुए यूरोपीय व अमेरिकी सहयोगियों से मजबूत समर्थन की आशा कर सकता है। रणनीतिक स्तर पर चीन शायद रूस के सामने भारत या अपने समर्थन के बीच चयन का सवाल न खड़ा करे, लेकिन चीन गतिरोध व आक्रामक दृष्टिकोण बनाए रखेगा। मार्च-अप्रैल 2022 तक 'गलवान' का दुहराव या पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में चीन का दु:साहस दिख सकता है। इससे जाड़े के मौसम में सीमा पर गरमी बढ़ सकती है। पीएलए सैनिक ऊंचे पहाड़ों पर लड़ने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम नहीं हैं। इसलिए शायद वह भारत के साथ पूर्ण युद्ध पर विचार न करे, लेकिन वह हाइब्रिड युद्ध या पाकिस्तान को उसके खिलाफ खड़ा कर भारत को लगातार सीमित रखने के प्रयास जरूर करेगा। हालांकि, अनेक अन्य कारणों से ताइवान एक तात्कालिक लक्ष्य हो सकता है। यहां जाड़ा कम होता है जो पीएलए सैनिकों के लिए उचित है, ताइवान की परंपरागत युद्ध की क्षमतायें सीमित हैं तथा अमेरिका के साथ सुरक्षा को लेकर उसका कोई संस्थाबद्ध समझौता नहीं है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्रसंघ का सदस्य न होने के कारण वह खुली दुश्मनी या दुनिया के देशों के साथ सीमित संपर्क के कारण वह अपनी बात सीधे नहीं रख सकता है। इससे चीनी आक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। टैक्टिकल रूप से ताइवान की ये सीमायें उसे चीनी कार्रवाई के लिए उपयुक्त बना देती हैं। ताइवान ये युद्ध पर अंतरराष्ट्रीय आलोचना से बचने के लिए बीजिंग उसके कमांड, कंट्रोल, संचार व खुफिया व्यवस्थाओं पर कब्जा कर उसकी आपरेशनल क्षमता ध्वस्त कर सकता है। इस प्रकार ताइवान का प्रतिरोध बहुत कम हो जाएगा तथा तुलनात्मक रूप से रक्तहीन अवधारणा से 'शांतिपूर्ण एकीकरण' की संभावना पैदा हो सकती है। लेकिन ऐसे कदम के रणनीतिक संकेत निकटवर्ती क्षेत्रों से बाहर भी जाएंगे।

इससे विश्व दृष्टिकोण को कोई खतरा नहीं होगा क्योंकि कोई भी देश चीन पर वित्तीय निर्भरता के कारण सप्लाई श्रृंखला तोड़ना नहीं चाहेगा। वह जर्मनी तथा अन्य यूरोपीय देशों को ऐसी नीतियां अपनाने के विरुद्ध चेतावनी दे सकता है जिससे उसके हित प्रभावित होते हों। इस प्रकार चीन पूर्व राष्ट्रपति जियान जेमिन द्वारा प्रस्तुत 'हाईटेक स्थितियों में स्थानीय युद्ध' अवधारणा का लाभ उठा सकता है। बीजिंग इस तथ्य से भी उत्साहित हो सकता है कि ताइवान पर कब्जे के बाद अन्य क्षेत्रीय टकरावों की संभावना नहीं है। लेकिन शक्तिशाली संगठन आकुस के गठन से शक्ति का तत्व कम हो सकता है तथा इसका विस्तार अमेरिकी प्रतिक्रिया पर निर्भर होगा। यदि अमेरिका यहां टकराव में दिलचस्पी दिखाता है तो चीन कई सीमाओं पर पूर्ण सैनिक टकराव से पीछे हट सकता है। इसका अर्थ भारत का संभावित रूप से निशाने पर आना होगा क्योंकि यहां अमेरिकी प्रतिबद्धता का परीक्षण हो जाएगा। यदि अमेरिका प्रतिबद्धता नहीं दिखाता है तो भारत का अरुणाचल प्रदेश अगला निशाना हो सकता है। चीन एआई का प्रयोग कर अंतरिक्ष व साइबर तकनीकों से परंपरागत व नाभिकीय आपरेशनों में हस्तक्षेप कर सकता है। यह लोकतांत्रिक देशों के लिए खतरनाक स्थिति होगी। लेकिन एक बार शुरू होने पर ऐसे टकराव फैल सकते हैं। ऐसी स्थिति में भावनायें भड़केंगी तथा इसे 'स्थानीय युद्ध' तक सीमित रखना कठिन होगा। ताइवान विभिन्न वैश्विक मंचों पर अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहा है। इसके साथ ही वह सैनिक अभ्यासों के माध्यम से पूर्ण चीनी आक्रमण से निपटने की तैयारी भी कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा की कमजोर कड़ी बना हुआ है।

# उपमहाद्वीप के बंटवारे के जिम्मेदार जिन्ना




**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं स्तम्भकार हैं)

विभाजन कौन चाहता था? पाकिस्तान की जरूरत किसे थी? निश्चित रूप से, खोजा, मेमन और बोहरी व्यवसायियों ने किया। वे पारसियों और बनियों, मारवाड़ी, गुजराती, चेट्टियारों या भारत के अन्य पारंपरिक व्यापारिक समुदायों की तुलना में पंजाबी किसानों के साथ प्रतिस्पर्धा करना पसंद करते थे। उदाहरण के लिए, हबीब बंबई में बड़े अनाज व्यापारी थे। उनके कनिष्ठ साथी रतनलाल गांधी ने एक बार वरिष्ठ हबीब से पूछा कि उन्होंने मुस्लिम लीग को वित्तपोषित क्यों किया जबकि उनका सारा व्यवसाय और संपत्ति बॉम्बे और उसके आसपास थी? गांधी को हबीब का जवाब था कि व्यापारियों के खिलाफ बनियों की तुलना में किसानों के खिलाफ फलना-फूलना बहुत आसान है।

विभाजन के इच्छुक अन्य लोग कट्टरपंथी मुसलमान थे, चाहे वे भारत में कहीं भी हों। मद्रास के एक शिक्षित लीग नेता - मोहम्मद इस्माइल - न केवल विभाजन का एक प्रमुख समर्थक था, बल्कि जनसंख्या का आदान-प्रदान भी था, जिसका अर्थ था कि सभी मुसलमानों को पाकिस्तान जाना चाहिए और गैर-मुसलमानों को भारत में रहना चाहिए। इस्माइल ने खुद मद्रास नहीं छोड़ा। फिर भी समर्थकों का एक और समूह अलीगढ़ विश्वविद्यालय के छात्र, अतीत और वर्तमान थे, जिसे एम.ए. जिन्ना ने पाकिस्तान का शस्त्रागार बताया था। बाकी के लिए, मुसलमान रुचि रखते थे, लेकिन अनिश्चित थे और इसलिए गुनगुने थे। पंजाब में मुस्लिम प्रधान मंत्री के साथ मुस्लिम बहुमत था और सर सिकंदर हयात खान और उनके उत्तराधिकारियों के नेतृत्व वाली यूनियनिस्ट पार्टी द्वारा शासित था। इन नेताओं ने विभाजन में कोई भविष्य नहीं देखा क्योंकि पंजाब में मुस्लिम शासन था और पूरे भारतीय बाजार उनके प्रांत के लिए स्वतंत्र रूप से उपलब्ध थे।

इसी तरह, बंगाल दो दिमागों में था और स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के लिए नहीं था। एक, विभाजन का समर्थन करना या पंजाब के तर्क का पालन करना; दूसरा, पाकिस्तान और भारत के अलावा, एक तीसरे अलग प्रभुत्व के रूप में एक संयुक्त बंगाल का होना। सर अब्दुल रहीम, फजलुल रहमान और शरत बोस ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए कई बार मुलाकात की। जिन्ना ने चुपचाप भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की तरह इस विचार का समर्थन किया। सच्चाई यह थी कि कोई भी पाकिस्तान की अवधारणा और आकार की कल्पना नहीं कर सकता था। जिन्ना भी नहीं; उन्होंने मालाबार हिल पर अपने शानदार बंगले मार्बल हाउस को वहां सर्दियों में बिताने के इरादे से बरकरार रखा। किसी ने भी नहीं सोचा था कि दो प्रभुत्वों के बीच संबंध हमेशा के लिए शत्रुतापूर्ण होंगे। हिंदुओं को अपनी मातृभूमि के विभाजन के विचार से घृणा थी। हिंदू महासभा के डॉ बीआर अंबेडकर और डॉ मुंजे जैसे दूरदर्शी लोगों ने महसूस किया कि दोनों समुदायों का सह-अस्तित्व कठिन था, और इसलिए फायदेमंद नहीं था। सरदार वल्लभ भाई पटेल और जवाहरलाल नेहरू को इस सच्चाई का एहसास 1946 में हुआ जब उस साल अगस्त में व्यापक दंगे शुरू हुए। पंजाब में खून-खराबा और लूटपाट हुई थी, लेकिन कहीं-कहीं यह हमेशा की तरह था। जिन्ना खुद प्रतिबद्ध मुसलमान नहीं थे। उनके दादा सर आगा खान के नेतृत्व में इस्माइली खोजास नामक धर्म में परिवर्तित हो गए थे। इस संप्रदाय को 1861 में बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने उत्तराधिकार कानूनों के कारण आधा मुस्लिम और आधा हिंदू घोषित किया था। परिवार खुद को जिन्नाभाई कहता रहा। यह इंग्लैंड में था, जहां वह बैरिस्टर बनने के लिए अध्ययन कर रहा था कि उसने अपना उपनाम और पासपोर्ट थोड़ा बदलकर जिन्ना कर लिया; 'भाई' हटा दिया। उन्होंने ज्यादातर शाम को पोर्क सैंडविच के साथ-साथ सन-डाउनर (व्हिस्की) का आनंद लिया।



जिन्ना जानते थे कि उनके खिलाफ कार्ड लोड किए जा सकते हैं। अपनी संवैधानिक प्रकृति के अनाज के खिलाफ मृत, उन्होंने 16 अगस्त 1946 को ग्रेट कलकत्ता किलिंग का आदेश दिया, इस उम्मीद में कि दंगों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी और देश में फैल जाएगी। अकेले पंजाब में हत्याएं पर्याप्त नहीं थीं। इसके अलावा, उसके लिए समय समाप्त हो रहा था। वह या तो जानता था या संदेह करता था कि उसके फेफड़े तपेदिक (टीबी) से संक्रमित हैं, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की अवधि तक एक घातक बीमारी थी। और निश्चित रूप से, टीबी ने सितंबर 1948 में जिन्ना की जान ले ली।

उन्हें गांधी के साथ समझौता करना पड़ा, पहले सड़कों और गांवों में राजनीति करने के लिए (जिन्हें जिन्ना सामना नहीं कर सकते थे), और बाद में 1928 में, कलकत्ता में उनकी अनदेखी करते हुए। कांग्रेस का अधिवेशन। जिन्ना 'महात्मा' उपसर्ग से बचते रहे और गांधी को मंत्री कहकर संबोधित करते रहे! दर्शकों ने जिन्ना को तब तक बोलने नहीं दिया जब तक उन्होंने गांधी को महात्मा के रूप में संबोधित नहीं किया। 1928 से पहले भी इसी तरह की अन्य घटनाएं हुई होंगी। जिन्ना को गांधी से बदला लेना पड़ा और उन्होंने दंगों से शुरुआत की, जिसका महात्मा के पास प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और प्रार्थना सभा आयोजित करने के अलावा कोई जवाब नहीं था। न ही उसके पास कोई जवाबी रणनीति थी। यहां तक ??कि पटेल, नेहरू और कांग्रेस के अन्य लोग भी नहीं सोच सकते थे कि लीग का मुकाबला कैसे किया जाए। अहिंसा क्रूरता और हिंसा का सामना नहीं कर सकती थी।

जिन्ना एक नेता से ज्यादा शानदार वकील थे। उन्हें लंदन में प्रसिद्ध सैविल रो के अनुरूप सूट के लिए जाना जाता है, लेकिन जब तक वे 1935 में मुस्लिम लीग के आजीवन अध्यक्ष चुने गए, तब तक उनके भाई और मेरे दादा के प्रिय मित्र के रूप में उनके पास न तो चूड़ीदार-पायजामा था और न ही शेरवानी (आवश्यक मुस्लिम पोशाक)। अहमद ने बाद में बताया। भाई नमाज अदा करना नहीं जानते थे। जैसा कि अहमद ने मेरे दादाजी को बताया, भाई सांस्कृतिक रूप से अधिक पारसी और कम मुस्लिम थे।

## आप की बात

### भारत में भुखमरी

**दुनिया** वैश्विक संस्था द्वारा 120 देशों मे कराए गए भुखमरे देशों में भारत को101वे स्थान पर गम्भीर श्रेणी के देशों में देखकर आश्चर्यचकित होगी। 80 करोड़ लोगों को वर्ष 2020 से 2021 तक कोरोनकाल मे मुफ्त राशन और गैस सिलेंडर और तमाम रियायतें देने वाला देश भूखमरा कैसे हो सकता है? वर्ष 2020 में भी भारत का स्थान 94 था। जो पड़ोसी देशों से काफी पीछे है। वैश्विक हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट अक्टूबर के महीने में हर वर्ष वर्ष 2006 से आ रही है।आई टी विशेषज्ञ निखिलेश मिश्रा के अनुसार संस्था वैश्विक हंगर की गणना चार संकेतकों अल्पपोषण, चाइल्ड वेस्टिंग, चाइल्ड स्टंटिंग और बाल मृत्यु दर की स्कोरिंग कर गणना की जाती है। इस रिपोर्ट पर महिला और बल विकास मंत्रालय द्वारा रिपोर्ट को तैयार करने के तरीके को अवैज्ञानिक बताया है। भारत सरकार लोगों को खाद्य उपलब्ध कराने के लिये अनेक योजनायें वर्षों से चला रही है। महिलाओं और शिशुओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिये सारे देश में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जिनके माध्यम से शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और दूध पिलाने वाली माताओं को पौष्टिक आहार दिया जाता है। प्राथमिक विद्यालयों में भी मिड डे मील योजना से बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है।

- **कुलदीप त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### एक और सर्जिकल स्ट्राइक जरूरी

**जिस** तरह से आतंकियों द्वारा पिछले 5 दिन में 7 लोगों की हत्या की गई है वह शर्मनाक है। सरकार द्वारा जब आज कश्मीर में शांति स्थापित करने की पुरजोर कोशिश की जा रही है तब इस तरह से जब कश्मीर घाटी में यहां के अल्पसंख्यकों की हत्या करके यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि यहां सब कुछ अशांत है जबकि अब लगातार कश्मीर नॉर्मल से की तरफ जा रहा है तब जबकि जब जब इस तरह के हादसे होते हैं फिर से दहशत एवं डर का माहौल कायम करने का प्रयास किया जाता है तथा फिर से हर इंसान एक दूसरे पर शक करने लगता है। यहां आज हर बार किसी की भी हत्या हो जाने पर अल्पसंख्यक वर्ग तड़पने लगता है। उसका कहना है कि हर बार जब जब अल्पसंख्यकों की मौत होती है तो यहां का बहुसंख्यक वर्ग क्यों आकर हमारे साथ खड़ा नहीं होता क्यों हमारी शव यात्राएं एवं हमारी विरोध प्रदर्शन यात्राएं निकलती है तब बहुसंख्यक वर्ग हमारे साथ आकर हमारे कंधे से कंधा मिलाकर क्यों नहीं आतंकियों के खिलाफ खड़ा होता है अक्सर हमारे इस तरह के आयोजनों के समय में यह बहुसंख्यक वर्ग अपने घरों में जाकर क्यों छुप जाता है। वहां के अल्पसंख्यक नागरिक हर बार आतंक के खिलाफ खड़े होने का प्रयास करते हैं।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश

**यह** पत्र 'डी यू मे प्रवेश' से संबंधित है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस समय छात्र और अभिभावक दोनों परेशान हैं की कैसे दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश पाया जाए। जिस हिसाब से कट ऑफ 100 प्रतिशत तक पहुंच गया है उस से एक चीज़ तो साबित हो गयी है की सब एक चूहा दौड़ का हिस्सा बन गये हैं। किसी को इस बात से कोई सरोकार नहीं है की शिक्षा का स्तर क्या ऊंचा हुआ है या नहीं और इस बार महामारी के चलते जिस हिसाब से सी बी एस ई ने लचीलेपन से 12 वीं के नतीजे घोषित किए हैं उससे यह समस्या और बढ़ गयी है। हमारे समाज मे एक और बीमारी है जो हमें अंदर से खोखला कर रही है वह है प्रेस्टीज सिंबल, अगर किसी का बच्चा दिल्ली विश्वविद्यालय मे प्रवेश पा लेता है तो उसको अच्छी नजर से देखा जाता है , तो क्या और विश्वविद्यालय में अच्छी शिक्षा नहीं मिलती है। और क्यों नहीं सरकार ने और विश्वविद्यालय का स्तर इतना ऊंचा कर दिया है। हमें अपने बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य और हालत पर भी विचार करना चाहिए ना की उन पर बेकार का दबाव बनाया जाए।

- **बाल गोविंद**, सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**डॉ** अब्दुल कलाम ने भारत के लिए जो रोडमैप तैयार किया था, उस पर हम एक लंबा सफर तय कर आगे बढ़ चुके हैं।

- **हरदीप सिंह पुरी**
केंद्रीय मंत्री

**जिस** तरह से हम भोजन का उत्पादन, उपभोग और अपव्यय करते हैं हमारे ग्रह पर एक भारी बोझ पड़ रहा है ... और हमें एक वर्ष में खरबों डॉलर की लागत आ रही है।


- **एंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव





**सभी** पार्टी सदस्य सर्वसम्मति से चाहते हैं कि राहुल गांधी को कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करना चाहिए।

- **अंबिका सोनी**
कांग्रेस नेता



# गल्ला मंडी: काश्तकारों में उबाल, गेट पर किया प्रदर्शन


सीतापुर-धान न तौले जाने को लेकर मंडी गेट पर प्रदर्शन करते किसान।

● तौल न होने से गुस्साए काश्तकारों ने मंडी गेट पर जड़ा ताला

● एमएसपी रेट पर धान खरीद की कर रहे मांग

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** के सीतापुर नवीन गल्ला मंडी में धान तौल न होने से सिक्ख काश्तकार गुस्से में दिखे। सोमवार को आक्रोशित काश्तकार मंडी पहुंचे और गेट पर ताला जड़ लगाने आने-जाने पर रोक लगा दी। तालाबंदी करने के बाद किसान संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शनकारी किसान वहीं पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारी एमएसपी रेट पर धान खरीद किए जाने तथा सरकार से तय समर्थन मूल्य 1940 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान किए जाने की मांग कर रहे थे। किसानों ने कहा कि सरकार से 1940 रूपये प्रति क्विंटल रेट तय है, लेकिन सरकारी क्रय केंद्रों पर 1200 से 1300 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। एमएसपी रेट पर धान खरीद न होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा रहा है। इस दौरान किसान संघर्ष मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पिंदर सिंह ने प्रदर्षन कर सरकार को घेरा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने ऐलान किया, कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन यूं ही चलता रहेगा। इनके प्रदर्शन से मंडी गेट के सामने यातायात व्यवस्था चरमरा गई, जिससे वहां पर काफी देर तक जाम की समस्या बनी रही। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डिप्टी आरएमओ और मंडी सचिव ने प्रदर्शनकारी किसानों से वार्ता कर उनकी समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

# सपा नेत्री गांव-गांव बता रही हैं पार्टी की नीतियां


हरगांव-वोटर लिस्ट में नाम बढ़वाती सपा नेत्री किरन पासी।

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**हरगांव विधानसभा** क्षेत्र के दर्जनों गांवो में हर रोज जनसम्पर्क कर सपा की नीतियां गिना रही समाजवादी पार्टी की नेत्री किरन पासी। उन्होंने गांव मे भ्रमण कर भाजपा सरकार में बढ़ी मंहगाई, तेल की कीमतों को लेकर ग्रामीणों को सपा के पक्ष में करने का काम रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर रोज लूट, अपराधिक घटनाए होती रहती है, क्षेत्र में विकास भी नहीं हुआ है। आपको बता दें कि हरगांव विधानसभा समाजवादी पार्टी के टिकट के लिए मैदान है। पासी बाहुल्य क्षेत्र में ज्यादा पकड़ रखने वाली किरन पासी क्षेत्र में ग्रामीणों से मिलकर सरकार की उपलब्धियां का बखान करती है। जनसम्पर्क के दौरान उनके साथ रामनरेश भारती, रामबहादुर भार्गव, सर्वेश भार्गव, रामप्रकाश यादव, कुलदीप यादव, राजदीप सिंह, निशी पाल सिंह, मतीन खां, हरीश खां, विशाल सहित तमाम समर्थक मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### फार्म जमा करने आये छात्र के साथ कर्मचारी ने की अभद्रता, बीवीपी ने किया हंगामा तोड़फोड़

**बरेली।** बरेली कॉलेज में फार्म जमा करने आये छात्र के साथ कर्मचारी द्वारा अभद्र व्यबहार करने और जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करने से छात्र भड़क गए और कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यो ने कॉलेज में तोड़ फोड़ की और चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर वंदना शर्मा के कक्षमें हंगामा किया पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष जवाहर लालभी बरेली कॉलेज पहुंचे छात्रों के बढ़ते क्रोश और हंगामे को देखते हुये तीन थानों की पुलिस बुलानी पड़ी छात्रों का आरोप है कि एक छात्र यश चौधरी ने 12 सितम्बर को कॉलेज के कर्मचारी से फॉर्म के बारे में पूछा कर्मचारी ने कहा तुम जाट हो छात्र ने कहा नही एस सी में आता हूं बस कर्मचारी ने जाति सूचक शब्दो का प्रयोग करते हुय गालियां देने शुरू करदी जब इसकी खबर ए बी वीपी के छात्रों को हुई तो हंगामा और तोड़ फोड़ शुरू करदी कार्रवाई का आश्वाशन मिलने के बाद छात्र शांत हुये।

### दरगाह आला हजरत पर बारिश से जलभराव

**बरेली।** जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने कहा कि 19 अक्टूबर शहर भर की अंजुमनो का जुलूस ए मोहम्मदी दरगाह आला हजरत पर पहुँचेगा इसी तरह जलभराव की समस्या बनी रही तो अकीदतमंदों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा नगर निगम समय रहते यदि टक्कर की पुलिया से जलनिकासी का रास्ता चौड़ा और आसान कर दे तो कई मौहल्लो को जलभराव की समस्या से निजात मिल जाएगी नालियों की तलिझाड़ साफ़ सफ़ाई सीवर लाइन की सफ़ाई करने की आवश्यकता है नगर निगम से हम माँग करते हैं कि जलभराव की समस्या से जनता को राहत दिलाई जाये।

### विद्युत तकनीकी कार्मिकों ने खोला मोर्चा



**सीतापुर।** वेतनमान में विसंगतियां, रिक्त पदों पर पदोन्नति किए जाने, टेक्निशियन का पद नाम परिवर्तित कर बेसिक अभियंता घोषित किए जाने आदि मांगों को लेकर सोमवार को राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ के बैनर तले तकनीकी कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और वहीं पर बैठकर धरना भी दिया। प्रदर्शन में कर्मचारियों ने ऊर्जा प्रबंधन बोर्ड पर हठधर्मिता का आरोप लगाया। धरने को संबोधित करते हुए राज्य विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के नेता अशोक कुमार बघेल ने कहा कि प्रबंधन के हठधर्मिता के चलते ही प्राविधिक कर्मचारी संघ आंदोलन की राह पर हैं। यदि हमारी मांगों को लेकर प्रबंधन गंभीर नहीं हुआ तो इसके खिलाफसंघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान सत्येन्द्र कुमार, राकेश मौर्य, मोहित रस्तोगी, प्रेमचन्द्र, अमित कुमार, दिनेश, रमेश कुमार, रजत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### शहर में फिर बंद हुई 'धड़कन'



**सीतापुर।** सीतापुर शहर के एतिहासिक घंटाघर की बंद घड़ी की आवाज दोबारा सुनाई देने लगी है। काफी समय बाद रविवार की दोपहर बारह बजे यहां के घंटाघर की बंद घडी का घंटा बजा, तो लोग उसकी आवाज सुनने के लिए कुछ पल के लिए ठहर गए और घड़ी के बजने का इंतजार करने लगे। घंटे ने जैसे ही बारह बार बजकर यह अहसास कराया कि बारह बज गए हैं, तो वहां पर खड़े लोगों की पुरानी यादें ताजा हो गईं, साथ ही लोगों को तालियां बजाकर खुशी का इजहार किया। आपको बता दें कि शहर के ब्रिटिश कॉल में घंटाघर में एक घड़ी लगाई गई थी। यह घड़ी पूरे जिले की एक पहचान थी। उस समय इस घड़ी के समय ही देखकर ही लोग चलते थे। इस घड़ी के समय को ही वास्तविक माना जाता था। इसको सभी कारीगर बना भी नहीं पाते थे। कुछ ही इसे बनाते थे। समय गुजरने के साथ घड़ी के पुर्जे भी पुराने होने लगे। इससे यह अक्सर खराब हो जाती हैं। काफी अरसे से बंद इस घड़ी को समाजसेवी आकाश अग्रवाल ने अपने सहयोग से इसकी मरम्मत कराकर इसे चालू कराया था, लेकिन रखरखाव के अभाव में यह घड़ी दोबारा खराब हो गई थी, घंटाघर की बंद घड़ी की समस्या को लेकर आई इंडिया ने दिखाया था, जिसका संज्ञान लेते हुए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी ने बंद घड़ी की मरम्मत कराने का फैसला लिया। रविवार की दोपहर बारह बजे शहर के एतिहासिक घंटाघर की बंद घड़ी अब फिर से धड़कने लगी है। साथ ही घडी के रखरखाव को एक कर्मचारी को भी नियुक्त कर दिया गया है।

### सीतापुर के शोएब का अखिलेश यादव ने बढ़ाया कद

# बने युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव

संवाददाता। सीतापुर

**शहर के** बटसगंज के रहने वाले व युवा सपा नेता मो. शोएब का समाजवादी पार्टी में कद बढ़ गया है, क्योंकि उन्हें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. फहद ने मो. शोएब को युवजन सभा का राष्ट्रीय सचिव/प्रवक्ता मनोनीत किया है। मो. शोएब ने कहा कि हम पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उसपर हम खरे उतरेगें। शोएब ने कहा कि भाजपा से लोग परेशान हो चुके है, क्योंकि भाजपा अब जुमलेबाजी करती है, काम सब सपा के दिखाकर वाहवाही लूटती है। उन्होंने कहा कि 2022 में युवाओं को संगठित कर भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेगें और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर उत्तर प्रदेश का विकास कराने को लेकर अग्रसर रहेगें।


अखिलेश यादव से हाथ मिलाते मो. शोएब

# सैन्य पुलिस में भर्ती छवि ने फांसी लगा दी जान

● सिरफिरे के गलत फोटो बना वायरल करने की धमकी से थी परेशान

● इलाके की प्रथम सैन्य युवती के तौर पर दाखिल हुई थी छवि मथुरा के गोवर्धन थाना का मामला

संवाददाता। रामपुरमथुरा सीतापुर

**दो बरस** पहले जब सैन्य पुलिस में छवि दाखिल हुई थी, उस वक्त उसकी खुशी का ठिकाना न था, वो हो भी क्यों न, उसने क्षेत्र की प्रथम सैन्य युवती के खिताब हासिल किया था, उसका सैन्य के जरिए राष्ट्र सेवा करने का सपना था, लेकिन वो पूरा न हो सका। एक सिरफिरे शख्श ने उसकी जान ले ली। रविवार रात को उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, हालांकि वो सुसाइड नोट जरूर छोड़ गई, जिसमें उसने एक युवक पर उत्पीड़न का जिक्र किया है। परिजनों ने सुसाइड नोट को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। मामला उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले का है।

थाना गोवर्धन कस्वे की कृष्णा कालौनी निवासी डॉ वेद प्रकाश शर्मा की बाइस वर्षीय पुत्री छवि शर्मा का चयन करीब दो वर्ष पहले सेना पुलिस मे हुआ था। ट्रेनिंग के बाद छवि की नियुक्ति हाल ही में जम्मू सीएमपी में लांस नायक पद पर हुई थी। छवि दो अक्तूबर को छुटटी पर घर आई थी। परिजनो ने वेटी की नियुक्ति की खुशी में गिरिराज जी की दूध धारा व ब्राहमण भोजन कराये थे। रविवार को छवि की मां मायके गयी थी। जबकि वेद प्रकाश घर की ऊपरी मंजिल पर कमरे में सो रहे थे। बेटी छवि नीचे के कमरे मे सो रही थी। रोजाना की तरह सोमवार की भोर चार बजे जागे, सेलफोन में बेटी के मैसेज को देख दंग रह गए, फौरन उसके कमरे में जाकर देखा तो छत के पंखे पर साडी से फंदा लगाकर उनकी बेटी छवि लटक रही थी। आनन फानन उसे फंदे से उतारकर वह मथुरा मिलिट्री हास्पिटल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छवि के पिता डॉ वेदप्रकाश का कहना है कि उनकी बेटी कुछ दिन से परेशान थी तथा कुछ बता नहीं रही थी। बताया कि उसने एक मैसेज भेजा था, जिसे मैंने पुलिस को दे दिया है। मामले में पुलिस को दी गई तहरीर में एक लडके द्वारा गलत फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का जिक्र करते हुए उसे न छोडने की बात कही गई है। घटना को लेकर मृतका के पिता डॉ वेद प्रकाश शर्मा ने बताया। इस मामले में एसपी देहात श्रीचन्द ने बताया कि थाना गोवर्धन इलाके के कस्बा में रहने वाली छवि शर्मा ने अपरिहार्य कारणों से आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर छानबीन शुरू कर दी है उनका कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### अमान खां बने मुलायम यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**संडीला( हरदोई )।** युवा सपा नेता अमान खां को मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सपाईयों ने हर्ष व्यक्त किया है। नगर के मोहल्ला छोटा चौराहा निवासी हाजी कलीम खां के सुपुत्र अमान खां को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर नगर में विशेष रूप से युवा वर्ग में हर्ष की लहर है। यह पहला अवसर है जब नगर के किसा व्यक्ति ने सपा के किसी जिंग में राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त किया है।

# हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा


हरगांव-पुलिस की गिरफ्त आरोपी।

● हत्यारोपियों के पास से बरामद आलाकत्ल के हथियार

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**हरगांव सीतापुर** थाना क्षेत्र के लहरपुर हरगांव मार्ग पर ककरहिया गांव में हुए हसीब हत्याकांड के आरोपियों को हरगांव पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता पायी है।हत्यारोपी इकरार पुत्र अबरार ,जन्नू पुत्र अबरार,इसरार पुत्र बरकत,कल्लू पुत्र बरकत को घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल तमंचा 2 अदद 315 बोर के साथ कोरैया पुल के पास जो कि भागने के फिराक मे थे को घटना में प्रयुक्त बोलेरो सहित गिरफ्तार कर लिया है। इन अभियुक्तो को थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, निरीक्षक हरिप्रकाश ,आरक्षी रामचरन,उमेश कुमार,शत्रु हन लाल,उमेश कुमार सरोज की टीम ने गिरफ्तार किया थाना प्रभारी हरगांव ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अभियुक्तो के विरुद्ध कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है।

# धान और गन्ने की फसल बर्बाद

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**कड़ी मेहनत** कर गन्ने और धान की फसल तैयार करने वाले किसानों के अरमानों को रविवार की शाम तेज हवा और बारिश ने सारे अरमानों को चकनाचूर कर दिया। कुदरत की मार से क्षेत्र में धान और गन्ने की फसल पूरी तरह से खेतों में बिछ गई। इससे किसान के माथे पर चिंता की लकीरें साफ-साफ दिखने लगी। तेज हवाओं और बारिश के साथ तकरीबन एक घंटे से ऊपर मूसलाधार बारिश के कारण लोगों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। कस्बे में जगह-जगह पर जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। कस्बे की बाजार में पानी का निकास न होने के कारण रविवार से हो रही बारिश से कई दुकानदारों की दुकानों के अंदर भी बारिश का पानी घुस जाने से हजारों रुपए का सामान खराब हो गया।

### शांतिपूर्वक ढंग से त्यौहार मनाएं

**लखीमपुर-खीरी।** थाना परिसर में मिलादुन्नबी त्यौहार को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सम्पूर्णानगर अनिल कुमार सैनी ने की। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि त्यौहार शांतिपूर्वक ढंग से मनाए। कोविड गाइडलाइन का ध्यान रखें। कोरोना को दृष्टिगत रखते हुए इस त्यौहार में किसी प्रकार की भीड़ भाड़ इकट्ठा न करें। त्यौहार को अपने घर में मनाए कोरोना महामारी को देखते हुए किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाएगा।

# शाहजहांपुर की घटना के बाद अधिवक्ताओं ने लगाया जाम



**मोहम्मदी खीरी।** शाहजहांपुर मे अदालत के अंदर एक अधिवक्ता की गोली मार कर हत्या को लेकर मोहम्मदी के अधिवक्ताओं ने शाहजहांपुर के अधिवक्ता कोर्ट परिसर से निकलकर स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। इसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए तथा नारेबाजी भी की। जाम की सूचना पर पहुचें उपजिलाधिकारी पंकज कुमार श्रीवास्तव को अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन। इस मौके पर तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार गुप्ता, चौकी इंचार्ज आदि पुलिस बल मौजूद रहा।

# राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं के घर




**लखीमपुर-खीरी।** प्रदेश कार्यकारिणी राष्ट्रीय परशुराम परिषद ने रविवार को हरिओम मिश्रा के गांव पर परसेहरा व लखीमपुर में शुभम मिश्रा के परिजनों से मुलाकात की। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र ओझा ने पीडित परिवार को हर सम्भव मदद दिलवाने व दोषी लोगों पर सख्त कार्यवाही की मांग प्रदेश सरकार से की है। इस मौके पर संगठन मंत्री रविशंकर अगरिया प्रदेश उपाध्यक्ष पवन मिश्रा जिलाध्यक्ष सीतापुर महानंद बाजपेई, जिलौध्यक्ष लखीमपुर संतोष मिश्रा, जिला महामंत्री लखीमपुर हिमांशु मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी लखीमपुर संजय तिवारी, प्रशान्त तिवारी, शशांक मिश्र, मुनेंद्र त्रिपाठी, सुबोध पांडे, अवधेश मिश्रा, अनुज शुक्ला व कमल मिश्रा प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कृषि कानूनों की वापसी और गृहराज्य मंत्री के इस्तीफे की मांग

**संडीला( हरदोई )।** केन्द्र सरकार पारित किए गए कृषि कानूनों का विरोध एवं केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री के त्यागपत्र की मांग करते हुए भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने विरोध मार्च निकाल एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में किसानों ने नवीन तहसील से विरोध मार्च निकाला। बड़ी संख्या में किसान नारेबाजी करते हुए लखनऊ हरदोई बस स्टाप पर पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। वहां मौजूद एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा सीओ महावीर सिंह ने किसानों को काफी समझाया बुझाया और ज्ञापन देकर वापस लौटने के लिए नेताओं को तैयार कर लिया। ज्ञापन देने से पूर्व यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि विगत 3 अक्टूबर को लखीमपुर में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे किसानों पर केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र आशीष मिश्रा ने गाड़ी चढ़ाकर कई किसानों की हत्या कर दी। इससे पहले स्वंय गृहराज्य मंत्री ने किसानों को देख लेने की धमकी देते हुए उन्हें लखीमपुर से बाहर खदेड़ने की चेतावनी दी थी।

# 21 अक्टूबर को लगेगा एक दिवसीय रोजगार मेला




संवाददाता। लखीमपुर खीरी।

**जिला सेवायोजन** कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व उप्र कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 21 अक्टूबर को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन राजकीय आईटीआई, राजापुर में होगा। इस आशय की जानकारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी रोहित कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि इस मेले में निजी क्षेत्र की कई कम्पनियॉ जैसे- मेक आर्गैनिक इण्डिया, मेगामाइण्ड्स सॉल्यूशन्स, शिव शक्ति बॉयोटेक तथा पुखराज हेल्थकेयर आदि कम्पनियॉ प्रतिभाग कर रही हैं। कम्पनियों का विवरण सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसमें आप अपनी योग्यता अनुसार (हाईस्कूल से पोस्ट ग्रेजुएशन तथा आईटीआई-समस्त ट्रेड) आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु सेवायोजन कार्यालय व आईटीआई, राजापुर से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर उक्त तिथि को अपने सभी प्रमाण पत्रो की छाया प्रतियॉ, बॉयोडाटा सेवायोजन कार्यालय का पंजीयन कार्ड, एक आईडी के साथ राजकीय आईटीआई, राजापुर, खीरी में सुबह 10 बजे उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठायें, साथ ही कोविड-गाइडलाइन्स के तहत अनिवार्य रूप से मास्क व सैनिटाइज़र का उपयोग करेंगें तथा दो गज की दूरी का भी पालन करेंगें।

# नवागंतुक उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव मीडिया से हुए रूबरू

● मीडिया से सामंजस्य बनाये रखने की अपील की

● कहा:नकारात्मक नहीं जनहित की खबर समझ कर लिया जाएगा एक्शन



संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**नवागंतुक जिलाधिकारी** पंकज श्रीवास्तव तहसील सभागार में एक प्रेस वार्ता आयोजित की, जिसमें उन्होंने बताया कि मैं मूल रूप से अयोध्या का मूल निवासी हूं तथा 2014 बैच से हूं। अंबेडकरनगर में खंड विकास अधिकारी के रूप में भी मैं अपनी सेवाएं दे चुका हूं। जनपद लखीमपुर खीरी से पूर्व अंबेडकर नगर, गोरखपुर और आजमगढ़ जनपदों में रहकर अपनी सेवाएं दे चुका हूं। आजमगढ़ से अब आपके लखीमपुर जनपद से मोहम्मदी तहसील का चार्ज मुझे मिला है। सभी से परिचय और अपना परिचय और वार्ता हेतु यह प्रेसवार्ता आयोजित की गई है जिससे हमारे आपके बीच सामंजस्य बना रहे।

एरिया बंधुओं से अनुरोध है कि कोई बात है या कोई समस्या है तो आप मुझे जरूर बताएं। सूचना का माध्यम आप रहते हैं। संवाद अगर अच्छा रहता है तो सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि जहां मैं रहा मैंने सर्वप्रथम मीडिया से वार्ता जरूर की। खबरें सकारात्मक और नकारात्मक होती है लेकिन नकारात्मक समाचार है और जनहित में है तो उस पर संज्ञान लिया जाएगा। धान क्रय केंद्रों पर उप जिलाधिकारी ने कहा कि बगैर रजिस्ट्रेशन धान क्रय केंद्रों पर न ले जाएं। रजिस्ट्रेशन कराने के उपरांत ही किसान अपना घान क्रय केंद्रों पर ले जाएं। मेरे द्वारा दो बार क्रय केंद्रों का दौरा किया जा चुका है। उन्होंने मीडिया से सहयोग की अपील की, प्रेस वार्ता में तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 19 अक्टूबर, 2021



# जन-जन तक पहुंच रहीं योगी सरकार की उपलब्धियां

## ● सूचना व जनसम्पर्क विभाग की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का डीएम ने किया शुभारंभ



संवाददाता। चित्रकूट

**उत्तर प्रदेश** की योगी आदित्यनाथ सरकार के साढ़े चार साल की उपलब्ध्यिों को गिनाने के लिये सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सदर तहसील परिसर में लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन सोमवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने किया।इस मौके पर डीएम ने कहा कि सूचना विभाग की इस प्रदर्शनी से आमजनमानस को प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी मिलेगी।

सोमवार को उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जिले की कर्वी तहसील परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे,सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल आदि के साथ फीता काटकर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने एवं कल्याणकारी योजनाओ से लाभान्वित कराने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सदर तहसील परिसर में 18 से 20 अक्टूबर तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से वर्तमान सरकार के जो साढ़े 4 वर्ष के रहे हैं इसमें बहुत सारे कीर्तिमान स्थापित हुए हैं, उसकी थोड़ी-थोड़ी झलकियां इस प्रदर्शनी के माध्यम से आम नागरिकों के दिखाने के लिए यहां पर व्यवस्था की गई है। वही प्रदर्शन का अवलोकन करने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि वाकई योगी सरकार ने काबिले तारीफ काम किया है। उन्होंने आम जनमानस से भी अपील की है कि वह एक बार आकर इस प्रदर्शनी को अवश्य देखें, जिससे उन्हें पता चलेगा कि उनकी सरकार ने वास्तव में उनके लिए क्या काम किया है। कहा कि कृषि का क्षेत्र हो उसमें भी नए-नए कीर्तिमान स्थापित किया गया है। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर चाहे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, चिकित्सा के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास शहरी आवास, सौर ऊर्जा, आदि जनकल्याणकारी योजनाओं की छोटी-छोटी झलकियां यहां पर इस प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेगी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार,अपना दल के जिलाध्यक्ष रामसिया पटेल,हबीब खान,रामरूप पटेल आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार द्वारा अतिथियों को प्रदर्शनी में केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा किये गए मुफ्त वैक्सीन, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज, युवाओ को नौकरी, एक्सप्रेसवे, मिशन रोजगार, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास, महिला सशक्तिकरण, कृषि आदि से सम्बंधित आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन कराया गया।

## गौशाला में खुरपका से जानवर पीड़ित, शुरू किया गया उपचार

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)



गौशाला में बेजुबानों का इलाज करते डाक्टर

**परछा गांव** के निकट स्थित सवा करोड़ की लागत से निर्मित गौ संरक्षण केंद्र में बंद गायों में खुरपका जैसा रोग बढ़ने से कई मवेशी अचेत होकर गिर रहे हैं, आज इस गौशाला के संबंध में जानकारी करने पर पशु चिकित्सालय के डॉक्टर विवेक कुमार ने बताया कि इस सरकारी गौशाला में 280 अन्ना मवेशी रखे गए हैं, जिनके खाने-पीने का उचित प्रबंध है, जिसकी देखरेख वह तथा उनका स्टाफ लगातार करता है। उन्होंने कहा कि इस समय फिलहाल इस गौशाला में किसी भी मवेशी की मौत नहीं हुई, यहां बंद अन्ना मवेशी जो बारिश के समय पैरों में जख्म होने से कमजोर हो गए हैं वह अक्सर गौशाला के अंदर गिर जाते हैं तथा चल फिर नहीं पाते हैं जिनका बाकायदा ईलाज किया जाता है और वह ठीक होकर खड़े हो जाते हैं, इस गौशाला में भरपूर दवाएं, पट्टी, बीकडीन सहित आवश्यक सामग्री उपलब्ध है। जिससे गौशाला की देखरेख करने वाले चौकीदार व मौदहा पशु चिकित्सालय के कर्मी समय-समय पर वहां पहुंचते हैं यहां तक सूचना मिलने पर रात में भी मवेशियों के इलाज के लिए पहुंच कर उनका इलाज करते हैं। कुछ लोग मवेशियों के मरने की जो सूचना सोशल मीडिया या अखबारों में निकाल रहे हैं वह बिना तथ्यों की जानकारी लिए ऐसा कर रहे हैं जो उचित नहीं है। उधर गांव की महिला प्रधान शाहीन बानो के प्रतिनिधि जमशेद खान ने बताया कि कुछ लोग जानबूझकर बदनाम करने के लिए इस सरकारी योजना पर टीका टिप्पणी करते हैं और जिंदा मवेशियों को मरा दिखाकर उनकी फोटो अखबारों में छपवाते हैं व वायरल करते हैं, इस संबंध में उच्च अधिकारियों से भी जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री की बर्खास्तगी और कृषि बिल के विरोध में किसान यूनियन ने जुलूस निकाल कर किया प्रदर्शन

### ● अपर एसपी के साथ मुस्तैद रहे एसडीएम पूजा यादव व सीओ शीतला प्रसाद पांडेय

संवाददाता। चित्रकूट

**संयुक्त किसान** मोर्चा के आवाहन पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन ने जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल ने नेतृत्व में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए गल्ला मंडी परिसर से रेलवे स्टेशन तक जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं किसानों के प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को विफल करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय और एसडीएम पूजा यादव और सीओ शीतला प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में भारी फोर्स चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन पर मुस्तैद रहा। जुलूस के स्टेशन पहुंचते ही किसानो को पुलिस ने गेट के बाहर ही रोक लिया।



प्रदर्शन करते किसान नेता

संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर सम्पूर्ण भारत वर्ष में रेल रोको अभियान के तहत सोमवार को भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने गल्लामण्डी परिसर में एकत्र होकर जुलूस के साथ रेलवे स्टेशन कर्वी पहुंचे। पुलिस प्रशासन ने पहले किसानों को मंडी परिसर में ही कैद करने का प्रयास किया। भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही की दृढता के चलते पुलिस प्रशासन ने किसानों को रेलवे स्टेशन तक जाने दिया। लेकिन रेलवे स्टेशन के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल ने कहा कि देश मे राजनैनिक पार्टी की सरकार नही है, तानाशाही व उद्योगपतियों की सरकार देश में चल रही है। इस सरकार में अपनी बात कहने की स्वतंत्रता खत्म हो गई है। जब तक काले कृषि कानूनों वापस नही होंगे, तब तक देश मे किसान आंदोलन जारी रहेगा। किसानों पर हो रहे शोषण अब बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे। 11 महीने से देश का किसान काले कृषि कानूनों को लेकर किसान आंदोलन कर रहा है। केन्द्र की हठी सरकार किसानों की बातों को अनसुनी करती आ रही है। आने वाले चुनाव में किसान इस सरकार को सबक सिखाएगें। तानाशाही का जवाब किसान वोट से देगा। इस मौके पर जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदयनारायण सिंह, ब्लाकध्यक्ष नरेश सिंह, विनय कुमार त्रिपाठी, विजय सिंह, राजकिशोर सिंह, राकेश सिंह, भोला सिंह, बद्री प्रसाद सिंह, शिवदयाल बघेल, रामशरण राजपूत, साधो प्रसाद, रामेश्वर बाबा, छोटे पीढ़िया, नीलकण्ठ द्विवेदी, नरेश तिवारी, कमलेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों किसान मोजूद रहे।

## अनियंत्रित वाहन डिवाइडर पर चढ़कर पलटा, आधा दर्जन सवारियां घायल

**कुसमिलिया (जालौन)।** डकोर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमिलिया के पास सोमवार को टेंपो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई, जिससे टेंपो में बैठे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को राहगीरो की मदद से जिलाअस्पताल ले जाया गया।सोमवार की दोपहर में कुसमिलिया से टेंपो सवारी लेकर उरई की तरफ जा रही थी।तभी ग्राम कुसमिलिया के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। बताते चलें कि कुसमिलिया से उरई की ओर जा रही एक टे पो बीच सड़क पर मु य हाइवे पर बुरी तरह से पलट गई जिसमें लगभग आठ से दस सवारी थी। घायल सवारियों और राहगीरों ने बताया कि टे पो चालक टैक्सी पलटते ही मौके से भाग गया। टै पों में सवार कुसमिलिया निवासी मंगल सिंह शिवहरे उम्र 30 वर्ष, सुमन राजपूत 40 वर्ष, रामकुमारी 42 वर्ष, फूलारानी 60 वर्ष सहित करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये।

## पीड़ितों की समस्या के समाधान में नहीं बरतेंगे कोताही: पुष्कर चौधरी

**उरई (जालौन)।** सदर उप जिलाधिकारी पुष्कर चौधरी ने मीडिया टीम से एक भेंट वार्ता के दौरान स्पष्ट किया कि वह पीड़ितों की समस्या उनके लिये सर्वोपरि रहेगी। जो भी पीड़ित अपनी समस्या लेकर आयेगा उसका प्राथमिकता से समाधान कराने का प्रयास करेंगे ताकि उसे न्याय मिल सके। उन्होंने बातचीत करते हुये बताया कि वह मूल रूप से दरभंगा (बिहार) के निवासी है।



एसडीएम सदर ने कहा कि सरकारी योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन हो और उसका लाभ आम लोगों को मिले इसके लिये वह निरंतर प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अक्सर ऐसी शिकायतें आती है जिन पर यदि पहले से ही ध्यान दिया तो ऐसी समस्यायें आने की प्रक्रिया स्वत: ही खत्म हो जायेगी। उन्होंने कहा कि राजस्व में बढ़ोत्तरी के लिये वह हर संभव प्रयास करेंगे ताकि शासन की मंशा को पूरा किया जा सके। उन्होंने सभी जि मेदार कर्मचारियों से भी अनुरोध किया कि वह अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर पीड़ितों के साथ न्याय करने की प्रक्रिया पर अमल करें ताकि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान हो सके।

## बीमारी से तंग महिला फांसी पर झूली

**जालौन (उरई)।** सोमवार की सुबह महिला ने बीमारी से तंग आकर महिला ने फांसी लगा ली। फांसी लगने से महिला से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के नारोभास्कर निवासी 50 वर्षीय महिला मुन्नी देवी पत्नि नरेंद्र याज्ञिक अपने दोनों विवाहित पुत्रों संजू, सोनू व पति के साथ रहती थी। सोमवार को पूरा परिवार घर पर था। पति टि बर ठेकेदार नरेंद्र याज्ञिक बाजार चले गये थे तथा पुत्र मोहल्ले में चले गए थे। घर महिला अपनी बहुओं के साथ घर पर थी। सुबह लगभग 11 बजे वह अपने कमरे में गयी तथा साफी का फंदा बनाया तथा छत में लगे हुक से लटक कर फांसी लगा ली। जब दोपहर में खाना के लिए बहु ने सास को बुलाने के लिए आवाज लगाई तो जबाब नहीं मिला। जबाब न मिलने पर बहु ने कमरें में जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटकी थी। घटना की जानकारी संजू, सोनू के साथ नरेंद्र को दी गई।

## जालौन में शिवपाल के स्वागत में भीड़ जुटाने में विफल रही पार्टी

संवाददाता। उरई (जालौन)

**प्रगतिशील समाजवादी** पार्टी के मुखिया शिवपाल यादव अपनी चुनावी रथ यात्रा लेकर जनपद में पहुंचे जहां उनकी पार्टी के जि मेदार पदाधिकारी उस हिसाब से भीड़ जुटाने में पूरी तरह से विफल रहे जिसकी उ मीद लगायी जा रही थी। अब ऐसी स्थिति में यदि उनकी पार्टी अकेले दम पर विधानसभा चुनाव में उतरती है तो उसका कितना लाभ उनके प्रत्याशियों को मिलेगा यह तो समय ही बतायेगा। इस की चर्चायें राजनैतिक हलकों में भी चलती रही।

कहने के लिये प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की बागडोर कभी चिटफंट कंपनी से जुड़े रहे नेता जी के पास हैं। जो खुद को तो जमीन से जुड़ा नेता मानते हैं। लेकिन जिस तरह से सोमवार को पार्टी मुखिया के स्वागत में ठीकठाक भीड़ जुटाने में असफल रहे उसको देखते हुये उनके माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की हसरत पर क्या असर पड़ेगा इसका अंदाजा उन्हें भी हो गया होगा। कहने के लिये शिवपाल यादव का मु य कार्यक्रम तो कालपी में था। लेकिन उनके जिला मु यालय पहुंचने पर उन्होंने डा. अंबेदकर की प्रतिमा का माल्यार्पण भी किया और शहर के अंदर से काफिला निकालने का प्रयास किया लेकिन पुलिस प्रशासन ने जाम लगने का हवाला देकर उनका काफिला जेल रोड से गंतव्य के लिये रवाना करवा दिया। कुल मिलाकर पार्टी मुखिया के स्वागत में भीड़ जुटाने में नाकाम रहे नेता जी अब विधानसभा चुनाव के समर में उतरते हैं या नहीं यह तो समय ही बतायेगा। लेकिन उनके खास लोगों का कहना था कि नेता जी पूरा प्रयास कि एक बार वह भी विधानसभा में पहुंच जाये फिर चाहे इसके लिये कितनी भी जोड़फोड़ लगानी पड़े।

## पानी बरसने से पलेवा के लिये परेशान किसानों के चेहरों पर खुशी की लहर

**जालौन (उरई)।** बीते 15 दिनों से क्षेत्र के किसान पलेवा के लिए परेशान थे। रविवार रात से हुई बारिश के चलते किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। उधर, बारिश के चलते मौसम में भी ठंडक आ गई है।

इस समय पलेवा का सीजन शुरू हो जाता है। जालौन रजवहा व कुकरगांव रजवहा में अभी तक पानी नहीं आने से किसान पलेवा के लिए परेशान हो रहे थे। पलेवा के लिए परेशान किसानों के लिए रविवार रात से जारी रिमझिम बारिश संजीवनी साबित हुई है। खेतों को नमी मिलने से किसान खुश नजर आ रहे हैं। जिन इलाकों में रजवहा का पानी नहीं पहुंच पाता था। उन इलाकों में किसान नलकूप और डीजल और जेनरेटर की मदद से खेतों में पलेवा करते थे। इन दिनों बिजली की आपूर्ति भी सही नहीं थी। ऐसे में किसान डीजल और बिजली खर्च के चलते भी परेशान थे। लेकिन अब बारिश के चलते अब उनका पलेवा पर आने वाला खर्च भी बचेगा। किसान विजय शर्मा छिरिया सलेमपुर ने बताया कि किसान पलेवा के लिए परेशान हो रहा था। बारिश के चलते जहां खेती में लाभ होगा वहीं किसानों को काफी खर्च भी बचेगा। कुछ ही दिनों में बुवाई भी शुरू होनी है। अब किसान आसानी से बुवाई कर सकते हैं। बारिश के चलते एक ओर जहां किसान खुश नजर आ रहे हैं तो दूसरी ओर मौसम में भी ठंडक आ गई है। दो दिन पूर्व तक मौसम में गर्मी थी। दशहरा के बाद तक गर्मी समाप्त न होने से लोगों को दिक्कत हो रही थी। रविवार रात से शुरू हुई बारिश से मौसम में बदलाव आ गया है। मौसम में हल्की ठंडक आ गई। रात में लोगों को कंबल ओढ़ना पड़ा। दिन में भी पंखे धीमी गति पर चलते नजर आए।

## किसान यूनियन ने किया रेलवे ट्रैक जाम

संवाददाता। बांदा

**उत्तर प्रदेश** के बांदा में और बुंदेलखंड किसान यूनियन ने रेलवे ट्रेक जाम करके सरकार विरोधी नारे लगाए लखीमपुर खीरी में किसानों को कुचल देने की घटना से है आक्रोशित। किसान यूनियन ने ग्रह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को गिर तार करके जेल भेजने की मांग।

आपको बता दें पूरा मामला बाँदा जनपद का है जहाँ आज सुबह से ही किसान यूनियन के प्रदर्शन की हलचल मची रही प्रशासन पुरी ताकत के साथ किसान नेताओं को नज़र बन्द करे हुए थे वही मौका पाते ही किसान यूनियन सड़को पर प्रदर्शन करने को निकल पड़े और बाँदा रेलवे ट्रेक पर पहुँच कर रेलवे पटरी पर बैठ कर जाम लगा दिया औरकिसानो को न्याय दो के नारे लगाते हुए ग्रह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को गिर तार करने की मांग करते रहे वही भारी पुलिस बल पहुंच गया और समझ बुझा कर किसान यूनियन के द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन को खत्म कराया व







उनकी मांगों आगे पहुचाने का आश्वासन दिया।यूनियन अध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि हमारी मांग अगर सरकार नहीं मानती है तो आगे भी आन्दोलन और प्रदर्शन किया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### हत्या के मामले में दो को हुआ आजीवन कारावास

**चित्रकूट।** अपर सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास व दस-दस हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई। सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अदालत में चल रहे हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर कोतवाल राजीव कुमार सिंह व पैरोकार बाबूलाल ने सघन पैरवी कर गवाहों की समय से पेशी कराई। सह जिला शासकीय अधिवक्ता सनत कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी धर्मेन्द्र पटेल पुत्र राजनारायण पटेल निवासी बनकट कोतवाली कर्वी व भूपेन्द्र पटेल उर्फसज्जन पुत्र मोतीलाल निवासी द्वारिकापुरी कोतवाली कर्वी को दोष सिद्ध करार दिया। अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास व दस-दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

### गैंगेस्टर एक्ट का वारंटी गया जेल

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कार्यालय में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। मानिकपुर थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया की अगुवाई में दरोगा बलदेव सिंह की टीम ने गैंगेस्टर एक्ट के वारंटी शिवा उर्फ शिवभवन पुत्र सचिलाल कोल निवासी कोटाकदैला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने जनसुनवाई आपके द्वार के तहत फरियादियों की समस्यायें सुनकर कहा कि 8810747614 पर वीडियो कॉल से समस्यायें बता सकते हैं। दूरदराज के लोगों को जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा। लोगों की शिकायतें वीडियो कॉल पर सुनकर निस्तारित की जायेंगी। इससे लोगों का समय व धन की बचत होगी। इसी क्रम में मानिकपुर पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के वारंटी शिवा उर्फ शिवभवन कोल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### मकान में आकाशीय बिजली गिरने से विकलांग बेटे की मृत्यु, मां अस्पताल में

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के कण्डोर गाँव मे आज तड़के बरसात के दौरान पक्के कमरे के ऊपर गिरी आकाशीय बिजली से मकान भरभरा गर गिर गया जिसमे मलवे में दबने से बेटा की मृत्यु हो गयी मां बुरी तर घायल हो गयी,उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक आज तड़के रुक रुक कर हो रही बरसात मे अचानक मुकेशकुमार के मकान में अचानक छत में आकाशीय बिजली गिर गयी जिससे पक्की छत भरभरा गर गिर गयी छत के नीचे विकलांग भुवनेश्वर(25) व उसकी मां भुवनदुलारी पत्नी स्व.लल्लूराम अहिरवार मकान के मलबे में दब गये जानकारी होने पर ग्रामीणों ने मा व बेटे को मलबे से बाहर निकाला तब तक विकलांग युवक की मृत्यु हो चुकी थी, उसकी मां बुरी तरह घायल हो गयी जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुची शव को अपने कब्जे में कर लाश को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### वाहनों में माडीफाइड साइलेंसर मिला तो होगी कड़ी कार्रवाई: एआरटीओ

**हमीरपुर।** एआरटीओ आरपी सिंह ने साफकहा है कि यदि दो पहिया व चार पहिया वाहनधारियों ने माडीफाइड साइलेंसर का उपयोग किया तो कड़ी कार्यवाही कर जुर्माना वसूल किया जायेगा। जानकारी के मुताबिक दो पहिया वाहनो जिसमे खासकर बुलेट वाहनधारी वाहन की आवाज बढ़ाने की गरज से कंपनी निर्मित साइलेंसर हटा कर माडीफाइड साइलेंसर का प्रयोग करते है जब कि हाईकोर्ट ने इस मामले पर रोक लगा दी है इससे ध्वनि प्रदूषण को बढ़ावा मिलताहै। एआरटीओ श्री सिंह ने बताया कि इस मामले में अभी तक दस बुलेट वाहनों के खिलाफकार्यवाही कर प्रत्येक से दस हजार रुपये जुर्माने के तौर पर वसूला गया है। एसे वाहनों के खिलाफजांच करने के लिये जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन किया गयाहै जो समय समय पर जांच कर वाहनो के खिलाफकार्यवाही कर रही है। एआरटीओ का कहना है कि कंपनी निर्मित ही साइलेंसर का प्रयोग वाहनों में किया जायेगा। इस संबंध में गैराज,वाहन विक्रताओ,डीलरो की एक आवश्यक बैठक कर मामले की जानकारी दे दी गयी है।

### रजाई गद्दे में लगा दी आग, पुलिस से लिखित शिकायत

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम परछछ में पड़ोसी द्वारा छत में रखे रजाई गद्दा व लकड़ी में आग लगाने पर पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। गांव के अंकित पुत्र मोतीलाल ने पुलिस को बताया कि कल वह अपने घर में लेटा था तभी छत पर रखा कंबल लेने पहुंचा तो वहां रखे रजाई, गद्दा तथा फर्नीचर योग्य लकड़ी जल रही थी। उसने परिवारी जनों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। पीड़ित ने इस मामले में अपने पड़ोसी रमेश दत्त साहू समेत उसके परिजनों पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से आरोपियों के खिलाफकार्यवाही की मांग की है। वही अंकित ने बताया कि आरोपी गण इसके पूर्व भी उसकी छत में रजाई गद्दा में एक बार पहले भी आग लगा चुके हैं। तहरीर मिलने पर कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### डेंगू के मरीज बढ़ने से दहशत

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के गायत्री नगर पठानपुरा मोहल्ले में डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते कस्बे में एंटी लार्वा का छिड़काव व सैंपलिंग नहीं कराई जा रही है। मोहल्ले के लोगों ने अधिकारियों से एंटी लार्वा का छिड़काव व सैंपलिंग कराने की मांग की है। सोमवार को गायत्री नगर पठानपुरा मोहल्ला निवासी 12 वर्षीय शुभ सोनी की जांच कराने पर वह डेंगू पॉजिटिव पाया गया। वहीं दो दिन पहले उसका 10 वर्षीय छोटा भाई राघवेंद्र भी डेंगू पॉजिटिव पाया गया था। परिजनों ने आरोप लगाया कि मोहल्ले में अभी तक न दो दवा का छिड़काव कराया गया है और ही सैंपलिंग कराई गई है। बताया कि मोहल्ले में डेंगू की बीमारी बढ़ती जा रहा है। कोतवाली के कुम्हारिया गांव निवासी 22 वर्षीय प्रियंका पत्नी करन सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। वहीं कोतवाली के कैंथी बदनपुरा मोहल्ला निवासी 27 वर्षीय अजय सिंह पुत्र पन्नालाल ने पारिवारिक कलह के चलते जहर खा लिया।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान में लगाई अधिकारियों की ड्यूटी

**बांदा।** महर्षि बाल्मीकि की जयन्ती के अवसर पर जनपद को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने जनपद के 121 वार्डों जिसमें नगर पंचायत मटौंध, तिन्दवारी, बबेरू, ओरन, बिसण्डा एवं नरैनी के सभी वार्डों में स्वच्छता ही सेवा अभियान-2 के तहत जिलाए तहसीलए विकास खण्ड एवं ग्राम स्तरीय अधिकारी स्वयं झाडू लेकर सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी श्री पटेल ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा किया है कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाये गये स्वच्छता अभियान को मनोभाव एवं सेवाभाव से कार्यक्रम को साकार बनाने हेतु पूरा सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं स भ्रांत नागरिकों से अपील किया कि आगामी 20 अक्टूबर को जनपद के 121 वार्डों में स्वच्छता ही सेवा अभियान.2 के अन्तर्गत स्वच्छ बांदा एवं सुन्दर बांदा बनाये जाने हेतु आप सभी लोग अपना.अपना योगदान व सहयोग प्रदान करें जिससे हमारे जनपद का नाम देश एवं प्रदेश में रोशन हो सके और हमारा जनपद स्वच्छए सुन्दर व निरोगी बन सके।

### कुएं में गिरी गाय को अग्निशमन टीम ने निकाला बाहर

**जालौन (उरई)।** सोमवार को चौकीदार की गाय खेत में बने कुंआ में गिर गयी। वन विभाग व अग्निशमन की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद निकाला जा सका। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुवे के चौकीदार तुलाराम की गाय चरने गयी थी। अपरान्ह अचानक गाय गांव के गंगाराम पाल के खेल में बने कुंआ में गिर गयी। गाय के गिरने की सूचना होने पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर व रस्सी के माध्यम से गाय को निकालने का प्रयास किया किन्तु जब काफी मशक्कत के बाद नहीं निकाल सके तो ग्रामीणों इसकी जानकारी वन विभाग व अग्निशमन की टीम को दी। टीम ने पहुंच कर गाय को निकालने का प्रयास किया। प्रेमनरायण विश्वकर्मा ने गाय को निकलवाने के लिए जेनरेटर आदि की व्यवस्था की। कुंआ में पानी भर कर कुंआ में गिरी गाय को निकाला गया।

### किसान की दुर्घटना में हुई मौत, जिम्मेदार ने किया बीमा लाभ से वंचित

**जालौन (उरई)।** साधन सहकारी समिति पहाड़पुरा के खाताधारक किसान की दुर्घटना में मौत हो गई। बैंक के प्रबंधक व सचिव की गल्ती के कारण किसान दुर्घटना बीमा लाभ से बंचित हुआ। किसान के बेटे ने डीएम को प्रत्यावेदन देकर बीमा का लाभ दिलाने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साधन सहकारी समिति द्वारा किसान खाते धारकों का दुर्घटना बीमा से आच्छादित किया जाता है जिससे दुर्घटना में ऋणी किसान की मौत पर उसके परिवार को आर्थिक मदद मिल सके। साधन सहकारी समिति पहाड़पुरा के सचिव नीरज कुमार व शाखा प्रबंधक जेडीसी बैंक मंडी शाखा ने मनमानी करते किसानों को दुर्घटना बीमा से बंचित कर दिया तथा शासन के निर्देश दरकिनार कर मनमानी की। इसका खुलासा जब हुआ जब भोलाराम पुत्र अच्छेलाल निवासी अकोढ़ी दुबे की दुर्घटना में मौत हो गयी। पिता की मौत होने पर पुत्र लालसिंह ने बीमा क्लेम किया तो पता लगा कि समिति के सचिव व बैंक प्रबंधक ने मनमानी करते हुए साधन सहकारी समिति के ऋणी किसानों को दुर्घटना बीमा से आच्छादित नहीं किया है। शासन के निर्देश के बाद भी सचिव व प्रबंधक द्वारा बीमा न किये जाने से मृतक किसान के परिवार को आर्थिक लाभ नहीं मिल सका। मृतक किसान के पुत्र लालसिंह ने जिलाधिकारी व मु यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफकार्रवाई करने व दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाने की मांग की है।

# दिनदहाड़े युवक को गोली मारी, हड़कंप

संवाददाता। महराजगंज/रायबरेली



**महराजगंज कोतवाली** क्षेत्र के एक गांव में दिनदहाड़े अज्ञात हमलावरों ने एक युवक पर गोली झोंक दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत को नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

आपको बता दें कि, मिली जानकारी के मुताबिक घटना महराजगंज थाना क्षेत्र के राजा कशंपुर की है, जहां सोमवार के दिन लगभग 11रू00 बजे अज्ञात हमलावर गांव के ही रहने वाले एक 24 वर्षीय युवक उदय भान सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह पर तमंचे से फायर कर दिया। जिससे उदय भान सिंह के बाएं हाथ पर गोली लगी, और वह जमीन पर गिर पड़ा। गोली चलते ही पूरे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। मामले की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची महराजगंज पुलिस ने घायल उदय भान को 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत को नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दिनदहाड़े युवक को गोली मारने की घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है, मामले में एसपी श्लोक कुमार के आदेश पर गांव में भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### बदलते रहे थानेदार परंतु नहीं सुधरी महराजगंज की कानून व्यवस्था'

**महराजगंज रायबरेली।।** वैसे तो जनपद की महराजगंज कोतवाली सुरक्षा की दृष्टि से व अपराधिक घटनाएं तथा जनपद की राजनीतिक हस्तियों के हस्ताक्षेप से हमेशा चर्चा में रही है, यहां थानेदारों की पोस्टिंग वा हटना आम बात हो चुका है, तकरीबन 2 साल की अवधि के अंदर ही सात थानेदारों की महराजगंज कोतवाली में पोस्टिंग की गई परंतु थोड़े समय के अंतराल के अंदर ही या तो हटा दिए गए या लाइन हाजिर हुए या सस्पेंड इतनी सारी कवायद होने के बावजूद महराजगंज क्षेत्र की कानून व्यवस्था बे पटरी ही रही इनमें से कुछ थानेदारों का कार्यकाल अच्छा रहा परंतु उन्हें भी राजनीतिक द्वेष या अन्य किन्हीं कारणों से हटा दिया गया महाराजगंज कोतवाली का लगभग 2 वर्ष के अंतराल का थानेदारों का कार्यकाल यदि देखा जाय तो यहां लगभग दो वर्ष के अंदर ही स्पेक्टर धर्मेंद्र दुबे की तैनाती हुई जिन्हें कुछ ही समय बाद हटा दिया गया उनकी जगह पर इस्पेक्टर लालचंद सरोज की तैनाती हुई कानून व्यवस्था न संभाल पाने की वजह से कुछ ही समय बाद उन्हें भी लाइन हाजिर होना पड़ा उसके बाद अरुण कुमार सिंह की तैनाती हुई वो ऐसे स्पेक्टर थे जो निर्विवादित 8 महीने तक कार्यभार संभालने के बाद उनका ट्रांसफर मिल एरिया कर दिया गया। उनकी जगह स्पेक्टर श्री राम को तैनाती दी गई उनकी विवादित कार्यशैली व विभागीय उदासीनता के कारण डेढ़ महीना के अंदर ही हटा दिया गया उनकी जगह शरद कुमार की तैनाती हुई जो तकरीबन 5 महीने रहे दिनदहाड़े हुई लूट की घटना से उन्हें सस्पेंड कर दिया कर दिया गया जिसके बाद महिला स्पेक्टर रेखा सिंह की तैनाती हुई परंतु राजनीति द्वेष व एक खनन के मामले में उन्हें भी सस्पेंड कर दिया गया उनकी जगह कोतवाली में ही तैनात अपराध निरीक्षक असलम अली को चार्ज मिला एक धोखाधड़ी के मुकदमे के मामले में लाइन हाजिर हो गए लगभग दो साल के अंतराल के अंदर ही आठवें स्टेशन अफसर के रूप में नारायण कुशवाहा तैनाती पर हैं, जिन्हें अभी बहुत ही कम समय हुआ है, परंतु अब तक के कार्यकाल में क़ानून व्यवस्था सम्हाल पाने में असफल साबित हो रहें हैं।

# दुर्गा मां के पंडालों में उमड़ रहा है भक्तों का जनसैलाब

संवाददाता। अमेठी



**जिले भर** में दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है शहर हो या गांव जगह जगह दुर्गा माता के पंडाल सजाए गए हैं इन पंडालों हजारों की संख्या में भक्तगण दर्शन कर रहे हैं और इन जगहों पर हो रहे विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद उठा रहे हैं रामलीला कमेटियों द्वारा रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है गौरीगंज अमेठी मुसाफिरखाना जगदीशपुर जामो इन्हौना रानीगंज सहित जिले के सभी छोटे बड़े कस्बा व गांव में दुर्गा पूजा पंडाल पर पूजा अर्चना चल रहा है जगह.जगह लाइटों की भव्य सजावट की गई है जिसे देखने के लिए भक्तों का जनसैलाब इन पंडालों पर उमड़ रहा है जगह जगह पर प्रसाद की भंडारी का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं पूरा जिला माता रानी के भक्ति में लीन हो चुका है ये कार्यक्रम मंगलवार तक चलते रहेंगे मूर्तियों का जिले के विभिन्न घाटों पर विसर्जन कार्य किया जाएगा।

## छतोह में आयोजित की गई सोशल आडिट सेमिनार'

**छतोह,रायबरेली।** सोशल आडिट को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विकास खण्ड सभागार में सोशल आडिट सेमिनार का आयोजन किया गया। सोशल आडिट के सभी बिन्दुओं पर बिस्तार से विचार-विमर्श किया गया।सोशल आडिट निदेशालय उ. प्र. लखनऊ द्वारा पूरे प्रदेश में 18 सितम्बर 2021को विकास खण्ड स्तर पर और 20 सितम्बर 2021को जिले स्तर पर सोशल आडिट सेमिनार का आयोजन करने के निर्देश जारी हुए हैं।

जिसके अनुपालन में विकास खण्ड छतोह में सफलता पूर्वक सोशल आडिट सेमिनार संपन्न हुआ। इसमें ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, सेक्रेटरी व ग्राम रोजगार सेवकों ने बढ़ चढ़ कर प्रति भाग किया। वरिष्ठ ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह यादव ने सोशल आडिट पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकार की पहली प्राथमिकता है कि भ्रष्टाचार को समूल नष्ट किया जाय, जिसके तहत सोशल आडिट की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में व्यवस्था की गई है। सोशल आडिट समन्वयक दुर्गा सिंह ने बताया कि सोशल आडिट एक सुधारात्मक प्रक्रिया है। इस अवसर पर राजेंद्र बाबू शर्मा, नन्दा मैडम, जितेंद्र सिंह, बिजय सिंह, राजेश यादव, ओम प्रकाश, चन्द्र केश, राजाराम, अनिल कुमार यादव, बब्बन, राजेश मौर्य, नागेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय में चोरी

**जगदीशपुर अमेठी ।** बीती रात चोरों ने विद्यालय का दरवाजा तोड़ कर उसमें रखा कीमती समान उठा ले गए जिसकी लिखित सूचना प्रधानाध्यापक ने स्थानीय थाने पर देकर कार्यवाही की मांग की कमरौली थाना क्षेत्र के सौना गाँव स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीती रात चोरों ने दरवाजा तोड़कर उसमे रखा सामान उठा ले गए जब सुबह प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार पाल विद्यालय आए तो देखा कि आफिस का दरवाजा खुला व ताला टूटा हुआ है अंदर जाकर देखा तो उसमें रखा सामान गायब था और कुछ सामान जमीन पर बिखरा हुआ पड़ा था जिसकी सूचना डायल 112 व स्थानीय थाने को दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जाँच पड़ताल शुरू कर दिया है। इस समबन्ध में थानाध्यक्ष शिवाकान्त पाण्डेय ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच पडताल जारी है ।

## बूथ जीतने से ही जीतेंगे विधानसभा का चुनाव

**अमेठी ।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई प् बैठक को बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष वृज बहादुर व विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव व काशी क्षेत्र के विस्तारक प्रमुख नागेश्वरनाथ पांडेय ने भी सम्बोधित किया बैठक में मुख्य रूप से विधान सभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई और विधानसभा जीतने की रणनीति बनायी काशी क्षेत्र के विस्तारक प्रमुख नागेश्वर ने संगठन के कामकाज की समीक्षा करते हुए पन्ना प्रमुख बनाने व जनता के बीच जनकल्याण कारी योजनाओं को पहुचाने के लिए योजना बनायी। बैठक को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कहा कि हमने जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाया है आज मोदी जी जी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा है ।

# साढ़े चार साल की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी की हुआ शुभारंभ

संवाददाता। गौरीगंज अमेठी


प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष

● जिलाध्यक्ष ने गौरीगंज में सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**प्रदेश सरकार** के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा विकास खंड गौरीगंज के परिसर में लगायी गयी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकार द्वारा किये गये कार्यो जैसे मुक्त वैक्सीन मुफ्त राशन मुफ्त इलाज चार लाख युवाओं को नौकरी एक्सप्रेसवे एयरपोर्ट मिशन रोजगार ओडीओपी सहित सबका साथ.सबका विकास.सबका विश्वास एवं इरादे नेक.काम अनेक् की प्रदर्शनी लगायी गयी उक्त प्रदर्शनी का आज जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश त्रिपाठी ने फीता काटकर शुभारंभ किया एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिलाध्यक्ष ने सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की लगायी गयी विकास परक एवं लाभार्थी परक योजनाओं की प्रदर्शनी की काफी प्रशंसा की। उन्होने इस दौरान कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिल रहा है इससे लोगों के जीवन में खुशियां आयी है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चहुमुखी विकास हो रहा है जिससे आमजनता लाभान्वित हो रही है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा हर जरूरतमंद की मदद की गयी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लोगों को मुफ्त राशन दिया गया लोगों को कोविड.19 का मुफ्त टीका लगाया गया व मुफ्त इलाज किया गया मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था हर बेघर को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया गया हर वृद्धजन दिव्यांगजन विधवा एवं निराश्रित महिला को पेंशन दी गयी हर गांव हर मजरे हर घर तक बिजली पहुँचायी गयी मिशन किसान कल्याण के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ऋण माफी योजना आदि से किसानों को लाभान्वित किया गया। उन्होने कहा कि स्वरोजगार के क्षेत्र में एक जनपद एक उत्पाद प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम मुख्यमंत्री माटीकला योजना मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना आदि के तहत लोगों को ऋण वितरण एवं टूलकिट देकर रोजगार दिया गया। उन्होने इस दौरान जनसामान्य से अपील करते हुये कहा कि विकास खंड गौरीगंज के परिसर में लगायी गयी जनकल्याणकारी एवं विकास कार्यो की प्रदर्शनी का अवलोकन करें जिससे वह केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की लाभार्थी परक योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हो सके। यह प्रदर्शनी 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक लगायी गयी है। इस दौरान व्यापार मंडल गौरीगंज के अध्यक्ष अजय अग्रवाल अपर जिला सूचना अधिकारी शिवदर्शन यादव खंड विकास अधिकारी गौरीगंज शशि कुमार तिवारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओमप्रकाश दूबे सहित अन्य अधिकारी भाजपा कार्यकर्ता जनसामान्य उपस्थित रहे।

# वीरा पासी चौराहे पर खोला गया सपा का जनसम्पर्क कार्यालय



संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**कस्बे के** बाईपास तिराहा स्थित मौर्य नगर में प्रादेषिक कार्यकर्ता राजेष चंद्रा ने सपा कार्यालय प्रारम्भ कराया। कार्यालय का षुभारम्भ पूर्व जिला अध्यक्ष रामदेव यादव, पिछडा प्रकोष्ठ के प्रदेष सचिव एड0 दिनेष यादव आदि ने सयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

राजेष चंद्रा ने बताया कि देष व प्रदेष में इस समय संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है। सरकारी संस्थान बेचकर बेरोजगारी बढाने के साथ आरक्षण समाप्त करने की साजिष चल रही है। विधानसभा अध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार से सभी वर्ग के लोग परेषान है। महंगाई, कानून व्यवस्था तथा विकास के मामले में सरकारी नीतियां पूर्णतया फेल है। आने वाले समय में जनता चुनावो में वोट के माध्यम से इसका करारा जवाब देगी। 182 सरेनी विधानसभा के कार्यकर्ताओं व जनता को एक मंच पर अपनी बात रखने के उद्देष्य से इस कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। दिनेष यादव ने कहा कि अखिलेष यादव की सरकार में किये गये विकास कार्यो को दिखाकर वर्तमान सरकार वाहवाही लूटने में लगी है। धर्म, जाति व सम्प्रदाय के नाम पर लडाने वाले के मंषूबे अब प्रदेष की जनता सफल नही होने देगी। इस मौके पर जेपी यादव, सीताराम सिंह, धर्मेन्द्र धाकड, अवधेष प्रजापति, हाजी रसूल, आषीष यादव, दीपक पासवान, अरविंद यादव, बीरबल, फूलविलास, कमलेष, षिवा, उदयभान, मनोज समेंत भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रो0 राजेष यादव व प्रधान सिघौरतारा षैलेंद्र यादव ने किया।

### मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव बने आजम

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने खीरों कस्बा निवासी जमीनी कार्यकर्ता आजम खां को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। मनोनयन के सम्बंध में पत्र जारी होते ही आजम समर्थकों में खुशी जाहिर की और सोशल मीडिया से लेकर घर पहुंच पार्टी समर्थकों का बधाइयों का दौर चला।मनोनीत राष्ट्रीय सचिव ने कहाकि पेट्रोल डीजल व रसोई दामो सहित भाजपा सरकार महंगाई रोकने में नाकाम साबित हो रही है, उन्होंने कहाकि आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सूबे में सपा की सरकार बनने जा रही है।खुशी जाहिर करने वालो में जिपंस ब्रजेश यादव,पिंटू यादव,आनन्द यादव,जैनुल आब्दीन,पिंटू हलवाई,मुन्ना,आनंद सिंह,नौशाद,राहुल शिव सिंह यादव दिलीप यादव सहित पार्टी समर्थकों ने खुशी जाहिर कर बधाई दी है।

## पोस्ता छिलके के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र में काफी समय से मादक पदार्थो की बिक्री किये जाने की षिकायतों के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को पकडने में सफलता प्राप्त की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने मादक पदार्थो की तस्करी के लिये प्रसिद्व मधई का पुरवा गांव के निकट से एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में दबोच लिया। जामा तलाषी के दौरान आरोपी के पास से 1250 ग्राम पोस्ता छिलका बरामद किया। युवक की पहचान अनुज कुमार उर्फछोटू यादव निवासी मीठापुर के रूप में की गई। कोतवाल इंद्रपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### प्रधान संघ अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

**जामो अमेठी ।** जिले के विकासखंड जामो में विकास विकासखंड परिसर में प्रधान संघ का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें रामेंद्र सिंह उर्फ सिंपू सिंह प्रधान ग्राम पंचायत अचलपुर को सर्वसम्मति से विकास खंड का प्रधान संघ अध्यक्ष चुना गया नवनियुक्त अध्यक्ष का विकासखंड के प्रधान व उनके प्रतिनिधियों ने उनका जोरदार स्वागत किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की बताते चलें कि रामेंद्र सिंह विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह के चचेरे भाई हैं उनकी निर्विरोध निर्वाचित होने पर पूर्व प्रमुख अनिल सिंह नफीस अहमद बेबी सिंह प्रधान सत्यदेव मिश्रा आदि ने बधाई दिया ।

### बिजली शार्ट सर्किट से बैंक में लगी आग, डाटा नष्ट

**ऊंचाहार,रायबरेली।** नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, एक टैंकर का पानी समाप्त होने के बावजूद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। फायर ब्रिगेड द्वारा पानी का दूसरा टैंकर मंगाया गया है। उसके बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया गया ।सोमवार की सुबह कस्बा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में बिजली के शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। धुएं का गुबार बाहर निकलते देख स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना बैंक के अधिकारियों समेत फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंचे कर्मचारी ने बैंक के दरवाजे का ताला खोला। लेकिन आग की लपटों और धुंए का भीषण गुबार देख कमरे के अंदर जाने की कोई हिम्मत नहीं जुटा पाया। करीब एक घंटे तक फायर ब्रिगेड के ना पहुंचने पर सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की मशीन आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। अग्नि समन अधिकारी अमृत लाल, दीवान दशरथ, अग्निशमक जयशंकर प्रसाद कथा कोतवाली के इंस्पेक्टर रामराज कुशवाहा मय पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहकर आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। बैंक में आग लगने की सूचना पर पहुंचे शाखा प्रबंधक शांतनु शुक्ला ने बताया कि बैंक में आग लगने की सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई है फायर ब्रिगेड व स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही थी । काफी मशक्कत के बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया गया ।

### जुलूसे मोहम्मदी आज बड़े ही शानो शौकत के साथ निकाला जाएगा

**जगदीशपुर अमेठी ।** जश्ने विलादत रहमते आलम सल्ललाहु अलैहे वसल्लम का जुलूस आज बड़े ही शानो शौकत के साथ निकाला जाएगा वहीं हजारो की संख्या में अकीदत मंद जुलूस में शिरकत कर नबी.ए.पाक को नजरान.ए.अकीदत पेश करेंगें । विकास खंड जगदीशपुर में हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम का जन्मोत्सव बड़े ही शानो शौकत के साथ 18ए19 व 20 अक्टूबर को मनाया जा रहा है सजिसमे तक़रीबन सभी ग्राम सभाओ की मस्जिदों एमजारो और गली कूचों को भारी बिजली की सजावट से रौशन किया गया है।वहीं दूसरे दिन 19 अक्टूबर यानी आज अंजुमन गुनच इस्लाम कमेटी के जेरे निगरानी में नायब अंजुमन कमेटी निहालगढ़ सिधियावां जाफरगंज मलावा नियाँवा सिंदूरवा रानीगंज वारिसगंज पूरे गौहर ख़ैरातपुर सलाबत गढ़ सहित तक़रीबन सभी ग्राम सभाओं से जुलूस निकाला जाएगा और उनका जन्मोत्सव बड़ी ही शानो शौकत के साथ मनाया जा रहा है स रिवायत के अनुसार सभी अंजुमनो का कारवाँ ईदगाह .राम लीला मैदान में एकत्र होकर वहाँ से धीरे धीरे चौराहा गुलाबगंज की ओर रवाना होगा और जगह जगह अंजुमनों द्वारा बनाए गए मंच से अंजुमन गुनचए इस्लाम के सदर जनाब हाजी मोहम्मद रफीक वारसी उर्फ़अल्लू मियां नबी ए पाक का बयान करते हुए आगे बढ़ेगें ।

### जनसुनवाई व सोशल आडिट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अमावां।** अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सोशल आडिट जनसुनवाई एवं सोशल आडिट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित । विकास खण्ड सभागार अमावां में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के राजेश कुमार ब्लाक कोर्डिनेटर सोशल आडिट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी कार्तिकेय सिंह द्वारा किया किया गया कार्यक्रम में सोशल आडिट का गठन व्यवस्था उद्देश्य सम्पादन सोशल आडिट की सम्पूर्ण प्रकिया को विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा शुभ्राशु बाजपेयी प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पं. महेन्द्र शुक्ला ग्राम पंचायत सचिव आशुतोष गुप्ता दिव्या श्रीवास्तव नाहिद अनवर ग्राम प्रधान आशीष कुमार रामगुलाम सईद अहमद शत्रोहन दिनेश कुमार सिंह रोजगार सेवक भानु प्रताप सिंह राम विलास गोपी सुरेश कुमार कमल किशोर शरद चन्द्र तिवारी खण्ड प्रेरक आदि लोग मौजूद रहे।

### भाजपा नेता ने गलत रीडिंग व अवैध धन उगाही को लेकर पावर हाउस में दिया ज्ञापन

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां विकासखंड के मलपुर गांव में बिजली की गलत रीडिंग व उपभोक्ताओं से अवैध धन उगाही से भाजपा नेता शुभम जयसवाल ने ग्रामीणों के साथ पहुंचकर पावर हाउस में जमकर हंगामा काटा। साथ ही मामले संबंधी ज्ञापन भी सौंपा है । ज्ञापन के माध्यम से उपभोक्ताओं ने बताया कि तत्काल मीटर रीडर को हटाया जाए। साथ ही उसके खिलाफरिपोर्ट भी दर्ज कराई जाए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के मलपुर के रहने वाले राम कुमार निर्मल, पुजारी, राजेंद्र कुमार, बैजनाथ यादव के साथ ही अन्य लोगों के घर पर मीटर रीडर गलत तरीके से रीडिंग लेकर बिजली के बिल निकाली जा रहे हैं । जिससे उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है की रीडिंग बढ़ाकर उपभोक्ताओं से जबरन पैसा मीटर रीडर द्वारा वसूला जा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर भाजयुमो के पूर्व नगर अध्यक्ष तथा जिला कार्यसमिति सदस्य शुभम जयसवाल ने विद्युत उपकेंद्र बछरावां पहुंचकर जमकर हंगामा काटा । साथ ही एसडीओ शशांक गुप्ता को शिकायत संबंधी ज्ञापन भी सौंपा है । इस बारे में एसडीओ शशांक गुप्ता का कहना है कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है । जांच के बाद शिकायत सिद्ध होने पर मीटर रीडर के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी ।

### सुरक्षित जमीन से अवैध कब्जा हटाने में राजस्व अधिकारियों पर लगा पक्षपात का आरोप

**लालगंज रायबरेली।** राजस्व विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई किये जाने का आरोप लगाते हुए पीडित ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से मामले में न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र के पूरे जीत मजरे हरीपुर गांव निवासी संतोष सिंह पुत्र छोटेलाल ने बताया कि उसके गांव की सुरक्षित जमीन पर आधा दर्जन लोगो ने सरहंगीपूर्वक कब्जा कर रखा। जबकि इसी जगह पर उसके घूरे का नही डालने दिया जा रहा है। मामले की षिकायत व जांच के बाद मौके पर कब्जा हटाने पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने महज खानापूर्ति करते हुए कुछ अस्थाई कब्जो को ही मौके से हटाकर अपने कर्तव्यो की इतिश्री कर ली है। संतोष सिंह का आरोप है कि प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां एक ओर सुरक्षित जमीनो से अवैध कब्जेदारो को सख्ती पूर्वक हटाने के साथ कानूनी कार्रवाई के आदेष दिये है वही लालगंज तहसील के राजस्व अधिकारी उनके आदेषो को धता बता रहे है। जबकि अवैध कब्जेदार रोजना पुख्ता निर्माण को अंजाम देने में लगे है।

# राप्ती नदी में डूबे दो युवकों में से एक का शव कर लिया बरामद

संवाददाता। श्रावस्ती

**इकौना थाना** इकौना अंतर्गत अंधरपुरवा पुल के पास राप्ती नदी में दो दिन पूर्व मूर्ति विसर्जन के दौरान नहाते समय राप्ती नदी में डूबे दो मौसेरे भाइयों मे से एक का शव सोमवार को घटना स्थल से 1 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मनकौरा के पास राप्ती नदी मे उतराता मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दीए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी भी रेसक्यू टीम नदी में डूबे दूसरे युवक की तलाश मे जुटी है।

शनिवार को प्रतिमा विसर्जन के लिए मा दुर्गा की शोभायात्रा के साथ सिरसिया थाना के चयपुरवा निवासी त्रिलोकी अपने मौसेरे भाई थाना कोतवाली भिनगा निवासी चिनकू के साथ राप्ती नदी पर आये थे इस दौरान नहाते समय दोनो नदी के गहरे पानी मे डूब गये घटना के बाद से ही पीएसी व एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम लगातार दो दिन से युवकों की नदी में तलाश कर रही थी। इस दौरान सोमवार को घटनास्थल से लगभग एक किमी दूर स्थित ग्राम मनकौरा के समीप राप्ती नदी मे एक युवक का शव उतराता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने शव की नदी से बाहर निकलवाकर उसकी पहचान करायीए मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान त्रिलोकी के रूप मे की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। रेस्क्यू टीम अभी भी डूबे दूसरे युवक चिनकू की नदी में तलाश कर रही है।

# भाकियू ने कलेक्ट्रेट के सामने भिनगा बहराइच फोरलेन किया जाम

● 11 अक्टूबर से परिसर में बैठे है अनिश्चितकालीन धरने पर



संवाददाता। श्रावस्ती

**भिनगा .** जिले के किसानों की समस्याओं से स बंधित विभिन्न मांगों को लेकर 11 अक्टूबर से कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे भाकियू के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अपने पहले से सुनिश्चित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्ट्रेट परिसर के सामने भिनगा.बहराईच मार्ग को जाम कर दिया। जिसके चलते लगभग आधे घण्टे तक आवागमन बाधित रहने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ाए कार्यकर्ताओं ने सरकार व स्थानीय प्रशसन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।11 अक्टूबर से कलेक्ट्रेट में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठने से पहले अपनी नि न मांग पिपरी गौशाला पर दर्ज फर्जी मुकदमे की वापसीए पराली पर बने कानून से परेशान किसानए धान क्रय केन्द्रों पर व्याप्त ष्टाचार को लेकर एक ज्ञापन देकर विरोध जताया था। रविवार को जिले में आये तूफान से किसानों की फसलों को बीमा क पनी द्वारा क्लेम दिलाये जाने की मांगए तीनों कृषि कानून की वापसीए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारन्टीए जिले में उर्वरकों की हो रही कालाबाजारीए भूमाफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही व गन्ना किसानों का बकाया भुगतान की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियन ने राष्ट्रपति को स बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजेश मिश्रा को सौंपाए भाकियू श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा ने बताया की जिला प्रशासन ने हमारी उपरोक्त मांगों को पूरी करने का आश्वासन दिया है। वही जिला महासचिव शिवकुमार नायक ने कहा कि दिए गए आश्वासन को यदि अधिकारियों ने जल्द ही पूरा नहीं किया तो हम इस बार बड़े स्तर की तैयारी के साथ आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर सलिग राम चौधरी सुहेल मिश्रा छोटन जुगुल किशोर मिश्रा शिव गोपाल ललित वर्मा व ध्रुव राज आदि ग कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मनरेगा में खूब हुई मनमानी और मौज!

● कुदरहा, बनकटी और परसरामपुर ने बनाया रिकार्ड ●'कौन बनेगा करोड़पति' की तरह बिना कुछ लगाए ब्लॉक वाले बनते जा रहे करोड़पति ● फर्जी मनरेगा जॉब कार्ड के सहारे हो गया 96 करोड़ का भुगतान● सबसे अधिक मजदूरी पर 84.29 करोड़, सामग्री पर 11.71 करोड़ हुए खर्च● कुदरहा ने सबसे अधिक 12.74 करोड़, बनकटी और परसरामपुर ने 11-11 करोड़ किए खर्च ●इन्हीं तीनों ब्लॉकों में बने हैं सबसे अधिक प्रवासी मजदूरों के नाम फर्जी जॉब कार्ड

संवाददाता। बस्ती

**प्रवासी** मजदूरों के फर्जी मनरेगा जॉब कार्ड के सहारे एक बार फिर इस व्यवस्था से जुड़े करोड़पति बनते जा रहे हैं पिछले दो तीन सालों में मनरेगा ने ब्लॉक के बीडीओ/पीओ, जेई, लेखाकार, कम्पयूटर आपरेटर, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक और कुछ ब्लॉक प्रमुख तक 'कौन बनेगा करोड़पति' के दर्ज पर पूंजी के स्थान पर दिमाग लगाकर करोड़पति बन गए। इस वित्तीय वर्ष में 10 अक्टूबर 21 तक 96 करोड़ खर्च हो चुके हैं, इनमें मजदूरी में 84.29 और सामग्री मद में 11.71 करोड़ का भुगतान हो चुका है। इनमें अकेले कुदरहा में सबसे अधिक 12.74 करोड़, बनकटी और परसरामपुर ने 11-11 करोड़ खर्च किया। इन्हीं तीनों ब्लॉकों पर बीते वित्तीय वर्ष में सबसे अधिक घोटाला करने का आरोप लग चुका है, जिसमें कई आरोप में जांच में सही पाए भी जा चुके हैं। अधिकतर माननीयों की ओर से 375 करोड़ के गोलमाल के आरोप भी लगाए गए, जांच के लिए अधिकारियों की टीम भी बनी, मगर अधिकारियों ने सभी को क्लीन चिट दे दिया, उन ग्राम पंचायतों को भी क्लीन चिट दे दिया, जिनमें घोटाले के आरोप में डीएम और सीडीओ की ओर से कई बार कार्रवाई की जा चुकी है। यही कारण है, कि बीते चुनाव में मनरेगा के लालच में कई प्रधानों और ब्लॉक प्रमुखों ने करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाया, अब उसी धन की वसूली करने में लोग जुटे हुएं है। अगर मनरेगा में इतनी कमाई न होती तो कोई मनरेगा मजदूर न तो फारचूनर से चलता और न कोई दस हजार मानदेय पाने वाले कम्पयूटर आपरेटर अकूत संपत्ति का मालिक न बन जाता। देखा जाए तो मनरेगा के प्रति ब्लॉक वालों को जितनी दिलचस्पी रहती है, उतना ब्लॉक के विकास कार्यो में नहीं रहती। लोग अक्सर मीडिया से सवाल पूछते रहते हैं कि ऐसी योजना को चलाने से क्या लाभ जिसका अधिकांश हिस्सा बीडीओ/पीओ, जेई, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, लेखाकार और कम्पयूटर आपरेटर सहित ब्लॉक प्रमुखों के जेबों में चला जाता है। यह भी पूछते हैं, कि अब क्या किसी गांव काम कराने के बचा है, क्या? दिशा की बैठक में सांसद हरीश द्विवेदी ने डीएम और सीडीओ से पूछा था कि क्या किसी ग्राम पंचायत में मिटटी का कार्य कराना अवशेष हैं। सांसद का सवाल ही अपने आप में योजना पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। 10 अक्टूबर 21 तक के आकड़े गवाह है, कि ब्लॉकों में मनरेगा के धन का दुरुपयोग करने की होड़ लगी हुई है। कुदरहा, बनकटी और परसरामपुर के आलावा जिन अन्य ब्लॉकों ने मनरेगा में मजदूरी और सामग्री के मद में धन खर्च किया, उनमें बहादुरपुर ने 8.94 करोड़, दुबौलिया ने आठ करोड़, विक्रमजोत ने 6.94 करोड़, सांउघाट ने 6.49 करोड़, रामनगर ने 5.66 करोड़, हर्रैया ने 5.39 करोड़, बस्ती सदर ने 4.27 करोड़, गौर ने 3.32 करोड़, रुधौली ने 3.08 करोड़ एवं कप्तानगंज ने 2.76 करोड़ सहित कुल 96 करोड़ खर्च किया, कहना गलत नहीं होगा खर्च के सापेक्ष काम धरातल पर नहीं होने का दावा किया जा रहा है।

## सहकारी बैंकिंग व्यवस्था पर हो रहा अत्याचार:चेयरमैन

● सहकारी बैंक को डूबने से बचाने को चाहिए उसके हिस्से का 76 करोड़

● ग्राहकों के भुगतान न होने से बैंक के साख बचाना हो रहा मुस्किल

● भुगतान न होने से लेन-देन लगभग ठप हो गया

● स्थित यह है कि सहकारी बैंकों में उनकी प्राण वायु ही बची

संवाददाता। बस्ती

**सहकारी** बैंक के नवागत चेयरमैन राजेंद्रनाथ तिवारी सोमवार को मीडिया से रुबरु हुए, कहा कि उत्तर-प्रदेश कोआपरेटिव बैंक बस्ती सहित प्रदेश के 16 बैंकों का लगभग 20 अरब दबाए बैठी है। इनमें बस्ती का लगभग 76 करोड़ है। कहते है कि कोआपरेटिव खुद उनके बैंक के पैसे से अधिक ब्याज बटोर रही है, और उन्हें मामूली ब्याज दे रही है, जबकि अगर 16 जनपदों के सहकारी बैंकों को उनके हिस्से का धन मिल जाए तो सभी बैंक सुचारु-रुप से संचालित होने लगे। कहते हैं कि सहकारी बैंक को डूबने से बचाने के लिए उन्हें हरहाल में अपने हिस्से का 76 करोड़ लाना होगा। ग्राहकों के भुगतान न होने से बैंक की साख बचाना मुस्किल हो रहा है। लेन-देन लगभग ठप्प सा हो गया, बैंक पर कोई विश्वास करनेक को तैयार नहीं हैं। यहां तक जिन सहकारी समितियों को बैंक ने लोन दे रखा है, उन्होंने ने चुकता करने से मुंह मोड़ लिया है। आज स्थित यह है कि सहकारी बैंकों में उनकी प्राण-वायु ही बची हुई है।

बताया कि धन वापसी के लिए उनकी ओर से सहकारिता मंत्री और स्थानीय सांसद को पत्र लिखा गया है। जिसमें कोआपरेटिव में जमा बैंक का 76 करोड़ त्वरित रिलीज करने की मांग की गई है। ताकि बैंक की साख वापस हो सके, और बैंक का कामकाज सामान्य हो सके। बताया कि जिला सहकारी बैंक की 19 शाखाओं में मात्र 23 कर्मचारी कार्यरत हैं, एक-एक शाखा प्रबंधक को दो-दो बैंक का प्रभार दिया गया है, एक बैंक बंद करते तो दूसरा खोलने जाते हैं। कहा कि बैंकिगं व्यवस्था पर यह अत्याचार के समान है। बैंक अधिकारी और लिपिक की मांग की गई है।

सहकारी समितियों के खातें तथा सहकारिता विभाग से जुड़ें कार्यदाई संस्थाओं के खाते जिला सहकारी बैंक में खोलने के आदेश करने की भी मांग की गई है। क्यों कि जब सहकारिता से जुड़े लोग ही बैंक में खाता नहीं खोलेंगे तो अन्य को कैसे प्रेरित किया जाएगा।

## धान खरीद के लिए किसानों को प्रशासन ने दी जानकारी

**संतकबीरनगर।** अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0)/ जिला खरीद अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने जनपद के जनपद के किसानो को बताया गया कि धान खरीद वर्ष 2021-22 में शासन द्वारा जारी क्रय नीति के अनुसार जनपद में 1 नवंबर 2021 से धान खरीद प्रारंभ होना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान खरीद का लक्ष्य 79700 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है, जिसके लिए जनपद में कुल 64 क्रय केंद्र बनाए जाने हैं। अभी तक कुल 25 क्रय केंद्र बनाए गए हैं जिसमें खाद्य विभाग के 12, पीसीएफ के 11, भारतीय खाद्य निगम के 1 एवं कृषि उत्पादन मंडी समिति के 1 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, शेष क्रय केंद्र बनाए जाने की प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कृषक स्वयं पोर्टल पर अपना पंजीकरण करने के बाद निकट के क्रय केंद्र पर धान बेच सकेंगे। गत 13 अक्टूबर 2021 तक 1250 कृषकों द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया है। किसान जिस मोबाइल नंबर से पंजीकरण करेंगे वह मोबाइल नंबर आधार कार्ड और बैंक खाते से लिंक होगा, किसान को बैंक में जाकर खाता भी अपडेट करना होगा।

# पंचायत भवन निर्माण के नाम पर हुआ लाखों का 'खेल'

● बरसावं, सिसवा पांडेय और महदेव में एक साथ दो-दो पंचायत भवनों का हुआ निर्माण ● बीडीओ व एडीओ पंचायत ने डीएम को किया गुमराह ● जो काम एक दो लाख में हो सकता था, उसके लिए 45 लाख खर्च कर डाले ● अधिक कमीशन और हेराफेरी के लिए बनी सदर, दुबौलिया और बनकटी ब्लॉकों में योजना

संवाददाता। बस्ती

**सरकारी** धन को जिस तरह ब्लॉकों में संगठित होकर इधर से उधर किया जा रहा है, उससे योगी सरकार की बहुत बदनामी हो रही है। डीएम को गुमराह करके जिस तरह दुबौलिया ब्लॉक के बरसावं, सदर के महदेव और बनकटी के ग्राम सिसवा पांडेय में पहले से ही निमित्तां पंचायत के होते हुए दूसरे पंचायत भवन के निर्माण का प्रस्ताव बीडीओ और एडीओ की ओर से दिया गया, उसे अक्षम्य माना जा रहा है। जांच में यह साबित भी हो चुकी है, कि इन ग्राम पंचायतों में पहले से ही सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ, जांच में यह बात भी सामने आई कि अगर नये भवन का प्रस्ताव न देकर पुराने को ही मरम्मत कराने का प्रस्ताव दिया गया होता, तो सरकार का कम से कम 42 लाख बच जाते। क्यों कि एक दो लाख खर्च करके सामुदायिक केंद्र/ पंचायत भवन को संचालन के लिए बनाया जा सकता था, मगर जिम्मेदारों ने अधिक कमीशन और अधिक धन बटोरने के चक्कर में डीएम को ही भ्रमित कर दिया। गांव वालों का कहना है कि 2022 के चुनाव में इसका प्रभाव पड़ सकता है। मगर, इन सबसे उन लोगों को कुछ भी लेना देना नहीं हैं रहता, जिन लोगों का धर्म ही सरकारी धन का दुरुपयोग करना हो गया है। कोई भी ऐसी योजना नहीं हैं, जिसपर घोटालेबाजों की कुदृष्टि न पड़ी हो। डीपीआरओ कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक इस बात का खुलासा हुआ, कि तत्कालीन बीडीओ और एडीओ पंचायत ने किस तरह डीएम को गुमराह करके पंचायत भवन रहते हुए भी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति ले ली, वूंकि 15 लाख से उपर के कामों की स्वीकृति डीएम से लेने का प्राविधान है। लगभग छह माह पहले 'पायनियर' में दुबौलिया ब्लॉक के बरसांव ग्राम में पंचायत भवन रहते एक और पंचायत भवन के निर्माण होने की खबर प्रकाशित हुई थी, तत्कालीन प्रभारी बीडीओ एवं डीसी मनरेगा ने इसे संज्ञान में जब जांच कराया तो वाकई खबर सही मिली। अब जरा खेल देखिए। वर्ष 2007-08 में यहां पर आठ लाख की लागत से सामुदायिक केंद्र/पंचायत भवन यानि पंचायत भवन का निर्माण हुआ। फिर इसी ग्राम में 20-21 में 15 लाख की लागत दूसरा पंचायत भवन का निर्माण हुआ। सदर ब्लॉक के ग्राम पंचायत महदेव में भी इसी तरह का काम हुआ, और बनकटी ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिसवा पांडेय में भी सामुदायिक केंद्र के रहते दूसरा पंचायत भवन का निर्माण हो गया। गांव वाले सवाल कर रहे हैं कि जब पहले से ही पंचायत भवन था, तो दूसरे का प्रस्ताव क्यों और कैसे दे दिया गया? तत्कालीन और वर्तमान सेक्रेटरी से धन की वसूली और उनके खिलाफविधिक कार्रवाई की मांग गांव वाले डीएम से कर रहे है। क्यों कि तीनों ग्राम पंचायतों के परिसंपत्तियों का रजिस्टर बनाने की जिम्मेदारी सेक्रेटरी की है। बीडीओ और एडीओ पंचायत कोई मानिटरिगं नहीं की और न मौके पर ही गए, इस लिए इन दोनों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग हो रही है, अब सवाल उठ रहा है, कि जब जांच रिपोर्ट दिए लगभग चार माह हो गया तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

## धुव नेत्रालय ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, मरीजों को मिला लाभ

**संतकबीरनगर।** ध्रुव नेत्रालय एवं चिकित्सालय के तत्वाधान में ग्राम नाथनागर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं निःशुल्क दवा वितरण का आयोजन प्रदीप सिसोदिया एवं जय प्रकाश यादव ने किया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक अलगू चौहान ने किया। स्वास्थ्य शिविर में कार्यक्रम में डॉ0 ए0पी0 गुप्ता (फिजिशियन), डॉ0 आँचल श्रीवास्तव (डेंटल सर्जन), डॉ0 सुरेश चंद्र (नेत्र रोग विशेषज्ञ), आनंद कुमार (फार्मासिस्ट) ने मरीजो को देखा। प्रदीप सिंह ने कहा कि कैम्प में आये हुए सभी मरीजों का नेत्र ऑपरेशन (मात्र लेंस की कीमत पर) खून जांच, ई0सी0जी0, एवं अन्य प्रकार का ईलाज, ध्रुव नेत्रालय द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। शिविर में 438 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ एवं उन्हें दवा वितरित किया गया।

## मुकीद खां बने राष्ट्रीय सचिव

**करनैलगंज ( गोंडा )।** विकास खण्ड हलधरमऊ अंतर्गत ग्राम पंचायत निंदूरा निवासी मुकीद खां को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने यूथ ब्रिगेड का राष्ट्रीय सचिव बनाया है। वहीं नई जि मेदारी मिलने पर मुकीद खां ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि उनको जो भी जि मेदारी दी गई है। उसका वे बखूबी पालन करेंगे और अधिक से अधिक युवा वर्ग को पार्टी से जोड़ेंगे।

# जवानी में ही ले रही 'बुढ़ापे' का पेंशन

● फर्जी परिवार रजिस्टर का सहारा ले सरकार को लगा रही चूना● सदर तहसील के ग्राम कड़सरी मिश्र की गिरजा देवी पत्नी श्रवण कुमार का मामला● उम्र की चोरी न पकड़ी जाए इसलिए आधार कार्ड के स्थान पर राशन कार्ड लगाया● शपथ-पत्र देकर चंद्रेश चौधरी ने डीएम से की विधिक कार्रवाई की मांग

संवाददाता। बस्ती

**फर्जी** परिवार रजिस्टर के नकल के जरिए एक जवान महिला के द्वारा बुजुर्ग या नि वृद्धावस्था पेंशन लेने का मामला सामने आया है। मामला सदर तहसील के ग्राम कड़सरी मिश्र की गिरजा देवी पत्नी श्रवण कुमार का है। शपथ-पत्र और साक्ष्य के साथ इसकी शिकायत करते हुए थाना लालगंज के ग्राम सोहिला निवासी चंद्रेश चौधरी पुत्र राम हृदय ने डीएम से करते हुए धन की वसूली के साथ महिला और उनके पति के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग की है। डीएम सौम्या अग्रवाल ने इसके जांच के आदेश समाज कल्याण अधिकारी को दिया है। वैसे भी फर्जी और अपात्रों के नाम पेंशन जारी करने के मामले में समाज कल्याण विभाग की पहले ही काफी बदनामी हो चुकी है। मृतक के नाम वृद्धावस्था पेंशन लेने का मामला तो कई बार सामने आ चुका है, मगर एक जवान महिला को बुजुर्ग दिखाकर पेंशन लेने का मामला शायद पहली बार सामने आया। यह महिला फर्जी तरीके से हर माह पांच सौ का पेशन पिछले लगभग डेढ़ साल लेने की शिकायत की गई है। शिकायत में दम इस लिए लगता है, क्यों कि शिकायत शपथ-पत्र और साक्ष्यों के साथ की गई। इससे विभाग के उन जिम्मेदारों पर सवाल उठ रहा है, जिनके जिम्मे सत्यापन की जिम्मेदारी है। महिला की उम्र 40 के आसपास की बताई गई है। सेक्रेटरी की ओर से जारी परिवार रजिस्टर के नकल में पति श्रवण कुमार का तो नाम हैं, मगर गिरजा देवी का नहीं है। इतना ही नहीं उम्र का भेद न खुल जाए इसके लिए आधार कार्ड के स्थान पर राशन कार्ड लगा दिया। जारी कथित नकली परिवार रजिस्टर की प्रतिलिपि में न तो सेक्रेटरी का हस्ताक्षर हैं, और न उनका मोहर ही है। पेंशन स्वीकृति करने वाले भी इस फर्जीवाड़े में शामिल होने की आंशका की जा रही है। इतना ही नहीं क्षेत्र ग्राम पंचायत के स्थान पर क्षेत्र पंचायत कुदरहा का नाम लिखा गया।

## संदिग्ध हालात में व्यापारी की मौत

**करनैलगंज ( गोंडा )।** नगर के एक व्यापारी के यहां कार्य कर रहे एक व्यक्ति की रविवार की देर शाम सन्दिग्ध हालात में हुई मौत हो गई। घटना नगर के नगर परिषद स्थित पानी पानी टँकी के निकट राम निवास रवि प्रकाश फर्म से जुड़ी है। ग्राम दत्तनगर निवासी मनोज कुमार उर्फ राजू काम करता था। रविवार की देर शाम वह फर्म पर काम कर रहा था। अचानक वह गिर गया। आनन फानन में व्यापारी व अन्य लोगों ने मिलकर उसे सीएचसी करनैलगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जैसे ही मौत की सूचना उसके गांव पहुंचती है। तो गांव में कोहराम मच जाता है। सीएससी पर परिजनों सहित गांव के सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक की पत्नी रामा देवी ने स्थानीय कोतवाली में फर्म के मालिक पर आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है।

# मगहर से चुरेब रेलवे स्टेशन तक प्रशासन रहा सतर्क, किसान संगठन नहीं रोक सके ट्रेन

संवाददाता। संतकबीरनगर



जायजा लेती जिलाधिकारी — पायनियर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ में संयुक्त रुप से थाना कोतवाली खलीलाबाद अन्तर्गत चुरेब रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर किसान संगठन द्वारा प्रस्तावित रेल रोको धरना प्रदर्शन के दृष्टिगत जनपद के समस्त रेलवे स्टेशनों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसी क्रम में मगहर रेलवे स्टेशन पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु मौके का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मगहर रेलवे स्टेशन व मगहर कस्बा में शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत निगरानी हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार, खलीलाबाद रेलवे स्टेशन एवं खलीलाबाद कस्बा में तहसीलदार खलीलाबाद शशांक शेखर को, मेंहदावल बाईपास खलीलाबाद पर जिला प्रोवेशन अधिकारी डा0 श्वेता त्रिपाठी एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह को चुरेब रेलवे स्टेशन सहित आस-पास के क्षेत्रों में तैनात किया गया है। प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त रेलवे स्टेशनों सहित सम्पूर्ण जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम है एवं कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की शिकायत नहीं है।

## श्री राम-भरत मिलाप लीला का भव्य समापन

● दर्शकों की भारी भीड़ दिखाई दी

संवाददाता। गोंडा

**करनैलगंज** की प्रसिद्ध रामलीला में भरत मिलाप व लॉग प्रदर्शन एवं मूर्ति स्वागत की लीला रविवार की रात्रि बड़े रोचक ढंग से संपन्न हुई। रविवार को खराब हुए मौसम का भी दर्शकों पर कोई खास असर नहीं दिखा। इस दौरान दर्शकों की भारी भीड़ दिखाई दी। यहां की प्रसिद्ध भरत मिलाप की रामलीला नगर के मोहल्ला गाड़ी बाजार में स्थित पुलिस चौकी के सामने होता रहा है। भरत मिलाप की लीला के दौरान सैकड़ों की सं या में श्रद्धालु हिस्सा लेते है। रविवार की देर रात नगर के रामलीला भवन से करीब दो दर्जन देवी-देवताओं की अलग अलग झांकियां निकाली गई। साथ ही भगवान श्री राम, लक्ष्मण, जानकी का विमान मेहंदी हाता बजरंग नगर नचनी होते हुए करनैलगंज बाजार पहुंचा। जहां सभी विमान एक साथ बाजार के मु य मार्गो में निकाले गए। उसके बाद भगवान श्रीराम का विमान सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जहां भरत मिलाप की लीला संपन्न हुई। यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। इस दौरान भारी सं या में पुलिस बल तैनात किया गया था। रामलीला में भगवान राम लक्ष्मण और भरत के बाद मिलाप की लीला के दौरान कलाकारों द्वारा रोचक प्रदर्शन किया। कन्हैया लाल वर्मा, सोनू पुरवार, शिवनन्दन वैश्य, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अरमान पुरवार, बरसाती लाल कसेरा, रितेश सोनी, रामचरित्र महराज, अप्पू, अभिषेक सहित तमाम लोग मौजूद रहे। लाग प्रर्दशन की झांकियों को सराहा गया। लाग प्रदर्शन के दौरान निकाली गयी झांकियों को देखने के लिये जगह जगह लोगों की भीड उमडी। स्थानीय बच्चों को बड़े ही मनमोहक अंदाज में सजाकर उन्हें मनमोहक रूप प्रदान किया गया था।

# सर्वसमाज के साथ बुनकरों व किसानों की करेंगे सेवा : आफताब

● बसपा प्रत्याशी ने कहा, खलीलाबाद की जनता ने आशीर्वाद दिया तो युवाओं को शिक्षित करने में करेंगे आर्थिक सहयोग

संवाददाता। संतकबीरनगर



मीडिया से वार्ता करते खलीलाबाद बसपा प्रभारी आफताब — पायनियर

**बहुजन** समाज पार्टी से घोषित खलीलाबाद विधानसभा के बसपा प्रत्याशी आफ्ताब आलम उर्फ गुड्डू ने कहा कि सर्वसमाज की सेवा के साथ बुनकरों के समस्याओं का समाधान व किसानों की सेवा करेंगे। सोमवार को श्री आफ्ताब एक निजी होटल में मीडिया से मुखातिब होते हुए उक्त बातें कही। यह उनकी प्रथम प्रेसवार्ता थी। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व वह लोकसभा व विधानसभा का चुनाव लड़ चुके है और बसपा में सन् 1999 से जुड़े है। उन्होंने कहा कि यदि खलीलाबाद विधानसभा में सेवा करने का अवसर मिला तो वह युवाओं को शिक्षित करने में आर्थिक का सहयोग करेंगे। जिससे युवा वर्ग पढ़ लिखकर अपने रोजी रोजगार सहित अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि उनके सामने बहुत सी चुनौतियॉ है जिसको स्वीकार करके उन्होंने खलीलाबाद में कदम रखा है। जनता के विश्वास पर खरा उतरेगे। उन्होंने पूर्व सांसद स्व0 भालचन्द्र यादव, पूर्व सांसद भीष्मशंकर उर्फ कुशल तिवारी, पूर्व विधायक भगवान दास का उल्लेख करते हुए कहा कि बसपा से चुनकर लोकसभा व विधानसभा में पहुॅचकर खलीलाबाद का विकास कार्य किया है। बसपा प्रभारी आफ्ताब आलम ने कहा कि वह जाति पाति की राजनीति से दूर रहकर सभी जातियों से प्रेम है और इस विश्वास को वह टूटने नही देगे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत किया गया जागरूक

● समाज में घटित हो रही घटनाओं के उदाहरण के माध्यम से सजग रहने के लिए प्रेरित किया

संवाददाता। गोंडा

**मिशन** शक्ति तृतीय चरण के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं को पुलिस टीम ने जागरूक किया और बालिकाओं को सचेत करते हुए अपराधों से लड़ने की भावना जागृत की। महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों की रोकथाम तथा उनके अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तृतीय चरण के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए थाना कोतवाली करनैलगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय कोचा कासिमपुर प्रथम में चौपाल लगाकर छात्र छात्राओं से संवाद स्थापित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा समाज में घटित हो रही घटनाओं के उदाहरण के माध्यम से सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए जागरूक किया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे-यूपी आपातकालीन सेवा-112, विमेन पावर लाइन 1090,महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, मु यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 इत्यादि से अवगत कराया गया। साथ ही साथ साइबर हेल्पलाइन नंबर 155260 के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई तथा बच्चों से संबंधित 1098 हेल्पलाइन नंबर के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर आरक्षी अभय प्रताप यादव, आरक्षी ललित कुमार, महिला आरक्षी ज्योति राजभर व महिला आरक्षी सुमन सामिल रहीं।

# इंग्लैंड के पांच विकेट पर 188 रन

टी-20 विश्व कप

## ●शमी ने शानदार गेंदबाजी करके तीन विकेट चटकाए


जॉनी बेयरस्टॉ ने 49 रन की उपयोगी पारी खेली

**भाषा।** दुबई

**भारतीय** कप्तान विराट कोहली ने टी-20 विश्व कप के अपने पहले अभ्यास मैच में सोमवार को यहां अपने तीनों प्रमुख तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों का संयोजन आजमाया जिनके सामने इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 188 रन बनाए।

कोहली ने ओस की स्थिति को भांपने के लिए टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया, क्योंकि भारत जब 24 अक्टूबर को जब पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा तो इसी आधार पर अपना गेंदबाजी संयोजन तय करेगा। भारत की तरफ से भुवनेश्वर कुमार और जसप्रीत बुमराह ने नई गेंद संभाली जबकि मोहम्मद शमी पहले बदलाव के तौर पर आए। भुवनेश्वर ने लय हासिल करने पर ध्यान दिया तो बुमराह और शमी ने बल्लेबाजों पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई।

तीनों तेज गेंदबाजों में हालांकि बुमराह (26 रन देकर एक) ही किफायती साबित हुए जबकि शमी ने विकेट निकालने की अपनी काबिलियत का नमूना पेश किया। उन्होंने जोस बटलर (18), जैसन रॉय (17) और लियाम लिविंस्टोन (30) को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया। बुमराह ने जॉनी बेयरस्टॉ (36 गेंदों पर 49 रन) को अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया लेकिन भुवनेश्वर आखिर तक लय नहीं पकड़ पाए। उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए। मोईन अली (20 गेंदों पर नाबाद 43) ने उनकी अंतिम तीन गेंदों पर चौका और फिर दो छक्के लगाए और इंडियन प्रीमियर लीग की अपनी फॉर्म बरकरार रखी।

भारत ने बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा के बजाय अनुभवी रविचंद्रन अश्विन को आजमाया जिन्होंने बीच के ओवरों में बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का अच्छा प्रयास किया। वरुण चक्रवर्ती पर लेग स्पिनर राहुल चाहर को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने डाविड मलान (18) को बोल्ड किया लेकिन चार ओवर में 43 रन पर दिए। लिविंगस्टोन ने उनके एक ओवर में 17 रन लिए थे।

**स्कोर बोर्ड**

इंग्लैंड : जैसन रॉय का बुमराह बो शमी 17, जोस बटलर बो शमी 18, डाविड मलान बो राहुल चाहर 18, जॉनी बेयरस्टॉ बो बुमराह 49, लियाम लिविंगस्टोन बो शमी 30, मोईन अली नाबाद 43, क्रिस वोक्स नाबाद 12

अतिरिक्त (लेग बाई 02, वाइड 08, नोबॉल 02) 12

कुल (20 ओवर में, पांच विकेट पर) 188

विकेट पतन : 1-36, 2-47, 3-77, 4-129, 5-163

गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-54-0, बुमराह 4-0-26-1, शमी 4-0-40-3, अश्विन 4-0-23-0, राहुल चाहर 4-0-43-1

## श्रीलंका ने नामीबिया को 96 रन पर आउट किया

**अबुधाबी।** अपना दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे महीश थीक्षना और वानिंदु हसरंगा की फिरकी के दम पर श्रीलंका ने आईसीसी टी20 विश्व कप में सोमवार को यहां नामीबिया की पारी को 19.3 ओवर में 96 रन पर समेट दिया। थीक्षना ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन जबकि हसरंगा ने इतने ही ओवर में 24 रन देकर दो विकेट झटके। लाहिरु कुमारा ने भी 3.3 ओवर में सिर्फ नौ रन खर्च कर दो सफलता हासिल की। चमिका करूणारत्ना और दुश्मंता चमीरा को एक-एक सफलता मिली। नामीबिया के लिए क्रेग विलियम्स (29) और कप्तान एराई इरास्मस (20) ही कुछ अच्छी बल्लेबाजी कर सके। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा केवल जेजे स्मिट (नाबाद 12) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और शुरू से कसी हुई गेंदबाजी की।

# रोहित और राहुल पारी का आगाज करेंगे: कोहली

**भाषा।** दुबई



**भारतीय** कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को कहा कि वह आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टी-20 विश्व कप में पारी की शुरुआत करने के बजाय तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, जबकि लोकेश राहुल और रोहित शर्मा सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे।

कोहली 24 अक्टूबर को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती छह बल्लेबाजों के बारे में पूछे जाने पर साफ तौर पर कुछ कहने से बचते दिखे। कोहली ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच से पहले टॉस के समय कहा कि आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) से पहले चीजें अलग थीं, अब शीर्ष क्रम पर लोकेश राहुल के अलावा किसी और को देखना मुश्किल है। उस स्थान के लिए रोहित के बारे में दिमाग लगाने की जरूरत नहीं है। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मैं तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा। अभी यही एक खबर है जो टूर्नामेंट से पहले मैं आपको दे सकता हूं। राहुल ने आईपीएल में पारी का आगाज करते हुए 628 रन बनाए थे और 30 छक्के लगाए थे। वह टूर्नामेंट के तीसरे सर्वोच्च स्कोरर थे।

कोहली ने कहा कि पहले मैच (पाकिस्तान के खिलाफ) को लेकर हमारी योजना लगभग तैयार है। इन दो अभ्यास मैचों का मकसद सभी को मैदान में उतरने का समय देना है क्योंकि वे एक छोटे से ब्रेक के बाद खेल शुरू करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हम इन मैचों में जितना संभव हो सके उतना अधिक खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं। हमारी कोशिश एक टीम के तौर पर कुछ ऊर्जा और लय हासिल करने की है। हम आईपीएल में अलग-अलग टीमों में थे। आईपीएल काफी प्रतिस्पर्धी था लेकिन कोहली ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम से बड़ा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा किहमें अतीत में सफलता मिली है। इसलिए हम वही ऊर्जा हासिल करना चाहते हैं, जब ग्यारह खिलाड़ी एक साथ हों तो क्षेत्ररक्षण सबसे अच्छी जगह है। स्तर और प्रतिस्पर्धा के मामले में आईपीएल काफी ऊपर है, लेकिन यह (राष्ट्रीय टीम) सर्वोपरि है। सभी की प्राथमिकता भारतीय क्रिकेट में है। उन्होंने कहा कि यह अपनी टीम के लिए सही प्रदर्शन करने से जुड़ा है। खिलाड़ी आईपीएल में अलग भूमिका निभाते हैं। अब राष्ट्रीय टीम के लिए जल्दी अपनी भूमिका में ढलना होगा।

# कैंफर और एडेयर के तूफान में उड़ा नीदरलैंड

अभ्यास मैच

**भाषा।** अबुधाबी

**तेज** गेंदबाजों कर्टिस कैंफर और मार्क एडेयर की तूफानी गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड ने सोमवार को टी-20 विश्व कप के पहले दौर के ग्रुप बी मैच में नीदरलैंड को सात विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। नीदरलैंड के 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड ने गैरेथ डेलानी (29 गेंद में 44 रन, पांच चौके दो छक्के) और सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (39 गेंद में नाबाद 30, एक चौका, एक छक्का) के बीच तीसरे विकेट की 59 रन की साझेदारी की बदौलत 29 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 107 रन बनाकर जीत दर्ज की।

कैंफर (26 रन पर चार विकेट) ने इससे पहले लगातार चार गेंद पर चार विकेट चटकाए जबकि एडेयर ने नौ रन देकर तीन विकेट हासिल किए जिससे नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। जोश लिटल ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 14 रन देकर एक विकेट चटकाया।

कैंफर टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार गेंद में चार विकेट चटकाने वाले तीसरे गेंदबाज बने। इससे पहले आफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने आयरलैंड के खिलाफ 2019 में जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने भी 2019 में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ यह कारनामा किया था। आयरलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडोड (51) के अलावा कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेला पाया। उनके अलावा कप्तान पीटर सीलार (21) ही 20 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड की टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने मैच की तीसरी गेंद पर ही बेन कूपर (00) का विकेट गंवा दिया जो रन आउट हुए।

## द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 41 रन से पराजित किया

**अबुधाबी।** एडेन मार्कराम की 48 रन की पारी के बाद तबरेज शम्सी (18 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने अभ्यास मैच में अफगानिस्तान पर 41 रन की बड़ी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाने के बाद अफगानिस्तान को आठ विकेट पर 104 रन ही बनाने दिए। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (07) के सस्ते में पवेलियन लौटने के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मार्कराम ने 35 गेंद की पारी में दो चौके और दो छक्के लगाए। उन्हें सलामी बल्लेबाज और कप्तान तेम्बा बावुमा का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। बावुमा ने 39 गेंद में 31 रन की पारी में दो चौके लगाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए रासी वान डेर डुसेन से 21 और डेविड मिलर ने आखिरी ओवर में 10 गेंद में नाबाद 20 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने गेंदबाजी नहीं की। मुजीब उर रहमान ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए। कप्तान मोहम्मद नबी और नवीन उल हक ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। शुरुआती दो ओवरों में टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज मोहम्मद शहजाद और हजरतउल्लाह जजई बिना खाते खोले पवेलियन लौट गए। टीम इस झटके से उबर नहीं पाई और बल्लेबाज पूरी पारी के दौरान संघर्ष करते दिखे।

## कप्तान बाबर का बल्ला चला पाक ने वेस्टइंडीज को हराया

**दुबई।** कप्तान बाबर आजम ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अर्धशतक जमाया जिससे पाकिस्तान ने अपने पहले अभ्यास मैच में सोमवार को यहां मौजूदा चैंपियन वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराया। वेस्टइंडीज की टीम अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करने में नाकाम रही और पहले बल्लेबाजी का करते हुए सात विकेट पर 130 रन ही बना पाई। उसका कोई भी बल्लेबाज पाकिस्तान के तेज और स्पिन मिश्रित आक्रमण के सामने खुलकर नहीं खेल पाया। पाकिस्तान को लक्ष्य हासिल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। आजम ने 41 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए जबकि फखर जमां ने 24 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की बदौलत नाबाद 46 रन की तूफानी पारी खेली जिससे पाकिस्तान ने 15.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर दिया। पाकिस्तान विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 24 अक्टूबर को भारत के खिलाफ करेगा। उसने मोहम्मद रिजवान (13) का विकेट पावरप्ले के आखिरी ओवर में गंवा दिया लेकिन इसके बाद आजम और जमां ने दूसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। लेग स्पिनर हेडन वॉल्स ने आजम और अनुभवी मोहम्मद हफीज को लगातार गेंदों पर आउट किया लेकिन जमां ने शोएब मलिक (14) के साथ मिलकर टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। जमां ने वाल्स पर लांग ऑन क्षेत्र में विजई छक्का लगाया। इससे पहले वेस्टइंडीज ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए जिससे उसकी टीम चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक पहुंचने में असफल रही। लेंडल सिमन्स (23 गेंदों पर 18) और क्रिस गेल (30 गेंदों पर 20 रन) ने शुरू में धीमी बल्लेबाजी की।

# टी-20 विश्व कप कैरियर की सबसे बड़ी जिम्मेदारी

**भाषा।** दुबई



**भारत** के स्टार हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पंड्या का मानना है कि टी-20 विश्व कप उनके कैरियर की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि लाइफ कोच और भाई महेंद्र सिंह धोनी की गैर मौजूदगी में एक फिनिशर के तौर पर सारा भार उनके कंधों पर होगा।

पंड्या ने अपने जीवन की कई चुनौतियों और धोनी के साथ असाधारण तालमेल पर बात की। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले धोनी के बिना भारत का यह पहला टी-20 विश्व कप है। भारत को पहले मैच में 24 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलना है। धोनी को टूर्नामेंट के लिए टीम का मेंटर बनाया गया है। पंड्या ने कहा कि यह कैरियर की सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि इस बार महेंद्र सिंह धोनी नहीं है। सब कुछ मेरे कंधों पर है। मैं इसी तरह से सोचता हूं क्योंकि इससे मेरे लिए चुनौती बढ जाती है। यह रोमांचक टूर्नामेंट होगा। धोनी के बारे में उन्होंने कहा कि हालात अनुकूल नहीं होने पर , परेशानी में या खुद को समझने के लिए वह धोनी के पास जाते हैं। उन्होंने कहा कि एमएस मुझे शुरू ही से समझते आए हैं। मैं कैसे काम करता हूं या मैं कैसा इंसान हूं।

## टी-20 विश्व कप की परफेक्ट तैयारी थी आईपीएल: हेजलवुड

**भाषा।** दुबई

**आस्ट्रेलिया** के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि हाल में यूएई में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान मैच खेलने का पर्याप्त समय मिला जो टी-20 विश्व कप की परफेक्ट तैयारी थी और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उन्हें इसका फायदा मिलेगा। 30 साल के हेजलवुड ने आईपीएल के दूसरे चरण में खेलने का फैसला किया था जबकि उनके हमवतन साथी तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और केन रिचर्डसन यूएई में इस लुभावने टी-20 टूर्नामेंट में खेलने के लिए नहीं आए थे। हेजलवुड ने कहा कि यही मेरी सोच है। यहां के हालात- मौसम काफी गर्म है और विश्व कप से पहले टी-20 के कई मैच खेलने का मौका मिलना परफेक्ट है।

# आडवाणी, मेहता और लक्ष्मण ने जीत दर्ज की

विश्व स्नूकर क्वालीफायर्स

**भाषा।** मुंबई



**राष्ट्रीय** चैंपियन आदित्य मेहता और पंकज आडवाणी सहित भारत के तीन क्यू खिलाड़ियों ने सोमवार को यहां जीएससी विश्व स्नूकर क्वालीफायर्स के अपने शुरुआती दो राउंड रोबिन वाइ कैंप (पहला चरण) मैचों में लगातार जीत दर्ज की।

यह क्वालीफायर बीएसएफआई (भारतीय स्नूकर एवं बिलियर्ड्स महासंघ) का राष्ट्रीय चयन टूर्नामेंट है। मेहता ने पहले फ्रेम में 94 के शानदार ब्रेक के साथ शुरुआत करते हुए आरएसपीबी के नीरज कुमार को 4-0 (114-14, 60-53, 67-22, 61-09) से हराया। उन्होंने दूसरे मुकाबले में तेलंगाना के हिमांशु जैन को करीबी मैच में 4-3 से शिकस्त दी। 24 विश्व खिताब जीतने वाले आडवाणी ने पहले मैच में हिमांशु को 4-2 (91-17, 67-73, 66-61, 37-68, 101-36, 83-06) से हराने के बाद नीरज कुमार को 4-0 (77-40, 117-00, 83-13, 59-46) से हराया। पीएसपीबी के लक्ष्मण रावत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पीएसपीबी के ही ध्वज हारिया को 4-1 (74-00, 116-00, 63-00, 14-61, 71-00) से हराया।

## अजहरुद्दीन अबुधाबी बांग्ला टाइगर्स के लिए ब्रांड दूत बने

**अबुधाबी।** बांग्ला टाइगर्स ने भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को आगामी अबुधाबी टी-10 लीग के लिए फ्रेंचाइजी का ब्रांड दूत नामित किया। अजहरुद्दीन टूर्नामेंट से पहले टीम से जुड़ेंगे और खिलाड़ियों को प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाएंगे। टूर्नामेंट 19 नवंबर से अबुधाबी के जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

इसे औपचारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से स्वीकृति और अमीरात क्रिकेट बोर्ड से लाइसेंस हासिल है। इस टीम में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी और मोहम्मद आमिर जैसे दिग्गज है जबकि दक्षिण अफ्रीका कप्तान फाफ डु प्लेसी को आइकन खिलाड़ी नामित किया गया है। अजहर ने कहा कि बांग्ला टाइगर्स जैसी फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ना शानदार है। हमारी टीम में कुछ रोमांचक खिलाड़ी हैं।

# करो या मरो के मुकाबले में फंसा बांग्लादेश

## ●मेजबान ओमान के साथ मुकाबला आज

**भाषा।** अल अमेरात (ओमान)

**बांग्लादेश** की टीम टी-20 विश्व के पहले मुकाबले में शिकस्त के बाद मंगलवार को यहां जब करो या मरो के मुकाबले में मेजबान ओमान के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें अपनी बल्लेबाजी की समस्याओं को दूर करके जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। बांग्लादेश टूर्नामेंट में छठे नंबर की टीम के रूप में उतरा है जिसने स्वदेश में न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया जैसी टीमों को शिकस्त दी थी।

रविवार को हालांकि लचर बल्लेबाजी के कारण उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ छह रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश ने एक समय स्कॉटलैंड का स्कोर छह विकेट पर 53 रन कर दिया था लेकिन इसके बावजूद जीत दर्ज करने में नाकाम रहा। कप्तान महमूदुल्लाह ने इस हैरान करने वाली हार के लिए बल्लेबाजी को दोषी ठहराते हुए कहा कि उन्हें ओमान के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिसने एकतरफा मुकाबले में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को हराया। सुपर 12 चरण में जगह बनाने का दावा बरकरार रखने के लिए बांग्लादेश को मंगलवार को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

महमूदुल्लाह ने कहा कि बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमने स्वयं को निराश किया, यह बड़ी चिंता की बात है और हमें देखना होगा कि हमने कहां गलतियां की और कोशिश करनी होगी कि अगले मुकाबले में हम इन गलतियों को नहीं दोहराएं।

# नॉरी और बाडोसा ने पहली बार इंडियन वेल्स खिताब जीता

**एपी।** इंडियन वेल्स



**कई** बड़े खिलाड़ियों ने कोरोना महामारी के कारण देर से आयोजित बीएनपी परीबस ओपन में भाग नहीं लिया तो कई बड़े नाम उलटफेर का शिकार हो गए। नतीजतन दो ऐसे खिलाड़ी चैम्पियन बने जो विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में भी नहीं हैं।

ब्रिटेन के कैमरन नॉरी ने निकोलोज बासिलाश्विली को 3-6, 6-4, 6-1 से हराकर पुरुष एकल खिताब जीता। वहीं स्पेन की पाउला बाडोसा ने विक्टोरिया अजारेंका को 7-6, 2-6, 7-6 से मात देकर खिताब अपने नाम

वह पहली बार खेलते हुए यह टूर्नामेंट जीतने वाली तीसरी महिला बन गई। नोवाक जोकोविच, रफेल नडाल, रोजर फेडरर, नाओमी ओसाका और सेरेना विलियम्स ने इस टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था। वहीं दानिल मेदवेदेव और कैरोलिना प्लिसकोवा जैसे शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी उलटफेर का शिकार हो गए। नॉकी और बाडोसा ने अपने कैरियर का सबसे बड़ा खिताब जीता और 12 लाख डॉलर भी अपनी झोली में डाले। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर काबिज नॉरी से पहले इवान जुबिचिच (2019), एलेक्स कोरेत्जा (2000) और जिम कूरियर (1991) शीर्ष 25 से बाहर रहने के बावजूद खिताब जीतने वाले खिलाड़ी थे। वहीं महिला वर्ग में बियांका आंद्रिस्कू ने 2019 में और सेरेना विलियम्स ने 1999 में पदार्पण करके टूर्नामेंट जीता था।

## ला लिगा: बार्सीलोना ने वालेंशिया को हराया

**मैड्रिड।** लियोनेल मेसी के जाने के बाद बार्सीलोना के नए सितारे बनकर उभर रहे 18 वर्ष के एंसू फाटी के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में वालेंशिया को 3-1 से हराया। फाटी ने एक गोल करने के अलावा टीम को एक पेनल्टी भी दिलाई।

मेंफिस डिपे और फिलीपे काउंटिन्हो ने भी बार्सीलोना के लिए गोल किए। इस जीत के बाद अब बार्सीलोना सातवें स्थान पर है और उसे एक मैच और खेलना है।

घुटने की चोट के कारण 10 महीने मैदान से दूर रहे फाटी ने पिछले महीने वापसी की लेकिन लगातार तीन मैचों में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर आए। पहली बार वह इस मैच में शुरूआती टीम में थे।

अन्य मैचों में तीसरे स्थान पर काबिज सेविला ने सेल्टा विगो को 1-0 से हराया। वहीं ओसासुना ने विलारीयाल को 2-1 से मात दी। रायो वालेकानो ने एल्चे को 2-1 से हराया।

# सिंधू की नजरें जीत के साथ वापसी पर

डेनमार्क ओपन बैडमिंटन

**भाषा।** ओडेन्से



**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैम्पियन पी वी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के जरिए एक ब्रेक के बाद कोर्ट पर वापसी करेंगी तो उनका लक्ष्य जीत के साथ शुरूआत करने का होगा। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद सिंधू ने ब्रेक लिया था। अब वह कोरोना महामारी में निलंबन के बाद शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर में अच्छा आगाज करने को बेताब होंगी।

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल भी ग्रोइन की चोट से उबरकर वापसी करेंगी। चोट के कारण पिछले सप्ताह उबेर कप फाइनल में उन्हें पहले मैच से ही रिटायर होना पड़ा था। चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू का सामना पहले मैच में तुर्की की नेसलिहान यिजिट से होगा जबकि साइना जापान की आया ओहोरी से खेलेगी।

रियो ओलंपिक 2016 की रजत पदक विजेता सिंधू दूसरे दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूगफान से खेल सकती है जिसमें जीतने पर मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त कोरियाई खिलाड़ी अन सियंग से हो सकता है। चिराग शेट्टी और सात्विक साइराज रंकिरेड्डी पर भी सभी की नजरें होंगी। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पहले दौर में इंग्लैंड के कालम हेमिंग और स्टीवन स्टालवुड से खेलेगी।

दोनों ने डेनमार्क में थॉमस कप फाइनल में चारों मैच जीते थे। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन पहले दौर में हमवतन सौरभ वर्मा से खेलेंगे। लक्ष्य सुदीरमन कप और थॉमस कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके थे। ट्रायल में एकमात्र मैच हारने के बाद उन्हें बाहर रहना पड़ा लेकिन रविवार को डच ओपन में उपविजेता रहकर उन्होंने वापसी की। किदाम्बी श्रीकांत और बी साइ प्रणीत सुदीरमन कप और थॉमस कप फाइनल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। वे पहले दौर में एक दूसरे से खेलेंगे। विजेता को अगले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंतो मोमोता का सामना करना होगा। समीर वर्मा पहले दौर में थाईलैंड के कुन्लावुत वितिदसर्न से खेलेंगे जबकि एस एच प्रणय की टक्कर इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगी। पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन पारूपल्ली कश्यप का सामना चीनी ताइपै के चौथी वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन से होगा।

महिला युगल में एन सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा तथा मेघना जक्कामपुडी और एस राम पूर्विषा उतरेंगे। मिश्रित युगल में पोनप्पा और सात्विक पहले दौर में चीन के फेंग यान झे और डु यूए से खेलेंगे।

## टॉकटाइम

### शंकर महादेवन

*जिन्होंने सा रे गा मा पा सीजन 30 को जज करने और मार्गदर्शन करने के लिए वापसी की है, शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में बता रहे हैं कि कैसे प्रतियोगियों की क्षमता बदल गयी है, जज करते समय कैसी चुनौतियां पेश आती है और कौन सा वो गाना है, जो उनके दिल के बहुत करीब है*

# मैं मौलिक आवाजें सुनकर उत्साहित हो जाता हूं



**■ सा रे गा मा पा के इस सीजन में हम क्या देखेंगे?**

यह शो हमेशा युवाओं, भविष्य के संगीतकारों व विभिन्न शैलियों, विभिन्न आवाज-स्वभावों और विभिन्न पृष्ठभूमि के बेहद प्रतिभाशाली गायकों के लिए एक उत्कृष्ट मंच बनकर उभरता रहा है। यह एक बेहद दिलचस्प शो होने वाला है।

**■ आप पहले भी शो को जज कर चुके हैं। उम्मीदवारों की क्षमता कैसे बदली और विकसित हुई है?**

मैं लगभग नौ साल बाद इस शो में वापस आ रहा हूं। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि आज के युवा इस शो की स्तरीयता को समझ सकते हैं। शायद नौ साल पहले, शो किस स्तर तक पहुंच सकता है और आप का क्या बन सकता है, यह अच्छी तरह से समझा गया था और वे अब और भी कठिन काम करते हैं। वे अच्छी तरह से तैयार हैं। वे जानते हैं कि उन्हें पहली बार में अपनी छाप छोड़नी है। इसलिए, उन्होंने अपने मन और आत्मा को संगीत में लगा दिया। वे जिस पूर्णता, प्रतिभा के साथ वे इसे प्रस्तुत करते हैं, वह अद्भुत है। हमने अभी-अभी ऑडिशन समाप्त किया है और यह पहले से ही एक भव्य समारोह की तरह लग रहा है।

**■ जब निर्णय लेने की बात आती है तो सबसे बड़ी चुनौती क्या होती है?**

जिस तरह से हम न्याय करते हैं, हम जो तलाशते हैं वह है व्यक्तित्व। ऐसे मौके आते हैं जब कुछ आवाजें मूल गायक की मौजूदगी में भी उसको प्रतिरूपित करने का प्रयास करती हैं। मुझे नहीं लगता कि यह हमें उतना उत्साहित करता है जितना कि एक आवाज, जो फूलों की एक नई प्रजाति है – एक आवाज, जो अद्वितीय है। एक प्रतियोगी है, जिसकी आवाज का एक स्वभाव है जो आपको श्वेत-श्याम दौर में वापस ले जाती है। एक छोटी सी लड़की है और वह बेगम अख्तर या नूरजहां की तरह लगती है और यह आपको पूरी तरह से चौंका देता है। मैं ऐसी आवाजें सुनकर उत्साहित हो जाता हूं जो सामान्य नहीं हैं।

> वो गाना ब्रेथलेस है। क्योंकि इसने मुझे वो चेहरा दिया है और मुझे वो बनाया है जो मैं आज हूं। जब मैं अपने 30 साल के सफर को देखता हूं, तो मिशन कश्मीर, दिल चाहता है और बंटी और बबली जैसे कई मील के पत्थर मिले हैं। ऐसा कोई गायक या संगीतकार नहीं है जिसके पास कुछ यादें न रही हों। कुछ गाने फिल्म के बीत जाने के बाद भी जीवित रहते हैं। मैंने संगीत में भावनाओं की एक श्रृंखला देखी है। मैंने वर्षों से अलग-अलग संगीत में काम किया है और हर एक का आनंद लिया है।

**■ आप गुरु भी हैं। आप उन्हें क्या कहते हैं?**

असलियत में बहुत सी बातें। प्रिंट में तकनीकी के बारे में बात करना मुश्किल है। कुछ चीजें हैं जिन्हें वे चूक जाते हैं जैसे सांस लेने की तकनीक और एक नोट पिच करना। किसी एक नोट तक पहुंचने के अपने तरीके हैं – आप किसी अन्य नोट की मदद ले सकते हैं या इस नोट को सीधे पिच कर सकते हैं। इसे शब्दों में समझाना मुश्किल है। इसी में हमें मार्गदर्शन देना होता है।

**■ आपके आने के बाद से संगीत उद्योग कैसे बदला है?**

संगीत उद्योग फैशन उद्योग की तरह है। यह भोजन विकल्प की तरह है, जैसा कि जीवन है। परिवर्तन जीवन में एकमात्र शाश्वत है। चीजें और स्वाद बदलते रहते हैं। एक विशेष शैली के प्रति प्यार उभरता है, तो कुछ शैलियां मर जाती हैं और कुछ लंबे समय तक टिकी रहती हैं। इस सब में एक आत्मा है – जो राग, व्यवस्था, गीत और जिस तरह से आप गीत प्रस्तुत करते हैं। अगर ये तत्व मजबूत हैं, तो यह यहां लंबे समय तक रहने वाला है। कुछ कलाकार आज बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और लोग इसे पसंद कर रहे हैं।

**■ आपने बहुत सारी फिल्में की हैं, कोई प्रोजेक्ट या गाना जो आपके दिल के करीब हो?**

वो गाना ब्रेथलेस है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इसने मुझे वो चेहरा दिया है और मुझे वो बनाया है जो मैं आज हूं। जब मैं अपने 30 साल के सफर को देखता हूं, तो मिशन कश्मीर, दिल चाहता है और बंटी और बुबली जैसे कई मील के पत्थर मिले हैं। ऐसा कोई गायक या संगीतकार नहीं है जिसके पास कुछ यादें न रही हों। कुछ गाने फिल्म के बीत जाने के बाद भी जीवित रहते हैं। मैंने संगीत में भावनाओं की एक श्रृंखला देखी है। मैंने वर्षों से अलग-अलग संगीत में काम किया है और हर एक का आनंद लिया है।

**■ हम आपसे आगे क्या उम्मीद कर सकते हैं – इस साल?**

बहुत सारी चीजें हो रही हैं। हमने अभी-अभी तूफान रिलीज की है। फिर बंटी और बुबली 2 है, पृथ्वीराज है, ये दो बड़े यशराज प्रोजेक्ट हैं। रवि उदयवर द्वारा निर्देशित युद्ध है जिस पर हम काम कर रहे हैं। फिर हम फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर मेघना गुलजार की बायोपिक पर काम कर रहे हैं। हम जोया के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। बहुत सारे गैर-फिल्मी साझीदारियां भी हैं। मेरी अकादमी 80 देशों के लोगों को शास्त्रीय संगीत सिखा रही है।

---

जिहाद में भावना की भूमिका निभाने वाली अल्फीया डोना ने अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह पुरस्कार जीते। उन्होंने कश्मीरी पंडित की भूमिका निभाने की चुनौतियों के बारे में शालिनी सक्सेना के साथ बात की

# कला और गुणवत्ता ही मुझे प्रेरित करती है

**❖ जिहाद किस बारे में है?**

यह फिल्म बॉलीवुड की तरह एक खास व्यावसायिक मसाला फिल्म नहीं है। इसे खासतौर पर इंटरनेशनल फेस्टिवल सर्किट के लिए बनाया गया है। यह कश्मीर में चल रहे आतंकवाद पर बनी एक ड्रामा फिल्म है। जब हम जिहाद के बारे में बात करते हैं, तो इसका सीधा सा मतलब है क्रोध को मारना, न कि ईश्वर के नाम पर निर्दोष लोगों को मारना। यह फिल्म एक आतंकवादी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका वास्ता एक कमजोर कश्मीरी पंडित लड़की भावना से पड़ जाता है। वह चार माह की गर्भवती और विधवा है। आगे क्या होता है वही जिहाद की कहानी है।

**❖ आपको परियोजना की किस चीज ने आकर्षित किया?**

एक अभिनेत्री के रूप में, मैं हमेशा यथार्थवादी सिनेमा को आगे बढ़ाना चाहती हूं और अच्छे विषयों वाली फिल्में करना चाहती हूं जिसमें मजबूत स्क्रिप्ट और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं हों जहां मैं अपने अभिनय कौशल को चित्रित कर सकूं। मैं कभी भी फिल्म को सिर्फ एक किरदार निभाने के लिए नहीं लेना चाहती थी, भले ही वो एक बड़ा प्रोडक्शन बैनर हो। कला और गुणवत्ता ही मुझे प्रेरित करती है। निर्देशक राकेश परमार सर द्वारा जिहाद का वर्णन करने के बाद मैं कहानी में इतनी डूब गयी कि मैंने हां कर दी। साथ ही, यह मेरे लिए एक संदेशोन्मुख फिल्म का हिस्सा बनने का एक शानदार अवसर था।

**❖ कैरेक्टर के लिए किस वजह से हां कही?**

भावना -अपने पति को खोने के बाद, जिसे कि आतंकवादियों ने गोली मार दी थी -उदास है और अकेले ही अनेक मुश्किलों का सामना कर रही है।



यह एक मजबूत चरित्र है। वह एक प्यार करने वाली इंसान है लेकिन साथ ही वह मजबूत है और किसी के जीवन को बदलने की क्षमता रखती है। यह कोई ग्लैमरस भूमिका नहीं है, इस बात ने मुझे आकर्षित किया।

**❖ क्या आपकी भूमिका में चुनौतियां थीं?**

मुझे अपनी भाषा में सुधार करना पड़ा और इसके लिए पशिक्षण लेना पड़ा। मैंने इसके लिए कक्षाएं लीं। मैंने स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की, यह देखने के लिए कि वे कैसे बैठते हैं, बात करते हैं, चलते हैं और खाते हैं। मैंने ढीले-ढाले कश्मीरी कपड़े पहने थे। हम घाटी के खतरनाक इलाकों में शूटिंग कर रहे थे। हमें भी धमकियां मिलीं। हमने कई सुरक्षा नियमों का पालन किया।

**❖ आप दुबई की गायिका और अभिनेत्री हैं। आप हिंदी सिनेमा में कैसे आईं?**

मैं बचपन से ही हिंदी सिनेमा से परिचित रही हूं। मैंने अपना एक्टिंग कोर्स न्यूयॉर्क एकेडमी और अनुपम खेर के एक्टर प्रिपेयर्स से किया है। फिर जिहाद के लिए ऑडिशन हो रहे थे, जिस मैंने भाग लिया।

**❖ आप हिंदी और अंग्रेजी में संगीत लॉन्च करना चाहती हैं। उसके बारे में बताएं।**

पहला हिंदी सिंगल मीका सिंह के म्यूजिक एंड साउंड द्वारा लॉन्च किया गया था। फिर मैंने अपने यूट्यूब चैनल पर एक गाना रिलीज किया। लेकिन मैं कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हूं, जिनमें से एक मीका के साथ भी है।

**❖ आपने एक शॉर्ट फिल्म कार्ब भी प्रोड्यूस की थी। यह किस बारे में है?**

यह महिला सशक्तीकरण के बारे में है और महिलाओं को शिक्षा के समान अवसर प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल देती है।

**❖ आपके आगामी प्रोजेक्ट क्या हैं?**

मुझे प्रस्ताव मिल रहे हैं लेकिन मैं कोविड-19 के कारण इसे सहज रूप में ले रही हूं। मैं फिलहाल मात्रा से अधिक गुणवत्ता की तलाश में हूं।

---



# दिल सही जगह

**रश्मि रॉकेट**
**ज़ी5**
**कलाकार : सुप्रिया पाठक, मनोज जोशी, तापसी पन्नू, प्रियांशु पेन्युली, अभिषेक बनर्जी, वरुण बडोला**
**रेटेड : 5.5/10**

**कुछ** फिल्में ऐसी होती हैं जिनकी कहानी बहुत अच्छी होती है और निर्माता एक शानदार विषय चुनते हैं। स्टार कास्ट भी मजबूत है, फिर भी कुछ कमी है जो गूंजने से इंकार कर देती है और इसे एक उत्कृष्ट फिल्म बनाती है। रश्मि इस कैटेगरी में फिट बैठती हैं।

आकर्ष खुराना द्वारा निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला, नेहा आनंद और प्रांजल खंडड़िया द्वारा निर्मित, फिल्म में दिल सही जगह पर है। हालांकि, जो चीज गायब है वह आत्मा है जो जीवन को एक ऐसे विषय में डालती है जो संवेदनशील है और विश्व स्तर पर महिला एथलीटों के लिए लिंग परीक्षण के बारे में बात करता है – एक ऐसा विषय जो वर्षों से बहस में रहा है।

तापसी पन्नू, जिन्होंने पिंक, बदला और थप्पड़ जैसी फिल्में की हैं, रश्मि रॉकेट के पीछे की प्रेरणा शक्ति के बावजूद फिल्म के दूसरे भाग में पूरी तरह से असहाय दिखती हैं। यह थोड़ा अजीब है क्योंकि उसने एक ऐसी महिला के रूप में दिखाया है जो मजबूत दिमाग की है और निश्चित रूप से ऐसी कोई नहीं है जो किसी के आगे झुक जाए, उसे पाने के लिए महिला एथलीटों का एक समूह अकेला छोड़ दें। बेशक, एक दृश्य है जहां वह हिट करती है, लेकिन इससे यह आभास नहीं होता है कि वह किसी भी तरह से लड़की है कि वह फिल्म की शुरुआत में थी।

और यहीं पर रश्मि रॉकेट लड़खड़ा जाती है। एक चरित्र में इस तरह के यू-टर्न को देखना अजीब है – एक महिला से जो एक असहाय महिला पर हावी है – उसके व्यक्तित्व के साथ फिट नहीं है और उसे कैसे लाया गया था। फिर और भी चीजें हैं जो फिट नहीं होती हैं। भुज भूकंप को ही लें जो फिल्म में अपना रास्ता ढूंढता है। 26 जनवरी को 2001 में आए भूकंप में 20,000 से अधिक लोग मारे गए थे और 1,5 लाख से अधिक लोग घायल हुए थे। हालांकि इसका फिल्म या विषय पर कोई असर नहीं पड़ता है, लेकिन दो सेकंड की फटी हुई धरती उस तबाही को दूर ले जाती है। लेकिन सब खो नहीं गया है। फिल्म के कुछ हिस्से ऐसे हैं जो वास्तव में प्रेरणादायक हैं – तापसी पन्नू को अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ लड़ने की जरूरत है। उनके पास जो मजबूत परिवार है – सुप्रिया पाठक द्वारा निभाई गई उनकी मां और प्रियांशु पेन्युली द्वारा निभाई गई पति से। दोनों ने यहां बहुत अच्छा काम किया है। मोहन जोशी भी अपना काम करते हैं, भले ही उनकी स्क्रीन पर उपस्थिति 10 मिनट के लिए ही क्यों न हो।

यह अभिषेक बनर्जी हैं जिन्हें यहां विशेष उल्लेख की आवश्यकता है। वह एक गंभीर वकील की मजाकिया भूमिका बड़ी शिद्दत से निभाते हैं। उनकी यह भूल, शुरुआत में इतनी प्यारी है, जैसे वे जज को योर ऑनर की जगह मैडम कहकर संबोधित करते हैं। अगर आप तापसी पन्नू के फैन हैं तो आपको ये पसंद आएगी।

— शालिनी सक्सेना

---

## टेली कथा

# उत्सुकता जगाने वाली वेब सीरीज 'शबाना'

**भारतीय** टेलीविजन की लोकप्रिय जोड़ी, प्रिंस नरूला और युविका चौधरी अभिनीत शबाना का पहला टीज़र पोस्टर यहाँ है! उल्लू ओरिजिनल्स ने अपनी आने वाली वेब-सीरीज़ शबाना में पहली बार इस बहुप्रशंसित जोड़े को एक साथ स्क्रीन पर एक साथ लाकर एक कास्टिंग तख्तापलट का प्रबंधन किया है।

अनुभवी अभिनेता अनिल जॉर्ज और तेजतर्रार राहुल देव के साथ, कलाकारों ने चरित्र की त्वचा में उतरने के लिए खुद को तैयार किया है। उल्लू ने नाटक के लिए एक आकर्षक टीज़र पोस्टर का अनावरण किया है। टीज़र पोस्टर दर्शकों ने स्टार जोड़ी को किस रूप में देखा है, इसके विपरीत दिखाया गया है। यह प्रिंस और युविका को दो साधारण, घरेलू, पूरी तरह से बदनाम के रूप में प्रकट करता है और फिर भी दो युवा लोगों की तरह दिखता है जो एक दूसरे के पास बैठे खुश हैं। उनके चेहरों पर मुस्कान मनोरम है और साथ ही उनके चेहरे पर बड़े-बड़े अक्षर लिखे हुए हैं जो आम आदमी से संबंधित हैं। कई शेड्स डार्क, प्रिंस के चेहरे पर एक देहाती रूखापन है और युविका अपनी मासूमियत और आकर्षण से उन्हें खूबसूरती से कंप्लीट करती हैं।




उल्लू डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, सीईओ, विभु अग्रवाल कहते हैं, शबाना नाम की यह श्रृंखला एक है जिसे उल्लू में हमारी टीम कुछ समय से विकसित कर रही है और हमें इसका पहला रूप साझा करने में खुशी हो रही है। इसकी कहानी से लेकर इसकी कास्टिंग तक इसकी पहली टीज़र पोस्टर, यह उत्सुकता पैदा करने वाला है और उद्योग और दर्शकों को समान रूप से नोटिस करने वाला है।

## शाही अवतार में रकशंदा खान



रकशंदा खान कहती हैं, ''मैं तेरे बिना जिया जाए ना को लेकर बहुत उत्साहित हूं क्योंकि यह किसी भी शो से बिल्कुल अलग है जिसका मैं अब तक हिस्सा रही हूं। वास्तव में, हमने एक परी कथा के अंत वाले शो देखे हैं, लेकिन हमारा शो एक परी कथा प्रेम कहानी से शुरू होता है और बाद में जो कुछ भी होता है वह बाकी की कहानी बनाता है। इसमें दिलचस्प मोड़ और मोड़ हैं, और मैं वास्तव में पहली बार इस तरह के शाही किरदार को निभाने के लिए उत्साहित हूं।''


वह आगे कहती हैं, ''मुझे उम्मीद है कि सभी मुझे इस शाही अवतार में देखकर आनंद लेंगे। जया मां का मेरा किरदार एक शाही व्यवहार और एक व्यवसाय-उन्मुख दिमाग के साथ शाही परिवार की परंपराओं को बनाए रखने वाले व्यक्ति के साथ बहुत ही शानदार है। उसके पास भी बहुत सारी परतें हैं, इसलिए यह चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ मजेदार भी होगा, और मुझे उम्मीद है कि हर कोई अपना प्यार बरसाता रहेगा।'' जया लक्ष्मी या जया मां, जैसा कि उन्हें प्यार से कहा जाता है, अंबिकापुर के शाही परिवार की कार्यवाहक हैं।

## दिलों को जीता रणवीर सिंह ने

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने अपने अभिनय प्रदर्शन, समर्पण और विलक्षण फैशन शैली से सभी का दिल जीत लिया है। लेकिन कलर्स की द बिग पिक्चर पर पहले एपिसोड में वह अपनी दरियादिली से सबका दिल जीत लेंगे। यहां दर्शक पहली प्रतियोगी करिश्मा तूर को देखेंगे, जो हरियाणा की एक पुलिस कांस्टेबल है, जो अपने परिवार के बारे में बात करती है और उन्हें एक बेहतर जीवन देने की कामना करती है। बातचीत के बीच में, वह अभिनेता को बताएगी कि उसे दौड़ना कितना पसंद है।

रणवीर सिंह ध्यान देते हैं और प्रश्नोत्तरी के तुरंत बाद, उन्हें एक जोड़ी दौड़ते हुए जूते भेंट करते हैं। वह अपने घुटने के बल नीचे जाकर जूते पहनने में भी उसकी मदद करता है। कलर्स का द बिग पिक्चर भारत का पहला दृश्य-आधारित क्विज शो है जो 16 अक्टूबर को हर सप्ताहांत रात 8 बजे आपके टेलीविजन के प्रीमियर में संपूर्ण मनोरंजन लाता है। बहुत सारी मस्ती और उत्साह के साथ, यह शो प्रतियोगियों और दर्शकों दोनों को हर हफ्ते और सप्ताहांत में भी बड़ी जीत का वादा करता है!

## सबसे पहला मनोवैज्ञानिक रोमांस



बंगाली मनोरंजन उद्योग से विक्रम चटर्जी और स्मृति कालरा समीक्षकों द्वारा प्रशंसित अभिनेता विनय पाठक के आगामी मनोवैज्ञानिक रोमांस के लिए शामिल हुए। मेमोरी एक्स एक विशेषता है जो समय और दिमाग के सिद्धांत की पड़ताल करती है। यह रोमांचक कथानक लेखक निर्देशक तथागत मुखर्जी द्वारा तैयार किया गया है, जो अविनाबा घोष द्वारा निर्मित है, और तानिया मुखर्जी, तथागत मुखर्जी और देबलीना प्रोडक्शन क्रिएशंस द्वारा सह-निर्मित है। यह आकर्षक कहानी ज्यादातर सिक्किम में फिल्माई गई है। विक्रम और स्मृति क्रमश: अविनाश और श्रुति का किरदार निभाते नजर आएंगे।

## मानसिक सेहत पर टीवी कलाकारों की राय

**मानसिक स्वास्थ्य** पर ध्यान देना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि आपका शारीरिक स्वास्थ्य। मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इसलिए मानसिक बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना और इससे जुड़े कलंक को मिटाना महत्वपूर्ण है। इस विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर, टीवी अभिनेत्री फरहाना फातेमा (शांति मिश्रा) और भाई क्या चल रहा है?, मौका-ए-वरदात की सोनाली निकम (कीर्ति कौल) घर एक मंदिर के ऑपरेशन विजय, की निशा भारद्वाज (निशा अग्रवाल) -कृपा अग्रसेन महाराज की, हप्पू की उलटन पलटन की हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा), और भाभीजी घर पर है की शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी) मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं और स्वस्थ जीवन शैली के टिप्स साझा करती हैं। शांति मिश्रा के रूप में नजर आने वाली फातिमा कहती हैं, ''हमारी तेज-तर्रार जिंदगी में हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि फिट रहने के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बनाए रखना जरूरी है। डांस करके मैं खुद को तनाव से मुक्त करती हूं और खुश और ऊर्जावान भी रहती हूं।''